श्री दुर्गा सप्तशती

श्री शिला माता शक्तिपीठ प्रकाशन, आमेर (जयपुर)

CSUJPR
11712

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, जयपुर परिसर

पुस्तकालय

पुस्तक संख्या .....

वर्गीकरण संख्या .....

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, जयपुर

परिसर 11712

वर्गीकरण सं. .....

पुस्तक सं. ..... दिनाङ्क.....

यह पुस्तक नीचे अङ्कित तिथि या उससे पूर्व लौटा दी जानी चाहिये। यदि पुस्तक निर्धारित तिथि से अधिक समय तक पाठक अपने पास रखेंगे तो 50 पैसे प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब शुल्क देय होगा।

12 1 SEP 2018		
2018 OCT 30		

1.1H

SV-2024

॥ श्रीः ॥

दुर्गा–सप्तशती

प्रभाख्यया हिन्दीव्याख्यया आंग्लानुवादेन च समवेता

व्याख्याकारः सम्पादकश्च

महामहोपाध्याय-विद्यारत्न–**पण्डित–गङ्गाधर–द्विवेदी**

व्याकरणसाहित्याचार्यः

पूर्वप्राचार्यः, महाराजसंस्कृतकालेजः,

मोदमन्दिर–धर्मसभाध्यक्षः, जयपुरम्

प्रकाशक :

मन्त्री, **श्री शिलामाता ट्रस्ट**

आमेर (जयपुर)

२०४३ वि० (१९८७ ई०)

श्रीशिलामाता-आगम-ग्रन्थावली

संख्या-१

दुर्गा-सप्तशती

(हिन्दी व्याख्या एवं अंग्रेजी अनुवाद सहित)

व्याख्याकार एवं सम्पादक :

पं० गङ्गाधर द्विवेदी

प्रथम संस्करण २०००

© प्रकाशक

वि० संम्वत् २०४३

१९८७ ई०

प्रकाशक :

मन्त्री, श्री शिलामाता ट्रस्ट

आमेर (जयपुर)

मुद्रक :

ललित शर्मा, पण्डित प्रिन्टर्स, मणिहारों का रास्ता,

जयपुर (राजस्थान)

मूल्य : राज संस्करण ३००.०० रुपये

साधारण संस्करण २५०.०० रुपये

CSUJPR

11712

DURGĀ SAPTAŚATĪ

Edited

With commentary PRABHA in Hindi and English translation

By

Mahāmahopādhyāya Vidyāratna **Pandit Gangadhar Dvivedi**

Vyākarana-Sāhityāchārya

Principal (*Retd.*)

MAHĀRĀJĀ'S SANSKRIT COLLEGE

and

President, Modmandir-Dharmasabhā

JAIPUR

Published by :

The Secretary, SHRI SHILĀMĀTĀ TRUST

ĀMBER (Jaipur)

Rājasthān

1987 A. D. (2043 V. S.)

Shri Shilāmātā Āgam Series

No. 1.

Durgasaptashati

with Hindi Commentary and English translation

Edited by : **M.M. Pt. Gangadhar Dvivedi**

First edition : **2000**

2043 V. S. (**1987** A.D.)

© The Publisher.

Price : Delux edition Rs. **300.00**

Ordinary edition Rs. **250.00**

Published by :

The Secretary, **Shri Shilamata Trust**

Amber (Jaipur)

Printed by :

LALIT SHARMA,

Pandit Printers, 389, Maniharon-Ka-Rasta,

JAIPUR–302003

(Rajasthan)

श्री शिलामाता शक्तिपीठ ट्रस्ट, आमेर

ग्रन्थांक : १ 'दुर्गा सप्तशती' सम्पादक : म. म. पं. गङ्गाधर द्विवेदी, जयपुर

उद्देश्य :

१. शक्ति उपासना सम्बन्धी आर्ष साहित्य तथा लोकोपयोगी आगम ग्रन्थों का हिन्दी अनुवाद के साथ सम्पादन एवं प्रकाशन।

२. शक्ति–साधना से सम्बन्धित प्रामाणिक एवं दुर्लभ, प्राचीन साहित्य का गवेषणात्मक अध्ययन के साथ सरल सुबोध विवरण सहित प्रकाशन।

३. दश महाविद्याओं के यान्त्रिक विग्रहों का वर्गीकरण एवं उनकी परम्परागत साधना का अनुसन्धान तथा आवश्यक विश्लेषण।

४. शाक्त परम्परा के मान्य आचार्यों तथा महामनीषियों द्वारा प्रणीत स्तोत्र साहित्य का हिन्दी व्याख्या के साथ सम्पोषण तथा प्रकाशन।

५. आमेर, जयपुर के राजवंश द्वारा शक्ति पीठ की स्थापना एवं उपासना के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान की ऐतिहासिक सामग्री का प्रामाणिक संकलन और उसका प्रकाशन।

SHRI SHILAMATA SHAKTI-PEETH TRUST PUBLICATION SERIES.

Book-I. SHRI DURGA SAPTASHATI

Editor : M.M. Pandit Ganga Dhar Dvivedi, Jaipur.

AIMS

1. Publication of critically edited texts, alongwith Hindi translation of authentic literature related to Shakti worship and Agam books, for public welfare :
2. Publication of research studies into the ancient, authentic and rare literature related to Shakti-worship and practice, alongwith easily intelligible commentaries thereon.
3. Research, analysis and classification of the *Yantrik* images associated with the ten *Maha-vidyas*, according to the traditional method of practice.
4. Publication and conservation of the Hymn Literature produced by acknowledged masters of the Shakta tradition and great thinkers, alongwith Hindi commentaries.
5. Compilation of authentic historical material concerning the significant contribution made by the Ruling House of Amber-Jaipur in the creation of the Shakti-peeth and the fillip given to Shakti devotion and worship, and publication of such material.



श्रीशिलाम्बाचरणाराधकस्य वर्तमान-जयपुरराजवंशधुरस्य कर्नल सवाई भवानीसिंह भूपतेः

श्रद्धा-समर्पणपद्यानि

वन्दे निर्व्याजकरुणां आम्बेरपुरवासिनीम् ।
भवार्त्तिशमनीं दुर्गां चण्डिकां चण्डविक्रमाम् ।
मार्कण्डेयमहर्षिणा निगदिता या कल्पवृक्षोपमा
'दुर्गासप्तशती' परा विजयते भव्या तवाम्ब ! प्रिया ।
तामेतां विधिसंस्कृतां सुरुचिरां प्रीत्योपहारीकृतां
मातः ! स्वीक्रियतां यतः प्रतिफलेत् सङ्कल्पसिद्धिर्मम ।।
न कोऽप्यालम्बो मे नहि च रुचिरन्यत्र मनसो
भवानीसिंहस्य त्वमसि च शरण्या ननु शिवे ! ।
अतोऽहं त्वां याचे सकलजननि ! त्वच्चरणयोः
कृपोदञ्चद्हृद्या भवतु मम भक्तिः शिखरिणी ।।

DEDICATION

In reverential dedication to Shri Shila Amba, by her ardent devotee, Maharaja Col. Sawai Bhawani Singh, MVC of Jaipur.

'I offer prayer to Bhagwati Chandika, who is compassion incarnate, residing at Amber, the healer of the sins and miseries of the world, the fierce form of Durga and endowed with tremendous might.

'O Mother ! the grand and excellent *Durga Saptashati,* very dear to you, as revealed by Maharshi Markandeya, verily like a *Kalpa-Vriksha*, is offered with love, as a gift after properly being completed by me. O Mother, deign to accept it, so that my resolve may attain fulfilment.

'There is no other refuge for me in this wide world, nor is my mind attached anywhere else. Thou art the sole giver of shelter to me. Therefore, O Mother of the Universe, the only boon that I seek from Thee, is that my utmost devotion at Thy lotus-feet, may continue unabated, by Thy merciful grace.'

विषय-सूची

1.	Preface —H. H. Sawai Bhawani Singh	11
2.	प्रस्तावना Introduction	I I
3.	सप्तशती की मन्त्रगणना Count of Shloks & Mantras	XXXII XXXIII
4.	जगदम्बा जयवाद	1
5.	देव्यथर्वशीर्ष मूल	6
6.	देव्यथर्वशीर्ष–हिन्दी अनुवाद	11
7.	सप्तशती मूल	1
8.	देवी कवच Devi's Kavach	2 3
9.	अर्गला स्तुति Argala Hymns	28 29
10.	देवी कीलक The Keelak	42 43

CONTENTS

11.	रात्रिसूक्त The Vedic Ratri Sukta	52 53
12.	सप्तशती प्रथम अध्याय First Chapter	58 59
13.	द्वितीय अध्याय Second Chapter	106 107
14.	तृतीय अध्याय Third Chapter	142 143
15.	चतुर्थ अध्याय Fourth Chapter	166 167
16.	पंचम अध्याय Fifth Chapter	200 201
17.	षष्ठ अध्याय Sixth Chapter	250 251
18.	सप्तम अध्याय Seventh Chapter	264 265

19. अष्टम अध्याय 280
Eighth Chapter 281

20. नवम अध्याय 314
Ninth Chapter 315

21. दशम अध्याय 338
Tenth Chapter 339

22. एकादश अध्याय 356
Eleventh Chapter 357

23. द्वादश अध्याय 394
Twelfth Chapter 395

24. त्रयोदश अध्याय 416
Thirteenth Chapter 417

25. ऋग्वेदोक्त देवीसूक्त 430
Devi Sukta 431

26. प्राधानिक रहस्य 438
Pradhanik Rahasya 439

27. वैकृतिक रहस्य 456
Vaikritik Rahasya 457

28. मूर्ति रहस्य 480
Murti Rahasya 481

29. श्री चण्डीपूजा पद्धति 496

30. श्री चण्डीपूजा पद्धति का हिन्दी अनुवाद 516

31. शतचण्डी पाठपद्धति 534

32. शतचण्डी विधान का हिन्दी अनुवाद 538

34. सम्पादक परिचय 541
The Editor

45. श्लोकानुक्रमणिका 1

46. सार्धनवदुर्गा प्रयोग 30

CITY PALACE
JAIPUR

PREFACE

I have great pleasure in writing the Preface of the famous hymn, Shri Durga Saptashati, which has been brought out by Shri Shila Mata Trust, Amber.

The *Murti* of Shri Shila Mata was brought by my ancestor Raja Man Singh from Jessore after gaining victory over the rulers thereof in the 16th century. He installed it in his Palaces at Amber with all rituals of worship. Since then Shri Shila Mataji has been our Family Deity. The present temple, as it stands within the sanctums, was constructed by Mirza Raja Jai Singh when he erected the adjacent Palace. My father, His late Highness Maharaja Sawai Man Singh II, who was also an ardent devotee of Shri Mataji, rennovated Her temple by installing marble slabs on the floor, walls and decorating both sides of the inner gate with beautiful plantain-trees of the same material. The artistic silver-plated doors were also installed during his time.

Saptashati, a part of *Markandeya Purana* which narrates the deeds of Durga, commands the highest honour in the country. It is regarded as an eternal hymn and not a product of human effort.

By reciting these seven hundred mantras of this text people accomplish various merits. This volume presents the text from *Markandeya*

Purana, Devyatharvashirsha and *Jagadamba Jay-vad,* lyrical eulogy to Durga composed by the late M. M. Pandit Durga Prasadji Dvivedi.

This volume has been compiled by Mahamahopadhyay Pandit Shri Gangadhar Dvivedi, a descendant of late Pandit. Sarayu Prasadji Dvivedi, a famous scholar and veteran Agamic litterateur. He was brought to Jaipur by my ancestor, the late Maharaja Sawai Ram Singh II.

The late Panditji composed the authentic and universally applauded work "*Saptashati-Sarvasva*" which the present author has made a base for his commentary. Besides, he has enhanced the utility of this edition with his scholarly introduction, adaptation of English translation and enlightening explanations of the modes of worship and recitation of the Durga Saptashati.

I congratulate Pt. Gangadharji for accomplishing this onerous task successfully.

I hope that all those who read this beautiful hymn of Durga Saptashati will enjoy it and derive pleasure and spiritual solace from it.



(Sawai Bhawani Singh of Jaipur MVC)
4. 2. 87

प्रस्तावना

भारत अनादिकाल से अध्यात्म साधना का केन्द्र रहा है। मानव की अन्तर्निहित आत्मशक्ति के जागरण और विकास के लिए इससे बढ़कर अन्य किसी मार्ग की कल्पना नहीं की जा सकती। भारतीय ऋषि-मुनियों ने मानवमात्र के कल्याण तथा धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष अथवा पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति के लिए ईश्वरोपासना करने का उपदेश दिया है। साधकों और आराधकों ने इन तपःपूत आप्तपुरुषों से प्रेरणा लेकर, सगुण और निर्गुण अर्थात् साकार और निराकार दोनों प्रकार के उपासना मार्गों का अवलम्बन कर आशातीत सफलता प्राप्त की है। उनकी उस दिव्य ज्ञानज्योति का जो प्रकाश संसार में फैला वह आज भी अविच्छिन्न गति से प्रवाहित है। आस्तिक-समाज अपनी अपनी श्रद्धा और विश्वास के सहारे उसका यथेष्ट लाभ ले रहा है। किसी भी देश-काल या परिस्थिति में आत्मिक शक्ति का आश्रय लिये बिना मानव के अपेक्षित विकास तथा सुख-शांतिमय जीवन की कल्पना कभी सार्थक नहीं हो पाती। इसीलिए 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः' उपनिषदों का यह कथन सत्य सिद्ध होता है।

वास्तव में देखा जाय तो शक्ति सम्पन्न हुए बिना पुरुषार्थ का लाभ ले पाना सचमुच दुष्कर और कठिन कार्य हो जाता है। अतएव सभी सम्प्रदायों तथा धर्मावलम्बियों ने एक स्वर से ईश्वरोपासना को मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए सर्वोत्तम साधन के रूप में स्वीकार किया है।

हमारे देश में उपासना की सगुण और निर्गुण दोनों धाराएं खूब फली-फूली हैं और आपस में एक दूसरे की पूरक और सहायक रही हैं। किन्तु दोनों ओर अधिकार और पात्रता के औचित्य का विचार किये बिना, ऐच्छिक प्रवृत्तिमात्र से लाभ की अपेक्षा हानि की सम्भावनाएं अधिक रहा करती हैं। अतएव शास्त्रकारों और आचार्यों ने उपासना के क्षेत्र में, मार्गदर्शक अथवा गुरु की अनिवार्य आवश्यकता का उल्लेख किया है। यहाँ तक कि किसी सद्गुरु से उपदेश या दीक्षा लिये विना उपासना निरर्थक हो

जाती है और उससे अभीष्ट सिद्धि नहीं हो पाती। वैदिक तान्त्रिक या दोनों की संमिश्रित साधना पद्धति में गुरु का सर्वोपरि महत्व है।

श्रुति स्वयं कहती है :—

'तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्' ॥

आशय यह है कि ईश्वरीय रहस्यों के ज्ञानार्थ गुरु की शरण लेना एक आवश्यक कर्त्तव्य है उसके बिना परमार्थ बोध असम्भव होता है।

भारतीय शास्त्र या यों कहिये कि आगम-निगम की वर्तमान उपलब्धि का क्रमिक इतिहास गुरु-शिष्य परम्परा पर ही आधारित रहता आया है। स्वच्छन्दतन्त्र के निम्नलिखित श्लोक में यही बात बतलाई गई है :—

'गुरुशिष्यपदे स्थित्वा स्वयमेव सदाशिवः।
प्रश्नोत्तरपरैर्वाक्यैस्तन्त्रं समवतारयत् ॥

अर्थात् स्वयं भगवान् सदाशिव ने गुरु और शिष्य की भूमिका का निर्वाह करते हुए तन्त्रों की अवतारणा की है।

कल्पसूत्र में भी इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है :—

'भगवान् परमशिवभट्टारकः श्रुत्याद्यष्टादश-विद्याः सर्वाणि दर्शनानि लीलया तत्तदवस्थापन्नः प्रणीय संविन्मय्या भगवत्या भैरव्या स्वात्माभिन्नया पृष्टः पञ्चाम्नायान् प्रणिनायेति।'

अर्थ यह कि ज्ञानस्वरूपिणी अर्द्धाङ्गिनी भगवती भैरवी द्वारा पूछने पर भगवान् परमशिव भट्टारक ने वेद आदि अठारह विद्याओं तथा समस्त दर्शनों को अपनी लीला के द्वारा, उन उन अवस्थाओं में पहुँच कर निर्माण किया और अपने पाँचों मुखों से पाँच-आम्नायों को प्रकट किया।

सगुणोपासना का मार्ग सांसारिक मानव के लिए सुगम, सरल और अधिक लाभदायक माना गया है। क्योंकि थोड़े श्रम से भी उसका लाभ लिया जा सकता है। इसके अन्तर्गत प्रधान रूप से शिव, शक्ति, विष्णु, गणेश और सूर्य इन पाँच प्रमुख देवों की अलग अलग स्वतन्त्र रूप से या पंचायतन के रूप में अपनी अपनी श्रद्धा और आस्था के अनुरूप एक को

प्रधान मानकर अन्य देवों की उनके सहयोगी के रूप में पूजा एवं उपासना का विधान वेदों और शास्त्रों में वर्णित है। वर्तमान युग में, पंचायतन पूजा का प्रचार प्रायः कम ही देखने में आता है और अधिकांश में एक देवोपासना ही सर्वत्र प्रचलित है। साकारोपासना या मूर्तिपूजा की सफलता का रहस्य श्रद्धा और विश्वास में निहित होता है। इसके अभाव में अभीष्ट फल की प्राप्ति दुर्लभ होती है। महात्मा तुलसीदास ने इसी बात को लक्ष्य में रखकर—

'भवानीशंकरौ बन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरम्॥

का रामचरितमानस के आरम्भ में उल्लेख किया है।

महर्षि पतञ्जलि ने अपने 'योगदर्शन' में यौगिक क्रियाओं की सिद्धि के लिए यम-नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के रूप में जिस अष्टाङ्ग योग का निर्धारण किया हैं उसकी सफलता के लिए अलग से एक स्वतन्त्र सूत्र की रचना की है, जो न केवल योगसिद्धि बल्कि उपासना तथा अन्य लौकिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए भी समान रूप से अत्यावश्यक और बड़े महत्व की है :—

'स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारासेवितो दृढभूमिः।'

इसका आशय यह है कि योगाभ्यास, आराधना आदि साधनों की सिद्धि तभी होती है जब उन्हें श्रद्धापूर्वक नियमित रूप से लम्बे समय तक बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न किया जाए।

इससे यह सहज ही जाना जा सकता है कि **'आराध्यदेव'** के अनुग्रह किंवा प्रसन्नता के लिए जब-तक विधि-विधान के अनुसार संयम और श्रद्धा से किसी पूजा या अनुष्ठान का सम्पादन नहीं किया जाता तब तक उससे अभीष्ट फल की आशा कैसे की जाए? प्रायः यह देखा गया है कि लोग अपने प्रज्ञापराध के कारण शास्त्रीय विधि का पालन करने में असमर्थ होकर, जैसे-तैसे, उसे पूरा करके फल प्राप्ति की अभिलाषा से वंचित होने पर स्वयं का दोष न मानते हुए शास्त्र की मनमानी आलोचना

करने पर उतर जाते हैं और वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन नहीं करते, यह सर्वथा अनुचित और निन्दनीय है। अस्तु। इस प्रसंग में यहाँ यह बतला देना भी आवश्यक ह कि सगुणोपासना के अभ्यास और सफलता के क्रम में आत्मसन्तोष और अन्तःकरण की शुद्धि के बाद ही निर्गुण ब्रह्म की आराधना का मार्ग प्रशस्त होता ह। इसलिए पूर्व भूमिका के रूप में शास्त्रकारों ने इसकी आवश्यकता का प्रतिपादन किया है। व्याकरणशास्त्र के सुप्रसिद्ध आचार्य भर्तृ-हरि ने अपने **वाक्यपदीय** में इस भूमिका के अभिप्राय को व्यक्त करते हुए लिखा है —

'उपायाः शिक्षमाणानां बालानामुपलालनाः।
असत्ये वर्त्मनि स्थित्वा ततः सत्यं समीहते॥

अर्थ– बालकों का अक्षराभ्यास आदि प्रारम्भिक क्रियाओं के द्वारा जो शिक्षा दी जाती है, वह उनके रुचिवर्धन की भूमिका मात्र होती है क्योंकि कल्पित या असत् के माध्यम से ही सत्यस्वरूप शब्द-ब्रह्म की प्राप्ति होती है। इसका मतलब यह है कि साकार उपासना के द्वारा अभ्यास की दृढ़ता होने पर निर्गुण-निराकार परब्रह्म के स्वरूप को परखा और पहचाना जा सकता है। इसके बाद ही 'एकमेवा-द्वितीयं ब्रह्म' 'नेह नानास्ति किंचन' 'ईशावास्यमिदं सर्वम्' 'तत्त्वमसि।' 'अहं ब्रह्मास्मि' आदि अद्वैत-परक श्रुतियों का यथार्थ तत्व बोधगम्य होता है।

शक्ति की उपासना

अतिप्राचीन काल से परब्रह्मस्वरूपिणी भगवती दुर्गा की आराधना का हमारे देश में सर्वोपरि महत्व रहता आया है। वास्तव में लौकिक-भोग, ऐश्वर्य और निःश्रेयस् की प्राप्ति के लिए करुणामयी मातृ-शक्ति से बढ़कर सांसारिक लोगों के लिए अन्य कोई आश्रय–स्थल उपलब्ध हो सकना नितान्त असम्भव है। क्योंकि भोग और मोक्ष दोनों को एक साथ प्रदान करने का सामर्थ्य, वात्सल्यमयी मां के सिवा अन्यत्र कहाँ मिल सकता है ?

जगज्जननी महामाया दुर्गा की उपासना की सफलता और उसके द्वारा होने वाली अनेक

प्रकार की अभीष्ट सिद्धि के लिए उनका प्रधान और महत्वपूर्ण मन्त्रात्मक स्तोत्र 'सप्तशती' या 'दुर्गापाठ' के नाम से हजारों वर्षों से समूचे भारत में प्रसिद्ध चला आ रहा है। देश के विभिन्न प्रान्तों, नगरों और गाँवों तक में संकट-निवारण और विभिन्न कामनाओं की पूर्ति के लिए इसके पाठ और अनुष्ठान का व्यापक प्रचार है। दूसरे शब्दों में इसे कल्पवृक्ष कहलाने का गौरव प्राप्त है। इसके द्वारा आस्थावान भक्तों को क्या कुछ नहीं मिलता? इसकी लोकप्रियता का इससे अधिक और क्या प्रमाण हो सकता है? आज के इस भौतिक विज्ञान के युग में भी लाखों करोड़ों लोग इसके प्रति अटूट विश्वास और आस्था से जुड़े हुए हैं।

चैत्र और आश्विन के नवरात्रों में प्रत्येक सद्-गृहस्थ आत्मकल्याण के लिए संक्षिप्त किंवा वृहद् रूप में भगवती दुर्गा की पूजा-अर्चना में निरत देखे जाते हैं। इस अवसर पर भगवती की प्रसन्नता के लिए विशेष रूप से इसका पाठ किया जाता है या स्वयं असमर्थ होने पर किसी योग्य ब्राह्मण द्वारा पाठ कराये जाने का भी वही लाभ है। इस तरह यह अनेक संकटों और विघ्न-बाधाओं से मुक्ति दिलाने का अमोघ अस्त्र है। यहाँ एक उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि अन्य पौराणिक स्तोत्रों की अपेक्षा इसका अपना स्वतन्त्र अस्तित्व और महत्व है। मार्कण्डेय पुराण के अन्तर्गत होते हुए भी वेदों के समान इसे अनादि और अपौरुषेय माना गया है। ईश्वरीय प्रेरणा से जिस प्रकार समाधि की दशा में ऋषियों के हृदय में वैदिक मन्त्रों का अवतरण हुआ है उसी प्रकार महर्षि व्यास को इस मन्त्रात्मक स्तोत्र की उपलब्धि हुई है उनके द्वारा इस का आविर्भाव होने से ही इसे व्यासरचित कहा गया है। इसके विषय में अनेक प्रमाण वाक्य आर्ष ग्रन्थों में पाये जाते हैं। इस तथ्य की पुष्टि के लिए "सप्तशती सर्वस्व" के प्रस्तोता आगमाचार्य पूज्यपाद पं० सरयूप्रसाद जी द्विवेदी द्वारा इसके बारे में जो शास्त्रीय विवेचन प्रस्तुत किया गया है, उसे यहाँ अविकल रूप में उद्धृत कर देना इस सम्बन्ध की भ्रान्ति के निवारणार्थ

आवश्यक प्रतीत होता है :—

'अथेदं सप्तशतीस्तोत्रं मार्कण्डेय उवाचेत्यारभ्य सावर्णिर्भविता मनुरित्यन्तं त्रयोदशाध्यायात्मकं मार्कण्डेयपुराणान्तर्गतं सर्वकामदुघं न केनचिन्निर्मितमिति । किंतु वेदवदनाद्येव । तदुक्त भुवनेश्वरीसंहितायाम् :—

'यथा वेदो ह्यनादिर्हि तद्वत् सप्तशती स्मृता ।'

मेरुतन्त्रेऽपि :—

'सप्तशत्याश्च सकलं तत्त्वं वेद्म्यहमेव हि ।
पादोनं श्रीहरिर्वेत्ति वेत्त्यर्धं तु प्रजापतिः ॥
व्यासस्तुर्याशकं चेत्ति कोट्यंशमितरे जनाः ।'

व्यासेन प्रकटीकृतत्वात्तु लोके व्यासकृतमिति-व्यवहारः ।

रुद्रयामलेऽपि :—

'अस्ति गुह्यतमं देव्या माहात्म्यं सर्वसिद्धिदम् ।
वाक्यैरर्थैश्च पद्यैश्च सप्तशत्यात्मकं शुभम् ।
सविशेषपरं साक्षाच्चिच्छक्तिमहिमाश्रयम् ।
तात्पर्यगत्या तत्कृत्स्नं निर्विशेषचिदाश्रयम् ॥

चिदम्बरसंहितायामपि :—

'का च सप्तशती नाम देवी दारिद्र्यनाशिनी ।
तस्याः स्वरूपं मे ब्रूहि तत्त्वतः परमेश्वर ॥

शिव :—

'शृणु देवि प्रवक्ष्यामि सप्तशत्या महोदयम् ।
यस्याश्च पठनान्मन्त्री त्यजेज्जन्मदरिद्रताम् ॥
या चिन्मयी परा देवी त्रिपुरा त्रिविधाभवत् ।
देवकार्यसुसिद्ध्यर्थमसुराणां वधाय च ॥
महत्यापदि संप्राप्ते देवाः संतुष्टुवुर्भृशम् ।
तदा सा चिन्मयी शक्तिः कालीरूपा बभूव ह ॥
सैव कालान्तरे लक्ष्मीस्तथैव च सरस्वती ।
तासां कथानकं भद्रे त्रिदशाध्यायरूपकम् ॥
मार्कण्डेयपुराणोक्तं स्तवं सप्तशताभिधम् ।
स्तवस्य तस्य पठनात् सर्वसौख्यं लभेद् ध्रुवम् ॥
तस्मिन् देव्याः स्तवे पुण्ये मन्त्राः सप्तशतं शिवे ।
तस्मात् सप्तशती नाम स्तवं परमदुर्लभम् ।
स्तवस्य पठनादेव सर्वे नश्यन्त्युपद्रवाः ॥

डामरतन्त्रेऽपि :—

'यथाश्वमेधः क्रतुषु देवानां च यथा हरिः ।

स्तवानामपि सर्वेषां तथा सप्तशतीस्तवः ॥
नातः परतरं स्तोत्रं किंचिदस्ति वरानने ।
भुक्तिमुक्तिप्रदं पुण्यं पावनानां च पावनम् ॥

इन प्रमाणों के उल्लेख से यह स्वतः सिद्ध हो जाता है कि प्राचीन भारत में इस स्तोत्र का कितना गौरवपूर्ण स्थान रहा होगा। यही नहीं, इसके प्रति इतनी अधिक श्रद्धा का भाव था कि हस्तलिखित पुस्तक के द्वारा ही समाज में इसका पाठ प्रचलित था और उसकी विधिवत् पूजा करके ही इसके पारायण की सर्वमान्य प्रक्रिया अपनायी जाती थी। किन्तु मुद्रणकला के विकास और समय के परिवर्तन के साथ यह प्रक्रिया लुप्त होती चली गई। अब तो लेखकों का अभाव हो जाने के कारण न चाहते हुए भी मुद्रित पुस्तकों के ही उपयोग की बाध्यता और अनिवार्यता सर्वसमक्ष है।

पिछले चालीस वर्षों के अन्तराल में और खासकर देश के स्वतन्त्र होने के बाद प्रायः सभी क्षेत्रों में परिवर्तन का जो अन्धाधुन्ध दौर चला उससे कोई भी क्षेत्र भला अछूता कैसे रह सकता था ? शिक्षा, धर्म और संस्कृति के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में चाहे अनचाहे बदलाव का जो प्रवाह चला, उससे और कुछ हुआ हो या न हुआ हो किन्तु प्राचीन मान्यताओं और उससे सम्बद्ध मौलिक तत्वों को ऐसा गहरा आघात लगा कि उनका मूलरूप उत्तरोत्तर विकृत होता चला गया और वह लाभ के बदले हानिकारक अधिक सिद्ध हुआ। इसका प्रतिकूल प्रभाव खासतौर से हमारी धार्मिक संस्कृति और उसकी जीवनपद्धति पर भी पड़ा जिसका परिणाम आज सबके सामनें है। भारत की वर्तमान नई पीढ़ी भारतीय संस्कारों से कटकर अलग-थलग पड़ गई और उसके सामने अब आचरण और विश्वास का भयंकर संकट उपस्थित है। कोई कुछ भी क्यों न कहे किन्तु सत्य यह है कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रति अनावश्यक मोह और उसके अन्धानुकरण का ही यह दुष्परिणाम है जो देश की नई पीढ़ी को भुगतना पड़ रहा है और निकट भविष्य में इससे छुटकारा पाना सम्भव नहीं दिखाई देता।

दुर्गा की उपासना का विधान

तन्त्रशास्त्र में ब्रह्म तथा माया की एकरूपता मानी जाती है। इसलिए प्रणव या ॐकार ब्रह्मबोधक होने पर भी माया का भी वाचक होता है। इसी प्रकार माया बीज जो 'ह्रीं' कार से संकेतित है ब्रह्म तथा माया दोनों का बोधक है। जैसा कि ब्रह्माण्ड-पुराण के '**ह्रींकार उभयात्मकः।**' इस लेख से स्पष्ट है। आचार्य शंकर ने भी "प्रपंचसार" में—"**तदा तां तारमित्याहुरोमात्मेति बहुश्रुताः। तामेव शक्तिं ब्रुवते हरीमात्मेति चापरे।**" यह प्रमाण वाक्य उद्धृत किया है। निष्कर्ष यह कि प्रणव या मायाबीज की अपनी विशिष्ट स्थिति होने से इन दोनों का व्यापक अर्थ मायायुक्त ब्रह्म होता है। **वेदान्त दर्शन** में इसको ही माया शबल ब्रह्म कहा जाता है। तन्त्र की परिभाषा में 'बिन्दु' पद से मायायुक्त ब्रह्म का ग्रहण किया गया है। अतएव "शारदा तिलक" में—**आसीच्छक्ति स्ततो नादो नादाद् बिन्दुसमुद्भवः।**" यह निर्देश मिलता है। तात्पर्य यह कि प्रणवोत्पत्ति के प्रकरण में शिव को इसका अधिष्ठातृदेवता बताया गया है। "**गोपथ ब्राह्मण**" में शिव का ही रुद्र के नाम से उल्लेख किया गया है। आचार्य शंकर ने भुवनेश्वरी की स्तुति में "**नमस्ते समस्तेशि विन्दुस्वरूपे**" कहकर मायाबीज की देवता भुवनेश्वरीको बतलाया है। मायाबीज का ही नामान्तर भुवनेश्वरी बीज है। फलतः जिस प्रकार बीज से अंकुर, शाखा, पुष्प, फल के रूप में वृक्ष की सृष्टि हुई है उसी प्रकार मायाबीज से संकेतित बिन्दु के द्वारा इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया के रूप में क्रमशः रौद्री, ज्येष्ठा तथा वामा शक्तियों का प्रादुर्भाव हुआ है। इन शक्तियों का ही नामकरण महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती देवता के रूप में प्रसिद्ध हुआ है। इन त्रिशक्तियों के मन्त्रों में नवार्ण और सप्तशती इन दोनों की प्रधानता मानी गई है। अतएव उपासना के क्षेत्र में दोनों का ही प्रधान और गौण रूप स्वीकार किया गया है। जहाँ नवार्ण की प्रधानता होती है वहां सप्तशती का उसके अङ्गरूप में पाठ करने का विधान है। मेरुतन्त्र आदि कई तन्त्रों में इस व्यवस्था

का उल्लेख पाया जाता है। इसके अनुसार जो साधक नवार्ण मन्त्र की दीक्षा लेता है वह नवार्ण यन्त्र में नवार्ण देवताओं के पूजन के साथ नवार्ण मन्त्र का जप करके अनन्तर उसके अङ्गरूप में सप्तशती का पाठ करता है। किन्तु यदि कोई साधक सप्तशती माला-मन्त्र से दीक्षा ग्रहण करता है तो उसे रहस्योक्त प्रक्रिया के अनुसार पूर्वोक्त यन्त्र में सप्तशती की देवताओं का अर्चन कर पाठ के आद्यन्त में नवार्ण मन्त्र का जप करके सप्तशती का पाठ करना चाहिए।

कीलकाध्याय में इन दोनों प्रकारों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

सप्तशती एवं सप्तसती का निर्वचन

सप्तशती स्तोत्र के दो नाम प्रचलित हैं, प्रथम तालव्य शकार घटित "सप्तशती" दूसरा दन्त्य सकार घटित "सप्तसती"। मेरुतन्त्र में तालव्य शकार घटित सप्तशती के सन्दर्भ में निम्नलिखित विवरण उपलब्ध है—

"सप्तशत्याः चरित्रे तु प्रथमे पद्मजो मुनिः।
छन्दो गायत्रमुदितं महाकाली तु देवता॥
वाग्बीजं पावकस्तत्वं धर्मार्थे विनियोजनम्।
प्रयोगाणां तु नवतिर्मारणे मोहनेऽत्र तु॥
उच्चाटे स्तम्भने चापि प्रयोगाणां शतद्वयम्।
मध्यमेऽथ चरित्रे स्यात् तृतीयेऽथ चरित्रके॥
विद्वेषवश्ययोश्चात्र प्रयोगारिकृते मताः।
एवं सप्तशतं चात्र प्रयोगाः संप्रकीर्तिताः।
तस्मात्सप्तशतीत्येव प्रोक्तं व्यासेन धीमता॥

आशय यह है कि षट्कर्मों की सिद्धि के लिए इसमें सात सौ मन्त्रों के प्रयोग बतलाए गए हैं। इसलिए यह "सप्तशती" कहलाती है। इसके साथ ही इसके अन्तर्गत सात सतियों का चरित्र भी वर्णित है इसलिए इसका नामकरण "सप्तसती" के रूप में प्रचलित है। निम्नलिखित श्लोकों में व्यास जी ने यह स्पष्टीकरण किया है—

"महाविद्येत्यादि सत्यः सप्तकल्पे तथादिमे।
ब्रह्मेन्द्रगुरुशुक्राणां विष्णुरुद्रसुरद्विषाम॥

उपास्या देवता जातास्ताश्चात्र ब्रह्मणा स्तुताः ।
तस्मात् सप्तसतीत्येव व्यासेन परिकीर्तिता ॥'

इस लेख के अनुसार प्रथम चरित्र में काली, तारा, छिन्नमस्ता, सुमुखी, भुवनेश्वरी, बाला एवं कुब्जा तथा मध्यम चरित्र में लक्ष्मी, ललिता, काली, दुर्गा, गायत्री, अरुन्धती और सरस्वती एवं उत्तर चरित्र में ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, नारसिंही और इन्द्राणी इन सात सतियों के चरित्रों का वर्णन है ।

तीनों चरित्रों की इन इक्कीस सतियों की समष्टि के रूप में नन्दा, शताक्षी, शाकम्भरी, भीमा, रक्त-दन्तिका, दुर्गा एवं भ्रामरी नामक सात सतियाँ बतायी गयी हैं । ये ही मूलदेवी की षडङ्ग देवियाँ हैं जिनका स्वरूप मूर्ति रहस्य में वर्णित है ।

इस प्रकार "सप्तशती" तथा "सप्तसती" इन दोनों नामों की पृथक्-पृथक् सार्थकता है ।

दुर्गापाठ के विभिन्न क्रम

दुर्गा सप्तशती के पाठ का क्रम अनेक तन्त्रों में प्रतिपादित होने से विविध रूपों में पाया जाता है । इस भेद का कारण गौड़, केरल, काश्मीर की परम्पराएं हैं जो भिन्न-भिन्नरूपों में उपलब्ध होती हैं। अतएव इसके पाठ में अपनी गुरुपरम्परा का ही अनुगमन करना श्रेयस्कर है । कुछ मुख्य तन्त्रों के प्रचलित पाठक्रम इस प्रकार हैं—

मरीचिकल्प के अनुयायियों के पाठक्रम में पहले रात्रिसूक्त फिर सप्तशती स्तोत्र एवं अन्त में देवीसूक्त का पाठ किया जाता है । जैसा कि नीचे के श्लोक में बतलाया गया है :—

"रात्रिसूक्तं पठेदादौ मध्ये सप्तशतीस्तवम् ।
प्रान्ते तु पठनीयं वै देवीसूक्तमिति क्रमः ॥

वेदागम का प्रकार निम्नलिखित है :—

"कवचं बीजमादिष्टमर्गला शक्तिरुच्यते ।
कीलकं कीलकं प्राहुः सप्तशत्या महामनोः ॥

इसका आशय यह है कि समस्त मन्त्रों के विनियोग में जैसे बीज, शक्ति एवं कीलक का पूर्व में उच्चारण किया जाता है वैसे ही सप्तशती के पाठ में सर्वप्रथम कवच, कीलक एवं अर्गला का पाठ करना चाहिये।

इसके विपरीत चिदम्बरसंहिता का पाठक्रम इस प्रकार है :—

"अर्गलं कीलकं चादौ पठित्वा कवचं पठेत्।
जपेत् सप्तशती पश्चात् सिद्धिकामेन मन्त्रिणा॥
रहस्यत्रयमप्यन्ते पठितव्यं प्रयत्नतः।
मध्ये नवार्णपुटितं कृत्वा स्तोत्रं सदाभ्यसेत्॥

अर्थात् सर्वप्रथम अर्गला, कीलक एवं कवच का पाठ करके सप्तशती, तदनन्तर तीनों रहस्यों का पाठ तथा आदि अन्त में नवार्ण मन्त्र का सम्पुट लगाना चाहिए।

सम्पुट के सन्दर्भ में "डामर तन्त्र" में लिखा है—

"शतमादौ शतं चान्ते जपेन्मन्त्रं नवार्णकम्।
चण्डीं सप्तशतीं मध्ये सम्पुटोऽयमुदाहृतः॥

सप्तशती के दैनिक पाठ का विधान

ऊपर बतलाए गए सभी क्रमों में सन्ध्योपासनादिक नित्यकृत्य सम्पन्न करने के बाद आसनशोधन, आचमन, शिखा बन्धन, प्राणायाम एवं संकल्प करने के अनन्तर यथाशक्ति मातृका आदि न्यासों को करने के बाद, श्रीदेवी का ध्यान करके नवकोष्ठात्मक यन्त्र में देवी का पूजन कर कवच, अर्गला, कीलक एवं रात्रिसूक्त का पाठ कर विनियोगपूर्वक ऋषि, छन्द, देवता का न्यास कर पहले अष्टोत्तरशत (१०८) नवार्ण मन्त्र का जप करे। अनन्तर, सप्तशती स्तोत्र का मूल पाठ करके इसके अन्त में पुनः नवार्णमन्त्र का अष्टोत्तरशत जप करके ऋष्यादि न्यास के साथ देवी को पाठ समर्पण कर देवीसूक्त एवं रहस्यत्रय का का आवर्तन कर, सर्वान्त में प्रार्थना मन्त्रों से देवी से क्षमायाचना एवं प्रणाम के साथ यह कृत्य समाप्त करे।

पाठ के इस क्रम में यह उल्लेखनीय है कि रात्रिसूक्त एवं देवीसूक्त वैदिक एवं तान्त्रिक दोनों

रूपों में उपलब्ध होते हैं। वैदिकों के लिए दोनों वेदोक्त ही मुख्य माने गये हैं। किन्तु सामान्य रूप से इन दोनों में से स्वेच्छानुसार किसी एक को लिया जा सकता है। वास्तव में वेद मन्त्रों का उच्चारण सर्वसाधारण के लिए कठिन पड़ता है। तथा वे उदात्त, अनुदात्त एव स्वरित पर आधारित होते हैं इनके उच्चारण में त्रुटि हो जाना स्वाभाविक है। अतः अपनी उच्चारण क्षमता के अनुसार दोनों में से किसी एक का पाठ किया जाना आवश्यक है।

ऋग्वेद के वैदिक रात्रिसूक्त "ओं रात्री व्यख्यदायती....." तथा वैदिक देवीसूक्त की "अहं रुद्रे भिर्वसुभिः....." आदि आठ ऋचाएं सुप्रसिद्ध हैं।

सप्तशती के प्रथमाध्याय की 'विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं" से आरम्भ होकर "हन्तुमेतौ महासुरौ" तक की ब्रह्मस्तुति तान्त्रिक रात्रिसूक्त कहलाता है। तथा पञ्चमाध्याय के "देवा ऊचुः 'नमो देव्यै महादेव्यै" इस मन्त्र से लेकर "सर्वापदो भक्तिविनम्रमूर्तिभिः" तक की देवस्तुति तान्त्रिक देवीसूक्त कहलाता है।

पुरश्चरण का क्रम

दुर्गासप्तशती का मुख्य पुरश्चरण मरीचिकल्प के अनुसार निम्नलिखित है—

"कृष्णाष्टमीं समारभ्य यावत् कृष्णाचतुर्दशी।
वृद्धचैकोत्तरया जाप्यं पूर्वसम्पुटितं तु तत्।
एवं देवि मया प्रोक्तः पौरश्चरणिकः क्रमः।
तदन्ते हवनं कुर्यात् प्रतिश्लोकेन पावके॥
रात्रिसूक्तं प्रतिऋचं तथा देव्याश्च सूक्तकम्।
हुत्वान्ते प्रजपेत् स्तोत्रं आदौ पूजादिकं मुने॥

आशय यह कि देवी का पहले अर्चन करे और फिर कृष्णपक्ष की अष्टमी से कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तक एकोत्तर पाठवृद्धि के साथ नवार्णसम्पुटित पाठ और रात्रिसूक्त एवं देवीसूक्त सहित मन्त्रों का हवन करना चाहिए।

शापोद्धार

सप्तशती के पाठ के उपक्रम में शापोद्धार का तान्त्रिक प्रकार निम्नलिखित है—

"अन्त्या १३ द्या १ र्क १२ द्वि २ रुद्र ११ त्रि ३ दि १० गब्ध्य ४ ङ्के ९ ष्वि ५ भ ८ र्तवः । ६ अश्वो ७ ऽश्व ७ इति सर्गाणां शापोद्धारो मनोः क्रमः ।।"

इस श्लोक की अर्थयोजना इस प्रकार है— तेरहवां और पहला, बारहवां और दूसरा, ग्यारहवां एवं तीसरा, दसवां और चौथा, नवां एवं पांचवां, आठवां एवं छठा इन अध्यायों की एक साथ आवृत्ति करके सातवें अध्याय का दो बार पाठ करना चाहिए। इस क्रम से इसका शापोद्धार बतलाया गया है।

उत्कीलन विधान

"उत्कीलने चरित्राणां मध्याद्यन्तमितिस्थितिः।"

आशय यह है कि सर्वप्रथम मध्यम चरित्र उसके बाद प्रथम चरित्र अनन्तर तृतीय चरित्र का पाठ कर लेने पर इसके उत्कीलन की पूर्ति होती है।

शापाद्धार तथा उत्कीलन के सम्बन्ध में सप्तशती सर्वस्वकार का मत विशेष रूप से यहां उल्लेखनीय है—

"वस्तुतस्तु एकेन वा मध्यमेन नैकेनेतरयोरिह"

इति रहस्याध्यायवचनेन यस्यैकपाठावसरो नास्ति तस्य मध्यमचरित्रपाठाभ्यनुज्ञानात्तादृशस्य पुरुषस्य पूर्वोक्तशापोद्धारकीलकानुष्ठानस्यासंभवात्तदभ्यनुज्ञानं व्यर्थमेव स्यात्। अन्यच्च। नियमेनैकपाठवतामेकस्मिन्दिने सम्पूर्णपाठाशक्तेः।

'पा १ ठो २ यं १ व ४ र २ का १ रः २, इति छलाक्षरसूत्रक्रमेण सप्तभिर्दिनैरेकावृत्तिः। एतस्मादपि शापोद्धारादिकं नावश्यकमिति प्रतिभाति।"

अर्थात् वास्तव में "एकेन वा" उक्त वचन के अनुसार जिस पाठकर्त्ता को सम्पूर्ण पाठ करने का अवसर न हो उसे केवल मध्यमचरित्र का पाठ कर लेने मात्र से सम्पूर्ण पाठ की पूर्ति हो जाती है। ऐसी दशा में ऐसे पाठकर्त्ता के लिए पूर्वोक्त शापोद्धार एवं उत्कीलन का अनुष्ठान सर्वथा असम्भव होने से

मध्यम चरित्र के पाठ की अनुमति निरर्थक हो जाती है तथा नियमतः एक पाठ करने वालों के लिए एक दिन में सम्पूर्ण पाठ न कर पाने की स्थिति में छलाक्षर सूत्र के क्रम से सात दिन में एक पाठ सम्पूर्ण होता है। अतः इस व्यवस्था के अनुरोध से शापोद्धार या उत्कीलन की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती।

पाठकर्त्ता के लिए विशेष नियम

वाराहीतन्त्र तथा चिदम्बरसंहिता में किस प्रकार पाठ किया जाना चाहिये और पाठ करते समय किन नियमों की अनुपालना आवश्यक है, इस सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं—

"ध्यात्वा देवीं पञ्चपूजां कृत्वा योन्या प्रणम्य च।
आधारं स्थाप्य मूलेन स्थापयेत् तत्र पुस्तकम्॥
अनुक्रमात् पठेद्देवि शिरःकम्पादिकं त्यजेत्॥"

आशय यह है कि देवीं की गन्धाक्षत, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य द्वारा पूजा करके योनिमुद्रा से प्रणाम कर नवार्णमन्त्र से काष्ठपट्ट आदि आधार स्थापित कर उसके ऊपर पुस्तक स्थापित करनी चाहिये तथा शिरःकम्प (सिर हिलाना) आदि दोषों से मुक्त होकर क्रमशः पाठ करना चाहिये।

इस प्रकार के पूजा सम्बन्धी पारायण या पाठ करते समय निम्नांकित दोषों से वचना चाहिये।

रागी शीघ्री शिरःकम्पी स्वतो लिखितपाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठी च षडेते पाठकाधमाः॥"

अर्थात् गाकर पढ़ना, जल्दी-जल्दी शब्दों का उच्चारण करना, सिर हिलाना, स्वयं की लिखित पुस्तक से पाठ करना, अर्थज्ञान का न होना, स्पष्टोच्चारण न कर पाना, इन छः दोषों से युक्त पाठ को अधम कहा गया है। इसके अतिरिक्त—

"यावन्न पूर्यतेऽध्यायस्तावन्न विरमेत् पठन्।
यदि प्रमादादध्याये विरामो भवति प्रिये।
पुनरध्यायमारभ्य पठेत् सर्वं मुहुर्मुहुः॥"

अज्ञानात् स्थापिते हस्ते पाठे ह्यर्द्धं फलं ध्रुवम् ।
न मानसं पठेत् स्तोत्रं वाचिकं तु प्रशस्यते ।
उच्चैः पाठं निषिद्धं स्यात् त्वराञ्च परिवर्जयेत् ।
शुद्धे नाचलचित्तेन पठितव्यं प्रयत्नतः ॥
कण्ठस्थपाठाभावे तु पुस्तकोपरि वाचयेत् ।
न स्वयं लिखितं स्तोत्रं नाब्राह्मणलिपिं पठेत् ॥
एवं स्तोत्रेषु सर्वत्र क्रमो ज्ञेयो विचक्षणैः ।
पुस्तके वाचनं शस्तं सहस्रादधिकं यदि ॥
ततो न्यूनस्य तु भवेत् वाचनं पुस्तकं विना ।

इन श्लोकों द्वारा पाठ की सफलता के लिए पाठकर्त्ता को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। जिनका पालन करना अनिवार्य है। एक हजार मन्त्र से कम संख्या होने पर पुस्तक के बिना कण्ठस्थ पाठ किया जा सकता है। किन्तु हजार या उससे अधिक मन्त्र संख्या होने पर पुस्तक के माध्यम से ही पाठ करने का विधान बतलाया गया है। प्रस्तुत सप्तशती स्तोत्र हजार से कम होने के कारण—

"कृताञ्जलिपुटो भूत्वा स्तुवीत चरितैरिमैः ।"

इस वैकृतिकरहस्य के विधानानुसार पुस्तक के बिना भी हाथ जोड़कर कण्ठस्थ पाठ कर लेने में किसी प्रकार का दोष नहीं माना जाता।

इस प्रकरण में यहां सहस्रशब्द का तात्पर्य बत्तीस अक्षरों के अनुष्टुप् छन्द से लिया गया है, अतः एक हजार अनुष्टुप् श्लोकों का ग्रहण करना ही यहां अभीष्ट है। संयोगवश यदि स्तोत्र में किसी मन्त्र के ऋषि, छन्द एवं देवता उपलब्ध न हों तो वहाँ केवल प्रणव का न्यास कर लेने से उसके अभाव की पूर्ति हो जाती है।

सप्तशती स्तोत्र के ऋष्यादिन्यास

प्रथम चरित्र में—

"सप्तशत्याश्चरित्रे तु प्रथमे पद्मभूर्मुनिः ।
छन्दो गायत्रमुदितं महाकाली तु देवता ॥
वाग्बीजं पावकस्तत्त्वं धर्मार्थे विनियोजनम् ॥"

मध्यम चरित्र में—

"मध्यमस्य चरित्रस्य विष्णुर्मुनिरुदाहृतः ।
उष्णिक् छन्दो महालक्ष्मी देवता बीजमद्रिजा ॥
वायुस्तत्वं धनप्राप्त्यै विनियोग उदाहृतः ।

उत्तम चरित्र में—

उत्तमस्य चरित्रस्य मुनिः शंकर ईरितः ॥
त्रिष्टुप् छन्दो देवतास्य महापूर्वा सरस्वती ।
कामो बीजं रविस्तत्वं कामार्थे विनियोजनम् ॥
मायान्ते चण्डिकायै च व्यस्तवर्णैः समस्तकैः ।
कृत्वा षडङ्गमृष्यादि स्मृत्वा ध्यात्वोक्तमार्गतः ॥
रहस्योक्तप्रकारेण पूज्य लक्ष्मीं विधानतः ।
सार्थस्मृतिं पठेच्चण्डीस्तवं स्पष्टपदाक्षरम् ॥
समाप्तौ तु महालक्ष्मीं ध्यात्वा कृत्वा षडङ्गकम् ।
जपेदष्टशतं मूलं देवतायै निवेदयेत् ॥
एवं यः कुरुते स्तोत्रं नावसीदति जातुचित् ।"

प्रथम चरित्र के ब्रह्मा ऋषि, गायत्री छन्द, महाकाली देवता, वाग्भव बीज, अग्नि तत्व है तथा धर्मार्थ विनियोग किया जाता है। मध्यम चरित्र के विष्णु ऋषि, उष्णिक् छन्द, महालक्ष्मी देवता, मायाबीज वायु तत्त्व है तथा धनप्राप्त्यर्थ विनियोग किया जाता है। तृतीय चरित्र के शंकर ऋषि, त्रिष्टुप् छन्द महासरस्वती देवता, काम (क्लीं) बीज, सूर्य तत्व है तथा काम के लिए विनियोग किया जाता है।

इस प्रकार तीनों चरित्रों में क्रमशः धर्म, अर्थ, काम की प्राप्ति के लिए विनियोग का विधान है। मायाबीज के सहित समस्त और व्यस्त अक्षरों से ऋष्यादि न्यास के साथ षडङ्गन्यास करके रहस्योक्त ध्यान के अनुसार महालक्ष्मी का पूजन कर अर्थज्ञान पूर्वक स्पष्टोच्चारण के साथ चण्डीस्तोत्र का पाठ करना चाहिए। पाठ की समाप्ति पर पुनः षडङ्गन्यास के साथ महालक्ष्मी का ध्यान करके अष्टोत्तरशत नवार्णजप सहित देवता को समर्पण करना चाहिए। इस प्रकार स्तोत्र पाठ करनें पर अभीष्ट सिद्धि होती है।

यहां तीनों शक्तियों का ध्यान सप्तशती रहस्य के अनुसार 'सर्वस्याद्या महालक्ष्मीः' के रूप में

अवस्थित तुरीया का ध्यान "तप्तकाञ्चनवर्णाभा" तथा महाकाली का "सा भिन्नाञ्जनसंकाशा" एवं महासरस्वती का "अक्षमालाङ्कुशधरा" के रूप में किया जाता है। इन तीनों ध्यानों में त्रिगुणात्मिका तथा प्रणव एवं मायाबीज के रूप में साम्यावस्था वाली महालक्ष्मी की प्रधानता बताई गई है तथा तमोगुण के आधिक्य में महाकाली एवं सत्त्व गुण के आधिक्य में महासरस्वती के स्वरूप का निदर्शन है। किन्तु तीनों शक्तियों में सत्त्व, रज, तम इन तीनों गुणों का अस्तित्व माना गया है। रजोगुण के आधिक्य में महालक्ष्मी के स्वरूप की योजना की गई है। इसलिए तुरीया महालक्ष्मी का ध्यान ही इनका ध्यान है।

मधु कैटभ के वध के लिए महाकाली के द्वारा काली के रूप की सृष्टि हुई है तदनुसार उनके ध्यान में इनका ध्यान दशवक्त्रा, दशभुजा के रूप में किया गया है। इसी प्रकार महिषासुर के वध के लिए महालक्ष्मी के शरीर से श्वेतानना, नीलभुजा आदि स्वरूप की उत्पत्ति हुई है। इसी प्रकार शुम्भ के वध के लिए महासरस्वती का जो रूप बना वह "दधौ चाष्टभुजा बाणमुसले" के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

अत एव मूलप्रकृति महालक्ष्मी के ध्यान के साथ कुल मिलाकर सात ध्यान होते हैं। इन्हीं सप्त-शक्तियों का नवकोष्ठात्मक यन्त्र में अपने-अपने स्थान पर पूजा संकल्पादि उन उन के नामों से किया जाता है।

यद्यपि यह प्राचीन परम्परा इस समय लुप्तप्राय हो गई है किन्तु "श्री रहस्य" में विहित होनें से बुद्धिजीवियों द्वारा आदरणीय है।

त्रिशक्तियों की नित्यपूजा का विधान

स्वर्ण, रजत, ताम्र अथवा भूर्जपत्रादि में या वेदी पर नवकोष्ठात्मक यन्त्र बनाकर प्रथम पङ्क्ति में ईशानकोण से आरम्भ कर अग्निकोण तक क्रमशः रुद्र–गौरी, विरिञ्चि–सरस्वती एवं विष्णु–लक्ष्मी का पूजन करना चाहिये।

मध्यम पङ्क्ति में क्रमशः उत्तरकोण से आरम्भ कर दक्षिणकोण तक महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती की पूजा करनी चाहिये।

तृतीय पङ्क्ति में वायुकोण से लेकर नैर्ऋत्यकोण तक दशानना, अष्टादशभुजा एवं अष्टभुजा का पूजन करना चहिये।

उक्त यन्त्र में "ऐं महाकाल्यै नमः" इस मन्त्र से दोनों महाकालियों का पूजन किया जाता है तथा "ह्रीं महालक्ष्म्यै नमः" इस मन्त्र से दोनों लक्ष्मियों का पूजन होता है। मायाबीज से ही मध्यपङ्क्ति के मध्य में अवस्थित महालक्ष्मी का पूजन तथा "क्लीं महासरस्वत्यै नमः" से दोनों सरस्वतियों का पूजन होता है।

उक्त पूजा में तीसरी पङ्क्ति के मध्यकोष्ठ में अवस्थित देवता के दाहिनी ओर सिंह एवं बाईं ओर महिष का पूजन करना चाहिये। इस प्रकार पूजा सम्पन्न करके प्रधान तुरीया महालक्ष्मी का तीनों चरित्रों में पठित "विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं" आदि तीनों स्तुतियों से स्तवन करना चाहिये। इसके बाद पूर्वोक्त क्रमानुसार कवचादि के पाठ सहित सप्तशती स्तोत्र का पाठ करना चाहिये। यह क्रम दैनिक पाठ एवं पुरश्चरण के रूप में किये जानें वाले पाठ के साथ समान रूप से सम्बद्ध है।

यदि कामना विशेष से पाठ करना हो तो तीनों चरित्रों के अन्तर्गत एक-एक मन्त्र की उपासना करने का भी विधान है। जैसे "ज्ञानिनामपि चेतांसि", "दुर्गे स्मृता", "सर्वाबाधाप्रशमनम्" आदि। सभी काम्य प्रयोगों के आरम्भ में पूर्वोक्त पूजा का समापन कर जिस मन्त्र का कामनापरक प्रयोग करना हो वह मन्त्र जिस चरित्र से सम्बद्ध हो उस चरित्र की देवता का विधिवत् पूजन करके उसके निकट काल तथा मृत्यु का भी पूजन करके उन उन चरित्रों के स्तोत्र द्वारा स्तुति करनी चाहिये।

उदाहरण के लिये "विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं",

"नमो देव्यै महादेव्यै·····" "शक्रादयः सुरगणा" आदि स्तोत्रों के द्वारा उस देवता की स्तुति कर अनन्तर अभीष्ट मन्त्र का जप कामनासिद्धि के लिए करना चाहिये। जैसा कि सप्तशती-रहस्य में उल्लेख किया गया है—

"नमो देव्या इति स्तोत्रै र्महालक्ष्मीं समर्चयेत्।
अवतारत्रयार्चायां स्तोत्रमन्त्रास्तदाश्रयाः॥" इति।

अष्टादशभुजा चैषा यदा पूज्या नराधिप।
दशानना चाष्टभुजा दक्षिणोत्तरयोः सदा।
कालमृत्यू च सम्पूज्यौ सर्वारिष्टप्रशान्तये॥

इस प्रसंग में यह ध्यान रखना अत्यावश्यक है कि यदि पृथक् पृथक् मन्त्रों के ऋषि आदि उपलब्ध न हों तो जिस चरित्र के मन्त्र का जप करना हो उस चरित्र के ऋष्यादिक ले लेने चाहिये।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय बिन्दु है कि पूजा के बाद कवच, अर्गला, कीलक का पाठ प्रत्येक परिस्थिति में आवश्यक एवं अनिवार्य है। इसलिए कवच अर्गला एवं कीलक तथा तीनों रहस्यों का अङ्गरूप में पाठ किया जाना सर्वथा वाञ्छनीय है। इस लक्ष्य को दृष्टिगत रखकर कात्यायनी तन्त्र में—

"अङ्गहीनो यथा देही सर्वकर्मसु न क्षमः।
अङ्गषट्कविहीना तु तथा सप्तशतीस्तुतिः॥"

तस्मादेतत्पठित्वैव जपेत्सप्तशतीं पराम्।
अन्यथा शापमाप्नोति हानिश्चैव पदे पदे॥

रावणाद्याः स्तोत्रमेतदङ्गहीनं निषेविरे।
हता रामेण ते यस्मान्नाङ्गहीनं पठेत्ततः॥"

अङ्गषट्कं कवचार्गलकीलकं रहस्यत्रयसहितमिति॥"

चण्डिका का स्वरूप और महत्त्व

सप्तशती के पाठ का आरम्भ **"ॐ नमश्चण्डिकायै"** द्वारा भगवती चण्डी के नमन के साथ किया जाता है। यद्यपि पाठ-विधान के अन्तर्गत इसका समावेश नहीं है और यह ऐच्छिक है। परन्तु शिष्ट-परम्परा से अनुमोदित होने तथा प्राचीन हस्तलिखित

प्रतियों में सर्वत्र इसका उल्लेख किये जाने के कारण इस क्रम को मान्यता दी गई है। चण्डिका स्वयं परब्रह्मस्वरूपिणी कहलाती है। **"अवति उपासकमिति ओम्"** इस व्युत्पत्ति से प्रणव उपासक का रक्षक है। इसलिए इस वाक्य का फलितार्थ प्रणव की प्रतिपाद्या चित्स्वरूपिणी चण्डिका को नमस्कार करना है। प्रणव स्वयं ब्रह्मस्वरूप और समस्त मन्त्रों का अधिष्ठातृ देवता कहलाता है। इसीलिए **"ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म सर्वमन्त्राधिदैवतम्।"** के रूप में इसकी मान्यता है। चण्डिका को परब्रह्ममहिषी कहा जाता है। इसका रहस्य यह है कि एक ही नित्य, शुद्ध बुद्ध, सच्चिदानन्दस्वरूप ब्रह्म अनादिसिद्ध माया के द्वारा धर्मी और धर्म के रूप में परिणत होकर पंचभूतात्मक–जगत्सृष्टि के कार्य का प्रवर्तक बनता है। सृष्टि के आरम्भ में **'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय।' 'सोऽकामयत।' 'तत्तपोऽकुरुत।'** इन तीनों श्रुतियों से प्रतिपादित ज्ञान, इच्छा और क्रिया का समष्टिरूप ही ब्रह्म का धर्म है और वह धर्मी से अभिन्न रहता है। यही ब्रह्मधर्म शक्ति के नाम से परिभाषित होता है। अतएव श्रुतिबोधित ज्ञान, इच्छा और क्रिया रूप धर्म के कारण यह शक्ति कहलाती है। ज्ञान-इच्छा-क्रिया रूप ये तीनों शक्तियाँ महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के नाम और रूप से सम्बोधित हुई हैं। इनकी समष्टि का नाम ही चण्डिका है। तात्पर्य यह कि सर्वभयजनक और सम्पूर्ण सृष्टिचक्र का संचालक ब्रह्म ही चण्डिका पद का वाच्यार्थ है। **अत्यन्त कोपस्वभाव** और **भयोत्पादिका** शक्ति चण्डिका कही जाती है। भुवनेश्वरी संहिता में इसकी पुष्टि इस प्रकार की गई है :—

'यद्भयाद् वाति वातोऽयं सूर्यो भीत्या च गच्छति।
इन्द्राग्निमृत्यवस्तद्वत् सा देवी चण्डिका स्मृता॥'

इसके अतिरिक्त चण्डभानु,चण्डवात इत्यादि लौकिक प्रयोगों में भयजनक कोप के अर्थ में चण्ड शब्द का प्रयोग किया गया है। **'चडि कोपे'** धातु से चण्डिका शब्द सिद्ध होता है। इसका वाच्यार्थ भयोत्पादक कोप है। अतएव **'नमस्ते रुद्र मन्यव'**—इस रुद्राध्याय के मन्त्र में सर्व प्रथम मन्यु (क्रोध) रूप को ही

नमस्कार किया गया है। इतना ही नहीं, निम्न-लिखित श्रुति भी इस भयंकर क्रोध का समर्थन करती है :—

'भीषास्माद् वातः पवते भीषोदेति सूर्यः।
भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः॥

इस मन्त्र का अभिप्राय यह है कि भयोत्पादक कोप प्रभाव से ही वायु आदि भी परब्रह्म स्वरूप माने गये हैं। चण्डिका के व्यापक स्वरूप को हृदयंगम करने में यह संक्षिप्त विवेचन जिज्ञासुओं को लाभ-प्रद होगा।

नवार्ण मन्त्र का विवेचन और जप–विधान

'देव्यथर्वशीर्ष' में नवार्ण मन्त्र का उद्धार निम्न-लिखित है :—

'वाङ्माया ब्रह्मसू तस्मात् षष्ठं वक्त्रसमन्वितम्।
सूर्योऽवामश्रोत्रबिन्दुसंयुक्तष्टात् तृतीयकः॥
नारायणेन संमिश्रो वायुश्चाधरयुक् ततः।
विच्चे नवार्णकोऽयं स्यान्महदानन्ददायकः॥

अर्थ—वाक्, वाग्भवबीज 'ऐं', माया, मायाबीज 'ह्रीं', ब्रह्मसूः, कामबीज 'क्लीं', षष्ठं छठा अक्षर 'चकार' वक्त्र समन्वित, दीर्घ अकार से युक्त 'चा', सूर्यः, मकार, अवाम श्रोत्र पांचवां स्वर उकार, बिन्दुसंयुक्त, अनुस्वारयुक्त अर्थात् 'मुम्' टात् तृतीयकः—टकार से तीसरा 'डकार', नारायणेन, दीर्घ अकार से संमिश्र, संयुक्त 'डा', वायु 'यकार', अधरयुक्, बारहवें स्वर ऐकार से युक्त 'यै', विच्चे-विच्चे के स्वरूप में, नवार्णक नव अक्षरों वाला यह समुदाय-रूप नवाक्षर मन्त्र, महतां उपासकों को, आनन्ददायक, आनन्दस्वरूप ब्रह्म का सायुज्य देने वाला है।

मन्त्रशास्त्र के पारिभाषिक संकेतों के अनुसार सम्पूर्ण मन्त्र का विवेचन पूर्वोक्त क्रम से किया गया है। यद्यपि यह मन्त्रशास्त्र से अनभिज्ञ लोगों के लिए सर्वथा दुर्बोध है किन्तु इस शास्त्र की गोपनीयता को सुरक्षित रखने की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त है। साथ ही **'प्राज्ञंमन्यमना हठेन पठिती मास्मिन् खलः खेलतु।'** श्रीहर्ष की इस नैषधीय चरित की उक्ति के अनुरूप इस संकेत प्रक्रिया को शास्त्र की प्रतिष्ठा

और धार्मिक मर्यादा के पालनार्थ अनिवार्य और आवश्यक ही कहा जाएगा।

नवार्ण मंत्र का इस से भी सुगम विवेचन इस रूप में उपलब्ध होता है :—

'वाक्कामलज्जाबीजान्ते चामुण्डायै पदं वदेत्।
विच्चे नवार्णमन्त्रोऽयं शक्तिमन्त्रोत्तमोत्तमः।

वाक्, काम, लज्जा अर्थात् 'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' यह नवाक्षर मन्त्र शक्ति के मन्त्रों में सर्वोत्कृष्ट मन्त्र माना जाता है।

सत्, चित् और आनन्दस्वरूप ब्रह्म की भांति नवार्ण की अधिष्ठात्री चण्डिका भी सच्चिदानन्दरूपिणी है। एवं नवार्णमन्त्र में चामुण्डा शब्द का अर्थ अखण्डब्रह्मविद्या है जो शास्त्रीय विवेचन से ही भलीभांति समझा जा सकता है। इस प्रसंग में उत्कृष्ट आनन्दावस्था को ही संवेदनशील पुरुषार्थ माना गया है। अतएव **'आत्मनः कामाय सर्वं प्रियं भवति।'** इस श्रुति द्वारा आनन्दानुभूति का अतिशय महत्व बतलाया गया है। इस नवाक्षर मन्त्र का व्यापक अर्थ वास्तव में सद्गुरु के मुख से ही बोधगम्य हो सकता है।

दुर्गापाठ के आरम्भ और अन्त में षडङ्गन्यास के साथ इसके अष्टोत्तरशत (एक सौ आठ बार) जप का विधान है। मन्त्र के ऋषि, छन्द, देवता आदि का सम्पूर्ण परिचय नीचे दिये हुए श्लोकों में स्पष्ट किया गया है :—

'ब्रह्मविष्णुमहेशास्तु मुनयोऽस्य प्रकीर्तिताः।
छन्दांस्युक्तानि मुनिभि र्गायत्र्युष्णिगनुष्टुभः॥
देव्यः प्रोक्ता महापूर्वाः काली लक्ष्मी सरस्वती।
नन्दाशाकम्भरीभीमाः शक्तयोऽस्य मनोः स्मृताः॥
स्याद् रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामर्यो बीजसंचयः।
अग्निवायुभगास्तत्त्वं फलं वेदत्रयोद्भवम्॥
सर्वाभीष्टप्रसिद्धयर्थे विनियोग उदाहृतः॥

इस का अर्थ स्पष्ट होने से व्याख्या करना अनावश्यक है।

त्रिशक्तियों का क्रमिक ध्यान :—

खड्गं चक्रगदेषु चापपरिघाञ्शूलं भुशुण्डीं शिरः
शङ्खं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वाङ्गभूषावृताम्।

यामस्तौत् स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुंकैटभं
नीलाश्मद्युतिमास्यपाददशकां सेवे महाकालिकाम् ॥
अक्षस्त्रक्परशूगदेषु कुलिशं पद्मं धनुष्कुण्डिकां
दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां सुराभाजनम् ।
शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रवालप्रभां
सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम् ॥
घण्टाशूलहलानि शङ्खमुसले चक्रं धनुः सायकान्
हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम् ॥
गौरीदेहसमुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महा—
पूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजे शुम्भादिदैत्यार्दिनीम् ।

इन तीनों शक्तियों के ध्यानोक्त स्वरूप की एक साथ भावना करके मानसोपचार पूजन के साथ जपमाला का भी पूजन कर अष्टोत्तर शत (एक सौ आठवार) नवार्ण का जप करके **मार्कण्डेय उवाच** से आरम्भ कर '**सावर्णि र्भविता मनुः**' इस अन्तिम श्लोक तक अविच्छिन्न पाठ करने के बाद पुनः ऋष्यादि करषडङ्ग न्यास के साथ इस मन्त्र का जप और '**गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वं**' इस मन्त्र से देवा को समर्पण कर देवासूक्त और रहस्यत्रय का पाठ करे तथा अन्त में नव पुष्पाञ्जलि मन्त्रों से क्षमापन और प्रार्थना करके इस कृत्य का समापन करे ।

श्रीशिलादेवी की प्रतिमा

जयपुर के उपनगर तथा कछवाहा राजवंश की प्राचीन राजधानी आमेर के राजमहल के दाहिनी ओर महिषमर्दिनी दुर्गा के विग्रह रूप में प्रतिष्ठित श्रीशिलादेवी का संगमरमर के पाषाण से निर्मित विशाल एवं भव्य मन्दिर है । चमकीले काले प्रस्तर से निर्मित, बड़े आकार की यह अष्टभुजा मूर्ति वहुत आकर्षक तथा स्थानीय कलाकारों की अपनी विशिष्ट मूर्ति-शिल्प-कला का प्रतीक है, जो एक बड़े आकार के पाषाण शिला-खण्ड में उत्कीर्ण की गई है । मूर्ति के ऊपरी भाग में मस्तक के ऊपर बाएं से दाएं तक क्रमशः अपने वाहनों पर आरूढ गणेश,

ब्रह्मा, शिव, विष्णु एवं सरस्वती की सुन्दर छोटे आकार की मूर्तियां उत्कीर्ण की गई हैं। शिलादेवी के दाहिने हाथ के ऊपर और नीचे क्रमशः खड्ग, तीर, त्रिशूल और वर तथा बाएं हाथ के दोनों भागों में क्रमशः ढाल, धनुष, अभय और मुण्ड उत्कीर्ण हैं। सैकड़ों वर्ष पुरानी इस प्रतिमा में उत्कीर्ण देवताओं और आयुधों की आकृतियां (स्वरूप) धूमिल हो गई हैं। इसलिए उनको पहचानने में भ्रम उत्पन्न होता है। इन पङ्क्तियों के लेखक ने विशेष अनुमति लेकर देवी की प्रतिमा का प्रत्यक्ष दर्शन किया है। उसी आधार पर पूर्वोक्त विवरण यहां दिया गया है। भगवती सिंह-वाहिनी हैं। किन्तु मूर्ति ऊपर से नीचे तक पोशाक से आवृत है, इसलिए सिंह का दर्शन नहीं होता।

प्रतिमा का मुख बायीं ओर झुका हुआ है इसके सम्बन्ध में अनेक किंवदन्तियां प्रचलित हैं, जिनका उल्लेख आगे किया जायेगा। किन्तु इसके बायीं ओर झुकाव का रहस्य भक्त के प्रति अनुग्रहपूर्ण कृपा दृष्टि प्रतीत होता है। ऐतिहासिक दृष्टि से यह प्रतिमा चमत्कारी तो थी ही, परन्तु आरम्भ से ही यह व्यक्ति विशेष की आराध्या भी रही है।



प्रतिमा का इतिवृत्त

यह प्रतिमा या सपाट शिलाखण्ड, जैसा कि इसका पूर्व इतिहास प्राप्त होता है—मुगल सम्राट् अकबर के प्रधान सेनापति, आमेर राज्य के यशस्वी महाराजा मानसिंह पूर्वी बंगाल (जो अब बंगला देश कहलाता है) के प्राचीन नगर यशोहर या जैसोर से लाये थे। टाकी (ढाका) से लगभग दस कोश दक्षिण में यह नगर अवस्थित है। यशोहर राजा प्रतापादित्य की राजधानी थी। अनुमानतः यह कायस्थवंशी रहे होंगे क्योंकि जैसोर के पड़ोस में राजा चन्द्रनाथराय के वंशज कायस्थों का मुख्य आवास स्थल था। इनका विशेष वृत्त नहीं मिलता।

बंगाल को मुगल साम्राज्य के अधीन करने के लिए जब महाराजा मानसिंह ने आक्रमण किया तो प्रदेश के छोटे-बड़े शासक अपनी पराजय स्वीकार कर इनके अनुयायी बन गये। इन सबका अगुआ राजा प्रतापादित्य और उसका मुख्य सामन्त राजा केदार, दोनों ही युद्ध भूमि में पराजित होने के बाद विजेता को आत्मसमर्पण कर चुके थे। थोड़े समय के बाद प्रतापादित्य का निधन हो गया और केदार जैसोर का अधिपति बन गया। जैसा कि लिखा जा चुका है, प्रतापादित्य के बारे में कोई प्रामाणिक सूत्र नहीं मिलता। परन्तु मत्स्यदेश के इतिहास से यह सिद्ध होता है कि ईसवी सन् १६०४ में केदार को पराजित कर महाराजा मानसिंह ने उसके राज्य पर अधिकार कर लिया था। जैसोरेश्वरी के नाम से प्रसिद्ध शिलादेवी राजा केदार की कुलदेवी थी। वह भगवती का अनन्य भक्त था। उसे कुलदेवी का इष्ट था और वह बड़े भक्ति-भाव से इनकी सेवा-पूजा किया करता था।

विद्यावाचस्पति स्वर्गीय पं० मधुसूदन जी ओझा द्वारा संकलित 'मत्स्य देश के इतिहास' में, जिसकी हस्तलिखित प्रति सवाई मानसिंह द्वितीय द्वारा स्थापित म्यूजियम के पुस्तकालय में उपलब्ध है, के अनुसार शिलादेवी से सम्बद्ध जो विवरण और किंवदन्तियां दी गई हैं उनका सार, संक्षेप में निम्न-लिखित है—

१. मानसिंह और प्रतापादित्य के बीच युद्ध हुआ था। प्रतापादित्य शिलादेवी का पूर्ण भक्त था। अपनी विजय के लिए उसने जब देवी की स्तुति की तो उसने मुंह फेर लिया तब से देवी का मुख टेढा हो गया।

२. शिलादेवी को नरबलि दी जाती थी। किन्तु मानसिंह ने नरबलि देना बन्द कर दिया तो मूर्ति ने मुंह फेर लिया। स्वप्न में राजा को जब यह ज्ञात हुआ तो उसने देवी को बकरे की बलि देना आरम्भ कर दिया।

३. उक्त मूर्ति राजा प्रतापादित्य की राजधानी यशोहर से नहीं लायी गई, वरन् वह राजा केदार के यहां से ही लाई गई थी। इस बात की पुष्टि कई अन्य स्रोतों से होती है। अतः यह कहना प्रामाणिक है कि इसका आगमन केदार के यहां से हुआ था।

४. केदार के ऊपर भगवती का वरद हस्त था। अतः शत्रुओं द्वारा पराजित न होने का उसे पूरा भरोसा था। मानसिंह को जब इसका आभास हुआ तो उन्होंने अनुष्ठान कराया और देवी उन पर प्रसन्न हो गई।

५. इसके पूर्व देवी ने केदार से प्रण किया था कि जब तू स्वयं मुझे कह देगा कि 'तू जा' तब मैं यहां से चली जाऊंगी। एक दिन जब केदार ध्यानमग्न होकर पूजन कर रहा था तो बालिका के रूप में देवी वहां आईं और बाल सुलभ चेष्टा करती हुई मचल पड़ीं। अन्त में केदार ने तंग आकर कहा कि 'तू जा, मुझे पूजा करने दे।' यह सुनकर देवी चली गईं। इसके बाद केदार ने इस शिला को समुद्र में डुबो दिया।

स्वप्न में देवी ने मानसिंह को आदेश दिया कि समुद्र से निकाल कर तुम मुझे अपने साथ ले चलो। इधर केदार ने इस घटना के बाद अपने दीवान को आदेश दिया कि तुम अब राजा से सन्धि करके उसे राजकन्या समर्पित कर देना। उसकी इच्छानुसार ऐसा ही किया गया और उसे पुनः राजगद्दी प्राप्त हो गई।

राजा केदार ने अपनी पराजय के बाद महाराजा मानसिंह जी के समक्ष प्रस्ताव रक्खा था कि यदि उसका राज्य वापस दिला दिया जाए तो वह अपनी एकमात्र निधिस्वरूपा शिलादेवी की प्रतिमा उन्हें अर्पित कर देगा। परन्तु यह आवश्यक होगा कि जिस विधि-विधान से उनकी पूजा अब तक होती आयी है, भविष्य में भी उसकी व्यवस्था वैसे ही बनायी रक्खी

जाये । विजेता महाराज ने उसका यह अनुरोध मान लिया था।

इतिहास के इस घटना क्रम से ऐसा लगता है कि उक्त प्रतिमा एकबार समुद्र में विसर्जित हो चुकी थी। परन्तु दोनों राजाओं में समझौता होने के बाद राजा केदार की सहमति और संकेत से ही यह मूर्ति समुद्र से निकाली गई है।

राजा के साथ केदार की कन्या का सम्बन्ध हो जाने से दोनों में रिश्ता जुड़ गया था। यही कारण था कि उसने देवी की पूजा करने वाले अपने कुल पुरोहित ब्राह्मणों के साथ इस प्रतिमा को ले जाने की पेशकश की थी। तदनुसार महाराजा प्रतिमा के साथ पुजारियों को भी अपने साथ ले आये थे। इन्हीं बंगाली भट्टाचार्यों के दस ब्राह्मण परिवार शिलामाता की सेवा-पूजा के प्रभारी थे। इनके वंशज आमेर में ही बस गये थे और अब भी वे यहां रह रहे हैं। इन पुजारियों के वंश में रत्नगर्भ भट्टाचार्य नाम के विद्वान् का नाम उल्लेखनीय है। इन्होंने ही 'विष्णु पुराण' के ऊपर 'वैष्णवाकूतचन्द्रिका' नाम की टीका लिखी थी। विक्रम संवत् १७०२ की लिखी इस पुस्तक की एक प्रति महाराजा के पोथीखाने में मौजूद है।

मत्स्य देश के इतिहास तथा अन्य सूत्रों से एक बात स्पष्ट होती है कि आरम्भ में यह कृष्ण वर्ण की चमत्कारी शिला मात्र थी और इसका ही विधि-पूर्वक पूजन होता था। इसके आमेर लाये जाने पर यहां के मूर्तिकार शिल्पियों ने इसे सुन्दर प्रतिमा का रूप दे दिया था। इस चमकीली काले रंग की पाषाण शिला के बारे में एक किंवदन्ती यह भी प्रचलित है कि उक्त शिला ब्रज भूमि से राजा प्रतापादित्य के यहां ले जायी गई थी और इसके पूर्व यह ब्रजप्रदेश की हिन्दू जनता की धरोहर के रूप में वहां सम्मानित थी।

कहा जाता है कि राजा कंस अपनी बहिन देवकी के नवजात शिशुओं को इसी शिला पर पटक कर मारा करता था। अतीत कैसा भी क्यों न रहा हो

किन्तु वर्तमान में इसके बारे में अटकलबाजियों के अलावा कोई प्रमाण मिल सकना असम्भव है।

सूर्यमल्ल मिश्र ने 'वंश भास्कर' में इस पूरे प्रकरण को दूसरा ही रंग दे डाला है। जो तथ्यपरक कम और दन्त कथाओं पर अधिक आधारित है। अतः उसकी चर्चा यहां नहीं की गई है।

प्रसिद्ध कवि नरहरि के पुत्र हरिनाथ ने महाराजा मानसिंह की प्रशंसा में जो दो दोहे सुनाये थे वे भाव-पूर्ण होने से उल्लेखनीय हैं :—

'बलि बोई कीरति लता, कर्ण लगायो पात।
सींची मान महीप ने, जब देखी कुम्हिलात॥

जात जात गुन अधिक हो, अजहू सुनी न कान।
राघव वारिधि वांधियो, मारचो हेला मान॥

दोनों दोहों के अर्थ स्पष्ट हैं। ढूंढारी बोली में 'हेला' का अर्थ जोर से हांक लगाना या आवाज देना है।

साहित्यिक–साक्ष्य●

ईसा की अठारहवीं सदी में एक अज्ञात नामा कवि द्वारा रचित 'मानवंशवर्णनम्' नाम के काव्य में श्रीशिलादेवी के सम्बन्ध में जो तथ्य उजागर किये गये हैं, वे सम-सामयिक होने से प्रामाणिक और ज्ञातव्य हैं :—

१. खड्गाघातविखण्डितारिनिवहश्रीमानसिंहागम-
त्रस्यद्वंगधराधिपप्रणिहितागाधेऽम्बुधावम्बिका।
खड्गक्षालनरक्तगन्धमुदिता सोवाच तं स्वप्नगा
साम्राज्यं भज वीर वारिधितलाद् धाम स्वकं मां नयेः॥

भावार्थ—अपनी पैनी तलवार के प्रहार से शत्रुओं को छिन्न-भिन्न कर विजय प्राप्त कर ने के बाद महाराजा मानसिंह का इस प्रदेश पर अधिकार हो गया था। इससे भयभीत होकर बंगदेश के राजा ने

● देखिये–पं० श्री गोपालनारायण जी बहुरा द्वारा लिखित एवं सम्पादित 'Literary Heritage of the Rulers of Amber and Jaipur. Page 403.

देवी को समुद्र की अथाह जलराशि में विसर्जित कर दिया था। किन्तु रक्तरञ्जित तलवार का प्रक्षालन करने पर उसकी गन्ध से प्रसन्न होकर देवी ने स्वप्न में राजा को आज्ञा दी कि हे वीर! समुद्र से मुझे निकाल कर अपने निवास स्थान पर ले चलो तथा साम्राज्य का उपभोग करो।

२. यत्नाद्रत्ननिधेर्निधानमिव तां रत्नव्रजानां शनै-
रुन्नीयानयति स्म सद्म स निजं सम्पूज्य साम्राज्यदाम्।
जित्वा सत्वरमुद्धतानपि रिपून् द्वीपाधिपाँश्चिह्नयन्
तत्तद्धामसु पंचरागरचनान्युच्चैर्बबन्ध ध्वजान् ॥

भावार्थ—रत्नराशि की धरोहर के समान राजा ने यत्नपूर्वक धीरे से उनको बाहर निकाला और साम्राज्य देने वाली भगवती की विधिवत् पूजा करके उन्हें अपने आवास पर ले आये। इस प्रान्त के उद्दण्ड शत्रुओं को शीघ्रता के साथ जीत कर विभिन्न ठिकानों के स्वामियों का निर्देश करते हुए उनके स्थानों पर पंच-रंगी विजय पताका (झण्डा) धूमधाम से फहरा दी गई।

३. प्रासादे विहिते स्वसौधसविधे शैले सरोरोधसि
श्रीमानुत्तमकान्तिशालिनि वरे देवीं वरेण्यां दिने।
आधायापि सुपूज्य भूरिविभवो राजोपचारार्पणैः
संजज्ञे भ्रुकुटीविधेयविकटक्षोणीशशिक्षोत्कटः ॥

भावार्थ—मावठा के नाम से प्रसिद्ध तालाब के तट पर स्थित पर्वत पर, अपने राजमहल के पास देव-मन्दिर बनवा कर राजा ने शुभ दिन और शुभ मुहूर्त में देवी की प्रतिष्ठा की और ऐश्वर्य के प्रतीक राजाओं द्वारा की जाने वाले चौंसठ पूजा-द्रव्यों के अर्पण के साथ, उत्पात करने वाले राजाओं को अपनी वक्रदृष्टि से अनुशासित कर आज्ञाकारी बना लिया।

४. आम्बेरीं लसदम्बिकानिलयिकां शैलावलीदुर्गमां
गुप्तस्पर्शमहावटाभिधसरस्तीरे तरूदञ्चिताम्।
आस्थाय स्थिरधीरधीतसमरो भाति स्म शासद्दिवं
पूर्णश्रीरमरावतीपतिरिव श्रीमान्सिंहो भुवम् ॥

भावार्थ—पर्वतमाला से घिरी हुई दुर्गम आमेर

नगरी, जो शिलाम्बा का आवास स्थान है तथा गुप्त रूप से उनका चरण स्पर्श करने वाले महावट (मावठा) नामक सरोवर के तटपर वृक्ष पङ्क्तियों से सुशोभित है। इस नगरी में स्थिरबुद्धि और युद्धकलाप्रवीण महाराजा मानसिंह स्वर्ग के राजा इन्द्र देव की तरह राज्यलक्ष्मी से पूर्णतः समृद्ध होकर पृथ्वी के शासक के रूप में सुशोभित हुए।

राजवंश–परिचय

१. महाराजा मानसिंह प्रथम

(विक्रम सम्वत् १६४६–१६७१)

आमेर के राजा भगवन्त दास जी के ज्येष्ठ पुत्र महाराजा मानसिंह का जन्म विक्रम संवत् १६०० (ईसवी सन् १५४३) पौष कृष्णा १३ को आमेर में हुआ था। शाही खिताबों के साथ इनका पूरा नाम 'हफ्त हजारी महाराजा मानसिंह, मिर्जा राजा, फर्जन्द दौलते मुगलिया' था। मुगल बादशाहों के समय में, आपके समान प्रतापी वीर नरेश, कोई दूसरा नहीं हुआ। हिन्दू संस्कृति और धर्म के आप सुदृढ़ स्तम्भ थे। आपके शासनकाल में जनता सुखमय जीवन जीती थी। मुगल सम्राट् अकबर के प्रधान सेनापति होने के साथ-साथ आप अकबरी दरबार के नवरत्नों में गिनें जाते थे।

मुगल साम्राज्य को विस्तार देने और दूर-दराज के सूबों तक मुगलों का आधिपत्य जमानें का सारा श्रेय आपको ही प्राप्त हुआ था।

मेवाड़ की धरती पर 'हल्दी घाटी' का प्रसिद्ध युद्ध माघ शुक्ला ७ वि० सम्वत् १६३३ और सन् १५७७ ई० में हुआ था। कर्नल टाड नें इस युद्ध का आरम्भ श्रावण सुदी ७, सम्वत् १६३२ (जुलाई ई. सन् १५७६) होना लिखा है। जो सर्वसम्मत नहीं है।

युद्ध में राणा के पूर्णतः परास्त हो जानें पर मान सिंह जी ने चित्तौड़ को लूटकर विध्वस्त कर दिया

और इस अवसर का लाभ लेकर मीराँबाई के उपास्य श्रीगिरिधर गोपाल की मूर्ति आमेर ले आये थे, जो जगत्शिरोमणि जी के नाम से प्रसिद्ध मन्दिर में विराजमान है।

चित्तौड़ विजय के उपलक्ष्य में कुंवर मानसिंह को बादशाह अकबर ने पंजाब (सियालकोट) का प्रशासक नियुक्त किया था। इसके बाद उन्होंनें सिन्ध, मालवा, काबुल, बंगाल, उड़ीसा आदि प्रान्तों पर अपने शौर्य और बुद्धिबल से विजय प्राप्त की और शाही दरबार के प्रधान तथा सर्वेसर्वा बन गये। इनकी विजयश्री का सम्पूर्ण इतिहास स्वतन्त्र लेखन का विषय है। अतएव बहुत संक्षेप में यहाँ इनकी महानता और शूरवीरता का परिचय दिया गया है। इनके बाद, भारत में ऐसे किसी महान् वीर पुरुष ने जन्म नहीं लिया जिसकी तुलना इनके साथ की जा सके। इनके अद्भुत शौर्य, पराक्रम तथा राजनीतिक सूझ-बूझ का इतिहास अद्वितीय रहा है।

मार्गशीर्ष मुक्ला ७ सम्वत् १६४६ को पिता के स्वर्गवासी होने पर आप आमेर पधारे थे, और बड़े समारोह के साथ आपका राज्याभिषेक हुआ तथा आमेर की राजगद्दी पर आसीन हुए। यह उल्लेखनीय है कि और खिताबों की तरह 'महाराजा' का खिताब भी बादशाह नें ही आपको दिया था। शाही दरबार में किसी भी दूसरे सरदार की प्रतिष्ठा आपके बराबर नहीं थी। इतना ही नहीं, स्वयं बादशाह अकबर और बाद के उनके उत्तराधिकारी भी आपके व्यापक प्रभाव और प्रशासनिक कुशलता से भयभीत रहा करते थे। आपके व्यक्तित्व की उन पर यह गहरी छाप थी।

आमेर की शिलामाता को बंगाल से लाने और उन्हें प्रतिष्ठित करने का एकमात्र श्रेय आप को ही प्राप्त हुआ था। इस प्रसंग से यहां आपके उदात्त-चरित्र का संक्षेप में चित्रण करने का यह सुयोग मिला है।

इन पंक्तियों के लेखक नें राजपरिवार की

प्रशस्ति में आपके सम्बन्ध में जो वर्णन किया है वह यहां उद्धृत किया जाता है—

'आसीत् युद्धकलाप्रवीणधिषणो वीराग्रणीर्बाहुजो
यो ह्यामेरपुराधिपः पृथुयशाः श्रीमानसिंहो नृपः।
वंगीयान् प्रतिपक्षिणः स समरे निर्जित्य तद्देशतः
सश्रद्धं समुपाहरद् भगवतीमम्बां शिलोत्तंसिनीम् ।।

भावार्थ—क्षत्रिय वंशी, वीरों में अग्रणी, युद्धकला विशारद आमेर के विख्यात एवं यशस्वी राजा मानसिंह ने बंगाल के विपक्षी राजाओं को युद्ध में हराकर उनके यहां से भगवती शिलाम्बा को श्रद्धापूर्वक आमेर में लाकर प्रतिष्ठित किया।

२. मिर्जा राजा जयसिंह

महाराजा मानसिंह के स्वर्गवास के बाद उन के कनिष्ठ पुत्र भावसिंह राजा हुए क्योंकि ज्येष्ठ पुत्र जगतसिंह अपने पिता के जीवनकाल में ही दिवंगत हो गये थे। तत्पश्चात् जगतसिंह के पौत्र महासिंह के पुत्र मिर्जा राजा जयसिंह आषाढ कृष्णा प्रतिपदा विक्रम सं० १६७८ (1622 A. D.) में आमेर की राजगद्दी पर आसीन हुए थे। मिर्जा राजा जयसिंह एक असाधारण प्रतिभाशाली राजा थे। वे फारसी, तुर्की, संस्कृत तथा उर्दू के अच्छे जानकार थे और इतिहास, भूगोल, गणित एवं राजनीति के ज्ञाता होने के साथ युद्ध कला और प्रशासन में भी भलीभांति दक्ष थे। वे उच्चकोटि के कला प्रेमी थे। अपने शासन काल में उन्होंने हस्तलिखित ग्रन्थों, पेंटिंग्स (कलम के चित्र) विभिन्न शस्त्रों और अन्य कलात्मक वस्तुओं का अच्छा संग्रह किया था।

संस्कृत भाषा और उसके विशाल साहित्य तथा हिन्दी भाषा के प्रति उनका गहरा लगाव था। संस्कृत और हिन्दी के उत्थान और प्रचार-प्रसार में उनका योगदान चिरस्मरणीय रहेगा। बल्कि यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र

में ढूंढार प्रदेश को जाग्रत करने और उसे नया जीवन देने का श्रेय मिर्जा राजा जयसिंह को ही जाता है।

विद्वानों, कवियों और कलाकारों के आश्रयदाता के रूप में दूर-दूर तक इनकी प्रसिद्धि थी। इनके शासन काल में आमेर राज्य का वर्चस्व सर्वोपरि था। अतः इनके समय में शिक्षा और कला के क्षेत्र में यह राज्य उन्नत स्थिति में पहुंच गया था। सारांश यह कि राजा की बहुमुखी प्रतिभा के प्रकाश में आमेर राज्य का वैभव अपनी चरम सीमा पर था। इसका आँखों देखा वर्णन पंचनद (पंजाब) के कवि, दामोदर तैलङ्ग के पुत्र गोपाल ने अपने 'जयचम्पू'• नामक काव्य में किया है, जो मिर्जा राजा जयसिंह के दरबारी कवि थे। इसमें राजा के चरित्र और राज्य के ऐश्वर्य का विशिष्ट वर्णन किया गया है।

• भारत सरकार की 'शास्त्रचूडामणि' योजना के अन्तर्गत इन पक्तियों के लेखक ने 'जयचम्पू' पर मितभाषिणी नामक व्याख्या लिखी है जो अभी अप्रकाशित है।

अपने इस काव्य लेखन के बारे में कवि की आरम्भ की निम्नलिखित उक्तियां बड़ा महत्त्व रखती हैं—

तस्यात्मजः कुलकदम्बकुलाम्बुदोऽय-
मुद्भूतवैरितिमिरप्रशमप्रदीपः।
यो जन्मनैव जयशालिकृती पृथिव्यां
नाम्ना ततो विजयते जयसिंहदेवः॥११॥

तस्यैवाद्भुतकर्मणः श्रुतगुणग्रामानुरागोदिता-
मन्दामोदरसेन मे खलु रुचि र्यद्वर्णनायाभवत्।
तच्चम्पूं सुयशःप्रतापरचनां चित्रां तनोम्युत्सुकः
साम्यश्लेषविरोधरूपकलसज्जात्यादिभिर्भूषिताम्।१२।

तत्र चायं विशेषः—

श्रुत्वा यथा सुकवयः खलु वर्णयन्ति
प्राचीनभूपचरितं न तथोच्यतेऽत्र।
किन्तु स्फुटोद्यदनुरागभरान्नरेशे
दृग्गोचरे सति मुदाहमुदाहरामि॥१३॥

भावार्थ—राजा महासिंह के पुत्र जयसिंह कदम्ब पुष्प के समान अपने वंशजों को वर्षा से प्रफुल्लित करने वाले तथा शत्रुरूप से उत्पन्न अन्धकार को नष्ट करने के लिए दीपक के सदृश प्रकाशित हो रहे हैं, जो अपने जन्म से ही इस पृथ्वी पर विजयी के रूप में उदित हुए हैं और इसलिए नाम से भी वे जयसिंह कहलाते हैं ।

"उन अद्‌भुत चरित्र वाले राजा जयसिंह के गुणों के प्रति अनुराग उत्पन्न होने से, भरपूर आनन्दरस के साथ उनका वर्णन करने के लिये मेरा मन उत्सुक हुआ है । इसलिए उनके सुयश और प्रताप को उजागर करने के लिए, साम्य, श्लेष, विरोधाभास, रूपक आदि के द्वारा उनकी प्रशंसा में इस चम्पू की रचना कर रहा हूं ।"

"इस चम्पू की खूबी यह है कि पुराने कवियों के राज–वर्णनों की तरह मैंने सुनी-सुनायी बातों के आधार पर यह रचना नहीं की है। बल्कि राजा के चरित्र के प्रत्यक्षदर्शी के रूप में प्रसन्नचित्त होकर और उनके प्रति लोगों के प्रकट अनुराग को दृष्टि में रखते हुए नमूने के तौर पर यह लिख रहा हूं ।"

ब्रजभाषा और हिन्दी के कई नामी कवियों के ये आश्रय दाता थे । इनमें 'बिहारी सतसई' के रचयिता बिहारी कवि, इनके भानजे कुलपति मिश्र, नरोत्तमदास, हरिजीवन मिश्र, प्राणनाथ श्रोत्रिय, नन्दन कवि आदि के नाम उल्लेखनीय हैं ।

बिहारी और कुलपति मिश्र हिन्दी के प्रसिद्ध कवि तो थे ही, महाराज कुमार रामसिंह के प्रिय शिक्षकों में भी थे । बिहारी राजा के अन्तःपुर की महिला सेविकाओं के प्रशिक्षक भी रहे थे । बिहारी को मिर्जा राजा ने आगरा से आमेर बुलाया था । रामपुरा के नरोत्तमदास सनाढ्य ब्राह्मण मध्यप्रदेश के रहने वाले थे और राजा के दरबारी कवि थे ।

'गङ्गालहरी', 'रस-गङ्गाधर' आदि ग्रन्थों के रचयिता सुप्रसिद्ध कवि पण्डितराज जगन्नाथ तैलङ्ग ब्राह्मण थे। जब ये काशी में पढ़ते थे, तभी से इनकी पाण्डित्य-प्रतिभा पर राजा मुग्ध थे। अतः शिक्षा समाप्त करने पर, इनको मिर्जा राजा काशी से आमेर ले आये थे। राजा की प्रेरणा से इन्होंने आमेर में संस्कृत-विद्यालय का संचालन किया था। पण्डित-राज उर्दू-फारसी के भी पण्डित थे और आमेर में इन्होंने एक काजी को शास्त्रार्थ में हरा दिया था। इससे मिर्जा राजा इनसे बहुत प्रसन्न हुए और दिल्ली के शाही दरबार में इनको ले गये। शाहजहाँ ने इन्हें पूर्ण सम्मान दिया और 'दाराशिकोह' का शिक्षक बना दिया। शाहजहां की प्रशंसा में पण्डितराज ने अपने 'भामिनी-विलास' काव्य में लिखा है—

'दिल्लीवल्लभपाणिपल्लवतले नीतं नवीनं वयः।'

अर्थात् मेरा यौवनकाल शाही छत्र-छाया में बीता है।

मिर्जा राजा का संस्कृत प्रेम अद्वितीय था। वे प्रायः काशी जाकर संस्कृत विद्वानों की गोष्ठियों में सम्मिलित हुआ करते थे। काशी में उन्होंने एक संस्कृत विद्यालय की स्थापना की थी जहां इनके दोनों राजकुमारों ने भी संस्कृत का अध्ययन किया था। 'पंच गङ्गा घाट' पर लगे एक शिलालेख (१६१२ ई०) से इनका काशीगमन प्रमाणित होता है।

आमेर में मिर्जा राजा ने धार्मिक विषयों पर विवाद के समय निर्णय देने के लिए प्रथम श्रेणी के विद्वानों की एक 'पण्डितसभा' स्थापित की थी जिसके धार्मिक निर्णय सारे भारत में मान्य होते थे। छत्रपति शिवाजी के राज्याभिषेक के अवसर पर इस सभा के निर्णयानुसार पहले उनका यज्ञोपवीत (मौञ्जी

धारण) किया गया उसके बाद ही उनको राजगद्दी पर बिठाया गया। उस समय उनकी अवस्था लगभग ४०–४५ वर्ष की थी। यह धर्मसभा राजधानी के जयपुर आने के बाद भी बराबर कायम रही और अब तक भी उसका अस्तित्व बना हुआ है किन्तु समय परिवर्तन के साथ अब उसका वह महत्त्व नहीं रह गया।

शिलामाता का प्राचीन मन्दिर जो आरम्भ में पश्चिममुखी था, मिर्जा राजा ने उसके बगल में एक दूसरा भव्य मन्दिर बनवाया जिसका मुख्य द्वार उत्तराभिमुख है और वहीं पर माता की मूर्ति विराजमान की गई थी, जो अब तक उसी स्थान पर स्थित है।

धर्म, शिक्षा, कला और संस्कृति के प्रायः सभी क्षेत्रों में मिर्जा राजा की उपलब्धियां बेजोड़ रही हैं। उनके धार्मिक प्रभाव और वर्चस्व के कारण औरंगजेब ने देवमूर्तियों का तुड़वाना बन्द कर दिया था।

मिर्जा राजा जयसिंह के ६ रानियां, २ खवास, ७ पातरें और रामसिंह तथा कीरतसिंह नाम के दो पुत्र थे। उनका निधन आश्विन कृष्णा ५ सम्वत् १७२४ (१६६७ ई०) में हुआ था। ४५ वर्ष ८ महीने और १० दिन तक उन्होंने आमेर की राज्यसत्ता का उपभोग किया।

३. सवाई मानसिंह द्वितीय

सवाई मानसिंह आधुनिक जयपुर के निर्माता थे। इनके शासन काल में जयपुर का सर्वतोमुखी विकास हुआ। सवाई मानसिंह अपनी प्रजा की सुख-सुविधा बढ़ाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे। शिक्षा, चिकित्सा, विधि और व्यवस्था के क्षेत्र का विस्तार करने में, अपनी सूझबूझ से काम लेकर, इन्होंने राज्यशासन का संचालन इतने साफ सुथरे ढंग से किया कि राजस्थान के राजाओं में अपना

विशिष्ट स्थान बना लिया था। जनता एक अच्छे शासक के रूप में इन्हें सम्मान और प्रेम देती थी।

इनके समय में ही राज्य में उत्तरदायी शासन की स्थापना हुई थी। कुछ समय बाद, जब देशी रियासतों को मिलाकर राजस्थान राज्य का निर्माण हुआ तो ये नवनिर्मित राजस्थान राज्य के राजप्रमुख बने और इस पद पर रहकर एक सुयोग्य शासक के रूप में शासन का संचालन करते रहे।

कुछ समय तक राज्यसभा के सदस्य रहने के बाद महाराजा स्पेन में राजदूत के पद पर आसीन हुए। द्वितीय महायुद्ध और भारत के स्वतन्त्र होने के बाद, पाकिस्तान और चीन ने जब इस देश पर आक्रमण किया, तब महाराजा सवाई मानसिंह जी ने सैनिक सेवाओं के द्वारा अपना जो विशिष्ट योग-दान किया उसकी बहुत सराहना हुई और वे लेफ्टिनेन्ट जनरल की उपाधि से सम्मानित किये गये। महाराजा ने "हिस्ट्री आफ इण्डियन स्टेट फोर्सेज" नामक एक पुस्तक की रचना भी की थी जो प्रकाशित हो चुकी है।

आप समय के पारखी और दूरदर्शी नरेश थे। विद्या, कला और संस्कृति के संरक्षण में आपकी विशेष रुचि थी। आपने अपने पूर्वजों की कीर्ति को अक्षुण्ण बनाये रखने की दृष्टि से उनके द्वारा समय-समय पर संगृहीत कला वस्तुओं और प्राचीन साहित्य के हस्तलिखित ग्रन्थों की सुरक्षा और उससे देशी-विदेशी विद्वानों और कला प्रेमियों को परिचय प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से सिटी पैलेस को संग्रहालय का रूप देकर सराहनीय कार्य किया है। देश-विदेश के शोध विद्वान् और शोधार्थी छात्र मध्य युग की भारतीय संस्कृति के अध्ययन में उसका लाभ ले रहे हैं।

आप आमेर की शिलामाता के अनन्य भक्त थे। विशेष पर्वों और उत्सवों के अलावा विदेश

यात्रा पर जाने और वहां से लौटने पर आप सर्व-प्रथम माता के दर्शनार्थ नियमित रूप से आमेर जाया करते थे। अपनी इस श्रद्धा-भक्ति के फलस्वरूप आपने शिलामाता के मन्दिर को संगमरमर के पाषाण से निर्मित कराकर नया भव्य रूप दिया है। साथ ही निज मन्दिर के द्वार के दोनों ओर कदली के वृक्ष को कलात्मक ढंग से, उसके प्राकृतिक रूप में पाषाण पर उत्कीर्ण कराकर जो सौन्दर्य प्रदान किया है वह दर्शकों को विशेष रूप से अपनी ओर आकर्षित करता है।

मन्दिर के प्रवेश द्वार पर चांदी के पत्तर के जड़े हुए जो किवाड़ लगाये गए हैं, इन कलात्मक किवाड़ों का निर्माण महाराजा की द्वितीय महारानी श्रीमती किशोर कुंवर ने कराया है, जो बड़े ही सुन्दर और आकर्षक बन पड़े हैं। उसके ऊपर सप्त-शती के कवच में वर्णित नव दुर्गाओं के अपने २ वाहनों के साथ जो भव्य रूप अङ्कित किये गये हैं वे अन्यत्र शायद ही कहीं देखने में आवें। और इनके स्वरूप के अनुरूप ही भूतपूर्व जयपुर राज्य के ताजीमी सरदार पुरोहित प्रतापनारायण जी कविरत्न के दोहे भी उत्कीर्ण किये गये हैं जो इसके सौन्दर्य के पोषक हैं। मन्दिर में प्रकाश और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर आपने मन्दिर के गौरव और सौन्दर्य की जो श्रीवृद्धि की है, वह स्थानीय भक्त जनता तथा देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में जनता मां के दर्शनों का लाभ लेती है।

मन्दिर की सेवा-पूजा और उसकी देख-रेख के लिए आपने अपने समय में शिलामाता ट्रस्ट बनाया था जो मन्दिर के प्रबन्ध और सेवा पूजा की व्यवस्था की तत्परता से देख रेख करता है।

आपकी प्रशंसा में संस्कृत के दो पद्य यहां दिये जा रहे हैं●—

१. धन्योऽभूत् स द्वितीयमाननृपतिर्भक्त्या शिलाम्बप्रियो
राज्ञां मौलिमणिर्नयोक्तिनिपुणः शास्ता प्रजावत्सलः।
मूर्धन्यं नगरेष्वहो जयपुरं यच्छासनें संस्थितं
स्वर्यातोऽपि गुणानुरक्तहृदयैः कैरद्य न स्मर्यते ।।३।।

भावार्थ–शिलाम्बा के प्रिय भक्त, अपने समकालीन राजाओं के मुकुटमणि, राजनीति में निपुण, प्रजा के प्रिय शासक, स्वनामधन्य महाराजा सवाई मानसिंह (द्वितीय) यहां राज्य सिंहासन पर आरूढ़ हुए, जिनके शासन काल में जयपुर अन्य नगरों की तुलना में अग्रणी बनकर उन्नति की चरम सीमा पर पहुंचा। यही कारण हैं कि स्वर्गवासी होने के बाद, आज भी उनके गुणों के प्रशंसक सम्मान के साथ उन्हें याद करते हैं।

२. "पोलोकन्दुकक्रीडनेष्वनुपमो विश्वप्रसिद्धि गतो
मन्ये, मानमहीपतिः समभवद् राजस्थलीगौरवः।
गायत्री च सधर्मिणी बहुमता पोलोत्सवप्राङ्गणे
स्फूर्जत्भव्यसमृद्धिवैभवजुषः को वर्णयेत् तद्यशः ।।"

पोलो के अद्वितीय खिलाड़ी के रूप में विश्व-प्रसिद्ध स्वर्गीय महाराजा सवाई मानसिंह (द्वितीय) वास्तव में राजस्थान के गौरव स्तम्भ थे। उन्हीं के अनुरूप श्रीमती गायत्री देवी भी पोलो क्रीड़ा के मैदान में प्रशंसित होने के कारण उनकी प्रिय महारानी रहीं। इस प्रकार धन-धान्य पूर्ण लौकिक एवं पारिवारिक सुख का जीवन जीने वाले महापुरुष के यश का वर्णन कर सकना सबके वश की बात नहीं हुआ करती।

जैसा कि ऊपर बतलाया गया है, महाराजा को पोलो खेलनें का बड़ा शौक था। वे इस खेल में विश्व विजयी रहे हैं। संयोगवश इंग्लैण्ड में इसी

● लेखक की 'राजप्रशस्ति' से उद्धृत।

पोलो खेल के मैदान में इन लोकप्रिय महाराजा का १९७० ई० में देहावसान हो गया।

४. सवाई भवानी सिंह

जयपुर के शासकों के वर्तमान उत्तराधिकारी महाराजा सवाई भवानीसिंह जी का जन्म आश्विन शुक्ला ११ वि. सं. १९८८ (२२ अक्टू० १९३१ ई०) को हुआ।

आप अपने पिता की भाँति स्वभाव से वीर सैनिक तथा पोलो के जाने-माने विशिष्ट खिलाड़ी हैं। ई. सन् १९७१ में पाकिस्तान ने जब भारत पर आक्रमण किया तो आप सैनिक सेवा में थे, और आपने अपनी छाताधारी सैनिक टुकड़ी का संचालन करते हुए युद्ध के मैदान में उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया और पाकिस्तान की दो चौकियों पर अधिकार कर लिया। उसके फलस्वरूप भारत सरकार ने आपको महावीर चक्र से अलंकृत किया। सैनिक सेवा से निवृत्त होने के बाद आप अपने स्वर्गीय पिता के द्वारा आरम्भ किये गये कार्यों को पूर्ण करने के लिए बड़ी निष्ठा और लगन के साथ कार्यरत हैं।

अपने पिताश्री द्वारा स्थापित संग्रहालय की उन्नति के लिए आप खासतौर से प्रयत्नशील हैं। कुछ समय पूर्व आपनें अपने पिता की स्मृति में संग्रहालय में एक ग्रन्थ माला का शुभारम्भ किया है, जिसमें भूतपूर्व महाराजाओं द्वारा संगृहीत पोथीखाना के हस्तलिखित महत्त्वपूर्ण दुर्लभ साहित्य के सम्पादन और प्रकाशन की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, आपनें अनुसंधान करनें के इच्छुक छात्रों और विद्वानों को हस्तलिखित पुस्तकें सुलभ कराने का भी प्रबन्ध किया है।

कुछ वर्ष पूर्व, आपने अपनें पूर्वजों द्वारा निर्मित

'जयगढ़' फोर्ट को म्यूजियम (संग्रहालय) का रूप देने का निर्णय लिया है और इस योजना की ओर सक्रिय हैं। निकट भविष्य में, इस योजना के सम्पूर्ण हो जाने पर पर्वत के उच्च शिखर पर स्थित यह किला पर्यटन का एक रमणीय स्थल बन जायेगा।

फिलहाल, यहां पर्यटकों को आने-जाने की सुविधा देकर आपने इसके विकास की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। वर्तमान में, राजघराने की परम्परागत प्रवृतियों को व्यवस्थित करने और उनके सुचारु संचालन के लिए आप दत्तचित्त होकर प्रयत्नशील हैं।

अपने पिता श्री के अनुरूप आप भी भगवती शिलामाता के परम भक्त हैं। माताजी की सेवा पूजा के विधि पूर्वक संचालन के कार्य की ओर आप बराबर ध्यान रखते हैं। और उसकी सुचारु-व्यवस्था में किसी तरह की त्रुटि न होने देने के लिए समय-समय पर आप ट्रस्ट के सदस्यों के साथ आवश्यक परामर्श करते रहते हैं। आपकी महारानी साहिबा श्रीमती पद्मिनी जी भी माता जी की भक्त हैं और वे भी इनके सेवा-कार्य की ओर रुचि लेती हैं।

आप दम्पति की दीर्घायुष्य की कामना में 'राज-प्रशस्ति' से दो स्वरचित छन्द यहां दिये जा रहे हैं—

१. मानस्यात्मजकर्नलः स च भवानीसिंहभूपोऽधुना
विन्दन् तत्पदमातनोति परमां हर्षप्रकर्षश्रियम्।
चक्रं भारतशासनस्य च महावीरप्रतिष्ठादृतं
लब्धं येन मनस्विना स सुचिरं दीर्घायुषा नन्दतु ।।

स्वर्गीय महाराजा मानसिंह द्वितीय के पुत्र कर्नल महाराजा सवाई भवानीसिंह उनके स्थान को सुशोभित कर परम हर्ष प्रदान कर रहे हैं। अपनी अद्वितीय वीरता के फलस्वरूप जिस मनस्वी महाराजा को

भारत सरकार ने 'महावीर चक्र' देकर सम्मानित किया है, वे दीर्घायु होकर राज्य वैभव के आनन्द का उपभोग करें।

२. राज्ञी तस्य विभाति लोकविदिता या पद्मिनीत्याख्यया
राज्यश्रीरिव सत्स्वभावमधुरा कारुण्यपूर्णान्तरा।
पत्युः स्नेहकलासुसिक्तहृदया दाक्षिण्यमातन्वती
सेयं पुण्यमतिश्चिराय रुचिरं सौभाग्यमुन्मीलतु ।।

महाराजा सवाई भवानीसिंह की सहधर्मिणी, जो महारानी पद्मिनी के नाम से सुप्रसिद्ध हैं, राज्य-लक्ष्मी की भाँति करुणा से परिपूर्णहृदय वाली तथा प्रशंसनीय मधुर स्वभाव की हैं। वे पतिदेव के स्नेह से पूर्णतः सिंचित हृदय होकर उदारता को संजोए हुए दीर्घकाल तक अपने वाञ्छित सौभाग्य सुख का उपभोग करें।

श्रीशिलामाता ट्रस्ट का निर्माण

राजस्थान बनने के पूर्व श्रीशिलामाता मन्दिर का सम्पूर्ण प्रबन्ध जयपुर राज्य के तत्कालीन कारखाना पुण्य (Charity Department) द्वारा किया जाता था। राजस्थान राज्य में जयपुर के विलय के बाद सन् १९४९ में यह मन्दिर भूतपूर्व नरेश सवाई मानसिंहजी की निजी सम्पत्ति में ले लिया गया और मन्दिर की व्यवस्था सुपरिन्टेन्डेन्ट, हाउसहोल्ड धर्मार्थ द्वारा की जाती रही।

भूतपूर्व जयपुर नरेश सवाई मानसिंह जी ने सन् १९६३ में, राजस्थान राज्य द्वारा निर्मित 'राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम १९५९ की धारा २१ के अन्तर्गत इस मन्दिर का पंजीयन करा दिया था। जिसमें स्वयं महाराजा एवं उनके मिलिटरी सेक्रेटरी इस प्रन्यास के पदाधिकारी थे। उनके द्वारा नियुक्त स्व० पं० हरिहरनाथ सुखिया, सुपरिन्टेन्डेन्ट, हाउसहोल्ड धर्मार्थ इसके प्रबन्धक थे।

भूतपूर्व महाराजा के आकस्मिक निधन के बाद जयपुर राजगद्दी के उत्तराधिकारी महाराजा कर्नल भवानीसिंह जी ने इस ट्रस्ट के चेयरमेन का पद ग्रहण किया और उन्होंने सन् १९७६ में इस ट्रस्ट का पुनर्गठन किया और इसमें तीन सदस्य और ले लिये गये जिनके नाम निम्नलिखित हैं—

१. ठाकुर श्री श्यामकरण जी,
   करणोत हाउस, जयपुर।
२. श्री गोवर्धनलाल भट्ट
   मिश्र राजाजी का रास्ता, जयपुर।
३. श्री गंगाधर द्विवेदी,
   धर्म सभाध्यक्ष (मौज मन्दिर)
   सरस्वती पीठ, ब्रह्मपुरी, जयपुर।

वर्तमान में यह समिति कार्यरत है और इसके द्वारा श्रीशिलामाता मन्दिर की व्यवस्था की जाती है।

सप्तशती का सम्पादन

सप्तशती स्तोत्र का भारतव्यापी प्रचार है। आजकल हिन्दी व्याख्या के साथ इसके पुस्तकाकार और पत्रात्मक अनेक मुद्रित संस्करण उपलब्ध होते हैं। किन्तु मूलपाठ और इसके पूर्वाङ्ग तथा उत्तराङ्ग के क्रम में एकरूपता न होने से विधान के अनुसार पाठ करने वाले साधकों के सामने यह समस्या खड़ी होती है कि किस क्रम और विधान को मान्य किया जाए। इस विषमता को देखकर **'बहुजनहिताय बहुजनसुखाय'** के सिद्धान्त को दृष्टि में रखकर, सभी श्रेणी के पाठकर्त्ताओं के लाभार्थ 'सप्तशती'–विषयक विधान के परिप्रेक्ष्य में, सर्वाङ्गपूर्ण और प्रामाणिक 'सप्तशती–सर्वस्व' को आधार मानकर, उसके क्रम और विधान को लेकर इसके सम्पादन का निश्चय किया गया। क्योंकि अधिकांश विद्वानों ने इसके मूलपाठ और विधि-विधान को एकस्वर से मान्यता दी है। कारण यह है कि 'सप्तशती–सर्वस्व' के प्रस्तोता आगमाचार्य पं० सरयूप्रसाद जी द्विवेदी आगमशास्त्र के रहस्यज्ञ और जाने माने विद्वान थे। उन्होंने इससे सम्बद्ध मूल तन्त्र ग्रन्थों और प्राचीन विद्वानों द्वारा निर्मित सप्तशती की विभिन्न संस्कृत टीकाओं का अन्तर्दृष्टि से परीक्षण और समन्वय करके गौड़ परम्परा के अनुरूप 'सप्तशती–सर्वस्व' की रचना की थी। अतएव उत्तर भारत में उनके इस ग्रन्थ की प्रामाणिकता दीर्घकाल से चली आ रही है।

वर्तमान में, यह पुस्तक दुर्लभ हो चुकी है। बहुत समय पहले लखनऊ के नवल किशोर प्रेस से इसके दो संस्करण निकले थे। पहला स्वयं ग्रन्थकार द्वारा सम्पादित तथा दूसरा परिवर्धित संस्करण उनके आत्मज म० म० पं० दुर्गाप्रसाद जी द्विवेदी के सम्पादन में निकला था। इसके प्रथम और द्वितीय संस्करण की दोनों प्रतियां 'सरस्वती पीठ' के पुस्तकालय में उपलब्ध थीं। इन दोनों प्रतियों की सहायता लेकर

इसकी रूप-रेखा का निर्धारण किया गया। उसके अनुसार उक्त ग्रन्थ का मूलपाठ, पूर्वाङ्ग, उत्तराङ्ग और पाठ-क्रम तथा विधि-विधान का समावेश किया गया है। मूल के भावानुवाद में विशेष स्थलों पर आवश्यकतानुसार गूढ़ विषयों का विवेचन सरल भाषा में किया गया है। जिससे पाठकों को विषय-वस्तु की संगति के साथ शास्त्रीय तत्त्व को समझने में सुविधा होगी।

प्रस्तावना में मूलपाठ और विधान सम्बन्धी अपेक्षित ज्ञातव्य बातें संक्षेप में लिखी जा चुकी हैं।

इस प्रसंग में यह बतला देना उचित होगा कि सप्तशती के मूलपाठ के साथ हिन्दी में ही नहीं बंगला, गुजराती और मराठी में भी कई अनुवाद हो चुके हैं। किन्तु मूलपाठ में पाठान्तर की संक्रामक व्याधि सर्वत्र विद्यमान है।

इसके अतिरिक्त इस पुस्तक के कई छन्दोबद्ध हिन्दी पद्यानुवाद भी मेरे देखने में आए हैं जिनसे स्वान्तः सुखाय काव्य रस का आनन्द तो लिया जा सकता है, किन्तु पाठ की दृष्टि से वे निरर्थक हैं। अभीष्ट फल के लिए तो मूल-संस्कृत श्लोकों के पाठ करने का ही विधान है। जैसा कि इस श्लोक से ज्ञात होता है :—

'श्रुतं हरति पापानि तथारोग्यं प्रयच्छति।
रक्षां करोति भूतेभ्यो जन्मनां कीर्तनं मम॥'

प्रस्तुत संस्करण का ट्रस्ट द्वारा प्रकाशन

श्रीशिलामाता ट्रस्ट के अध्यक्ष महाराजा कर्नल सवाई भवानीसिंह जी की इच्छा थी कि सप्तशती स्तोत्र का एक सुव्यवस्थित, लोकोपयोगी एवं सुसम्पादित संस्करण निकाला जाय। इस निर्णय के फलस्वरूप इसके सम्पादन का दायित्व ट्रस्ट ने मुझे

सौंपा और मैंने कार्यारम्भ कर दिया। अनन्तर, महाराजा साहब ने, जो इस ट्रस्ट के चेयरमैन और भगवती के परम भक्त हैं, यह इच्छा प्रकट की कि इस ग्रन्थ का प्रकाशन हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं के अनुवाद के साथ होना चाहिए। इसके साथ ही, पूजा-पद्धति एवं विधान का भी अनुवाद दे दिया जावे तो इसकी उपयोगिता बढ़ जावेगी। साथ ही, ऐसा होने पर देश एवं विदेश के लोग जो भगवती के श्रद्धालु भक्त हैं—और दुर्गा पाठ में आस्था एवं रुचि रखते हैं, समान रूप से इसका लाभ ले सकेंगें। उनका यह सुझाव उपयुक्त और सामयिक होने से ट्रस्ट ने सवसम्मति से इसे स्वीकार कर लिया और इस योजना के अनुसार ही इस कार्य का शुभारम्भ किया गया एवं श्रीशिलामाता की कृपा से यह कार्य सम्पन्न हो गया। ट्रस्ट ने इसके प्रकाशन के लिए आवश्यक धनराशि के लिए व्यवस्था करने की स्वीकृति भी दे दी।

मूल ग्रन्थ के आदि में 'जगदम्बा जयवाद' नाम की गीति-प्रधान स्तुति म० म० पं० दुर्गाप्रसाद जी द्विवेदी की 'दुर्गा पुष्पाञ्जलि' से ली गई है। साथ में 'देव्यथर्वशीर्ष' का भी हिन्दी भावानुवाद के साथ संयोजन किया गया है जो कि महत्त्वपूर्ण और फल-प्रद है। सुविधा की दृष्टि से तीनों चरित्रों के मन्त्रों की श्लोकानुक्रमणिका भी लगा दी गई है। कुल मिलाकर इसे उपयोगी बनाने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ी गई है।

ग्रन्थ की प्रेस कापी मेरी ज्येष्ठ कन्या शारदा शर्मा, एम. ए., साहित्यरत्न ने बड़ी तत्परता से शुद्ध-सुवाच्य अक्षरों में तैयार की है। अन्य उपस्कर सामग्री के संग्रह और लेखन का कार्य मेरे कनिष्ठ पुत्र दिनेश द्विवेदी, बी. काम., एम. ए., धर्मशास्त्राचार्य ने किया है, तदर्थ दोनों के दीर्घायुष्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मूल श्लोकों का अंग्रेजी अनुवाद पार्जिटर महोदय की पुस्तक से साभार लिया गया है, तथा पूर्वाङ्ग-उत्तराङ्ग आदि

का अंगरेजी अनुवाद लेखक-पत्रकार श्री जगदीश चतुर्वेदी ने किया है तथा इसके संशोधन और परिवर्धन में सवाई मानसिंह द्वितीय के म्यूजियम स्थित पुस्तकालय के सुयोग्य अध्यक्ष, पुरातत्त्वज्ञ, सुहृदवर पं० श्री गोपालनारायण जी बहुरा का योगदान रहा है। अतः इन दोनों के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

ट्रस्ट द्वारा धार्मिक साहित्य के प्रकाशन की योजना के शुभारम्भ में ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य तथा जयपुर के प्रसिद्ध साहित्यानुरागी ठा० श्याम करण जी, भूतपूर्व आर. ए. एस. का सहयोग प्रशंसनीय रहा है। मुद्रण कार्य की व्यवस्था तथा प्रेस सम्बन्धी गतिविधियों के संचालन में जयगढ़ ट्रस्ट की डायरेक्टर व पुरातत्त्वविदुषी डा० चन्द्रमणि सिंह तथा ट्रस्ट के सचिव, आचार्य श्री गोवर्धनलाल जी भट्ट, एम. ए. ने अपेक्षित सहयोग किया है। एतदर्थ इन तीनों के प्रति आभार प्रदर्शित करता हूं।

'पण्डित प्रिन्टर्स' के संचालक श्री ललित मोहन शर्मा, बी० कॉम० ने रुचि के साथ मुद्रण कार्य सम्पन्न किया है—तदर्थ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

अन्त में, मानव सुलभ त्रुटियों के लिए विज्ञजनों से क्षमा चाहते हुए आशा करता हूं कि यदि इसके द्वारा अध्यात्म साधना के मार्ग में रुचि रखने वाले भगवती दुर्गा के भक्तों को थोड़ा भी आत्मसन्तोष मिल सका तो मैं अपना श्रम सार्थक समझूंगा।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्॥

॥ इति शिवम् ॥

प्राच्य-शोध-संस्थान,
सरस्वती पीठ,
ब्रह्मपुरी, जयपुर
दीपोत्सव पर्व,
वि० सं०२०४३, ई० सन् १९८६

—गङ्गाधर द्विवेदी

INTRODUCTION

India, from times immemorial, has been the centre of spiritual practice. For the invocation and development of inherent human spiritual powers, no better way can be imagined. Indian saints and thinkers have preached devotion to God for human welfare and attainment of the fourfold objectives of *Dharma* (religous piety), wealth, satisfaction of desires and ultimate salvation. Deriving their inspiration from these authoritative seers, sanctified through penance, adorers and devotees have practised the worship of the "attributive" and the "non-attributive" (*Saguna* and *Nirgun*) and achieved measures of success, far beyond expectations. The light of that divine knowledge which spread throughout the world is in emanation in an unbroken continuity even today. People steeped in that faith are still deriving their desired benefit according to the measure of their belief and devotion. The concept of a life full of peace and happiness for mankind can never materialise at any place, time or circumstance without taking recourse to spiritual powers. Hence the Upanishadic saying, "Self is never attainable without spiritual power"[1]

As a matter of fact, attainment of the true benefit of manly endeavour is difficult and impossible without attaining power. Therefore the followers of all religious cults have unanimosuly upheld god-worship as the most efficacious means of the highest development of manhood.

In our country, the worship of both *Saguna* and *Nirguna* have fully flourished, and they supplement and complement each other. But in either method of worship, following one's own proneness without regard to one's eligibility, there is more possibility of doing

1. 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः।'

harm to oneself rather than any good. Philosophers and masters have therefore advocated the compulsory need for a guide or a 'guru, in the field of devotion. So much so, that without being initiated or taught by a masterly "guru", all worship would be rendered useless. In the Vedic or the Tantrik system or in the Vedic–cum–Tantrik system, the 'guru' (master) occupies the place of highest honour. The Vedas declare that for the knowledge of divine mysteries, sitting at the feet of a 'guru' is compulsory and the ultimate knowledge is impossible without doing so.[2]

The evolution of Indian knowledge, or rather the revelation of our scriptures has been based on the master-pupil tradition. A verse occuring in the "*Svachchand Tantra*"[3] also supports this view stating that Lord Sadā-shiva himself has adhered to the master-pupil tradition in revealing the Tantras. The *Kalpa-sutra* also mentions it clearly that the ultimate Lord Shiva, on being constantly questioned by his spouse goddess Bhagwatī, expounded the Vedas, the eighteen Purānas and all the systems of philosophy by his words and deeds and revealed the five "Āmnāyas" through his five mouths.[4]

For the worldly man, the method of *Saguna* worship is easier, more convinient and more profitable in that its benefit can be reaped by dint of a small amount of labour. Under this method, the five chief gods named Shiva, Shakti,

2. 'तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्' ॥
3. 'गुरुशिष्यपदे स्थित्वा स्वयमेव सदाशिवः।
प्रश्नोत्तरपरैर्वाक्यैस्तन्त्रं समवतारयत् ॥
4. 'भगवान् परमशिवभट्टारकः श्रुत्याद्यष्टादशविद्याः सर्वाणि दर्शनानि लीलया तत्तदवस्थापन्नः प्रणीय संविन्मय्या भगवत्या भैरव्या स्वात्माभिन्नया पृष्टः पञ्चाम्नायान् प्रणिनायेति।'

Vishnu, Ganesh and the Sun have been prescribed by the Scriputres to be worshipped separately or jointly as a body of the Divine Five (*Panchayatan*) according to one's faith and preference, treating the other gods as subsidiary to the Preferred One. Worship of the five deities is scarce in the present age and mostly one is upheld for devotion. The secret of the success of Idol-worship or the worship of God in person, lies in one's faith and belief. Without such a faith, the desired results will hardly accrue. Goswāmī Tulsīdās too had this in view when he professed the worship of Goddess Bhawānī and God Shankar as embodiments of Faith and Adoration, at the outset of his epic, the Rāmcharitmānas.[5]

The eight-fold Yoga propounded by Maharshi Patanjali for the fulfilment of Yogic performances—by adhering to *Yama, Niyama, Asana, Pranayama, Pratyahara, Dharana, Dhyana* and *Samadhi*—has prescribed one indepedent formula which is equally necessary and important not only for the attainment of Yoga, but also for devotion and worldy accomplishment. This formula lays down that the attainment of Yogic and devotional practices is possible only when they are performed with reverence and faith continuously for a long time without any interruption.[6]

From the above, it can easily be inferred that for achieving the grace and pleasure of one's god of devotion, the desired results cannot be gained unless that worship or sacred rite is performed as per regulations with due restraint and reverence. It is often observed that owing to one's own ignorance, one does not adhere strictly to the prescribed scriptural rules and

---

5. भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तस्थमीश्वरम् ॥

6. स तु दीर्घकालनैरन्तर्यसत्कारासेवितो दृढभूमिः।

consequently deprives oneself of the fruition of desires. This is both unfair and condemnable. It is essential in this context to point out that the mental piety and satisfaction attainable through the practice of *Sagun*-worship, paves the way for the realisation of *Nirguna* Brahman. Therefore our preceptors have propounded its necessity as a preparatory course. The eminent grammarian, Acharya Bhartrihari in his *Vākya Padīya* has thus expressed the purpose of this course[7] : The training imparted to children for learning the three R's, is only a preparation for the development of their taste for knowledge because the realisation of *Shabda Brahman* as the essence of truth is possible by means of the imaginary and the ingenuine. In other words, the non-attributive and the formless Ultimate Brahman is recognised and realised only when the practice of *Saguna*-worship has fully been strengthened. It is thereafter that the real meaning of the absolutist Shrutis like—"The Brahman is one and unique", "Here there is not the least multiplicity", "All this is contained in God", "That thou art" and "I am the Brahman"[8]—is intelligible.

WORSHIP OF SHAKTI

In our country, the goddess Durga occupies the highest honour as the embodiment of the Ultimate Brahman, since ages past. Truly speaking, for the men of this world, there cannot be a better refuge than this merciful Mother-goddess for attaining worldly pleasures, excellence and ultimate salvation. Where else can one find the power of bestowing both happiness and salvation other than this affectionate Mother ?[8]

---

7. एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म । नेह नानास्ति किंचन । ईशावास्यमिदं सर्वम् । तत्त्वमसि । अहं ब्रह्मास्मि ।

8. 'उपायाः शिक्षमाणानां बालानामुपलालनाः । असत्ये वर्त्मनि स्थित्वा ततः सत्यं समीहते ।।

The success and efficacy of the worship of Mahamaya Durga, the mother of universe, and for the resultant fulfilment of desires in many ways, the recital of the seven-hundred versed *Durga-patha* is popular all over India for thousands of years past. In the various provinces, cities and even villages, this Saptashati recital is religously performed for warding off misfortunes and the attainment of cherished desires. This recital is verily known as *Kalpa-vriksha* or a tree under which all wishes are miraculously fulfilled. Devotees steeped in faith attain all that they desire through this recital. There can be no better evidence of its popularity than this. Millions and crores of people still adhere faithfully to this belief even in this materialistic age of science.

During the *navratras*, occuring in the lunar months of *Chaitra* and *Ashvin*, the family chiefs perform this devotional worship either on a small or a large scale. For attaining the grace of the *Bhagwati*, one recites the Saptashati himself on this special occasion or being unable to do so he employs some scholarly brahman for the recital and the same benefit accrues to him. Thus for getting riddance from all miseries and misfortunes, this is an infallible instrument. Worthy of mention here is one more fact that, as compared to other Pauranic hymns, Saptashati has its own independent existence and significance. Although a part of *Markandeya Puran*, it is still regarded eternal like the Vedas and not the product of human effort. Just as Vedic *mantras* are revealed by divine inspiration to *rishis*, in their state of Samadhi, similarly this seven-hundred versed hymn was attained as a revelation by *Maharshi* Vyas and that is why it is known to be authored by him. Many an evidentiary statement is available in authentic books.

The learned author of 'Saptashati Sarvasva',reverend Pandit Sarayu Prasad Dwivedi

has offered a scientific explanation in confirmation of this fact which may be quoted here to quell any further doubts.[10]

It is abundantly proved by the evidence given above that this hymn in seven hundred verses occupied a place of unmatched honour in ancient India. Not only so, the hymn was regarded in such a high esteem that calligraphic copies were painstakingly procured for performing its devotional recital in a regular and universally accepted ritual. But with the advent of printing and change of times, this practice is almost lost. There are no calligraphers now to make out hand-written copies and consequentially printed books have a compelling command for all.

For the last forty years or so, especially in the post-independence period, every sector has been caught in a blind vortex of change. The flux of this wanted or unwanted change in the social outlook for education, religon and culture has, besides other things, dealt such a shocking blow to the fundamentals related to traditional beliefs that their original form started rolling downhill in a gradual deterioration. Being so, the harm rather than the good was the result. It has especially hurt and harmed our religon and culture and our life style, the result whereof is before us all to see. India's new generation is completely shorn of Indian traditions, isolated and ostracised. The deep crisis of faith and conduct looms large over the new generation. Irrespective of what somebody agrees to or denies, the fact stands out that our new generation has but to suffer the consequences of irrational attachment to, and a blind following of, the

---

10. 'अथेदं सप्तशतीस्तोत्रं मार्कण्डेय उवाचेत्यारभ्य सावर्णिर्भविता मनुरित्यन्तं त्रयोदशाध्यायात्मकं मार्कण्डेयपुराणान्तर्गतं सर्वकामदुघं न केनचिन्निर्मितमिति। किंतु वेदवदनाद्येव ।

western culture, and there appears to be no riddance therefrom in the near future.

METHODOLOGY

The Hindi version of this Introduction contains a detailed discussion on the methodology of Durga worship, only a glimpse of which is given here. The *Tantra-shastra* maintains that there is a uniformity in *Brahman* and *Maya*. The term *Maya-Beej* is used to denote *Brahman* in conjunction with His *Maya*. Shankaracharya has eulogised the Goddess of *Maya-beej* as Bhuvaneshwari. From the *Maya-beej* have grown the Energies of Will, Cognition and Activity known respectively as Raudri, Jyeshtha, and Vama. These Energies later came to be named as Mahakali, Mahalakshmi and Mahasaraswati. The *Mantras* related to these Triple Energies are *Navarna* and *Saptashati*. Both the *Navarna* and the *Saptashati* systems of worship are regarded as the main ones, treating the other as subsidiary. When predominance is given to the *Navarna* system, Saptashati is recited as its component. Others who are initiated through the *Saptashati Mala Mantra* follow the method given in the Triple *Rahasyas* and utter the *Navarna Mantra* in the beginning and the end of the Saptashati recitation. Both these methods have been dealt with in the chapter on Keelak.

SAPTASHATI OR SAPTASATI ?

What is the real name of this hymn; Saptasati (seven satis) or Saptashati (seven hundred verses), as both the names are frequently mantioned ? The *Meru-Tantra* prescribes the use of seven hundred *Mantras* for the fulfilment of six primary duties The name Saptashati is therefore apt and proper. But the Saptashati Hymn also narrates the deeds of seven *Satis* and hence the name Sapta-Sati. In Her first *charitra* are Kali, Tara, Chhinnamasta, Sumukhi, Bhuvaneshwari, Bala and Kubja, the

second *charitra* includes Lakshmi, Lalita, Kali, Durga, Gayatri, Arundhati and Saraswati and in the last *charitra* are the names of Brahmi, Maheshwari, Kaumari, Vaishnavi, Varahi, Narsinghi and Indrani Thus there are twenty one *satis* which are collectively reduced to the seven, namely Nanda, Shatakshi, Shakambhari, Bhima, Raktadantika, Durga and Bhramari. The functions of these goddesses have been described in Murti-Rahasya. Thus, there is an independent justification for both these names.

ORDER IN RECITATION

Different orders have been prescribed for its recitation in the various *Tantras*. The Gaur, the Keralite and the Kashmiri traditions account for these differences. One will do well to follow his own tradition. However a brief mention of the order prescribed in some important *Tantras* is made here. The *Marichi Kalpa* lays down that the first to be recited is Ratri-sukta. The *Vedagam* says that Kavach, Keelak, and Argala have to be recited before the Saptashati hymn. The *Chidambar Samhita* maintains that the recitation of Keelak and Kavach should be followed by Saptashati and the three Rahasyas and the *Navarna Mantra* has to be uttered in the beginning and the end.

DAILY RECITATION

As a part of daily worship, the devotee should finish his daily chores, perform his *Sandhyospasana*, sip water from his palm and focussing his mind on Shridevi prepare a nine-bracketed *Yantra* for Durga–worship. After this worship he should recite the Kavach, Argala, Keelak and the Ratrisukta. He should utter the *Navarna Mantra* 108 times before and after the Saptashati recitation. The Devi-Sukta and the Rahasya-trinity should then follow. The Ratri-Sukta and the Devi-Sukta are both Vedic and Tantrik. One should choose from them according to his ability of correct pronunciaction.

WHEN TO RECITE

According to the *Marichi-Kalpa*, the Goddess should first be invoked and recitation should start on the 8th day of the first fortnight of the lunar month and continued till its 14th day, with one more recitation on each successive day. A *havan* of the Saptashati Mantras has to be performed with the Ratri-Sukta and the Devi-Sukta.

SHAPODDHAR (Lifting of the Curse)

The Tantrik method of lifting the curse upon Saptashati recitation is as follows : The thirteenth and the first, the twelfth and the second, eleventh and third, tenth and fourth, ninth and fifth, eighth and sixth—these chapters should be read at one sitting respectively and the seventh chapter has to be recited twice thereafter. Recitation in this order results in the lifting of the curse.

UTKEELAN

The recitation of the second *charitra* and the first and then a reading of the third *charitra* thereafter completes the process of *Utkeelan* (unfixing or unlocking—literally extraction of the nail). The author of '*Saptashati Sarvasva*' prescribes a shorter course for a devotee who cannot afford time for a complete recitation· (See details in Hindi Introduction.)

SPECIAL RULES FOR RECITATION

The *Varahi Tantra* and the '*Chidambar Samhita*' lay down rules for observance during recitation. The devotee should first offer scent, rice, flowers, incense, lamp and *naivedya* (offering) to the goddess and bow before her in the *Yonimudra*. Then he should recite the *Navarna Mantra* and place the book on a wooden stand. While reciting he should not shake his head, sing loudly, mince words in a hurry or mispronounce. He should rather try to avoid these

six lapses. If the text contains less than one thousand verses, one can recite from memory, but he must have a book before him if the number of *shlokas* exceeds a thousand. As the Saptashati contains less than a thousand *shlokas*, it can be recited even without a book.

THE RISHI, CHHAND etc.

Brahma is the *Rishi* for the first *charitra* Gayatri is the *Chhand* (metre), Mahakali the goddess, *Vagbhava* is the *beej* (seed-letter) and fire is the element and it is appropriated for religous purpose. For the second *charitra* the *Rishi* is Vishnu, the *Chhand* is ushnika, the goddess is Mahalakshmi, *Maya* is the *beej* and *Vāyu* is the element. It is invoked for attaining wealth. The *Rishi* for the third *charitra* is Shankar, the *Chhand* is trishtup, Mahasaraswati is the goddess, *Kam* is the *beej* and sun the element. It is invoked for the fulfilment of desires. The directions given in the Rahasyas are to be followed for the attainment of *Dharma*, *Artha* (prosperity) and *Kam* (fulfilement of desires)

DAILY WORSHIP OF THE TRINITY

The directions given in the commentary on the three Rahasyas have been repeated here. They call for a strict adherence.

CHANDIKA : NATURE AND SIGNIFICANCE

The Saptashati recitation begins with a prayer to Chandika. As already explained, Chandika herself has been identified with the ultimate Brahman, as the Brahman's nature is the collective form of Cognition, Will and Activity and Chandika embodies the triple Energies of Mahakali, Mahalakshmi and Mahasaraswati. Overpowering Wrath and awe-inspiring Force characterise Chandika. Etymologically, that is the meaning of Chandika, as in '*Chand Bhanu*', or '*Chand Vat*'. The Sun (*Bhanu*) and the air (*Vat*) are also deemed akin to Brahman owing to their dreaded anger. This is also corroborated in the *Bhuvaneshwari Samhita* and the Vedas.

THE NAVARNA MANTRA ANALYSED

The nine-lettered *Navarna Mantra*[1] as explained in the 'Devyatharvashirsha', is the bestower of happiness and co-existence with the blissfull Brahman, upon the devotees. This *Mantra* is incomprehensible to those uninitiated in the *Mantra Shastra*. It is stated in the *Naishadhiya Charita* by Shri Harsh that following of the indication process is a compulsory must for upholding the dignity of the *Shastra* and maintaining the piety of religon. It is considered as the *Shakti Mantra* par excellence. Chandika is the repository goddess for the *Navarna mantra*. The real meaning of this *Mantra* can only be obtained from the mouth of a masterly guru. This *mantra* has to be recited 108 times in the beginning and the end of the Saptashati along with its six-membered *Shadang—path*. The Energy-trinity has to be meditated upon simultaneously by keeping the mind unsullied and sanctifying the rosary (*Japmala*)in worship, preceded and followed by 108 recitations of the *Navarna mantra*, as recommeded.

SHRI SHILADEVI IDOL

The royal palaces of the old capital of the princely dynasty of Kachhawahas, Amber—now a suburban district of Jaipur—have on their right side a massive and magnificent temple of Shri Shiladevi, wherein an icon of goddess *Mahish-mardini* Durga is the presiding deity in a marble sanctum sanctorum. Sculpted in polished granite, this life-sized eight-armed idol is highly graceful, testifying to the specialised skill of the local talent in sculpture. The idol stands sculpted out of a large slab of granite. Above the head of the goddess, the icons of gods riding on their various live vechicles have been carved on a smaller scale appearing from

---

1. The *Mantra* reads as follows : ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ।

left to right as Ganesh, Brahma, Shiv, Vishnu and Saraswati. Shiladevi's right hands are holding from top to bottom, scimitar, arrow, trident and the fourth one is in a boon-giving gesture. Her left hands hold shield, bow, a severed head and with her third hand she is bestowing protection. The passage of centuries has disfigured these sculptures so much that it is difficult to recognise the various gods and weapons, and that raises doubts. The author has himself closely observed the sacred idol, by special permission, and the above description is based on direct observation. The goddess Bhagwati is mounted on her lion. As the idol's costume reaches upto her feet, the lion is hardly visible.

The face of the icon is a bit leaning towards the left. Many anecdotes are told about how it happened, and they will be dealt with a little later. But the secret appears to be that it is a lenient and bounteous sidelong glance at her devotees. As its history goes, it has not only been an idol full of miracles, but also that since the beginning, it had been a one-man deity.

HISTORY OF THE IDOL

This idol, or the granite-rock out of which it was carved, as per available history, was brought by Maharaja Man Singh, the famous Amber Ruler and army commander of Akbar,the Mugal Emperor, from Yashohar or Jessore, East Bengal, presently Bangladesh. Situated there about twenty miles south of Taki (or Dhaka), it used to be the capital of Raja Pratapaditya. Probably, he was in the Kayastha dynasty. However, not much of history is available about the Yashohar kings. Kayastha descendants of Raja Chandranath Rai had their head-quarters in the nearby aroea around Jessore or Yashohar.

When Maharaja Man Singh started his victorious campaign for bringing Bengal under Mughal dominaton, chiefs of states falling in the way accepted defeat and subjugation. Raja

Pratapaditya and his chief vassal Raja Kedarnath Rai, leaders among rebels, had to surrender on the battle-field. After Pratapaditya, who died shortly later, Kedar become the ruler of Jessore. As already pointed out, no authentic historical account about Pratapaditya is available. 'Matsyadesh ka Itihas' records that Maharaja Man Singh defeated Kedar in 1604 A.D., and occupied the territory of Jessore. Shiladevi, also known as Yashohareshwari, was the household deity of Raja Kedar. He was an ardent devotee of this goddess and with the bestowal of Bhagawati's grace, used to worship her with utmost devotion.

'Matsyadesh ka Itihas', compiled by the late Pandit Madhu Sudan Ojha, a manuscript copy of which is available in the library of Maharja Sawai Man Singh II Museum, Jaipur, is the source material for the following details and anecdotes given here in brief:

1. A battle was fought between Man Singh and Pratapaditya. Pratapaditya was a complete devotee of Shiladevi. When he prayed for victory in the battle,the goddess turned her face. Her posture is frozen in profile ever since.

2. A human sacrifice was daily performed before Shiladevi. But Man Singh stopped offering human sacrifice, and the Devi turned her face. When, in a dream, the king knew about it he started sacrificing a goat before the goddess.

3. The said idol was not brought from Yashohar, the capital of Pratapaditya, but from Raja Kedar's abode. This fact is corroborated by many other sources also.

4. The Devi always kept a blessing hand above Raja Kedar and he was quite certain that no enemy could vanquish him. When Man Singh came to know about this, he performed a ritual and the Devi's grace smiled upon him.

5, The Devi had warned Kedar earlier, that as and when he uttered the word 'go' before

her, she would forsake his place. On a certain day when Kedar was worshipping the goddess meditatively, the Devi appeared before him in a little girl's guise and started playing childish pranks and whining. Thus teased, Kedar asked the girl to go and let him perform the worship. Hearing the word 'go', the Devi left Kedar. Kedar then immersed the 'Shila' in the sea.

The Devi appeared before Raja Man Singh in a dream and ordered him to draw her out of the sea and take her with him. Kedar on his side ordered his minister to make peace with Man Singh and offer him the princess in marriage. This was done and Kedar was given back his throne.

नवमं सिद्धिदा प्रोक्ता नव दुर्गाः प्रकीर्तिताः ।
उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना ॥ ५ ॥

अग्निना दह्यमानस्तु शत्रुमध्ये गतो रणे ।
विषमे दुर्गमे चैव भयार्त्ताः शरणं गताः ॥ ६ ॥

न तेषां जायते किञ्चिदशुभं रणसंकटे ।
नापदं तस्य पश्यन्ति सर्वदुःखक्षयङ्करी ॥ ७ ॥

पांचवी देवी स्वन्दमाता हैं और छठी का नाम कात्यायनी है। सातवीं कालरात्री तथा आठवीं महा-गौरी कहलाती हैं ॥४॥

नवीं दुर्गा सिद्धिदात्री हैं अर्थात् मोक्षदात्री हैं। इस प्रकार इन नव दुर्गाओं का नामकरण वेद के द्वारा किया गया है ॥५॥

यदि कोई प्राणी अग्नि में जल रहा हो अथवा युद्ध में शत्रुओं से घिर गया हो या अन्य किसी भयंकर संकट में फंसा हुआ हो तो वह यदि देवी का स्मरण कर उनकी शरण में जाता है तो संकट एवं भय से मुक्त हो जाता है और उसे विपत्तियों का सामना नहीं करना पड़ता तथा उसके सभी दुखों का नाश हो जाता है ॥६-७॥

The fifth name is *Skandmatā*, sixth is *Kātyāyani*, seventh is *Kālratrī*, and the eighth is *Mahāgaurī*. 4.

The ninth is *Siddhidātrī*. All these names have been given by the great *Brahma* himself. 5.

"Those who are burning in fire, surrounded by enemies in battle or caught in the vortex of misfortunes, when seek refuge in her mercy out of fear, never does any evil befall them in the throes of war. They are never visited by trouble as also by sorrow, misery or fear. 6-7.

यैस्तु भक्त्या स्मृता नूनं तेषामृद्धिः प्रजायते ।
प्रेतसंस्था तु चामुण्डा वाराही महिषासना ॥ ८ ॥

ऐन्द्री गजसमारूढ़ा वैष्णवी गरूडासना ।
माहेश्वरी वृषारूढा कौमारी शिखिवाहना ॥ ९ ॥

ब्राह्मी हंससमारूढा सर्वाभरणभूषिता ।
नानाभरणशोभाढ्या नानारत्नोपशोभिता ॥ १० ॥

दृश्यन्ते रथमारूढा देव्यः क्रोधसमाकुलाः ।
शंख चक्रं गदां शक्तिं हलं च मुसलायुधम् ॥ ११ ॥

हे देवि ! जो लोग आर्तभाव से भक्तिपूर्वक आपका स्मरण करते हैं उनका कल्याण होता है, तथा वे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष सभी प्राप्त कर लेते हैं। भगवती चामुण्डा प्रेत पर तथा वाराही भैंसे पर विराजमान होती हैं ॥८॥

ऐन्द्री का वाहन ऐरावत नामक हाथी है तथा वैष्णवी गरुड़ पर आसीन होती हैं। इसी तरह माहेश्वरी बैल पर सवारी करती है तथा कौमारी का वाहन मयूर है ॥९॥

इसी प्रकार ब्राह्मी सभी प्रकार के अलंकारों से सुशोभित होकर हंस पर विराजमान हैं। तथा अनेक प्रकार के आभूषणों और रत्नों से सुशोभित हैं ॥ १० ॥

इन देवियों का समूह रथ पर आरूढ़ है तथा वे क्रोधित हो रही हैं और शंख, चक्र, गदा तथा शक्ति एवं हल, मुसल आदि आयुधों से संयुक्त हैं ॥११॥

"Those who remember you with devotion, find their lots improved, O Goddess *Chāmundā* riding a corpse, and as *Vārāhī* riding on buffalo. 8.

Aindrī sits on elephant back, and *Vaishnavī*, flies on *Garud's*[2] shoulders, while *Māheshwarī* is ox-rider and *Kaumarī* rides a peacock. 9.

Brāhmī resplendent in her ornaments rides a goose and is gloriously adorned with various ornaments, studded with precious jewels. 10.

All these goddesses appear in their chariots and are ablaze with fury. They have conch, discus, clubs, missiles, ploughs, and stout cudgels in their hands. 11.

खेटकं तोमरं चैव परशुं पाशमेव च ।
कुन्तायुधं त्रिशूलं च शाङ्गायुधमनुत्तमम् ॥ १२ ॥

दैत्यानां देहनाशाय भक्तानामभयाय च ।
धारयन्त्यायुधानीत्थं देवानां च हिताय वै ॥ १३ ॥

महाबले महोत्साहे महाभयविनाशिनि ।
त्राहि मां देवि दुष्प्रेक्ष्ये शत्रूणां भयवर्धिनि ॥ १४ ॥

प्राच्यां रक्षतु मामैन्द्री आग्नेय्यामग्निदेवता ।
दक्षिणे रक्ष वाराहि नैर्ऋत्यां खड्गधारिणी ॥ १५ ॥

इन आयुधों के अतिरिक्त देवियों के हाथों में खेटक, तोमर, फरसा, पाश, कुन्त, त्रिशूल तथा शार्ङ्ग नामक उत्कृष्ट धनुष भी है ॥१२॥

देवियों ने दैत्यों का नाश करके अपने भक्तों को अभय प्रदान करने के लिए ही ये विभिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्र धारण किए हैं ॥१३॥

हे रौद्र स्वरूपवाली महाबलशालिनी भगवती आपका पराक्रम महान् है तथा आप सभी प्रकार के भयों से छुटकारा दिलाने वाली हैं तथा आप शत्रुओं को भयभीत करने वाली हैं, आप मेरी रक्षा करें ॥१४॥

पूर्व दिशा में भगवती ऐन्द्री (इन्द्र की शक्ति) तथा अग्निकोण में अग्निशक्ति मेरी रक्षा करें। दक्षिण दिशा में वाराही शक्ति तथा नैर्ऋत्य कोण में खड्गधारिणी मेरी रक्षा करें ॥१५॥

"The other weapons are *Khetak*[3], *Tomar*[4], *Parashu*[5], (*axe*)[6], *Pāsh*, *Kuntāyudh*[7], *Trishul*[8], and high class bows made of horn. 12.

They weild these weapons to slay the bodies of the demons, thereby giving their devotees absolute intrepidity, and also take their weapons up to defend the interests of gods. 13.

"Salutations to the Strongest, the Most Vigourous and the great Fear-killer. Protect me O Unstarable Goddess, terrorisor of enemies. 14.

Aindrī may defend me in the east, the Goddess of fire in the south-east, *Vārāhī* in the south and *Khadgdhārinī* in the south-west. 15.

प्रतीच्यां वारुणी रक्षेद्वायव्यां मृगवाहिनी ।
रक्षेदुदीच्यां कौमारी ईशान्यां शूलधारिणी ॥ १६ ॥

ऊर्ध्वं ब्रह्माणि मे रक्षेदधस्ताद्वैष्णवी तथा ।
एवं दश दिशो रक्षेच्चामुण्डा शववाहना ॥ १७ ॥

जया मे चाग्रतः स्थातु विजया स्थातु पृष्ठतः ।
अजिता वामपार्श्वे तु दक्षिणे चापराजिता ॥ १८ ॥

शिखामुद्योतिनी रक्षेदुमा मूर्ध्नि व्यवस्थिता ।
मालाधरी ललाटे च भ्रुवौ रक्षेद्यशस्विनी ॥ १९ ॥

पश्चिम दिशा में वारुणी शक्ति (वरुण की शक्ति) तथा वायव्य कोण में मृग-वाहिनी मेरी रक्षा करें। इसी प्रकार उत्तर दिशा में कौमारी शक्ति तथा ईशान कोण में शूलधारिणी मेरी रक्षा करें॥१६॥

ब्रह्माणी ऊपर की ओर मेरी रक्षा करें तथा वैष्णवी देवी नीचे की ओर मेरी रक्षा करें। इसके अतिरिक्त शव पर आरूढ़ रहने वाली भगवती चामुण्डा दशों दिशाओं में मेरी रक्षा करें॥१७॥

भगवती जया अग्र भाग की तथा विजया पृष्ठ-भाग की रक्षा करें। अजिता वाएं भाग की तथा अपराजिता देवी दाएं भाग की रक्षा करें॥१८॥

शिखा की रक्षा उद्योतिनी करें तथा मूर्द्धा (मस्तक) की रक्षा भगवती उमा वहाँ विराजमान होकर भली भाँति करें॥ मालाधरी ललाट की तथा भौंहों की रक्षा भगवती यशस्विनी करें॥१९॥

"*Vārunī* may protect me in the west and *Mrigwāhinī* in the north-west. *Kaumārī*, protect me in the north and *Shūldhārinī* in the northeast. 16.

"*Brahmānī* protect me from above and *Vaishnavī* from below. Thus from all the ten directions, Goddess *Chāmundā* seated on a corpse may take me in her protection. 17.

Jayā may protect me in the front and *Vijayā in* the rear while *Ajitā* protect me in the left and *Aparājitā* in the right side. 18.

Udyotinī, protect the top of my head, and *Umā* may sit on my head for protection. *Mālādhrī* may protect my forehead, and goddess *Yashaswinī* protect my eye-brows. 19.

त्रिनेत्रा च भ्रुवोर्मध्ये यमघण्टा च नासिके ।
शङ्खिनी चक्षुषोर्मध्ये श्रोत्रयोर्द्वारवासिनी ॥ २० ॥

कपोलौ कालिका रक्षेत्कर्णमूले तु शांकरी ।
नासिकायां सुगन्धा च उत्तरोष्ठे च चर्चिका ॥ २१ ॥

अधरे चामृतकला जिह्वायां च सरस्वती ।
दन्तान् रक्षतु कौमारी कण्ठमध्ये च चण्डिका ॥ २२ ॥

घण्टिकां चित्रघण्टा च महामाया च तालुके ।
कामाक्षी चिबुकं रक्षेद्वाचं मे सर्वमंगला ॥ २३ ॥

त्रिनेत्रा भौंहों के मध्य भाग की रक्षा करें और यमघण्टा नासिका के दोनों नथुनों की रक्षा करें। शंखिनी दोनों नेत्रों के मध्य भाग की तथा द्वार-वासिनी कानों की रक्षा करें ॥२०॥

कालिका कपोलों की रक्षा करें तथा शाङ्करी कर्णमूल की रक्षा करें। इसी प्रकार देवी सुगन्धा नासिका की रक्षा करें तथा चर्चिका ऊपर के होठ की रक्षा करें ॥२१॥

निचले होठ की रक्षा अमृतकला करें तथा जिह्वा की रक्षा सरस्वती देवी करें ॥२२॥

दाँतों की रक्षा कौमारी करें तथा कण्ठभाग की रक्षा चित्रघण्टा करें और महामाया तालु की रक्षा करें तथा कामाक्षी ठोढी की एवं भगवती सर्वमंगला मेरी वाणी की रक्षा करें ॥२३॥

"*Trinetrā* protect the point between the brows and *Yamghantā* protect my nostrils. May *Shankhinī* protect the bridge of my nose, and *Dwārvāsinī* protect both my ears. 20.

My cheeks be protected by *Kālikā* and my earlobes by *Shankari*. *Sugandhā* may protect my nose and my upper lip *Charchikā*. 21.

Amritkalā, may protect my lower lip and *Saraswatī* my tongue. 22.

Kaumārī, protect my teeth and *Chandikā* protect my throat. May *Chitraghantā* protect my adam's apple and *Mahāmāyā* my palate while *Kāmākshi** may protect my chin, and my speech be protected by *Sarvmanglā*. 23.

ग्रीवायां भद्रकाली च पृष्ठवंशे धनुर्धरी ।
नीलग्रीवा बहिष्कण्ठे नलिकां नलकूबरी ॥ २४ ॥

खड्गधारिण्युभौ स्कन्धौ बाहू मे वज्रधारिणी ।
हस्तयोर्दण्डिनी रक्षेदम्बिका चाङ्गुलीषु च ॥ २५ ॥

नखाञ्शूलेश्वरी रक्षेत्कक्षौ रक्षेन्नलेश्वरी ।
स्तनौ रक्षेन्महादेवी मनःशोकविनाशिनी ॥ २६ ॥

हृदयं ललिता देवी ह्युदरे शूलधारिणी ।
नाभिं च कामिनी रक्षेद् गुह्यं गुह्येश्वरी तथा ॥ २७ ॥

भगवती भद्रकाली गले की और धनुर्धरी पृष्ठ-भाग की रक्षा करें। नीलग्रीवा कण्ठ के बहिर्भाग की तथा नलकूबरी कण्ठनली की रक्षा करें ॥२४॥

खड्गधारिणी दोनों स्कन्धों की तथा वज्र-धारिणी (इन्द्रशक्ति) बाहू की रक्षा करें। दण्डिनी (दण्ड धारण करने वाली) दोनों हाथों की और अम्बिका अंगुलियों की रक्षा करें ॥२५॥

शूलेश्वरी नखों की तथा अनलेश्वरी कक्षों (दोनों बाहु मूल या कांख) की रक्षा करें। स्तनों की रक्षा महादेवी तथा मन की रक्षा शोकविनाशिनी करें ॥२६॥

ललिता देवी हृदय की, शूलधारिणी उदर की रक्षा करें। कामिनी नाभि प्रदेश की तथा गुह्येश्वरी गुह्य की रक्षा करें ॥२७॥

"My neck be protected by *Bhadrakālī* and *Dhanurdhārī* protect my spinal cord while my outer throat be protected by *Nīlgrivā* and *Nalkūbarī* protect my throatpipe. 24.

Khadginī may protect my shoulders and both my arms, *Vajradhārinī*. My hands be protected by *Dandinī* and fingers by *Ambikā*. 25.

"Goddess *Shūleshwarī* protect my nails and armpits be protected by *Naleshwarī*. Breasts be protected by *Mahadevi** and mind by *Shokvināshinī*. 26.

"Goddess *Lalitā* may protect my heart and stomach, *Shūldhārinī*. *Kāminī* may protect the navel and *Guhyeshwarī* may protect my secret parts. 27.

भूतनाथा च मेढ्रं च गुदं महिषवाहिनी ।
कट्यां भगवती रक्षेज्जानुनी विन्ध्यवासिनी ॥ २८ ॥

जङ्घे महाबला रक्षेज्जानुमध्ये विनायकी ।
गुल्फयोर्नारसिंही च पादपृष्ठे मितौजसी ॥ २९ ॥

पादाङ्गुलीः श्रीधरी च पादाधस्तलवासिनी ।
नखान् द्रंष्टाकराली च केशांश्चैवोर्ध्वकेशिनी ॥ ३० ॥

रोमकूपेषु कौबेरी त्वचं वागीश्वरी तथा ।
रक्तमज्जावसामांसान्यस्थिमेदांसि पार्वती ॥ ३१ ॥

भूतनाथा मेढ्र की एवं महिषवाहिनी गुदा भाग की रक्षा करें। भगवती कमर की रक्षा करें तथा विन्ध्यवासिनी दोनों घुटनों की रक्षा करें ॥२८॥

महाबला दोनों जांघों की, विनायकी जानु (घुटने) के मध्य भाग की रक्षा करें। नारसिंही गुल्फ की तथा मितौजसी पैर के ऊपरी भाग की रक्षा करें ॥ २९ ॥

श्रीधरी पैर की अंगुलियों की, तलवासिनी पैर के अधोभाग (निचले भाग) की रक्षा करें। दंष्ट्राकराली पैर के नाखूनों की तथा ऊर्ध्वकेशी केशों की रक्षा करें ॥३०॥

कौबेरी रोम छिद्रों की तथा वागीश्वरी त्वचा की रक्षा करें। देवी पार्वती रक्त, मज्जा, वसा, मांस, अस्थि और मेद की रक्षा करें ॥३१॥

"*Bhūtnathā* may protect my penis and *Mahishvāhinī* protect my anus.. *Bhagwati**, protect my waist, and *Vindhyavāsinī* my knees. 28.

Mahābalā, protect my thighs and *Vināyakī* protect the middle part of my thighs. Ankles be protected by *Nārsinghī* and the hinder part of my legs by *Mitaujasī* 29.

"Toes may be protected by *Shrīdharī* and the soles of my feet, by *Talvāsinī*. *Danshtrākarālī*, may protect my toenails and my hair may be protected by *Ūrdhvakeshinī*. 30.

"*Kauberī* may protect the pores and *Vāgīshwarī* my skin while *Pārvatī* may protect my blood, marrow, fat, flesh and bones and Excessive Fatness. 31.

अन्त्राणि कालरात्रिश्च पित्तं च मुकुटेश्वरी ।
पद्मावती पद्मकोशे कफे चूडामणिस्तथा ॥ ३२ ॥

ज्वालामुखी नखज्वालामभेद्या सर्वसंधिषु ।
शुक्रं ब्रह्माणि मे रक्षेच्छायां छत्रेश्वरी तथा ॥ ३३ ॥

अहंकारं मनो बुद्धिं रक्ष मे धर्मचारिणि ।
प्राणापानौ तथा व्यानसमानोदानमेव च ॥ ३४ ॥

यशः कीर्तिं च लक्ष्मीं च सदा रक्षतु चक्रिणी ।
गोत्रमिन्द्राणि मे रक्षेत्पशून्मे रक्ष चण्डिके ॥ ३५ ॥

कालरात्रि आंतों की तथा मुकुटेश्वरी पित्त की रक्षा करें। पद्मावती मूलाधार से सहस्रार तक के कमलों की तथा चूडामणि कफ का रक्षण करें ॥३२॥

ज्वालामुखी नखकान्ति की और शस्त्रों से अभेद्य सर्वसन्धियों की रक्षा करें। ब्रह्माणी शुक्र (वीर्य) की तथा छत्रेश्वरी शरीर के प्रतिविम्ब (छाया) की रक्षा करें ॥३३॥

हे धर्मचारिणि ! आप अहंकार, मन, बुद्धि की तथा पंच प्राणों (प्राण, अपान, उदान, व्यान और समान) की रक्षा करें ॥३४॥

देवी चक्रिणी (चक्र धारण करने वाली) यश, कीर्ति और लक्ष्मी (धन सम्पदा) की रक्षा करें। इन्द्राणी गोत्र की तथा चण्डिका चौपायों की रक्षा करें ॥३५॥

"*Kālrātri*, protect my entestines and *Mukuteshwarī* my biles. *Padmāvatī* may protect my *Padmakosh* and *Chudāmani* my phlegm. 32.

"*Jwālāmukhī*, protect the enamel of my nails and the impenetrable *Abhedyā* may protect all the joints of my body. My semen be protected by *Brahmānī* and *Chhatreshwarī* may protect my shadow. 33.

My ego, mind and intellect may be protected by *Dharmachārinī*, and may protect the five winds of my body named *prān*, *apān vyān*, *udān* and *samān*. 34.

"*Chakrinī*, protect my fame, glory, wealth, prestige and knowledge. My clan (gotra) be protected by *Indrānī* and livestock by *Chandikā*. 35.

पुत्रान्रक्षेन्महालक्ष्मीर्भार्यां रक्षतु भैरवी ।
मार्गं क्षेमंकरी रक्षेद्विजया सर्वतः स्थिता ॥ ३६ ॥

रक्षाहीनं तु यत्स्थानं वर्जितं कवचेन तु ।
तत्सर्वं रक्ष मे देवि जयन्ती पापनाशिनी ॥ ३७ ॥

पदमेकं न गच्छेत्तु यदीच्छेच्छुभमात्मनः ।
कवचेनावृतो नित्यं यत्र यत्र हि गच्छति ॥ ३८ ॥

तत्र तत्रार्थलाभश्च विजयः सर्वकामिकः ।
यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम् ॥ ३९ ॥

महालक्ष्मी पुत्रों की तथा भैरवी भार्या (पत्नी) की रक्षा करें। क्षेमंकरी मार्ग की और सर्वत्र व्यापक विजया देवी चारों दिशाओं में मेरी रक्षा करें ॥३६॥

हे देवि ! आप जयन्ती (सर्वोत्कृष्टा) और पाप-नाशिनी हैं। इसलिए जो स्थान कवच के द्वारा रक्षा हीन हैं उन सबकी आप रक्षा करें ॥३७॥

अपना शुभ चाहने वाला मानव, कवच से रहित होकर एक पग (कदम) भी न जाये। क्योंकि वह कवच से युक्त होकर जहां कहीं भी जाता है, वहां उसे अर्थ लाभ, अभिलाषाओं की पूर्ति और सर्वविध कामनाओं में विजय प्राप्त होती है ॥३८-३९॥

Mahālaxmī may protect my sons and *Bhairavī* my wife. My path be protected by *Kshemnkarī* and *Vijayā* may protect me everywhere. 36.

"The places left in this armour, and as such defenceless, may all be protected for me by you, O goddess, who are ever victorious and the destroyer of sins. 37.

"Anyone wishing himself well, should not move a single step, and covering himself with this armour wherever he goes, he will find gains, victory and the fulfilment of all his wishes there. Whatever goals he sets before himself, will difinitely be obtained. 38–39.

परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यते भूतले पुमान् ।
निर्भयो जायते मर्त्यः संग्रामेष्वपराजितः ॥ ४० ॥

त्रैलोक्ये तु भवेत्पूज्यः कवचेनावृतः पुमान् ।
इदं तु देव्याः कवचं देवानामपि दुर्लभम् ॥ ४१ ॥

यः पठेत्प्रयतो नित्यं त्रिसन्ध्यं श्रद्धयान्वितः ।
दैवी कला भवेत्तस्य त्रैलोक्ये चापराजितः ॥ ४२ ॥

जीवेद्वर्षशतं साग्रमपमृत्युविवर्जितः ।
नश्यन्ति व्याधयः सर्वे लूताविस्फोटकादयः ॥ ४३ ॥

वह अष्ट सिद्धि रूप अतुलनीय, परम ऐश्वर्य इसी जन्म में प्राप्त कर लेता है तथा युद्ध क्षेत्र में शत्रु से अजेय बनकर सब प्रकार के भयों से मुक्त हो जाता है ॥४०॥

कवच पाठ करने वाला मानव तीनों लोकों में पूज्य होता है। यह देवी कवच देवताओं को भी दुर्लभ है ॥ ४१ ॥

जो कोई व्यक्ति इस कवच का नित्य. नियमपूर्वक प्रातः मध्याह्न एवं सायं (तीनों संध्याकालों में) श्रद्धापूर्वक पाठ करता है, उसको देवसंपत्ति प्राप्त होती है और तीनों लोकों में उसका ऐश्वर्य अपराजित रहता है ॥ ४२ ॥

कवच से अपनी रक्षा करने वाला अकाल मृत्यु से बचकर मनुष्य की पूर्ण आयु अर्थात् एक सौ बीस वर्षों तक जीवित रहता है। कवच के हृदय में स्मरण करने से स्थावर विष (वृक्ष, लताओं आदि से उत्पन्न विष), त्वचा संबंधी विकार (चर्मरोग) तथा रक्तविकार संबंधी समस्त व्याधियां नष्ट हो जाती हैं। कवच की आवृत्ति करने मात्र से जंगम विष (सर्प दंश

"He will find the unequalled best on the face of the earth in his possession. He becomes fearless and unvanquishable in war. 40.

"Every mortal who covers himself with this armour is worshipped in all the three worlds. This *Devī's Kavach* is inaccessible to gods even. 41.

"Anyone who recites regularly everyday three times with worshipful devotion, is endowed with divine power and is never defeated in all the three worlds. 42.

"He lives an untroubled life of full hundred years and is free from any of the ill-deaths. Leprosy and all eruptible diseases can never

स्थावरं जङ्गमं चापि कृत्रिमं चापि यद्विषम् ।
अभिचाराणि सर्वाणि मन्त्रयन्त्राणि भूतले ॥ ४४ ॥

भूचराः खेचराश्चैव जलजाश्चोपदेशिकाः ।
सहजाः कुलजा माला डाकिनी शाकिनी तथा ॥ ४५ ॥

अन्तरिक्षचरा घोरा डाकिन्यश्च महाबलाः ।
ग्रहभूतपिशाचाश्च यक्षगन्धर्वराक्षसाः ॥ ४६ ॥

ब्रह्मराक्षसवेतालाः कूष्माण्डा भैरवादयः ।
नश्यन्ति दर्शनात्तस्य कवचे हृदि संस्थिते ॥ ४७ ॥

आदि से उत्पन्न विष), कृत्रिम विष (अफीम, तेल आदि के संयोग से उत्पन्न विष) नष्ट हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त सब प्रकार के अभिचार-मारण प्रयोग तथा मंत्र, तंत्र आदि के प्रयोग भी नष्ट हो जाते हैं ॥ ४३-४४ ॥

भूचर (ग्राम देवता) खेचर (आकाशगामी देवगण) जलज (जल में उत्पन्न वरुण गण आदि), क्षुद्र देवताओं के प्रकोप, सहज कुलोत्पन्न सौंदर्य शोभा को नष्ट करने वाले क्षुद्र देवता तथा डाकिनी, शाकिनी आदि, कवचधारी मानव के दर्शन मात्र से ही अदृश्य तथा प्रभावहीन हो जाती हैं ॥ ४५ ॥

अंतरिक्ष में रहने वाले घोर (भयानक स्वरूप वाले) राक्षसों, महाबली डाकिनियों (मंत्रसिद्ध स्त्रियां) ग्रह, भूत, पिशाच, यक्ष तथा गंधर्वों (देव-योनि विशेष) का प्रकोप भी कवच धारण करने से समाप्त हो जाता है ॥ ४६ ॥

ब्रह्मराक्षस, वेताल कूष्माण्डा तथा भैरव (भय देने वाले) ये सभी अनिष्टकारी देव विशेष, कवच स्मरणकर्ता साधक के दर्शन मात्र से ही पलायन कर नष्ट हो जाते हैं ॥ ४७ ॥

befall him and he is free from the ill- effects of all the herbal, chemical, animal and artificial forms of poison. Besides, no ill-effects of all accursed practices that exist on the earth generated by *Mantra* or machine trouble him ever." 43-44.

"No ghosts, vampires and evil-spirits of the earth, sky or water, or spirits easily evoked; evil spirits associated since birth or with family, will smite him with diseases like throat glands. *Dākinī* and *Shākinī* will be power-less before him." 45.

"Flying ghosts of fierce appearance, and very terrible *Dākinīs*; planets, ghosts, and spirits; yakshas, Gandharvas, and the demons can do him no ill." 46.

"The supreme demon, the vampire, the evil spirits and the Bhairawas etc; will be destroyed at his very sight, if he has kept the armour in his heart. 47.

मानोन्नतिर्भवेद्राज्ञस्तेजोवृद्धिकरं परम् ।
यशसा वर्द्धते सोऽपि कीर्तिमण्डितभूतले ॥ ४८ ॥

जपेत्सप्तशतीं चण्डीं कृत्वा तु कवचं पुरा ।
यावद्भूमण्डलं धत्ते सशैलवनकाननम् ॥ ४९ ॥

तावत्तिष्ठति मेदिन्यां संततिः पुत्रपौत्रकी ।
देहान्ते परमं स्थानं यत्सुरैरपि दुर्लभम् ॥ ५० ॥

प्राप्नोति पुरुषो नित्यं महामायाप्रसादतः ॥ ५०½ ॥

॥ इति देव्याः कवचं सम्पूर्णम् ॥

साधक को राज सम्मान प्राप्त होता है तथा उत्कृष्ट तेज की वृद्धि होती है। वह अपनी कीर्ति से विभूषित होकर इस भूमंडल पर असीम यश प्राप्त करता है ॥ ४८ ॥

जो सर्वप्रथम कवच का पाठ करके फिर सप्तशती रूप सात सौ मंत्रों वाली चंडिका की स्तुति का जप करता है, वह महामाया के प्रभाव से (प्रसन्नता से) जब तक पर्वत, वन और कानन से युक्त यह पृथ्वी अस्तित्व में रहती है तब तक उसकी पुत्र पौत्र आदि संततियां अविच्छिन्न रूप से अवस्थित रहती हैं अर्थात् उसका वंश विच्छेद नहीं होता। मृत्यु के बाद वह पुरुष भगवती महामाया के अनुग्रह से देवताओं को भी दुर्लभ मोक्ष रूप स्थान प्राप्त करता है ॥ ४९-५०½ ॥

॥ देवी कवच सम्पूर्ण हुआ ॥

"He will receive honours at the royal court and his *tej* or glory will increase infinitely. He also enhances his reputation and becomes famous on this earth." 48.

"One who completes the armour before chanting the *Chandī Saptashati*, his sons, grandsons and progeny will remain on this earth as long as this planet lasts alongwith its forests and mountains. By the grace of *Mahāmāyā* he will obtain a place after his death which is unattainable to the Gods even and will attain his ultimate stature." 49–50½.

Here ends the *Devīs Kavach*

Notes :

1. Kavach means a protective armour.
2. A mythological bird, a species of large aquila.

3–8. Names of different weapons.

अर्गला स्तुतिः

मार्कण्डेय उवाच

जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी ।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते ॥ १ ॥

मधुकैटभविद्राविविधातृवरदे नमः ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २ ॥

अर्गला स्तोत्र

मार्कण्डेय ऋषि ने कहा— हे भगवति ! आप जयंती (सर्वोत्कृष्टा), मंगला (मोक्षप्रदा), काली (प्रलयकाल में संसार का भक्षण करने वाली), भद्र-काली (मंगल करने वालीतथा सुखदायिनी) कपालिनी (कपाल धारण करने वाली) अर्थात् प्रपंच स्वरूप विश्व कमल को हाथ में धारण करने वाली, दुर्गा (अष्टांग योग उपासना द्वारा प्राप्त होने वाली) क्षमा (भक्तों तथा अन्य सभी के अपराधों को मातृ-रूप में सहन करने वाली अत्यन्त कारुण्यरूपिणी) शिवा (चैतन्यरूपिणी), धात्री (सर्व प्रपंच को धारण करने वाली) स्वाहा (देवपोषिणी) स्वधा (पितृ-पोषिणी) आदि अनेक महागुणों से युक्त हैं। हे अंब ! आपकी परिचर्या का सामर्थ्य मुझ में नहीं है। आपको प्रणाम हो ॥ १ ॥

हे मधु और कैटभ राक्षसों का विनाश करने वाली, ब्रह्मा को वरदान देने वाली, मेरे नमस्कार से प्रसन्न होकर मुझे रूप (आत्म रूप सौंदर्य का ज्ञान), जय (काम, क्रोध, लोभ, मद और मात्सर्य

ARGALĀ[1] HYMNS

Markandeya said

"Om, Reverence to Goddess *Chandikā* variously known as *Jayantī*, *Mangalā*, *Kālī*, *Bhadrakāli*, *Kapālini*, *Durgā*, *Kshamā*, *Shivā*, *Dhātrī*, *Swāha* and *Swadhā* 1.

"The Killer of demons Madhu and Kaitabh and bestower of boons to *Brahmā* himself, I pay reverence to you, grant me fame and destroy my foes. 2.

महिषासुरनिर्नाशविधात्रि वरदे नमः ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ३ ॥

वन्दिताङ्घ्रियुगे देवि देवसौभाग्यदायिनि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ४ ॥

रक्तबीजवधे देवि चण्डमुण्डविनाशिनि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ५ ॥

अचिन्त्यरूपचरिते सर्वशत्रुविनाशिनि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ६ ॥

आदि पर विजय), यश (किसी भी दुर्गुण से पराभव न होना), सर्वत्र दुर्गुणों से शून्य तप, दान सौजन्य आदि प्रशंसा का पात्र बनावें ॥ २ ॥

हे महिषासुर नाशिनि ! आत्मिक कल्याण के विपरीत कार्य करने वाले मेरे शत्रुओं का संहार करो तथा मुझे रूप, जय एवं यश प्रदान करो ॥ ३ ॥

ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र द्वारा वन्दित चरणों वाली एवं देवताओं को शत्रु बाधा से मुक्त राज्य सुख प्रदान करने वाली, हे देवि ! मुझे रूप, जय एवं यश प्रदान करो तथा मेरे शत्रुओं का शमन करो ॥ ४ ॥

हे रक्तबीजवधकारिणि ! चण्ड एवं मुण्ड नामक राक्षसों का संहार करने वाली, मुझे रूप, यश एवं जय प्रदान करते हुए मेरे शत्रुओं का शमन करो ॥ ५ ॥

अचिन्त्य स्वरूप और चरित्र को धारण करने वाली तथा भक्तों के समस्त शत्रुओं का संहार करने वाली हे देवि ! मुझे रूप, जय और यश प्रदान करो तथा मेरे शत्रुओं का शमन करो ॥ ६ ॥

"The destroyer of *Mahishāsur* and the giver of boons to *Brahmā*, grant me beauty, victory and fame and destory my foes. 3.

"The goddess whose feet are worth worshipping by all and who is the giver of all happiness and fortune, grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 4.

"The slayer of demon *Raktabīj* and the destroyer of Chand and Mund, grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 5.

"The goddess whose resplendent form and glory are beyond the reach of thought and imagination and who is the killer of all enemies, grant me beauty, victory, and fame and destroy my foes. 6.

नतेभ्यः सर्वदा भक्त्या चण्डिके प्रणताय मे ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ७ ॥

स्तुवद्भ्यो भक्तिपूर्वं त्वां चण्डिके व्याधिनाशिनि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ८ ॥

चण्डिके सततं ये त्वामर्चयन्तीह भक्तितः ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ९ ॥

देहि सौभाग्यमारोग्यं देहि देवि परं सुखम् ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १० ॥

हे परब्रह्मरूपिणि चण्डिके ! भक्ति से नतमस्तक होकर जो भक्त आपको प्रणाम करते हैं उनको तथा मुझे रूप, जय एवं यश प्रदान करो एवं काम क्रोध आदि शत्रुओं का शमन करो ॥ ७ ॥

हे व्याधिनाशिनि ! भक्तिपूर्वक आपकी स्तुति करने वाले भक्तों को रूप, जय तथा यश दो और उनके शत्रुओं का शमन करो ॥ ८ ॥

चंडिके ! जो निरंतर आपकी अर्चना करते है उन भक्तों को रूप, जय, यश प्रदान कर उनके शत्रुओं का शमन करो ॥ ९ ॥

हे प्रकाशस्वरूपिणि देवि ! छः प्रकार के ऐश्वर्य तथा रूप सौभाग्य, आरोग्य और ब्रह्मानंद का सुख मुझे प्रदान करो तथा रूप, जय और यश प्रदान कर मेरे शत्रुओं का शमन करो ॥ १० ॥

"Those who bow at your feet with devotion, O *Chandikā*, reliever from sins, grant them beauty, victory and fame and destroy their foes. 7.

"Those who devotedly sing your praises, O *Chandikā*, healer of all diseases, grant them beauty, victory and fame and destroy their foes. 8.

"O *Chandikā*, those who constantly worship you with devotion, grant them beauty, victory and fame and destroy their foes. 9.

"Bestow good fortune, good health and perfect happiness upon me and grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 10.

विधेहि द्विषतां नाशं विधेहि बलमुच्चकैः ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ११ ॥

विधेहि देवि कल्याणं विधेहि विपुलां श्रियम् ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १२ ॥

विद्यावन्तं यशस्वन्तं लक्ष्मीवन्तं जनं कुरु ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १३ ॥

प्रचण्डदैत्यदर्पघ्ने चण्डिके प्रणताय मे ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १४ ॥

मुझसे विद्वेष करने वाले शत्रुओं का विनाश करो और मुझे सर्वोत्कृष्ट सामर्थ्य प्रदान कर रूप, यश एवं जय दो तथा काम-क्रोध रूप शत्रुओं का शमन करो ॥ ११ ॥

हे देवि ! कल्याण करो और धन तथा संपत्ति प्रदान कर रूप, जय और यश दो तथा शत्रुओं का शमन करो ॥ १२ ॥

मुझ भक्त को ब्रह्मविद्या, यश और धन से संयुक्त करो तथा रूप यश एवं जय दो तथा काम, क्रोध-रूप शत्रुओं का शमन करो ॥ १३ ॥

भयंकर दैत्यों के प्रबल अहंकार को समाप्त करने वाली हे चण्डिके ! आपके चरणों में मैं प्रणत हूं, मुझे रूप, जय एवं यश प्रदान कर मेरे शत्रुओं का नाश करो ॥ १४ ॥

"Decrease all jealousy (against me) and increase my strength and power. Grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 11.

"Bless me with welfare and grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 12.

"Transform this devotee into a learned scholar and a man of wealth and grant him beauty, victory and fame and destroy his enemies. 13.

"The destroyer of the prides of mighty giants O *Chandikā*, I bow at your feet. Grant me beauty, victory and fame and kill my foes. 14.

चतुर्भुजे चतुर्वक्त्रसंस्तुते परमेश्वरि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १५ ॥

कृष्णेन संस्तुते देवि शश्वद्भक्तया तथाम्बिके ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १६ ॥

हिमाचलसुतानाथपूजिते परमेश्वरि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १७ ॥

सुरासुरशिरोरत्ननिघृष्टचरणेऽम्बिके ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १८ ॥

धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष रूप चार भुजाओं को धारण करने वाली तथा चतुर्मुख ब्रह्मा द्वारा भली-भाँति संस्तुत हे परमेश्वरि ! मुझे रूप, जय तथा यश दो और मेरे शत्रुओं का शमन करो ॥ १५ ॥

अविच्छिन्न भक्ति सहित भगवान कृष्ण द्वारा संस्तुत हे अम्बिके ! मुझे रूप, जय एवं यश प्रदान कर मेरे काम, क्रोधादि शत्रुओं का शमन करो ॥ १६ ॥

भगवान शिव द्वारा पूजित हे परमेश्वरि ! आप मुझे रूप, जय एवं यश प्रदान करें और मेरे शत्रुओं का विनाश करें ॥ १७ ॥

हे जगदम्बिके ! सुर और असुर नतमस्तक होकर अपने मणियुक्त मुकुटों के द्वारा आपके चरणों का बारम्बार स्पर्श करते हैं। आप मुझे रूप, जय एवं यश दो तथा मेरे शत्रुओं का शमन करो ॥ १८ ॥

"Praised by *Brahmā*, O four-handed goddess *Parmeshwarī*, grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 15.

"Vishnu constantly sings your eulogies with devotion, O Goddess *Ambikā*. Grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 16.

"*Parmeshwarī*, you are eulogised by Shiva. Grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 17.

"O *Ambikā*, gods and demons rub their crown jewels at your feet. Grant beauty, victory and fame and destroy foes. 18.

इन्द्राणीपतिसद्भावपूजिते परमेश्वरि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १९ ॥

देवि प्रचण्डदोर्दण्डदैत्यदर्पविनाशिनि ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २० ॥

देवि भक्तजनोद्दामदत्तानन्दोदयेऽम्बिके ।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २१ ॥

पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम् ।
तारिणीं दुर्गसंसारसागरस्य कुलोद्भवाम् ॥ २२ ॥

हे परमेश्वरि ! आराधना द्वारा प्रसन्न होकर इन्द्राणी को इन्द्र का पता बताने वाली आप रूप, जय तथा यश प्रदान करें और काम क्रोध आदि शत्रुओं का नाश करें ॥ १९ ॥

प्रचंड भुजदण्ड धारण करने वाले दैत्यों के गर्व को नष्ट करने वाली हे क्रीड़ाशीले ! मुझे रूप, जय, तथा यश दो और शत्रुओं का विनाश करो ॥ २० ॥

भक्तजनों में उत्कट भक्ति रखने वाले लोगों को मोक्ष प्रदान करने वाली हे देवि ! मुझे आप रूप, जय और यश प्रदान करो तथा काम, क्रोधरूप शत्रुओं का नाश करो ॥ २१ ॥

मन को मोहित करने वाली तथा पूर्ण रूप से मेरा अनुगमन करने वाली और भयंकर संसार सागर से तारने वाली मदालसा और चूड़ालया के सदृश सहधर्मिणी (पत्नी) प्रदान करो तथा रूप, जय और यश देकर काम क्रोधादि शत्रुओं का शमन करो ॥ २२ ॥

"O *Parmeshwarī*, Indra worships you with pious feelings. Grant me beauty, victory and fame and destroy my foes. 19.

"The humbler of the prides of giants having mighty arms, O Goddess, grant me beauty victory and fame and destroy my foes. 20.

"Goddess *Ambikā*, you shower the highest bliss upon your devotees. Grant Me beauty, victory and fame and destroy my foes. 21.

"Grant me a charming wife, who may be fufiller of my heart's desires, and sprung from a respectable family, who might sail me through this uncrossable sea of worldly woes 22.

इदं स्तोत्रं पठित्वा तु महास्तोत्रं पठेन्नरः ।
स तु सप्तशतीसंख्यावरमाप्नोति संपदः ॥ २३ ॥

॥ इति अर्गला स्तुतिः सम्पूर्णा ॥

सप्तशती रूप महास्तोत्र की अंगभूत अर्गला स्तुति का पाठ करके जो सप्तशती का पाठ करता है, वह सात सौ जप संख्या के द्वारा मिलने वाले श्रेष्ठ फल को प्राप्त करता है, साथ ही उसे अन्य सम्पत्तियाँ भी प्राप्त होती हैं ॥ २३ ॥

अर्गला स्तुति सम्पूर्ण हुई ।

टिप्पणी—सिद्धि में प्रतिबन्धक पाप को अर्गला कहते हैं। अतएव इस प्रतिबन्धक पाप को नष्ट करने वाली स्तुति का नाम अर्गला है।

"Any one who after going through these hymns recites the great seven hundred versed *Saptashatī*, is blessed by the boons in the same number and consequently attains wealth and prosperity. 23,

Here end the *Argala* Hymns.

1. *Argala*–literally means a door–bar. The hymns are for extra protection (after the putting on of the divine armour).

Note : '*Argalā*' is the obstruction of sins in the attainment of the ultimate good. The hymns that remove this obstruction are known as the *Argalā* hymns.

देवी कीलकम्

विशुद्धज्ञानदेहाय त्रिवेदीदिव्यचक्षुषे ।
श्रेयः प्राप्तिनिमित्ताय नमः सोमार्द्धधारिणे ॥ १ ॥

सर्वमेतद्विजानीयान्मन्त्राणामभिकीलकम् ।
सोऽपि क्षेममवाप्नोति सततं जाप्यतत्परः ॥ २ ॥

सिध्यन्त्युच्चाटनादीनि वस्तूनि सकलान्यपि ।
एतेन स्तुवतां देवी स्तोत्रमात्रेण सिध्यति ॥ ३ ॥

देवी-कीलक

विशुद्ध ज्ञान रूपी देह को धारण करने वाले, वेद त्रय रूप, दिव्य नेत्र वाले, कल्याण प्राप्ति के कारण, अर्द्ध चन्द्र को मस्तक पर धारण करने वाले भगवान शिव को नमस्कार है ॥ १ ॥

सर्व मन्त्रों की सिद्धियों में प्रतिबन्धक शाप रूप 'कीलक' को नष्ट करने वाले सप्तशती स्तोत्र को अभिकीलक समझकर उपासना करनी चाहिए। वैसे सप्तशती स्तोत्र के बिना भी निष्ठापूर्वक विभिन्न मन्त्रों का निरन्तर जप करने से सभी प्रकार के कल्याणों की प्राप्ति होती है ॥ २ ॥

मन्त्र जप करने वालों को भी उच्चाटन आदि षट्कर्मों की सिद्धि मिलती हैं और अलभ्य वस्तु को भी वे प्राप्त करते हैं। किन्तु मन्त्र जप न करने वाले पुरुषों को केवल सप्तशती के पाठ मात्र से ही सर्व सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं, और सच्चिदानन्द-रूपिणी भगवती चण्डी उन पर प्रसन्न होती हैं ॥ ३ ॥

THE *KEELAK*[1]

Markandeya said :

"Om, Reverence to Shiva, who is pure knowledge incarnate, sporting halfmoon in his headgear,has three *Vedas* as the three divine eyes and who is the medium of attaining ultimate good. 1.

"The knowledge of all this (i. e. the *Sapta-shati*) is certainly attainable in full, which nails the *mantras* by their roots, although one who constantly recites other *mantras* also attains happiness. 2.

"He also (the reciter of other *mantras*) reaps the fruit of *Uchchātan* etc. and he also attains rare wealth and many other things. But those who sing her eulogies only with these seven hundred versed hymns, attain the Devi's grace. 3.

न मन्त्रो नौषधं तत्र न किञ्चिदपि विद्यते ।
विना जाप्येन सिध्येत सर्वमुच्चाटनादिकम् ॥ ४ ॥

समग्राण्यपि सेत्स्यन्ति लोकशङ्कामिमां हरः ।
कृत्वा निमन्त्रयामास सर्वमेवमिदं शुभम् ॥ ५ ॥

स्तोत्रं वै चण्डिकायास्तु तच्च गुह्यं चकार सः ।
समाप्तिर्न च पुण्यस्य तां यथावन्नियन्त्रणाम् ॥ ६ ॥

सप्तशती स्तोत्र का पाठ करने वाले साधक के लिए किसी भी मन्त्र का साधन तथा किसी भी औषधि का उपयोग आवश्यक नहीं होता, अपितु विभिन्न मन्त्रों के जप के बिना भी उच्चाटनादिक आभिचारिक कर्म तथा अन्य सभी अभिलषित सिद्धियाँ इसके पाठ मात्र से ही प्राप्त हो जाती हैं ॥ ४ ॥

They do not require any *mantra* or any medicine at all. Their *Uchchātan* etc. are realised without any course of recitations. 4.

लोक की इस शंका का कि "सप्तशती के पाठ मात्र से सभी मनोभिलषित कार्य सिद्ध हो जाते हैं, तथा अन्य मन्त्रों के जप द्वारा भी ये कार्य सिद्ध किये जा सकते हैं, ऐसी स्थिति में इन दोनों में सर्वोत्कृष्ट साधन कौन सा है ?" भगवान शिव इस लोक शंका के निवारणार्थ समागत लोगों को कहते हैं कि अन्य मन्त्रों की तुलना में यह स्तोत्र ही सर्वोत्कृष्ट एवं शुभ फल देने वाला है ॥ ५ ॥

"The people's doubts *vis-a-vis* other *mantras'* efficacy in bestowing goods were removed by Lord Shiva by explaining to them that this (*Saptashatī*) is the best of all. 5.

इसके अनन्तर 'सप्तशती रूप चण्डिका स्तोत्र, जो रहस्यमय एवं अन्य मन्त्रों की अपेक्षा अधिक उत्कृष्ट है", मार्कण्डेय ऋषि तन्त्रों में बताए गए इस इतिहास को प्रकट कर सप्तशती के माहात्म्य को पुनः

"Here Markandeya further elucidates Shiva's verdict saying that is this why He(Shiva) shrouded these Chandika Hymns in secrecy. The virtue earned by reciting them (as opposed to reciting others)

सोऽपि क्षेममवाप्नोति सर्वमेव न संशयः ।
कृष्णायां वा चतुर्दश्यामष्टम्यां वा समाहितः ॥ ७ ॥

ददाति प्रतिगृह्णाति नान्यथैषा प्रसीदति ।
इत्थंरूपेण कीलेन महादेवेन कीलितम् ॥ ८ ॥

शिष्यों को बताते हुए भगवान शिव के अभिप्राय का स्पष्टीकरण करते हैं—इस महास्तोत्र के पाठ से उत्पन्न फल की समाप्ति कभी नहीं होती जबकि अन्य मन्त्रों द्वारा प्राप्त पुण्य समाप्त हो जाता है। अतएव शिव द्वारा पूर्वोक्त मन्त्र जप की तुलना में सप्तशती का समर्थन किया जाना वास्तविक है, यह तुम लोगों को समझ लेना चाहिए ॥ ६ ॥

अन्य मन्त्रों का जप कर्त्ता भी यदि सप्तशती स्तोत्र का पाठ करता है तो वह भी मनोभिलषित फल प्राप्त करता है। क्योंकि सभी मन्त्रों की सिद्धि में, सिद्धि के प्रतिबन्धक तत्वों को नष्ट करने वाला यह सप्तशती स्तोत्र ही है। नवार्ण मंत्र के जप के साथ इसके पाठ का विधान केवल शीघ्र फल प्राप्ति के लिए किया जाता है ।

मार्कण्डेय ने शिष्यों से कहा कि भगवान शंकर ने इस स्तोत्र को इसलिए कीलित कर दिया जिससे कि अनधिकारी इसके अचिन्त्य फल को समान रूप से प्राप्त न कर सकें। उन्होने इसके निष्कीलन का प्रकार इस प्रकार बताया है–कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी या

lasts for ever and so Shiva's verdict should be understood as it is. 6.

"He also will attain ultimate happiness, there is not the least doubt. Recitation with the *Navārna* Mantra is to expedite the fruition of deeds. A devotee, who worships the Devi on the *Chaturdashi* (fourteenth day) and *Ashtamī* (eighth day) of the first fortnight of the lunar month with full dedication and offers all his possessions to Her and takes them back as her bounty, is freed from all curses. Lord *Mahādev* has restrained *Keel* the disrupter, in this manner so that undesirable persons may not misuse it. 7–8.

यो निष्कीलां विधायैनां नित्यं जपति संस्फुटम् ।
स सिद्धः स गणः सोऽपि गन्धर्वो जायते वने ॥ ९ ॥

न चैवाप्यटतस्तस्य भयं क्वापीह जायते ।
नाल्पमृत्युवशं याति मृतो मोक्षमवाप्नुयात् ॥ १० ॥

अष्टमी तिथि को एकाग्रचित्त होकर उपासक अपना समस्त कर्मोपार्जित धन, सर्वस्व समर्पण की भावना से देवी को अर्पित कर देता है तथा सांसारिक व्यवहार के निर्वाहार्थ उसके प्रसाद के रूप में इस धन को पुनः ग्रहण कर लेता है। इस तरह वह मानसिक संकल्प के द्वारा उस द्रव्य को प्रसाद रूप में लेकर धर्म शास्त्रोक्त विधान के अनुसार व्यय करता हुआ देवी के अधीन हो जाता है। जो इस विधान को अपनाता है भगवती माता उस पर प्रसन्न होती है ॥ ७–८ ॥

पूर्वोक्त विधान के अनुसार जो अपना उपार्जित द्रव्य अर्पित करता है वह कीलन के दोष से मुक्त हो जाता है। वह सिद्ध होकर देवी का अभिन्न अंग बन जाता है, गन्धर्व के रूप में देवतुल्य हो जाता है और सभी प्रकार के सांसारिक संरक्षण में समर्थ हो जाता है ॥ ९ ॥

ऐसा व्यक्ति कहीं भी जाय तो उसे कोई भय नहीं रहता तथा अकाल मृत्यु को भी वह अपने वश में कर लेता है और आयुष्य के पूर्ण भोग के साथ मोक्ष लाभ करता है ॥ १० ॥

"One who frees himself from *Keel* in the proper manner and recites these hymns with clear enunciation becomes a *Siddha*, *gana* and a *gandharva* by its virtue. 9.

"No fear befalls him ever while he is on his journeys through the world. He is never caught by an untimely death and he attains liberation after his death. 10.

ज्ञात्वा प्रारभ्य कुर्वीत ह्यकुर्वाणो विनश्यति ।
ततो ज्ञात्वैव संपन्नमिदं प्रारभ्यते बुधैः ॥ ११ ॥

सौभाग्यादि च यत्किञ्चिद्दृश्यते ललनाजने ।
तत्सर्वं तत्प्रसादेन तेन जाप्यमिदं शुभम् ॥ १२ ॥

शनैस्तु जाप्यमानेऽस्मिन्स्तोत्रे संपत्तिरुच्चकैः ।
भवत्येव समग्रापि ततः प्रारभ्यमेव तत् ॥ १३ ॥

ऐश्वर्यं यत्प्रसादेन सौभाग्यारोग्यसंपदः ।
शत्रुहानिः परो मोक्षः स्तूयते सा न किं जनैः ॥ १४ ॥

॥ इति देव्याः कीलकं सम्पूर्णम् ॥

इस कीलक विधान को जानकर उसके अनुसार पाठ करना चाहिए, ऐसा न करने वाला असफल और नष्ट हो जाता है। अतएव विज्ञ पुरुष कीलक ज्ञान के साथ दान प्रतिग्रह रूप विधान के साथ ही इस सप्तशती स्तोत्र का पाठ आरम्भ करते हैं ॥ ११ ॥

स्त्रियों में जो भी सौभाग्य, सौन्दर्य आदि दृष्टि-गोचर होता है, वह उसी की प्रसन्नता का फल है, इसीलिए इस स्तोत्र का जप शुभदायी होता है ॥ १२ ॥

सप्तशती के अस्फुट अथवा मन्द स्वर में पाठ करने से फल प्राप्ति में न्यूनता होती है, किन्तु उच्च स्वर में पाठ करने से पूर्ण सम्पत्ति का लाभ होता है। अतः इसका सस्वर पाठ ही सर्वोत्तम है ॥१३॥

जिसकी प्रसन्नता से ऐश्वर्य, सौभाग्य तथा आरोग्य और समस्त सम्पत्तियाँ प्राप्त होती हैं साथ ही सर्व शत्रुओं का विनाश होता है एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है, ऐसी स्थिति में उस चिन्तामणि भगवती सर्वकामप्रपूरणी को छोड़कर भाग्यहीन लोग अन्य देवों की उपासना में क्यों लीन होते हैं ? ॥१४॥

देवी कीलक सम्पूर्ण हुआ ।

"After knowing all about the *Keelak*, the recitation of *Saptashatī* Hymns should begin. One not doing so will be destroyed. These Hymns are sanctified by the knowledge of *Keelak* and so the wise begin their *Saptashatī* recitation after knowing the *Keelak*. 11.

Whatever symptoms of good fortune and beauty etc. are to be seen in women are all due to the *Devī's* grace. The recitation is therefore highly profitable. 12.

"These hymns should be recited on a high pitch for reading in a low voice, shall yield low results too. Highpitched recitation alone will yield rich dividends. 13.

"By Her grace one attains excellence, good fortune, prosperity, defeat of enemies and deliverance. So why not people eulogize that Mother goddess ? 14."

Here ends the *Devī's Keelak*.

---

1. *Keelak* literally means a fixative, something which nails down.

ज्ञात्वा प्रारभ्य कुर्वीत ह्यकुर्वाणो विनश्यति ।
ततो ज्ञात्वैव संपन्नमिदं प्रारभ्यते बुधैः ॥ ११ ॥

सौभाग्यादि च यत्किञ्चिद्दृश्यते ललनाजने ।
तत्सर्वं तत्प्रसादेन तेन जाप्यमिदं शुभम् ॥ १२ ॥

शनैस्तु जाप्यमानेऽस्मिन्स्तोत्रे संपत्तिरुच्चकैः ।
भवत्येव समग्रापि ततः प्रारभ्यमेव तत् ॥ १३ ॥

ऐश्वर्यं यत्प्रसादेन सौभाग्यारोग्यसंपदः ।
शत्रुहानिः परो मोक्षः स्तूयते सा न किं जनैः ॥ १४ ॥

॥ इति देव्याः कीलकं सम्पूर्णम् ॥

इस कीलक विधान को जानकर उसके अनुसार पाठ करना चाहिए, ऐसा न करने वाला असफल और नष्ट हो जाता है। अतएव विज्ञ पुरुष कीलक ज्ञान के साथ दान प्रतिग्रह रूप विधान के साथ ही इस सप्तशती स्तोत्र का पाठ आरम्भ करते हैं ॥ ११ ॥

स्त्रियों में जो भी सौभाग्य, सौन्दर्य आदि दृष्टि-गोचर होता है, वह उसी की प्रसन्नता का फल है, इसीलिए इस स्तोत्र का जप शुभदायी होता है ॥ १२ ॥

सप्तशती के अस्फुट अथवा मन्द स्वर में पाठ करने से फल प्राप्ति में न्यूनता होती है, किन्तु उच्च स्वर में पाठ करने से पूर्ण सम्पत्ति का लाभ होता है। अतः इसका सस्वर पाठ ही सर्वोत्तम है ॥१३॥

जिसकी प्रसन्नता से ऐश्वर्य, सौभाग्य तथा आरोग्य और समस्त सम्पत्तियाँ प्राप्त होती हैं साथ ही सर्व शत्रुओं का विनाश होता है एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है, ऐसी स्थिति में उस चिन्तामणि भगवती सर्वकामप्रपूरणी को छोड़कर भाग्यहीन लोग अन्य देवों की उपासना में क्यों लीन होते हैं ? ॥१४॥

देवी कीलक सम्पूर्ण हुआ ।

"After knowing all about the *Keelak*, the recitation of *Saptashatī* Hymns should begin. One not doing so will be destroyed. These Hymns are sanctified by the knowledge of *Keelak* and so the wise begin their *Saptashatī* recitation after knowing the *Keelak*. 11.

Whatever symptoms of good fortune and beauty etc. are to be seen in women are all due to the *Devī's* grace. The recitation is therefore highly profitable. 12.

"These hymns should be recited on a high pitch for reading in a low voice, shall yield low results too. Highpitched recitation alone will yield rich dividends. 13.

"By Her grace one attains excellence, good fortune, prosperity, defeat of enemies and deliverance. So why not people eulogize that Mother goddess ? 14."

Here ends the *Devī's Keelak*.

---

1. *Keelak* literally means a fixative, something which nails down.

रात्री सूक्तम्

ओं रात्री व्यख्यदायती पुरुत्रा देव्यक्षभिः ।
विश्वा अधिश्रियोधित ॥ १ ॥

ओर्वप्रा अमर्त्या निवतो देव्युद्वतः ।
ज्योतिषा बाधते तमः ॥ २ ॥

वेदोक्त रात्रिसूक्त

प्रकाश स्वरूपा देवी अपने रात्रि स्वरूप के द्वारा, जिसे ब्रह्म की माया शक्ति कहते हैं, समस्त विश्व के महदादि तत्वों के प्रतिबिम्ब रूप इन्द्रियों द्वारा संसार के समस्त पदार्थों के स्वनिर्मित संसार चक्र के सत्-असत् कर्मों को सर्वप्रथम देखती हैं, तत्पश्चात् सांसारिक-प्राणियों के कर्मानुसार फल देती हैं। आशय यह है कि चिच्छक्ति स्वरूपा भगवती विश्व सृष्टि का कारण हैं, इसलिए अनन्त जीवों की शुभाशुभ अपरिपक्वता के कारण फल प्रदान का समय न होने से सम्पूर्ण विश्व प्रपंच सूत्र को अपने में विलीन कर लेती हैं और फल प्रदान का समय आ जाने पर रात्रिरूप वही चिच्छक्ति महत् आदि तत्वों द्वारा सृष्टि निर्माण कर समस्त प्राणियों के विभिन्न कर्मों का अवलोकन करती हैं और कर्मानुसार फल देती हैं ॥ १ ॥

यह अमर चिच्छक्ति समस्त ब्रह्माण्ड को अपने मे निहित कर लेती है और अपने तेज प्रकाश के द्वारा अधिष्ठान चैतन्य के रूप में जड़, चेतन, लता,

The Vaidic *RĀTRI-SŪKTA*

The goddess of the dark night who is also the Brahma's power of *Māyā*, is the veritable goddess of light and as such witnesses the good and evil deeds of the world's creatures created by herself and destines the fruit of their deeds accordingly by incarnating herself in various forms. (1)

This Eternal Power is immortal and pervades the entire universe of creepers and trees and also infuses the illumination of consciousness into the inert darkness of matter. (2)

निरुस्वसारमस्कृतोषसं देव्यायती ।
अपेदुहासते तमः ॥ ३ ॥

सा नो अद्य यस्या वयं नितेयामन्न विक्ष्महि ।
वृक्षेन वसतिं वयः ॥ ४ ॥

निग्रामासो अविक्षत निपद्वन्तो निपक्षिणः ।
निश्येनासश्चिदर्थिनः ॥ ५ ॥

वृक्षादि सभी पदार्थों को प्रकाशित करती है तथा वेदमार्गानुयायी प्राणियों की चित्त शुद्धि के अनुसार उनके तमोमूलक अज्ञान को अपने ज्योति-स्वरूप द्वारा नष्ट कर देती है ॥ २ ॥

प्रकाश स्वरूपा यह चिच्छक्ति अपनी बहन उषा को जो अविद्या की आवरण शक्ति है, तिरोहित कर देती है। उषा के बीज दग्ध होने पर अज्ञान रूप अन्धकार नष्ट हो जाता है ॥ ३ ॥

इस समय वह रात्रिस्वरूपिणी चिच्छक्ति हम पर प्रसन्न हो। रात्रि रूप में जिसके आने पर पक्षी अपने घोंसलों में रात्रिवास करते हैं, उसी प्रकार हम भी निद्रा के द्वारा सुखपूर्वक आत्मस्वरूप में स्थित होते हैं ॥ ४ ॥

इस चित्स्वरूपा रात्रि की सत्ता में बाल, वृद्ध, युवा सब लोग तथा ग्रामवासी गाय आदि पशु और पक्षी, सभी प्रकार की यात्रा करने वाले यात्री तक सुख से सोते हैं। तात्पर्य यह कि जो प्राणी भगवती से अपरिचित हैं, वे भी इस करुणामयी की कृपा से निद्रा द्वारा स्वस्थ होते हैं। जैसे—नासमझ बालक माँ की कृपा से सोते हैं ॥ ५ ॥

This Conscious power of light, Ratri Devi ushers in her sister Usha, the goddess of dawn who dispels the darkness of ignorance by her rays of consciousnese. (3)

On her appearance all living beings sleep happily like birds in their nests and She may be pleased to bless me with the sleep of self-bliss. (4)

In her lap, all villagers, other animals walking on their feet, birds and beetles flying on wings and wayfarens happily fall asleep and recoup their energies. (5)

यावया वृक्यं वृकं यवयस्तेनमूर्म्ये ।
अथानः सुतरा भव ॥ ६ ॥

उपमापेपिशत्तमः कृष्णं व्यक्तमस्थित ।
उष ऋणेव यातय ॥ ७ ॥

उप ते गा इवाकरं वृणीष्व दुहितर्दिवः ।
रात्रिस्तोमं न जिग्युषे ॥ ८ ॥

॥ इति रात्रिसूक्तं सम्पूर्णम् ॥

हे रात्रिरूपिणी चिच्छक्ति ! आप दयालु हैं, अतः हम जैसे अज्ञानियों के भले-बुरे कर्मों को अन-देखा करके वासना रूप भेड़िये को और उसके सदृश हिंसक पाप को हमसे दूर करें। इसी प्रकार तस्कर तथा चित्त और मन तथा अर्थ का अपहरण करने वाले कामादिक शत्रुओं को दूर कर मोक्ष दें ॥ ६ ॥

हे रात्रिदेवि ! अज्ञान रूप में सभी वस्तुओं के साथ लगा हुआ यह काला अन्धकार हमें अपनी लपेट में ले चुका है। इसलिए हे उषः ! ऋण मुक्ति की तरह हमें भी इससे मुक्त करो। जिस प्रकार स्तुति करने वालों को धन प्रदान कर उन्हें आप ऋण मुक्त करती हैं, उसी प्रकार ज्ञानरूपी धन प्रदान कर मुझे अज्ञान रूपी ऋण से मुक्ति दिलायें ॥ ७ ॥

हे रात्रि रूपे चिच्छक्ति ! दूध देने वाली गौ के पास जैसे आकृष्ट होकर दूध के लिए जाते हैं उसी प्रकार मैं आपकी स्तुति और जप आदि के द्वारा आपको आकृष्ट करना चाहता हूं। हे परमात्मरूप आकाश की कन्या ! आपके अनुग्रह से कामादि शत्रुओं को जीतने के लिए स्तोत्र की भांति मेरे द्वारा यथा शक्ति दिए हुए हविद्रव्य को अनुग्रह कर स्वीकार करो ॥ ८ ॥ ॥ वेदोक्त रात्रि सूक्त सम्पूर्ण हुआ ॥

O Conscious Power of the night of Souls ! be kind enough to keep the wolves of sins and passions from us. Sex and sensuousness are pirates and smugglers, so kindly keep them away and be approachable to us for granting ultimate release. 6.

O Goddess of night followed by the goddess of dawn, Usha ! The darkness of ignorance all around has come very near me. So kindly dispel it away, as you release your devotees from debts by bestowing wealth upon them. Illumine this darkness by throwing the light of knowledge on it. 7.

O Goddess of light, you are like milch cow. Drawn towards you by the milk's attraction I seek your eye of favour by singing eulogies to you. O daughter of the God of endless heavens, I have conquered the foes of sex and passion. So kindly accept my offering as you have accepted my hymn-singing. 8.

Here ends the Rātri-Sūkta.

अथ सप्तशती प्रारभ्यते

प्रथमोऽध्यायः

॥ ॐ नमश्चण्डिकायै ॥

ॐ मार्कण्डेय उवाच

॥ मन्त्र १ ॥

सावर्णिः सूर्यतनयो यो मनुः कथ्यतेऽष्टमः ।
निशामय तदुत्पत्तिं विस्तराद् गदतो मम ॥

॥ मन्त्र २-श्लोक १ ॥

प्रथम अध्याय

पौराणिक लेख के अनुसार व्यास के शिष्य जैमिनि ने गुरुमुख से धर्म के सम्पूर्ण मर्म को सुन लिया था—फिर भी कुछ जिज्ञासाओं के समाधान हेतु उन्होंने मार्कण्डेय ऋषि से प्रश्न किया था। ऋषि उस समय भगवच्चिन्तन में लीन थे। अतः उन्होंने विन्ध्याचल निवासी चतुःपक्षियों के द्वारा मार्कण्डेय-भागुरि सम्वाद के रूप में आठवें मन्वन्तर की यह कथा कहलवायी है।

मेधा नामक ऋषि द्वारा सुरथ और समाधि को मधु कैटभ वध का प्रसंग बताना—

मार्कण्डेय ने कहा—सूर्य पुत्र सावर्णि जो आठवें

Commencement of the DEVĪ-MĀHĀTMYA

The slaughter of Madhu and Kaitabha in the account of the Sāvarnika Manav-antara.

King Su-ratha being defeated and driven from his kingdom took refuge in ihe forest with a muni—He met a vaiśya who had been driven from his home by his relatives, and both asked the muni about the selfish feelings which still possessd them. He ascribes those feelings to the goddess Mahāmāyā or Great Illusion, and relates how Brahmā lauded the goddess at the end of a former kalpa in order to seek deliverence from the demons Madhu and Kaitabha, and how Vishnu awaking slew the demons.

Om : Reverence to Caṇḍikā.

Mārkandeya said :

Sūrya's son Sāvarni is he who is called the

महामायानुभावेन यथा मन्वन्तराधिपः ।
स बभूव महाभागः सावर्णिस्तनयो रवेः ॥

॥ मन्त्र ३-श्लोक २ ॥

स्वारोचिषेऽन्तरे पूर्वं चैत्रवंशसमुद्भवः ।
सुरथो नाम राजाभूत्समस्ते क्षितिमण्डले ॥

॥ मन्त्र ४-श्लोक ३ ॥

तस्य पालयतः सम्यक् प्रजाः पुत्रानिवौरसान् ।
बभूवुः शत्रवो भूपाः कोलाविध्वंसिनस्तदा ॥

॥ मन्त्र ५-श्लोक ४ ॥

तस्य तैरभवद् युद्धमतिप्रबलदण्डिनः ।
न्यूनैरपि स तैर्युद्धे कोलाविध्वंसिभिर्जितः ॥

॥ मन्त्र ६-श्लोक ५ ॥

मनु कहलाते हैं, उनकी उत्पत्ति की कथा मैं विस्तार-पूर्वक सुनाता हूं ॥ श्लोक १ ॥

भगवती महामाया की कृपा से किस प्रकार सावर्णि मन्वन्तर के अधिपति बने यह प्रसंग मैं बतलाता हूं ॥ श्लोक २ ॥

बहुत समय पूर्व, स्वारोचिष नामक मन्वन्तर में, सुरथ नाम के राजा जो चैत्र वंश में उत्पन्न हुए थे, उनका शासन सम्पूर्ण भूलोक पर था।
॥ श्लोक ३ ॥

सुरथ अपनी प्रजा का पालन अपने पुत्रों के समान ही करते थे तथापि 'कोलाविध्वंसी' नामक कुल के क्षत्रिय वंशी राजा उनके शत्रु बन गए।
॥ श्लोक ४ ॥

राजा सुरथ की दण्ड नीति अत्यन्त कठोर थी। कोला विध्वंसी नामक शत्रुओं से युद्ध हुआ, इस युद्ध में संख्या में कम होते हुए भी कोलाविध्वंसी क्षत्रियों से सुरथ को पराजित होना पड़ा।
॥ श्लोक ५ ॥

eighth Manu. Hear about his birth, as I tell it at full length. 1.

How by reason of the authority of the Great Illusion that illustrious son of the Sun, Sāvarni, became the king of the eighth manv-antra. 2.

In times ago in the Svaroçisha period, a king named Suratha, sprung of the race of Çaitra, reigned over the whole earth. 3.

And while he guarded his subjects duly as if they were his own children, there arose hostile kings, who destroyed Kolā. 4.

He the bearer of a very powerful sceptre had war with them, and was defeated by them, inferior though they were, those destroyers of Kolā. 5.

ततः स्वपुरमायातो निजदेशाधिपोऽभवत् ।
आक्रान्तः स महाभागस्तैस्तदा प्रबलारिभिः ॥

॥ मन्त्र ७-श्लोक ६ ॥

अमात्यैर्बलिभिर्दुष्टैर्दुर्बलस्य दुरात्मभिः ।
कोशो बलं चापहृतं तत्रापि स्वपुरे ततः ॥

॥ मन्त्र ८-श्लोक ७ ॥

ततो मृगयाव्याजेन हृतस्वाम्यः स भूपतिः ।
एकाकी हयमारुह्य जगाम गहनं वनम् ॥

॥ मन्त्र ९-श्लोक ८ ॥

स तत्राश्रममद्राक्षीद् द्विजवर्यस्य मेधसः ।
प्रशान्तश्वापदाकीर्णं मुनिशिष्योपशोभितम् ॥

॥ मन्त्र १०-श्लोक ९ ॥

युद्ध के पश्चात् सुरथ अपने नगर को लौट आए तथा उनका शासन अब अपने ही राज्य तक सीमित हो गया और सम्पूर्ण पृथ्वी का एक छत्र अधिकार समाप्त हो गया। परन्तु राजा के शत्रुओं ने उनके राज्य पर फिर आक्रमण कर दिया।

॥ श्लोक ६ ॥

Then coming to his own city he reigned as king over his own country. That illustrious king was attacked then by those powerful enemies. 6.

युद्ध के कारण राजशक्ति क्षीण हो गई थी, अतः दुष्ट तथा दुरात्मा मंत्री लोग बलशाली हो गए तथा राजकीय सेना एवं खजाने को भी उन्होंने अपने अधिकार में ले लिया ॥ श्लोक ७ ॥

His powerful and corrupt ministers who were evil-disposed to a weak person, thereupon robbed him of treasury and army even there in his own city. 7.

राजा सुरथ अपने राज्य का प्रभुत्व खो चुके थे, अतः दुखी होकर वे शिकार खेलने के बहाने अकेले ही घोड़े पर सवार होकर घने जंगल में चले गए ॥ श्लोक ८ ॥

Hence the king deprived of his sovereignty departed alone on horse-back to a dense forest under the pretence of hunting. 8.

वन में राजा सुरथ ने मेधा ऋषि का आश्रम देखा जहां हिंसक जीव भी अपने आपसी वैर-भाव को त्याग कर शान्ति पूर्ण जीवन जीते थे तथा मुनि के अनेकों शिष्य भी वहाँ शोभा पा रहे थे।

॥ श्लोक ९ ॥

There he saw the hermitage of the noble *dvijā* Medhas, inhabited by wild animals which were peaceful, graced by the muni's disciples;

तस्थौ कञ्चित्स कालं च मुनिना तेन सत्कृतः ।
इतश्चेतश्च विचरंस्तस्मिन्मुनिवराश्रमे ॥

॥ मन्त्र ११–श्लोक १० ॥

सोऽचिन्तयत्तदा तत्र ममत्वाकृष्टचेतनः ।
मत्पूर्वैः पालितं पूर्वं मयाहीनं पुरं हि तत् ॥

॥ मन्त्र १२–श्लोक ११ ॥

मद्भृत्यैस्तैरसद्वृत्तैर्धर्मतः पाल्यते न वा ।
न जाने सप्रधानो मे शूरहस्ती सदामदः ॥

॥ मन्त्र १३–श्लोक १२ ॥

मम वैरिवशं यातः कान्भोगानुपलप्स्यते ।
ये ममानुगता नित्यं प्रसादधनभोजनैः ॥

॥ मन्त्र १४–श्लोक १३ ॥

मेधा ऋषि ने सुरथ का आदर किया। इधर-उधर वन में भ्रमण करते हुए कुछ समय तक सुरथ ने मुनि के आश्रम में निवास किया।

॥ श्लोक १० ॥

and he dwelt there some time, honoured by the muni. And roaming hither and thither in that fine hermitage of the muni. 9–10,

ममता के वशीभूत होकर राजा सुरथ अपने जीवन के पिछले वर्षों को याद करने लगे। मेरे पूर्वजों द्वारा संरक्षित नगर में आज मेरा आधिपत्य नहीं रह गया है। मेरे दुष्ट मन्त्री लोग मेरे उस राज्य की धर्म के अनुसार भली-भाँति रक्षा करते होंगे या नहीं यह भी सन्देहपूर्ण है। मेरा प्रधान हाथी हमेशा ही मद की वर्षा करता रहता था और अत्यन्त शूरवीर था ॥ ॥ श्लोक ११–१२ ॥

He fell into thought there then, his mind being distraught by selfishness, egotistical—"Lost indeed is the city which I guarded formerly. Whether it is guarded righteously or not by those my servants of wicked conduct, I know not. My chief war-elephant, always ardent, has passed into the power of my foes; what pleasures will he obtain ? 11–12.

मेरे शत्रुओं की अधीनता में रहता हुआ वह न जाने किन किन कष्टों को सहन करता होगा। जो मेरे अनुग्रह से भोजन, धन तथा अन्य सभी सुविधायें पाने के कारण मेरा पूर्णतया अनुसरण करते थे, वे

अनुवृत्तिं ध्रुवं तेऽद्य कुर्वन्त्यन्यमहीभृताम् ।
असम्यग्व्ययशीलैस्तैः कुर्वद्भिः सततं व्ययम् ॥

॥ मन्त्र १५—श्लोक १४ ॥

संचितः सोऽतिदुःखेन क्षयं कोषो गमिष्यति ।
एतच्चान्यच्च सततं चिन्तयामास पार्थिवः ॥

॥ मन्त्र १६—श्लोक १५ ॥

तत्र विप्राश्रमाभ्यासे वैश्यमेकं ददर्श सः ।
स पृष्टस्तेन कस्त्वं भो हेतुश्चागमनेऽत्र कः ॥

॥ मन्त्र १७ – श्लोक १६ ॥

सशोक इव कस्मात्त्वं दुर्मना इव लक्ष्यसे ।
इत्याकर्ण्य वचस्तस्य भूपतेः प्रणयोदितम् ॥

॥ मन्त्र १८—श्लोक १७ ॥

अवश्य ही अब दूसरे राजाओं का अनुसरण करते होंगे। इन असंयमी लोगों द्वारा निरन्तर व्यय किए जाने के कारण मेरा अत्यन्त कष्ट से संचित किया गया राजकोष रिक्त हो गया होगा। इस प्रकार राजा सुरथ कई बातों का चिन्तन किया करते थे।
॥ श्लोक १३-१५ ॥

They who were my constant followers now assuredly pay court to other kings with favour, riches and food. The treasure which I amassed with great difficulty will go to waste through those men, addicted to unbecoming expenditure, who are squandering it continually." These and other matters the king thought of continually.
13–15.

राजा सुरथ ने विप्र मेधा के आश्रम में एक वैश्य को देखा। उन्होंने वैश्य से प्रश्न किया कि तुम कौन हो तथा तुम्हारा इस आश्रम में आने का उद्देश्य क्या है ? ॥ श्लोक १६ ॥

Near the brāhman's hermitage there he saw a solitary vaiśya, and asked him, "Ho ! who art thou ? and what is the reason of thy coming here ? 16.

अस्थिर चित्त और शोकयुक्त क्यों दिखलाई दे रहे हो ? राजा सुरथ की इस प्रेमपूर्ण वाणी को

Why appearest thou as if full of sorrow, as if afflicted in mind ?" Hearing this speech

प्रत्युवाच स तं वैश्यः प्रश्रयावनतो नृपम् ॥

॥ मन्त्र १९ ॥

वैश्य उवाच

॥ मन्त्र २० ॥

समाधिर्नाम वैश्योऽहमुत्पन्नो धनिनां कुले ॥

॥ मन्त्र २१–श्लोक १८ ॥

पुत्रदारैर्निरस्तश्च धनलोभादसाधुभिः ।
विहीनश्च धनैर्दारैः पुत्रैरादाय मे धनम् ॥

॥ मन्त्र २२–श्लोक १९ ॥

वनमभ्यागतो दुःखी निरस्तश्चाप्तबन्धुभिः ।
सोऽहं न वेद्मि पुत्राणां कुशलाकुशलात्मिकाम् ॥

॥ मन्त्र २३–श्लोक २० ॥

सुनकर वैश्य ने नम्र भाव से नतमस्तक होकर उत्तर दिया–'मैं धनाढ्य कुल में उत्पन्न समाधि नामक वैश्य हूं ॥ श्लोक १७–१८ ॥

धन-सम्पत्ति के लालच से मेरी स्त्री, पुत्रों तथा विश्वसनीय परिजनों ने मेरा धन लेकर मुझे घर से निकाल दिया है। अतः इन सब से वंचित होकर एक दुखी व्यक्ति के रूप में मैं यहाँ वन में चला आया हूं। यहां रहते हुए मैं स्त्री, पुत्रों तथा बंधु-बांधवों के कुशल क्षेम या उनके दुःखमय जीवन के बारे में कुछ

of the king, which was uttered in friendly mood, the vaiśya, bowing respectfully, replied to the king, "I am a vaiśya, Samādhi by name, born in a family of wealthy folk. 17–18.

I have been cast out by my sons and wife, who are wicked through greed for wealth. And bereft of riches, wife and sons, taking my wealth I have come to the forest, unhappy and cast out by my trusted kinsmen. In this state I know not what is the behaviour of my sons as regards prosperity or adversity, nor of

प्रवृत्तिं स्वजनानां च दाराणां चात्र संस्थितः ।
किं नु तेषां गृहे क्षेममक्षेमं किं नु सांप्रतम् ॥

॥ मन्त्र २४–श्लोक २१ ॥

कथं ते किं नु सद्वृत्ताः दुर्वृत्ताः किं नु मे सुताः ।

॥ मन्त्र २५ ॥

राजोवाच

॥ मन्त्र २६ ॥

यैर्निरस्तो भवाँल्लुब्धैः पुत्रदारादिभिर्धनैः ॥

॥ मन्त्र २७–श्लोक २२ ॥

तेषु किं भवतः स्नेहमनुबन्धाति मानसम् ।

॥ मन्त्र २८ ॥

नहीं जानता कि वे इस समय घर में सकुशल रह रहे हैं अथवा कष्ट से पीड़ित हैं। मेरे पुत्र सदाचरण कर रहे हैं या दुराचारी बन गए हैं।

॥ श्लोक १९–२१ ॥

राजा ने कहा—जिन लोभी पुत्रों और स्त्री तथा बन्धु-बान्धवों ने धन के लोभ में तुमको गृह-विहीन कर दिया है, उनके लिए तुम्हारे मन में इतना स्नेह क्यों उमड़ रहा है?

॥ श्लोक २२ ॥

my family nor of my wife. Here I dwell. Is welfare theirs at home now or ill-luck? How are they? Are my sons living good or evil lives?" 19–21.

The king said :

Why dost thou, Sir, fix thy mental affection on those covetous folk, thy sons, wife and others, who have cast thee out from thy wealth? 22.

वैश्य उवाच

॥ मन्त्र २९ ॥

एवमेतद्यथा प्राह भवानस्मद्गतं वचः ॥

॥ मन्त्र ३०–श्लोक २३ ॥

किं करोमि न बध्नाति मम निष्ठुरतां मनः ।
यैः संत्यज्य पितृस्नेहं धनलुब्धैर्निराकृतः ॥

॥ मन्त्र ३१–श्लोक २४ ॥

पतिस्वजनहार्दं च, हार्दितेष्वेव मे मनः ।
किमेतन्नाभिजानामि जानन्नपि महामते ॥

॥ मन्त्र ३२–श्लोक २५ ॥

वैश्य ने कहा—आपका यह कथन यथार्थ है परन्तु मैं क्या करूं ? उनके प्रति मेरा मन निष्ठुर नहीं बन पाता। जिन लोगों ने धन लोभ के कारण पिता एवं पति के स्नेह तथा सौहार्द्र को एकदम छोड़कर मुझे घर से निकाल दिया है, उनके प्रति भी हे महामते ! मेरे हृदय में इतना मोह है। इस दुर्व्यवहार के कारण उन गुणहीन बन्धु-बान्धवों के प्रति मेरा मन स्नेह से व्याकुल है, यह सब क्या है ? इसे जानता हुआ भी मैं नहीं जान पा

The vaiśya said :

This very thought has occurred to me, just as thou hast uttered it, Sir. What can I do ? My mind does not untertain implacability; and my mind, which bears affection as of a master to his family, is affectionate to those very persons, who have abandoned affection for a father and driven me out in their greed for riches. I do not comprehend, although I know it, O high-minded Sir, how it is that the mind is prone to love even towards worthless kins-

यत्प्रेमप्रवणं चित्तं विगुणेष्वपि बन्धुषु ।
तेषां कृते मे निःस्वासो दौर्मनस्यं च जायते ॥

॥ मन्त्र ३३—श्लोक २६ ॥

करोमि किं यन्न मनस्तेष्वप्रीतिषु निष्ठुरम् ।

॥ मन्त्र ३४ ॥

मार्कण्डेय उवाच

॥ मन्त्र ३५ ॥

ततस्तौ सहितौ विप्र तं मुनिं समुपस्थितौ ॥

॥ मन्त्र ३६—श्लोक २७ ॥

समाधिर्नाम वैश्योऽसौ स च पार्थिवसत्तमः ।
कृत्वा तु तौ यथान्यायं यथार्हं तेन संविदम् ॥

॥ मन्त्र ३७—श्लोक २८ ॥

रहा हूं। उनके लिए मैं दीर्घ निश्वास लेता हूं और मेरा हृदय अत्यन्त खिन्न है। मैं क्या करूं ? उन निष्ठुर लोगों के प्रति मेरा मन कठोर नहीं हो पाता।
॥ श्लोक २३–२६ ॥

men. On their account my sighs flow and distress of mind arises. What can I do since my mind is not relentless to those unloving relatives ? 23–26.

मार्कण्डेय ऋषि ने कहा--हे विप्र ! पहले बताये हुए आपसी वार्तालाप के बाद राजाओं में श्रेष्ठ सुरथ और समाधि नामक वैश्य दोनों ही एक साथ मेधा मुनि के पास गए उनके साथ मर्यादानुसार उचित और विनयपूर्वक सम्पर्क करके बैठ गए। तत्पश्चात् राजा और वैश्य ने मुनि के साथ वार्तालाप आरम्भ किया ॥। २७-२८ ॥

Mārkaṇḍeya said :

Thereupon they both, the vaiśya named Samādhi and the noble king approached the muni, O brāhman, and having both observed the etiquette worthy of him, as was proper, they sat down and held various discourse, the vaiśya and the king. 27–28.

उपविष्टौ कथाः काश्चिच्चक्रतुर्वैश्यपार्थिवौ ॥

॥ मन्त्र ३८ ॥

राजोवाच

॥ मन्त्र ३९ ॥

भगवंस्त्वामहं प्रष्टुमिच्छाम्येकं वदस्व तत् ॥

॥ मन्त्र ४०–श्लोक २९ ॥

दुःखाय यन्मे मनसः स्वचित्तायत्ततां विना ।
ममत्वं गतराज्यस्य राज्याङ्गेष्वखिलेष्वपि ॥

॥ मन्त्र ४१–श्लोक ३० ॥

जानतोऽपि यथाज्ञस्य किमेतन्मुनिसत्तम ।
अयं च निकृतः पुत्रैर्दारैर्भृत्यैस्तथोज्झितः ॥

॥ मन्त्र ४२–श्लोक ३१ ॥

राजा ने कहा—भगवन् ! मैं आपसे एक बात पूछना चाहता हूं, वह मुझे बतलाइए। मेरा मन डांवाडोल होने के कारण यह बात मेरे मन को दुखी बना रही है कि मेरे स्वयं के राज्य के, मेरे अधिकार से निकल जाने पर भी, उसके समस्त अंगों के प्रति मेरा मोह पूर्ववत् बना हुआ है। हे मुनि श्रेष्ठ ! यह जानते हुए भी कि अब राज्य मेरा नहीं रहा फिर भी अज्ञानी की भाँति मुझे उसके लिए सन्ताप क्यों हो रहा है? मेरे साथ आया हुआ यह वैश्य भी स्त्री-पुत्रों द्वारा अपमानित तथा आत्मीयजनों से भी परित्यक्त होकर यहाँ आया है। इतना होने पर भी इसके हृदय में उन लोगों के प्रति स्नेह उमड़ रहा है। इस प्रकार हम दोनों ही अत्यन्त दुखी हैं। जिस विषय

The king said :

Adorable Sir ! I desire to ask thee one thing; tell me that; since it tends to afflict my mind without producing submissiveness of my intellect. I have a selfish feeling for my kingdom, even with regard to all the requisites of regal administration, although I know what it is, yet like one who is ignorant; how is this, O best of munis ? And this man has been set at nought and cast off by his children, wife and servants; and when forsaken by his family he is nevertheless exceedingly full of affection towards them. Thus he and I also are both excessively unhappy; our minds are drawn by selfish

स्वजनेन च संत्यक्तस्तेषु हार्दी तथाप्यति ।
एवमेष तथाहं च द्वावप्यत्यन्तदुःखितौ ॥

॥ मन्त्र ४३-श्लोक ३२ ॥

दृष्टदोषेऽपि विषये ममत्वाकृष्टमानसौ ।
तत्कैनैतन्महाभाग यन्मोहो ज्ञानिनोरपि ॥

॥ मन्त्र ४४-श्लोक ३३ ॥

ममास्य च भवत्येषा विवेकान्धस्य मूढता ॥

॥ मन्त्र ४४ ॥

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र ४६ ॥

ज्ञानमस्ति समस्तस्य जन्तोर्विषयगोचरे ॥

॥ मन्त्र ४७-श्लोक ३४ ॥

में हमने अपनी आंखों से दोष देखे हैं, उसके प्रति भी हमारे मन में मोह के कारण आकर्षण हो रहा है। हे महाभाग ! हम दोनों भली भाँति सब समझते हैं, फिर भी हमारे मन में इस मोह के उत्पन्न होने का क्या कारण है ? विवेकहीन मनुष्य की भाँति हम दोनों में मूढ़ता का यह भान प्रकट हो रहा है।

॥ श्लोक २९-३३ ॥

ऋषि ने कहा—हे बड़भागी ! विषयों से सम्बन्धित ज्ञान सब जीवों को होता है, किन्तु विषय भी सबके लिए अलग-अलग हुआ करते हैं। कुछ

thought to this matter, even though we perceive the faults in it. How happens this then, illustrious Sir, that we are deluded although aware of it, and that this state of delusion besets me and him, who are each blind in respect of discrimination ? 29–33.

The ṛishi said :

Every animal has this knowledge in objects cognizable by the senses and an object of sense reaches it thus in diverse ways illustrious Sir !

विषयश्च महाभाग याति चैवं पृथक् पृथक् ।
दिवान्धाः प्राणिनः केचिद्रात्रावन्धास्तथापरे ॥

॥ मन्त्र ४८-श्लोक ३५ ॥

केचिद्दिवा तथा रात्रौ प्राणिनस्तुल्यदृष्टयः ।
ज्ञानिनो मनुजाः सत्यं किंतु ते नहि केवलम् ॥

॥ मन्त्र ४९-श्लोक ३६ ॥

यतो हि ज्ञानिनः सर्वे पशुपक्षिमृगादयः ।
ज्ञानं च तन्मनुष्याणां यत्तेषां मृगपक्षिणाम् ॥

॥ मन्त्र ५०-श्लोक ३७ ॥

मनुष्याणां च यत्तेषां तुल्यमन्यत्तथोभयोः ।
ज्ञानेऽपि सति पश्यैतान्पतंगाञ्छावचञ्चुषु ॥

॥ मन्त्र ५१-श्लोक ३८ ॥

प्राणियों को दिन में नहीं दिखाई देता तथा कुछ को रात्रि में नहीं दिखाई देता। कुछ प्राणी रात और दिन दोनों में समान रूप से देखते हैं। मानव विवेकशील (ज्ञानी) होता है, यह सत्य है किन्तु केवल वे ही लोग विवेकशील नहीं कहे जा सकते क्योंकि पशु पक्षी तथा मृग आदि समस्त प्राणी ज्ञानवान होते हैं। मनुष्यों का ज्ञान ठीक वैसा ही होता है जैसे उन मृग, पक्षियों आदि का होता है। मनुष्यों और पक्षियों आदि में अन्तश्चेतना की दृष्टि से समानता पाई जाती है, तथा अन्य बातें भी दोनों में समान होती हैं। विवेक होने पर भी इन पक्षियों की ओर दृष्टि डालो तो ये स्वयं भूख से व्याकुल होने पर भी ममतावश अपने बच्चों को चोंच में इतने स्नेह से अन्न के दानों को डालते हैं॥ श्लोक ३४-३८॥

Some living beings are blind by day, and others are blind at night; some living beings can see equally well by day and at night. Mankind know what is true, but not they alone indeed, because cattle, birds, wild animals and other creatures all certainly know it; and men have the same knowledge which those wild animals and birds have, and equally both wild animals and birds have the other knowledge which those men have. Though they have such knowledge, look at these birds, which, though disressed by hunger themselves, are yet because of that same delusion assiduous in dropping grains into the beaks of their young ones. 34–38.

कणमोक्षादृतान्मोहात्पीड्यमानानपि क्षुधा ।
मानुषा मनुजव्याघ्रसाभिलाषाः सुतान्प्रति ॥

॥ मन्त्र ५२—श्लोक ३९ ॥

लोभात्प्रत्युपकाराय नन्वेते किं न पश्यसि ।
तथापि ममतावर्त्ते मोहगर्ते निपातिताः ॥

॥ मन्त्र ५३—श्लोक ४० ॥

महामायाप्रभावेण संसारस्थितिकारिणः ।
तन्नात्र विस्मयः कार्यो योगनिद्रा जगत्पतेः ॥

॥ मन्त्र ५४—श्लोक ४१ ॥

महामाया हरेश्चैतत्तया संमोह्यते जगत् ।
ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा ॥

॥ मन्त्र ५५—श्लोक ४२ ॥

हे पुरुष श्रेष्ठ ! मनुष्य विवेकशील होकर भी स्वयं लोभ के कारण अपने द्वारा किए गए उपकार का प्रतिफल पाने की इच्छा से पुत्रों की अभिलाषा किया करते हैं ॥ श्लोक ३९ ॥

Human beings are full of longings towards their children, O hero; do they not pass from greed for self unto mutual benefaction; dost thou not perceive this ? 39.

क्या तुम नहीं देखते कि उनमें समझ की कोई कमी नहीं होती तथापि वे संसार की यथास्थिति अर्थात् जन्म-मरण के अनादि प्रवाह को यथावत् रखने वाली भगवती महामाया के प्रभाव से ममता से भरे हुए भंवर रूपी मोह के गहरे गड्ढे में पटक दिए गए हैं। अतएव इस विषय में कोई आश्चर्य नहीं करना चाहिए ॥ श्लोक ४० ॥

Nevertheless they are hurled into the whirlpool of selfishness which is the pit of delusion; through the power of the Great Illusion they make wordly existence permanent. Marvel not then at this. This is the contemplation-sleep of the lord of the world, and the Great Illusion that comes from Hari; by it the world is completely deluded. Verily she, the adorable goddess, Great Illusion,

संसार के अधिपति भगवान विष्णु की योग निद्रास्वरूपिणी भगवती जो महामाया कहलाती हैं, उनके द्वारा ही यह सम्पूर्ण विश्व सम्मोहित है। भगवती महामाया अपने बल से ज्ञानियों के मन को भी आकृष्ट कर मोहग्रस्त कर देती हैं, वे ही

कणमोक्षादृतान्मोहात्पीड्यमानानपि क्षुधा ।
मानुषा मनुजव्याघ्रसाभिलाषाः सुतान्प्रति ॥

॥ मन्त्र ५२—श्लोक ३९ ॥

लोभात्प्रत्युपकाराय नन्वेते किं न पश्यसि ।
तथापि ममतावर्त्ते मोहगर्ते निपातिताः ॥

॥ मन्त्र ५३—श्लोक ४० ॥

महामायाप्रभावेण संसारस्थितिकारिणः ।
तन्नात्र विस्मयः कार्यो योगनिद्रा जगत्पतेः ॥

॥ मन्त्र ५४—श्लोक ४१ ॥

महामाया हरेश्चैतत्तया संमोह्यते जगत् ।
ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा ॥

॥ मन्त्र ५५—श्लोक ४२ ॥

हे पुरुष श्रेष्ठ ! मनुष्य विवेकशील होकर भी स्वयं लोभ के कारण अपने द्वारा किए गए उपकार का प्रतिफल पाने की इच्छा से पुत्रों की अभिलाषा किया करते हैं ॥ श्लोक ३९ ॥

Human beings are full of longings towards their children, O hero; do they not pass from greed for self unto mutual benefaction; dost thou not perceive this ? 39.

क्या तुम नहीं देखते कि उनमें समझ की कोई कमी नहीं होती तथापि वे संसार की यथास्थिति अर्थात् जन्म-मरण के अनादि प्रवाह को यथावत् रखने वाली भगवती महामाया के प्रभाव से ममता से भरे हुए भंवर रूपी मोह के गहरे गड्ढे में पटक दिए गए हैं। अतएव इस विषय में कोई आश्चर्य नहीं करना चाहिए ॥ श्लोक ४० ॥

Nevertheless they are hurled into the whirlpool of selfishness which is the pit of delusion; through the power of the Great Illusion they make wordly existence permanent. Marvel not then at this. This is the contemplation-sleep of the lord of the world, and the Great Illusion that comes from Hari; by it the world is completely deluded. Verily she, the adorable goddess, Great Illusion,

संसार के अधिपति भगवान विष्णु की योग निद्रास्वरूपिणी भगवती जो महामाया कहलाती हैं, उनके द्वारा ही यह सम्पूर्ण विश्व सम्मोहित है। भगवती महामाया अपने बल से ज्ञानियों के मन को भी आकृष्ट कर मोहग्रस्त कर देती हैं, वे ही

बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति ।
तया विसृज्यते विश्वं जगदेतच्चराचरम् ॥

॥ मन्त्र ५६—श्लोक ४३ ॥

सैषा प्रसन्ना वरदा नृणां भवति मुक्तये ।
सा विद्या परमा मुक्तेर्हेतुभूता सनातनी ॥

॥ मन्त्र ५७—श्लोक ४४ ॥

संसारबन्धहेतुश्च सैव सर्वेश्वरेश्वरी ।

॥ मन्त्र ५८ ॥

राजोवाच

॥ मन्त्र ५९ ॥

भगवन् का हि सा देवी महामायेति यां भवान् ।

॥ मन्त्र ६०—श्लोक ४५ ॥

इस समस्त चराचर जगत् की रचना करने वाली हैं और प्रसन्न होने पर वे ही मानवों को मुक्ति प्रदान करने वाली हैं। वे ही पराविद्या के रूप में सांसारिक मोह एवं बन्धन की कारण है तथा समस्त ईश्वरों की ईश्वरी (मालकिन) एवं शाश्वत रूपा हैं ॥ श्लोक ४१-४४ ॥

forcibly drawing the minds even of those who know, presents them to delusion. By her is created this whole universal both movable and immovable; she it is who when propitious bestows boons on men with a view to their final emancipation, She is knowledge supreme; she is the eternal cause of final emancipation, and the cause of the bondage of worldly existence; she indeed is the queen over all lords. 40–44.

The king said :

राजा ने कहा—हे भगवन् ! आप जिन्हें महामाया कहते हैं वे देवी कौन हैं ? वे कैसे आविर्भूत हुईं और उनके क्रिया-कलाप किस प्रकार के हैं ?

Adorable Sir ! Who then is that goddess whom thou stylest Mahā-Māyā ? How was she born, and what is her sphere of action, O

ब्रवीति कथमुत्पन्ना सा कर्मास्याश्च किं द्विज ।
यत्स्वभावा च सा देवी यत्स्वरूपा यदुद्भवा ॥

॥ मन्त्र ६१-श्लोक ४६ ॥

तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि त्वत्तो ब्रह्मविदांवर ।

॥ मन्त्र ६२ ॥

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र ६३ ॥

नित्यैव सा जगन्मूर्त्तिस्तया सर्वमिदं ततम् ।

॥ मन्त्र ६४-श्लोक ४७ ॥

तथापि तत्समुत्पत्तिर्बहुधा श्रूयतां मम ।
देवानां कार्यसिद्धयर्थमाविर्भवति सा यदा ॥

॥ मन्त्र ६५-श्लोक ४८ ॥

हे ब्रह्मज्ञानियों में श्रेष्ठ ! उन देवी का आविर्भाव जिस स्वरूप में हुआ एवं उस स्वरूप का जो प्रभाव हो, वह सम्पूर्ण कथा-चरित्र मैं आपसे सुनना चाहता हूं ॥ श्लोक ४५-४६ ॥

brāhman ? And what is her disposition, and what is her nature, and whence did she originate, the goddess—all that I wish to hear from thee, O thou most learned in sacred knowledge ! 45-46.

The ṛishi said

ऋषि बोले—हे राजन् ! वह जगन्मूर्ति शाश्वत तथा नित्य हैं। यह समस्त संसार उन्हीं भगवती का व्यापक स्वरूप है ॥ श्लोक ४७ ॥

She exists eternally, embodied as the world. By her this universe was stretched forth. 47.

तथापि उनकी उत्पत्ति की कथा के अनेक रूप हैं, उन्हें मुझसे सुनो, यद्यपि वे नित्य एवं उत्पत्ति रहित हैं तथापि देवों की कार्य-सिद्धि हेतु जब वे प्रकट होती हैं तब उन्हें संसार में उत्पन्न कहा जाता है। प्रलय के समय जब समस्त चराचर जगत् एक समुद्र के रूप में निमग्न था और भगवान विष्णु शेष नाग की शय्या पर योगनिद्रा के सहारे सो रहे

Nevertheless her origin is in many ways; hear it from me. When she reveals herself in order to accomplish the purposes of the gods, it is then said in the world that she is born; she is also named the Eternal One. While the adorable lord Viśhṇu, stretching Śesha out,

उत्पन्नेति तदा लोके सा नित्याप्यभिधीयते ।
योगनिद्रां यदा विष्णुर्जगत्येकार्णवीकृते ॥

॥ मन्त्र ६६-श्लोक ४९ ॥

आस्तीर्य शेषमभजत्कल्पान्ते भगवान्प्रभुः ।
तदा द्वावसुरौ घोरौ विख्यातौ मधुकैटभौ ॥

॥ मन्त्र ६७-श्लोक ५० ॥

विष्णुकर्णमलोद्भूतौ हन्तुं ब्रह्माणमुद्यतौ ।
स नाभिकमले विष्णोः स्थितो ब्रह्मा प्रजापतिः ॥

॥ मन्त्र ६८-श्लोक ५१ ॥

दृष्ट्वा तावसुरौ चोग्रौ प्रसुप्तं च जनार्दनम् ।
तुष्टाव योगनिद्रां तामेकाग्रहृदयस्थितः ॥

॥ मन्त्र ६९-श्लोक ५२ ॥

थे उस समय उनके कानों के मल से मधु और कैटभ नाम से विख्यात दो महाभयंकर राक्षस पैदा हुए और वे दोनों सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मा को मार डालने के लिए उद्यत हो गए। विष्णु के नाभिकमल में अवस्थित प्रजापति ब्रह्मा ने जब उन भयंकर असुरों को देखा तब उन्होंने भगवान विष्णु को जगाने के लिए उनके नेत्रों में निवास करने वाली भगवती योगनिद्रा की एकाग्रचित्त से स्तुति की ॥ श्लोक ४८-५२ ॥

wooed the sleep of contemplation at the end of the kalpa, when the universe was converted into absolute ocean, then two terrible Asuras named Madhu and Kaiṭabha, springing from the root of Viṣṇu's ear, sought to slay Brahmā. Brahmā the Prajā-pati stood on the lotus that grew from Viṣṇu's navel; and seeing those two fierce Asuras and sleeping Janārdana, and standing with heart solely thereon intent, in order to awaken Hari, extolled that Sleep of contemplation which had made its dwelling in Hari's eyes. 48-52.

विबोधनार्थाय हरेर्हरिनेत्रकृतालयाम् ।
विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं स्थितिसंहारकारिणीम् ॥

॥ मन्त्र ७०–श्लोक ५३ ॥

निद्रां भगवतीं विष्णोरतुलां तेजसः प्रभुः ।

॥ मन्त्र ७१ ॥

ब्रह्मोवाच

॥ मन्त्र ७२ ॥

त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वं हि वषट्कारः स्वरात्मिका ।

॥ मन्त्र ७३–श्लोक ५४ ॥

सुधा त्वमक्षरे नित्ये त्रिधा मात्रात्मिका स्थिता ।
अर्धमात्रास्थिता नित्या यानुच्चार्या विशेषतः ॥

॥ मन्त्र ७४–श्लोक ५५ ॥

जो समस्त चर-अचर विश्व की नियामिका शक्ति हैं, पालक एवं संहारकर्त्री हैं एवं तेजोमय भगवान विष्णु की अनुपम निद्रा शक्ति हैं उनकी स्तुति ब्रह्मा जी करने लगे ॥ श्लोक ५३ ॥

ब्रह्मा ने कहा—हे देवि ! आप स्वाहा, स्वधा तथा वषट्कार हैं। आप ही स्वरस्वरूपा हैं।

॥ श्लोक ५४ ॥

आप प्राणदायिनी सुधा हैं तथा ओंकार अथवा प्रणवरूप 'नित्य अक्षर' में क्रमशः अकार, उकार तथा मकार (त्रिधा मात्रा) इन तीनों रूपों में अवस्थित हो तथा ओंकार में नित्य बिन्दु रूप हो जिसका उच्चारण विशेष रूप से सम्भव नहीं होता अर्थात् आप ही ज्ञानगम्य रूपवाली हैं।

॥ श्लोक ५५ ॥

The lord of splendour extolled Viṣṇu's Sleep, which is Queen of the universe, the supporter of the world, the cause of permanence and dissolution, full of reverence, incomparable. 53.

Brahmā said :

Thou art Svāhā, thou art Svadhā; thou indeed art Vashaṭkāra, thou hast sound for thy soul. 54.

Thou art the nectar of the gods, the two eternal letters, thou existest having the threefold mātrās for thy soul; thou existest half a mātrā in duration yet eternal. 55.

त्वमेव सा त्वं सावित्री त्वं देवि जननी परा ।
त्वयैतद्धार्यते विश्वं त्वयैतत्सृज्यते जगत् ॥

॥ मन्त्र ७५-श्लोक ५६ ॥

त्वयैतत्पाल्यते देवि त्वमत्स्यन्ते च सर्वदा ।
विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा च पालने ॥

॥ मन्त्र ७६-श्लोक ५७ ॥

तथा संहृतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये ।
महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः ॥

॥ मन्त्र ७७-श्लोक ५८ ॥

महामोहा च भवती महादेवी महासुरी ।
प्रकृतिस्त्वं च सर्वस्य गुणत्रयविभाविनी ॥

॥ मन्त्र ७८-श्लोक ५९ ॥

हे देवि ! संध्या, सावित्री तथा पराम्बा भी आप ही हैं। इस अखिल विश्व को धारण करने वाली तथा इसकी रचयिता भी आप ही हैं। अखिल चराचर का पालन तथा कल्पान्त में इसे आत्मसात् करने वाली आप ही हैं। हे जगत्स्वरूपिणि ! इस विश्व की उत्पत्ति में आप सृष्टिरूपिणी, पालन में स्थिति रूपिणी और प्रलय काल में संहाररूपिणी हैं। महाविद्या, महामाया, महामेघा, महास्मृति, महामोहा, महादेवी तथा महासुरी भी आप हैं। सत्त्व, रज और तम तीनों गुणों की उत्पादिका तथा समस्त चराचर जगत् की आप प्रकृति हैं।

॥ श्लोक ५६-५९ ॥

Thou indeed canst not be uttered specifically; thou art the Savitri, thou art the divine mother sublime. By thee indeed everything is maintained, by thee this world is created, by thee it is protected, O goddess ! and thou dost always consume it at the end. At its emanation thou didst take the form of creation, and in protecting it thou hast the form of permanence, and at the end of this world thou wilt have the form of contraction, O thou who containest the world ! Thou art the Great Knowledge, the Great Illusion, the Great Vigour, the Great Memory, and the Great Delusion, the Lady, the Great Goddess, the Great Demon. And thou art the original source of the universe, the exciting cause of the three qualities; thou art the Night of

कालरात्रिर्महारात्रिर्मोहरात्रिश्च दारुणा ।
त्वं श्रीस्त्वमीश्वरी त्वं ह्रीस्त्वं बुद्धिर्बोधलक्षणा ॥

॥ मन्त्र ७९-श्लोक ६० ॥

लज्जा पुष्टिस्तथा तुष्टिस्त्वं शान्तिः क्षान्तिरेव च ।
खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा ॥

॥ मन्त्र ८०-श्लोक ६१ ॥

शङ्खिनी चापिनी वाणभुशुण्डीपरिघायुधा ।
सौम्यासौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी ॥

॥ मन्त्र ८१-श्लोक ६२ ॥

परापराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी ।
यच्च किंचित् क्वचिद्वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके ॥

॥ मन्त्र ८२-श्लोक ६३ ॥

आप भयदायिका कालरात्रि, महारात्रि तथा मोहरात्रि हैं। आप लज्जा, पुष्टि, तुष्टि शांति और क्षमा हैं तथा आप ही खड्गधारिणी, शूलधारिणी, घोर स्वरूपा हैं एवं गदा, चक्रधारण करती हैं।
॥ श्लोक ६०–६१ ॥

the world's destruction, the Great Night, and the Night of delusion, terrible ! Thou art Good Fortune, thou art Queen, thou art Modesty; thou art Intelligence, characterized by perception; thou art Shame, Nourishment and Contentment, Tranquillity and Patience also. Thou art terrible, armed with sword, with spear, with club, and with discus. 56–61.

शंख, चाप (धनुष) बाण, भुशुण्डी तथा परिघ आपके अस्त्र हैं। आप सौम्य तथा सौम्यतर–समस्त सौम्य वस्तुओं की तुलना में अति सौम्य हैं, अति सुन्दरी हैं ॥ श्लोक ६२ ॥

Armed with conch, with bow, and having as weapons arrows, slings and an iron mace. Thou art gentle, yea more than gentle, exceedingly beautiful to those who are wholly gentle. 62.

आप पर एवं अपर से भी उत्कृष्टरूपिणी परमेश्वरी हैं, सत् एवं असत् के रूप में समस्त दृश्य जगत् की शक्ति आप ही हैं ॥ श्लोक ६३ ॥

Thou art indeed beyond the highest and the lowest, Queen supreme ! And whatever or wherever a thing is, whether good or bad, thou art the energy which all that possesses. 63.

तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदा ।
यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पातात्ति यो जगत् ॥

॥ मन्त्र ८३-श्लोक ६४ ॥

सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः ।
विष्णुः शरीरग्रहणमहमीशान एव च ॥

॥ मन्त्र ८४-श्लोक ६५ ॥

कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुं शक्तिमान्भवेत् ।
सा त्वमित्थं प्रभावैः स्वैरुदारैर्देवि संस्तुता ॥

॥ मन्त्र ८५-श्लोक ६६ ॥

मोहयैतौ दुराधर्षावसुरौ मधुकैटभौ ।
प्रबोधं च जगत्स्वामी नीयतामच्युतो लघु ॥

॥ मन्त्र ८६-श्लोक ६७ ॥

सर्वशक्तिस्वरूपिणि ! हे देवि ! आपकी स्तुति असम्भव है। जगत् की उत्पत्ति, पालन और संहार करने वाले ईश्वर को भी आपने जब निद्रा के वशीभूत कर दिया तब आपकी स्तुति कर सकना असम्भव है। विष्णु, शिव, तथा स्वयं मुझे भी आपने ही शरीर प्रदान किया है, इस कारण आपकी स्तुति करने की सामर्थ्य किसमें हो सकती है ! इस प्रकार आप अपनी उदार प्रभाव शक्ति से प्रशंसिता हो ॥ श्लोक ६४-६६ ॥

आप इन दुर्दमनीय मधु और कैटभ नाम के राक्षसों को मोहित कर संसार के स्वामी भगवान् विष्णु को तत्क्षण जगा दो तथा इन महाअसुरों को मार डालने के लिए प्रेरणा देकर उनको उद्‌बुद्ध कर दो ॥ श्लोक ६७ ॥

O thou who art the soul of everything. Can I extol thee more than this ? By thee, who art such, he indeed, who created the world, who protects the world, who consumes the world, is brought under the dominion of sleep, Who is able here to extol thee ? Since Viṡṇu, I and Śiva have been made by thee to assume bodies, who then may be powerful enough to extol thee ? 64-66.

Being such, do thou O goddess, lauded thus, bewitch these two unassailable Asuras, Madhu and Kaiṭabha, with thy exalted powers, and let the imperishable master of the world be lightly brought back to consciousness, and let him rouse up his intelligence to slay these two great Asuras ! 67.

बोधश्च क्रियतामस्य हन्तुमेतौ महासुरौ ।

॥ मन्त्र ८७ ॥

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र ८८ ॥

एवं स्तुता तदा देवी तामसी तत्र वेधसा ।

॥ मन्त्र ८९–श्लोक ६८ ॥

विष्णोः प्रबोधनार्थाय निहन्तुं मधुकैटभौ ।
नेत्रास्यनासिकाबाहुहृदयेभ्यस्तथोरसः ॥

॥ मन्त्र ९०–श्लोक ६९ ॥

निर्गम्य दर्शने तस्थौ ब्रह्मणोऽव्यक्तजन्मनः ।
उत्तस्थौ च जगन्नाथस्तया मुक्तो जनार्दनः ॥

॥ मन्त्र ९१–श्लोक ७० ॥

ऋषि ने कहा—इस प्रकार प्रजापति ब्रह्मा ने जब मधु एवं कैटभ को मारने तथा विष्णु को जगाने के लिए तमस्वरूपिणीभगवती योगनिद्रा की स्तुति की, तब विष्णु भगवान के नेत्र, मुख, नासिका, बाहु, हृदय एवं वक्षस्थल से प्रकट होकर देवी अव्यक्त जन्मा ब्रह्मा के सामने प्रकट हुईं। अनन्तर, जगत् के स्वामी जनार्दन विष्णु प्रलयरूपी समुद्र के जल में शेषनाग की शय्या से जाग गए।

॥ श्लोक ६८–७० ॥

The ṛishi said :

Then the goddess of darkness, extolled thus by the Creator there in order to awaken Viṣṇu to slay Madhu and Kaiṭabha, issued forth from his eyes, mouth, nose, arms and heart and breast, and stood in the sight of Brahmā whose birth is inscrutable; and Janārdana, master of the world, being quitted by her, rose up from his couch in the universal ocean; 68–70.

एकार्णवे हि शयनात्ततः स ददृशे च तौ ।
मधुकैटभौ दुरात्मानावतिवीर्यपराक्रमौ ।

॥ मन्त्र ९२–श्लोक ७१ ॥

क्रोधरक्तेक्षणावत्तुं ब्रह्माणं जनितोद्यमौ ।
समुत्थाय ततस्ताभ्यां युयुधे भगवान् हरिः ॥

॥ मन्त्र ९३–श्लोक ७२ ॥

पञ्चवर्षसहस्राणि बाहुप्रहरणो विभुः ।
तावप्यतिबलोन्मत्तौ महामायाविमोहितौ ॥

॥ मन्त्र ९४–श्लोक ७३ ॥

उक्तवन्तौ वरोऽस्मत्तो ब्रियतामिति केशवम् ।

॥ मन्त्र ९५ ॥

उन्होंने उन दोनों राक्षसों को देखा। दुष्टात्मा मधु और कैटभ अत्यन्त वीर्यशाली और पराक्रमी थे एवं क्रोध से रक्तनेत्र होकर ब्रह्मा को उदरस्थ करने के लिए प्रयत्नशील थे। अनन्तर भगवान विष्णु ने निद्रा से जागकर खड़े होकर उन दोनों राक्षसों के साथ पांच हजार वर्षों की अवधि तक बाहु-युद्ध किया। महामाया द्वारा मोहित होने के कारण उन दोनों ही राक्षसों ने अत्यन्त बलोन्माद के साथ विष्णु से कहा कि हम तुम्हारे पराक्रम से प्रसन्न हैं, तुम हम से वर मांगो ॥ श्लोक ७१-७३ ॥

भगवान ने कहा—आप दोनों राक्षस यदि मुझसे सन्तुष्ट हों तो मेरे द्वारा आप दोनों मारे जायें, यही वर मैं माँगता हूं। इसके अतिरिक्त अन्य किसी वर से मेरा कोई प्रयोजन नहीं है।

॥ श्लोक ७४ ॥

And he saw those two then, Madhu and Kaiṭabha, evil of soul, excelling in heroism and prowess, red-eyed through anger, fully prepared to devour Brahmā. Thereupon the adorable lord Hari rose up and fought with those two, striking them with his arms, for five thousands of years. And they, exceedingly frenzied with their power, deluded by the Great Illusion, exclaimed to Keśava, "Choose a boon from us !" 71–73.

The god said :

Be ye both now content with me; ye must both be slain by me ! What need is there of any other boon here ? Thus much indeed is my choice. 74.

भगवानुवाच

॥ मन्त्र ९६ ॥

भवेतामद्य मे तुष्टौ मम वध्यावुभावपि ॥

॥ मन्त्र ९७–श्लोक ७४ ॥

किमन्येन वरेणात्र एतावद्धि वृतं मम ॥

॥ मन्त्र ९८ ॥

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र ९९ ॥

वञ्चिताभ्यामिति तदा सर्वमापोमयं जगत् ॥

॥ मन्त्र १००–श्लोक ७५ ॥

विलोक्य ताभ्यां गदितो भगवान्कमलेक्षणः ।
ग्रावां जहि न यत्रोर्वी सलिलेन परिप्लुता ॥

॥ मन्त्र १०१–श्लोक ७६ ॥

ऋषि ने कहा—इस प्रकार धोखा खाकर जब उन दोनों ने सारे संसार को जलमय देखा तो कमल-नयन भगवान् विष्णु से कहा—'जहाँ पृथ्वी जल-मग्न न हो वहाँ अर्थात् शुष्क स्थान में हम दोनों को मारो ॥ श्लोक ७५ ॥

ऋषि ने कहा—शंख, चक्र, गदाधारी विष्णु भगवान् ने 'तथास्तु' कहकर उन दोनों के मस्तक अपनी जंघा पर रख कर सुदर्शन चक्र से काट दिए ॥ श्लोक ७६-७७ ॥

The ṛishi said :

Gazing then at the entire world which was nothing but water, those two, who had been thus tricked, spoke to the adorable lotus-eyed god,—"Slay us where the earth is not overwhelmed with water." 75.

The ṛishi said :

"Be it so" said the adorable wielder of the conch, discus and club, and cutting them with his discus clove them both asunder, heads and buttocks. 76–77.

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र १०२ ॥

तथेत्युक्त्वा भगवता शङ्खचक्रगदाभृता ॥
कृत्वा चक्रेण वै छिन्ने जघने शिरसी तयोः ॥

॥ मन्त्र १०३–श्लोक ७७ ॥

एवमेषा समुत्पन्ना ब्रह्मणा संस्तुता स्वयम् ।
प्रभावमस्या देव्यास्तु भूयः शृणु वदामि ते ॥

॥ मन्त्र १०४–श्लोक ७८ ॥

॥ इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये
मधुकैटभवधो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥

इस प्रकार भगवती महामाया ब्रह्मा की स्तुति के द्वारा स्वयं आविर्भूत हुई हैं। अब आगे मैं उनके लोकोत्तर प्रभाव [का वर्णन करता हूं, उसे] तुम सुनो ॥ श्लोक ७८ ॥

Thus was she born when praised by Brahmā himself. Now listen again, I tell thee of this goddess, majesty. 78.

इति श्रीमार्कण्डेय-पुराण में सावर्णि से
सम्बद्ध मन्वन्तर कथा के अन्तर्गत
देवी माहात्म्य में मधु-कैटभ वध
नामक प्रथम अध्याय
सम्पूर्ण हुआ ।

अथ मध्यमचरित्रारम्भः

द्वितीयोऽध्यायः

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र १ ॥

देवासुरमभूद्युद्धं पूर्णमब्दशतं पुरा ।
महिषेऽसुराणामधिपे देवानां च पुरन्दरे ॥

॥ मन्त्र २-श्लोक १ ॥

मध्यम चरित्र

द्वितीय अध्याय

महिषासुर की सेना का वध

असुरों द्वारा छेड़े गये भयंकर युद्ध में देवता हार गये और असुरों ने स्वर्ग पर कब्जा कर लिया। महिषासुर स्वर्ग का अधिपति हो गया। तब समस्त देवताओं ने अपना-अपना तेज (शक्ति) दिया। उस सम्मिलित शक्ति-पुंज से देवी चण्डिका की उत्पत्ति हुई। असुरों को परास्त करने के लिए देवताओं ने भगवती को अपने शस्त्र दिये।

ऋषि ने कहा—प्राचीन काल में देवों एवं असुरों में निरन्तर पूरे सौ वर्षों तक भयंकर युद्ध हुआ। इस युद्ध में असुरों का नेता महिषासुर नामक असुर तथा देवताओं के प्रमुख नेता इन्द्र थे।

॥ श्लोक १ ॥

THE DEVĪ MĀHĀTMYA

Slaughter of the army of the Asura Mahisha.

The gods were defeated in a great battle formerly by the Asuras and driven from heaven, and the Asura Mahisha became Supreme.—All the gods gave forth their special energies, which combined and formed the goddess Caṇḍikā. They gave her their weapons, and she fought with and destroyed the Asuras.

The ṛishi said :

Of yore there was a fight for a full hundred years between the gods and Asuras, when Mahisha was lord of the Asuras, and Indra lord of the gods; **1.**

तत्रासुरैर्महावीर्यैर्देवसैन्यं पराजितम् ।
जित्वा च सकलान्देवानिन्द्रोऽभून्महिषासुरः ॥

॥ मन्त्र ३-श्लोक २ ॥

ततः पराजिता देवाः पद्मयोनिं प्रजापतिम् ।
पुरस्कृत्य गतास्तत्र यत्रेशगरुडध्वजौ ॥

॥ मन्त्र ४-श्लोक ३ ॥

यथावृत्तं तयोस्तद्वन्महिषासुरचेष्टितम् ।
त्रिदशाः कथयामासुर्देवाभिभवविस्तरम् ॥

॥ मन्त्र ५-श्लोक ४ ॥

सूर्येन्द्राग्न्यनिलेन्दूनां यमस्य वरुणस्य च ।
अन्येषां चाधिकारान्स स्वयमेवाधितिष्ठति ॥

॥ मन्त्र ६-श्लोक ५ ॥

इस युद्ध में महाबलिष्ठ असुरों ने देव सेना को पराजित कर दिया। समस्त देवताओं पर विजय प्राप्त कर महिषासुर ने इन्द्र का आसन ग्रहण कर लिया ॥ श्लोक २ ॥

अनन्तर पराजित देवगण प्रजापति ब्रह्मा को अपना अगुआ बना कर भगवान शंकर एवं विष्णु के पास गए ॥ श्लोक ३ ॥

देवताओं ने महिषासुर के साथ भयंकर युद्ध तथा अपनी पराजय का सम्पूर्ण वृत्तान्त विस्तारपूर्वक उन दोनों देवों को सुनाया ॥ श्लोक ४ ॥

उन्होंने कहा कि भगवन् ! महिषासुर सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम (यमराज), वरुण तथा अन्य सभी देवताओं के अधिकारों को बलपूर्वक छीनकर स्वयं सबका स्वामी बन गया है ।
॥ श्लोक ५ ॥

In it the army of the gods was vanquished by the Asuras who excelled in valour, and the Asura Mahīsha after conquering all the gods became the Indra. 2.

Then the vanquished gods, placing the Prajā-pati *Brahmā* at their head, went where abode Śiva and Viṣṇu. 3.

The thirty *gods* described to them accurately what had happened, the full story of the gods' discomfiture which had been wrought by the Asura Mahisha. 4.

"He, Mahisha, in his own person domineers over the jurisdictions of the Sun, Indra, Agni, Vāyu and the Moon, of Yama and Varuṇa and of the other *gods*. 5.

स्वर्गान्निराकृताः सर्वे तेन देवगणा भुवि ।
विचरन्ति यथा मर्त्या महिषेण दुरात्मना ॥

॥ मन्त्र ७-श्लोक ६ ॥

एतद्वः कथितं सर्वममरारिविचेष्टितम् ।
शरणं वः प्रपन्नाः स्मो वधस्तस्य विचिन्त्यताम् ॥

॥ मन्त्र ८-श्लोक ७ ॥

इत्थं निशम्य देवानां वचांसि मधुसूदनः ।
चकार कोपं शंभुश्च भ्रुकुटीकुटिलाननौ ॥

॥ मन्त्र ९-श्लोक ८ ॥

ततोऽतिकोपपूर्णस्य चक्रिणो वदनात्ततः ।
निश्चक्राम महत्तेजो ब्रह्मणः शंकरस्य च ॥

॥ मन्त्र १०-श्लोक ९ ॥

दुष्टात्मा महिषासुर ने समस्त देवों को स्वर्ग-लोक से निकाल दिया है तथा वे लोग अब मनुष्यों की भाँति भूमण्डल पर घूम रहे हैं ॥ श्लोक ६ ॥

देवशत्रु असुरों के सारे दुर्व्यवहारों को हमने आप दोनों को बता दिया है, अब हम लोग आपके शरणागत हैं अतः आप महिषासुर के वध का उपाय सोचिए ॥ श्लोक ७ ॥

देवताओं के इन वचनों को सुनकर भगवान विष्णु तथा शंकर ने राक्षसों पर क्रोध किया और उनकी भौंहें तन गईं एवं मुख मण्डल क्रोध से लाल हो गया ॥ श्लोक ८ ॥

इसके अनन्तर अत्यन्त क्रुद्ध चक्रपाणि भगवान विष्णु, ब्रह्मा एवं शंकर के मुख से एक अद्भुत तेजपुंज का आविर्भाव हुआ ॥ श्लोक ९ ॥

Cast out by that evil-souled Mahisha from Svarga all the hosts of the gods wander on the earth like mortals. 6.

It has *now* been related to you both, all that has been wrought by the foe of the Immortals, and we have sought *you both* as a refuge; let his destruction be devised !" 7.

Having thus heard the words of the gods, Viṡṇu was wroth and Śiva also; both their faces became furrowed with frowns. 8.

Then issued forth great energy from the mouth of Viṡṇu who was full of intense anger, and from the mouths of Brahmā and Śiva. 9.

अन्येषां चैव देवानां शक्रादीनां शरीरतः ।
निर्गतं सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत ॥

॥ मन्त्र ११–श्लोक १० ॥

अतीव तेजसः कूटं ज्वलन्तमिव पर्वतम् ।
ददृशुस्ते सुरास्तत्र ज्वालाव्याप्तदिगन्तरम् ॥

॥ मन्त्र १२–श्लोक ११ ॥

अतुलं तत्र तत्तेजः सर्वदेवशरीरजम् ।
एकस्थं तदभून्नारी व्याप्तलोकत्रयं त्विषा ॥

॥ मन्त्र १३–श्लोक १२ ॥

यदभूच्छांभवं तेजस्तेनाजायत तन्मुखम् ।
याम्येन चाभवन्केशा बाहवो विष्णुतेजसा ॥

॥ मन्त्र १४–श्लोक १३ ॥

इन्द्र आदि अन्य देवों के शरीरों से भी प्रचण्ड तेज प्रकट हुआ। और यह समस्त तेज एक स्थान पर पुंजीभूत हो गया ॥ श्लोक १० ॥

देवताओं के तेज का वह महापुंज दैदीप्यमान पर्वत के आकार में सभी दिशाओं में व्याप्त ज्वालाओं के रूप में दिखाई दिया ॥ श्लोक ११ ॥

समस्त देवताओं के शरीर से आविर्भूत वह तेज अनुपम था। वह संचित तेजपुंज नारी रूप में परिवर्तित होकर तीनों लोकों में व्याप्त हो गया ॥ श्लोक १२ ॥

भगवान शिव के तेज से उन देवी का मुख-मण्डल तथा यम के तेज से मस्तक में केश उत्पन्न हुए। इसी प्रकार विष्णु के तेज से उनकी भुजाएं प्रकटीं ॥ श्लोक १३ ॥

And from the bodies of Indra and the other gods went forth a very great energy; and it *all* amalgamated. 10.

The gods beheld the mass of intense energy there like a burning mountain, pervading the other regions of the sky with blaze. 11.

And that unparalleled energy born of the bodies of all the gods, which pervaded the three worlds with its light, gathering into one became a female. 12.

By what was Śiva's energy her face was developed and by Yama's energy grew her hair, and her arms by Viṣṇu's energy. 13.

सौम्येन स्तनयोर्युग्मं मध्यमैन्द्रेण चाभवत् ।
वारुणेन च जङ्घोरू नितम्बस्तेजसा भुवः ॥

॥ मन्त्र १५-श्लोक १४ ॥

ब्रह्मणस्तेजसा पादौ तदङ्गुल्योर्कतेजसा ।
वसूनां च कराङ्गुल्यः कौबेरेण च नासिका ॥

॥ मन्त्र १६-श्लोक १५ ॥

तस्यास्तु दन्ताः संभूताः प्राजापत्येन तेजसा ।
नयनत्रितयं जज्ञे तथा पावकतेजसा ॥

॥ मन्त्र १७-श्लोक १६ ॥

भ्रुवौ च संध्ययोस्तेजः श्रवणावनिलस्य च ।
अन्येषां चैव देवानां संभवस्तेजसां शिवा ॥

॥ मन्त्र १८-श्लोक १७ ॥

चन्द्रमा के तेज से दोनों स्तन तथा इन्द्र के तेज से कटि प्रदेश की रचना हुई और वरुण के तेज से जंघाएं एवं ऊरू तथा पृथ्वी के तेज से नितम्ब प्रदेश बना ॥ श्लोक १४ ॥

ब्रह्मा के तेज से दोनों पैर, सूर्य के तेज से अंगलियाँ, वसुओं के तेज से दोनों हाथों की अंगुलियाँ तथा कुवेर के तेज से नासिका प्रस्फुटित हुई ॥ श्लोक १५ ॥

प्रजापति ब्रह्मा के तेज से दन्त पङ्क्ति और अग्नि के तेज से तीनों नेत्र प्रकट हुए ॥ श्लोक १६ ॥

संध्या के तेज से भौंहें और वायु के तेज से दोनों कान प्रकट हुए तथा इसी प्रकार अन्य देवों के तेज से भगवती कल्याणी देवी का अवतरण हुआ ।
॥ श्लोक १७ ॥

By the Moon's her twin breasts; and her waist came into being by Indra's energy, and by Varuṇa's her legs and thighs, by the Earth's energy her hips; 14.

By Brahmā's energy her feet, her toes by the Sun's energy, and by the Vasus' energy her hands and fingers, and by Kuvera's her nose; 15.

And her teeth grew by the Prajā-pati's energy, and three eyes were developed by Agni's energy; 16.

And her eyebrows were the energy of the two twilights, and her ears Vayu's energy; and the coming into being of the energies of the other gods became the auspicious goddess. 17.

ततः समस्तदेवानां तेजोराशिसमुद्भवाम् ।
तां विलोक्य मुदं प्रापुरमरा महिषार्दिताः ॥

॥ मन्त्र १९-श्लोक १८ ॥

शूलं शूलाद्विनिष्कृष्य ददौ तस्यै पिनाकधृक् ।
चक्रं च दत्तवान्कृष्णः समुत्पाद्य स्वचक्रतः ॥

॥ मन्त्र २०-श्लोक १९ ॥

शङ्खं च वरुणः शक्तिं ददौ तस्यै हुताशनः ।
मारुतो दत्तवांश्चापं वाणपूर्णे तथेषुधी ॥

॥ मन्त्र २१-श्लोक २० ॥

वज्रमिन्द्रः समुत्पाद्य कुलिशादमराधिपः ।
ददौ तस्यै सहस्राक्षो घण्टामैरावताद् गजात् ॥

॥ मन्त्र २२-श्लोक २१ ॥

इसके अनन्तर महिषासुर द्वारा पीड़ित देवगण समस्त देवों के तेजपुंज से आविर्भूत उस देवी को देखकर अत्यन्त आह्लादित हुए ॥ श्लोक १८ ॥

पिनाक धनुषधारी भगवान् शंकर ने अपने शूल से एक शूल निकालकर देवी को दिया तथा श्यामवर्ण भगवान् विष्णु ने सुदर्शन चक्र से एक चक्र उत्पन्न कर देवी को भेंट किया ॥ श्लोक ॥ १९ ॥

वरुण देवता ने शंख, अग्नि ने शक्ति, वायु ने धनुष तथा बाणों से परिपूर्ण तरकस देवी को समर्पित किए ॥ श्लोक २० ॥

देवराज इन्द्र ने अपने वज्र से वज्र उत्पन्न कर तथा ऐरावत हाथी से अलग कर एक घंटा भी देवी को अर्पित की ॥ श्लोक २१ ॥

Then gazing at her who had sprung from the combined energies of all the *gods*, the Imortals who were afflicted by Mahisha felt a keen joy. 18.

The bearer of the bow Pināka drawing a trident forth from his own trident gave it to her; and Krishṇa gave a discus pulling it out of his own discus; 19.

And Varuṇ gave her a couch, Agni a spear, Māruta gave a bow and a quiver filled with arrows. 20.

Indra lord of the Immortals gave a thunder- bolt pulling it out of his own thunder-bolt; the Thousand-eyed gave her a bell from his elephant Airāvaṭa. 21.

कालदण्डाद्यमो दण्डं पाशं चाम्बुपतिर्ददौ ।
प्रजापतिश्चाक्षमालां ददौ ब्रह्मा कमण्डलुम् ॥
॥ मन्त्र २३-श्लोक २२ ॥

समस्तरोमकूपेषु निजरश्मीन्दिवाकरः ।
कालश्च दत्तवान्खड्गं तस्यै चर्म च निर्मलम् ॥
॥ मन्त्र २४-श्लोक २३ ॥

क्षीरोदश्चामलं हारमजरे च तथाम्बरे ।
चूड़ामणिं तथा दिव्यं कुण्डले कटकानि च ॥
॥ मन्त्र २५-श्लोक २४ ॥

अर्धचन्द्रं तथा शुभ्रं केयूरान्सर्वबाहुषु ।
नूपुरौ विमलौ तद्वद् ग्रैवेयकमनुत्तमम् ॥
॥ मन्त्र २६-श्लोक २५ ॥

यमराज ने अपने कालरूपी दण्ड से दण्ड तथा जलदेव वरुण ने पाश, प्रजापति ने रुद्राक्ष की माला और ब्रह्मा ने कमण्डलु (जलपात्र) अर्पित किया। ॥ श्लोक २२ ॥

सूर्यदेव ने अपनी रश्मियाँ को देवी के सम्पूर्ण रोम कूपों में प्रविष्ट कर दिया तथा काल ने दिव्य ढाल और तलवार (खड्ग) भेंट की ॥ श्लोक २३ ॥

क्षीर समुद्र ने देदीप्यमान हार और जीर्ण एवं जर्जर न होने वाले दो वस्त्र देवी को अर्पित किए, इसके अतिरिक्त उसने दिव्य चूड़ामणि, दो कुण्डल और कड़े भी भेंट किए ॥ श्लोक २४ ॥

सम्पूर्ण हाथों के लिए प्रकाशमान केयूर तथा दिव्य नूपुर (पायल) और गले में धारण करने के लिए चन्द्रहार और उत्कृष्ट हंसली तथा अंगुलियों में

Yama gave a rod from his own rod of Fate, and the lord of the waters a noose; and the Prajā-pati gave her a necklace of beads, Brahmā an earthen water-pot; 22.

The Sun bestowed his own rays on all the pores of her skin, and Destiny gave her a sword and a spotless shield; 23.

And the Ocean of Milk a spotless necklace of pearls and also a pair of undecaying garments. And a celestial crest-jewel, a pair of ear-rings, and bracelets, 24.

And a brilliant half-moon ornament, and armlets over all her arms, and also a pair of bright anclets, a necklet of the finest make,

अङ्गुलीयकरत्नानि समस्तास्वङ्गुलीषु च ।
विश्वकर्मा ददौ तस्यै परशुं चातिनिर्मलम् ॥

॥ मन्त्र २७-श्लोक २६ ॥

अस्त्राण्यनेकरूपाणि तथाभेद्यं च दंशनम् ।
अम्लानपङ्कजां मालां शिरस्युरसि चापराम् ॥

॥ मन्त्र २८-श्लोक २७ ॥

अददज्जलधिस्तस्यै पङ्कजं चातिशोभनम् ।
हिमवान्वाहनं सिंहं रत्नानि विविधानि च ॥

॥ मन्त्र २९-श्लोक २८ ॥

ददावशून्यं सुरया पानपात्रं धनाधिपः ।
शेषश्च सर्वनागेशो महामणिविभूषितम् ॥

॥ मन्त्र ३०-श्लोक २९ ॥

धारण करने के लिए रत्न निर्मित अंगूठियाँ प्रदान कीं। विश्वकर्मा ने उनको अत्यन्त सुन्दर फरसा तथा विविध प्रकार के अस्त्र एवं अभेद्य कवच के साथ मस्तक एवं वक्षस्थल पर धारण करने हेतु सदा नवीन रहने वाले (न कुम्हलाने वाले) कमलों की मालायें अर्पित कीं ॥ श्लोक २५-२७ ॥

समुद्र ने देवी को अत्यन्त सुन्दर कमल पुष्प भेंट किया और हिमालय ने वाहन के रूप में सिंह तथा विविध प्रकार के रत्न भेंट में दिए।

॥ श्लोक २८ ॥

घन के स्वामी कुवेर ने सुरा से परिपूर्ण चषक (पान पात्र), समस्त सर्पों के स्वामी शेषनाग ने जो इस पृथ्वी को धारण करते हैं, देवी को बहुमूल्य मणियों से जटित नागहार अर्पित किया तथा अन्य

and rings and gems on all her fingers—these Viśva-karman gave to her, and also a brightly polished axe, weapons of many shapes and also armour that could not be pierced. 25-27.

And ocean gave her a garland of fadeless lotus-flowers for her head and another for her breast, and a very brilliant lotus-flower besides. Himāvat gave her a lion to ride on and gems of various kinds. 28.

Kuvera gave a drinking cup full of wine. And Sesha, the lord of all the serpents, who supports this earth, gave her a serpent-

नागहारं ददौ तस्यै धत्ते यः पृथिवीमिमाम् ।
अन्यैरपि सुरैर्देवी भूषणैरायुधैस्तथा ॥

॥ मन्त्र ३१–श्लोक ३० ॥

संमानिता ननादोच्चैः साट्टहासं मुहुर्मुहुः ।
तस्या नादेन घोरेण कृत्स्नमापूरितं नभः ॥

॥ मन्त्र ३२–श्लोक ३१ ॥

अमाययातिमहता प्रतिशब्दो महानभूत् ।
चुक्षुभुः सकला लोकाः समुद्राश्च चकम्पिरे ॥

॥ मन्त्र ३३–श्लोक ३२ ॥

चचाल वसुधा चेलुः सकलाश्च महीधराः ।
जयेति देवाश्च मुदा तामूचुः सिंहवाहिनीम् ॥

॥ मन्त्र ३४–श्लोक ३३ ॥

देवगणों ने भी इसी प्रकार भगवती को भांति-भांति के आभूषण और शस्त्रास्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया ॥ श्लोक २९-३० ॥

इसके बाद सर्वसम्मानिता देवी ने बार-बार अट्टहास करते हुए गर्जन किया। उनकी भयकारी गर्जना सम्पूर्ण आकाश में व्याप्त होगई।

॥ श्लोक ३१ ॥

देवी के उस महानाद की प्रतिध्वनि कहीं न समा सकी। उस वेगपूर्ण प्रतिध्वनि से सम्पूर्ण विश्व क्षुब्ध हो उठा और समुद्र भी कम्पित हो गए, पृथ्वी डगमगाने लगी और सभी पर्वत हिल उठे तब देवताओं ने प्रसन्न होकर सिंहवाहिनी देवी से कहा कि हे देवि ! आपकी जय हो, तथा मुनियों ने

necklace adorned with large gems. Honoured by other gods also with gifts of ornaments and weapons; 29–30.

The goddess uttered a loud roar blended with a horse–laugh again and again. The whole welkin was fllled with her terrible roar. 31.

By that penetrating and exceedingly great roar a great echo arose, all the *worlds* shook and the seas trembled, the earth quaked and all the mountains moved. And "Conquer thou !" exclaimed the gods with joy to her who rode on the lion and the munis extolled

तुष्टुवुर्मुनयश्चैनां भक्तिनम्रात्ममूर्त्तयः ।
दृष्ट्वा समस्तं सङ्क्षुब्धं त्रैलोक्यममरारयः ॥

॥ मन्त्र ३५-श्लोक ३४ ॥

संनद्धाखिलसैन्यास्ते समुत्तस्थुरुदायुधाः ।
आः किमेतदिति क्रोधादाभाष्य महिषासुरः ॥

॥ मन्त्र ३६-श्लोक ३५ ॥

अभ्यधावत तं शब्दमशेषैरसुरैर्वृतः ।
स ददर्श ततो देवीं व्याप्तलोकत्रयां त्विषा ॥

॥ मन्त्र ३७-श्लोक ३६ ॥

पादाक्रान्त्या नतभुवं किरीटोल्लिखिताम्बराम् ।
क्षोभिताशेषपातालां धनुर्ज्यानिःस्वनेन ताम् ॥

॥ मन्त्र ३८-श्लोक ३७ ॥

विनम्र होकर भक्ति भाव से उनकी स्तुति की। देव-शत्रु दैत्य तीनों लोकों को पूर्ण रूप से क्षुब्ध देखकर अपनी सम्पूर्ण सेना को सुसज्जित कर अस्त्र शस्त्र लेकर युद्ध-हेतु तैयार हो गए। "आह यह क्या है ?" इस प्रकार क्रोध से कहकर महिषासुर अपनी समस्त राक्षस सेना के साथ देवी के उस सिंहनाद की ओर दौड़ा और अपने तेज से तीनों लोकों को प्रकाशित करने वाली भगवती सिंहवाहिनी को देखा ॥ श्लोक ३२-३६ ॥

her as they bowed their bodies in faith. Seeing all the three worlds greatly agitated, the foes of the—Immortals uniting all their armies rose up together, with up-lifted weapons. "Ha ! what is this ?"exclaimed the Asura Mahisha in wrath, and rushed surrounded by all the Asuras towards that roar. Then he saw the goddess, pervading the three worlds with her light. 32-36.

उनके पैरों के दबाव से पृथ्वी नीचे दब गई थी और मस्तक पर शोभित मुकुट से आकाश में चिह्न अंकित हो गया था तथा वे अपने धनुष की टंकार से सप्त पातालों को क्षुब्ध कर रही थीं।
॥ श्लोक ३७ ॥

Causing the earth to bow at the touch of her feet, grazing the firmament with her crest, shaking the whole of Patala with the twang of her bow-string. 37.

दिशो भुजसहस्रेण समन्ताद्व्याप्य संस्थिताम् ।
ततः प्रववृते युद्धं तया देव्या सुरद्विषाम् ॥

॥ मन्त्र ३९–श्लोक ३८ ॥

शस्त्रास्त्रैर्बहुधामुक्तैरादीपितदिगन्तरम् ।
महिषासुरसेनानीश्चिक्षुराख्यो महासुरः ॥

॥ मन्त्र ४०—श्लोक ३९ ॥

युयुधे चामरश्चान्यैश्चतुरङ्गबलान्वितः ।
रथानामयुतैः षड्भिरुदग्राख्यो महासुरः ॥

॥ मन्त्र ४१—श्लोक ४० ॥

अयुध्यतायुतानां च सहस्रेण महाहनुः ।
पञ्चाशद्भिश्च नियुतैरसिलोमा महासुरः ॥

॥ मन्त्र ४२—श्लोक ४१ ॥

देवी अपनी हजार भुजाओं से दशों दिशाओं को ढक कर सामने खड़ी थीं। देवी के साथ असुरों का युद्ध आरम्भ हो गया ॥ श्लोक ३८ ॥

अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों के प्रयोग से समस्त दिशायें प्रकाशित हो उठीं। महिषासुर का सेनापति, चिक्षुर नामक महान् दैत्य था। चामर नामक दैत्य अन्य सभी राक्षसों की चतुरंगिणी सेना के साथ देवी से युद्ध करने लगा। साठ हजार रथों के साथ उदग्र नाम का महाअसुर तथा एक करोड़ रथारोहियों के साथ महाहनु नामक दैत्य तथा पाँच करोड़ रथारोही सेना के साथ खड्ग के समान तीक्ष्ण रोम वाले असिलोमा नामक महादैत्य युद्ध करने लगा।
॥ श्लोक ३९-४१ ॥

Standing pervading the sky all around with her thousand arms. Then began a battle between the goddess and the enemies of the gods, in which every region of the sky was illumined with the weapons and arms hurled in abundance. And the Asura Mahisha's General, the great Asura named Çikshura, fought with her; and the Asura Çamara attended by his cavalry fought along with others. The great Asura named Udagra with six myriads of chariots fought; and Mahā-hanu with a thousand myriads gave battle; and the great Asura Asi-loman with fifty millions; 38-41.

अयुतानां शतैः षड्भिर्बाष्कलो युयुधे रणे ।
गजवाजिसहस्रौघैरनेकैः परिवारितः ॥

॥ मन्त्र ४३-श्लोक ४२ ॥

वृतो रथानां कोट्या च युद्धे तस्मिन्नयुद्धयत ।
विडालाख्योऽयुतानां च पञ्चाशद्भिरथायुतैः ॥

॥ मन्त्र ४४-श्लोक ४३ ॥

युयुधे संयुगे तत्र रथानां परिवारितः ।
अन्ये च तत्रायुतशो रथनागहयैर्वृताः ॥

॥ मन्त्र ४५-श्लोक ४४ ॥

युयुधुः संयुगे देव्या सह तत्र महासुराः ।
कोटिकोटिसहस्रैस्तु रथानां दन्तिनां तथा ॥

॥ मन्त्र ४६-श्लोक ४५ ॥

साठ लाख रथारोहियों की सेना को लेकर वाष्कल नामक दैत्य भी युद्ध भूमि में आकर मोर्चा लेने लगा। इसी प्रकार परिवारित नामक दैत्य हजारों हाथी और घुड़ सवारों के अनेक समूहों के साथ तथा एक करोड़ रथारोहियों की सेना लेकर युद्ध करने लगा। विडाल नामधारी असुर पाँच अरब रथारोहियों की सेना के साथ रणक्षेत्र में आ गया। इन लोगों के अतिरिक्त अन्य हजारों महा-दैत्य हाथी और घोड़ों की सेना सहित युद्ध भूमि में आकर देवी के साथ युद्ध करने लगे। महिषासुर

With six hundred myriads Vāskala fought in the battle; Ugra-darśana with many troops of thousands of elephants and horses, and surrounded with ten million chariots fought in that battle; and the Asura named Viḍāla fought in the battle there, surrounded with fifty myriads of chariots. And other great Asuras in myriads, surrounded with chariots, elephants and horses, fought with the goddess in that battle there. Now the

हयानां च वृतो युद्धे तत्राभून्महिषासुरः ।
तोमरैर्भिन्दिपालैश्च शक्तिभिर्मुसलैस्तथा ॥

॥ मन्त्र ४७–श्लोक ४६ ॥

युयुधुः संयुगे देव्या खड्गैः परशुपट्टिशैः ।
केचिच्च चिक्षिपुः शक्तीः केचित्पाशांस्तथापरे ॥

॥ मन्त्र ४८–श्लोक ४७ ॥

देवीं खड्गप्रहारैस्तु ते तां हन्तुं प्रचक्रमुः ।
सापि देवी ततस्तानि शस्त्राण्यस्त्राणि चण्डिका ॥

॥ मन्त्र ४९–श्लोक ४८ ॥

लीलयैव प्रचिच्छेद निजशस्त्रास्त्रवर्षिणी ।
अनायस्तानना देवी स्तूयमाना सुरर्षिभिः ॥

॥ मन्त्र ५०–श्लोक ४९ ॥

स्वयं भी कई करोड़ रथों, हाथी तथा घोड़ों की सेना के साथ युद्ध क्षेत्र में उतर आया था। दैत्यगण तोमर, भिन्दिपाल, शक्ति, मुसल, खड्ग तथा पट्टिश प्रभृति शस्त्रास्त्रों द्वारा देवी पर प्रहार करते हुए युद्ध में निरत थे। कतिपय असुरों ने देवी पर शक्ति से प्रहार किया तथा उन पर पाश से आक्रमण किया ॥ श्लोक ४२-४८ ॥

अन्य दैत्यों ने खड्गों के प्रहार से देवी का प्राणान्त कर डालने का प्रयास किया। देवी ने भी

Asura Mahisha was surrounded with thousands of ten million times ten millions of chariots and elephants and horses in the battle there. With iron maces and javelins, with spears and clubs, with swords, with axes and halberds they fought in the battle against the goddess. And some hurled spears, and others nooses.42–48.

But they assailed the goddess with blows from then the goddess Caṇḍikā clove,

मुमोचासुरदेहेषु शस्त्राण्यस्त्राणि चेश्वरी ।
सोऽपि क्रुद्धो धुतसटो देव्या वाहनकेसरी ॥

॥ मन्त्र ५१-श्लोक ५० ॥

चचारासुरसैन्येषु वनेष्विव हुताशनः ।
निश्वासान्मुमुचे यांश्च युद्धयमानारणेऽम्बिका ॥

॥ मन्त्र ५२-श्लोक ५१ ॥

त एव सद्यः संभूता गणाः शतसहस्रशः ।
युयुधुस्ते परशुभिर्भिन्दिपालासिपट्टिशैः ॥

॥ मन्त्र ५३-श्लोक ५२ ॥

नाशयन्तोऽसुरगणान्देवीशक्त्युपबृंहिताः ।
अवादयन्त पटहान्गणाः शङ्खाँस्तथापरे ॥

॥ मन्त्र ५४—श्लोक ५३ ॥

क्रोध से प्रचण्ड होकर विनोद की मुद्रा में ही अपने अस्त्र-शस्त्रों की वर्षा करते हुए असुरों के समस्त आयुधों को छिन्न-भिन्न कर दिया। देवी का मुख मण्डल क्रोध एवं थकान से मुक्त था तथा देवगण एवं ऋषि लोग उनकी स्तुति कर रहे थे ॥ श्लोक ४९-५० ॥

as it were in merest play, those weapons and arms by raining forth her own weapons and arms. The goddess betrayed no exertion in her countenance, while the gods and rishis were praising her. 49–50.

भगवती ने असुरों के शरीर पर अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग खुलकर किया। देवी का वाहन सिंह भी क्रुद्ध होकर अपने गले के बालों को घुमाता हुआ जंगल में फैले हुए दावानल की तरह राक्षसों की सेनाओं पर टूट पड़ा। असुरों के साथ युद्ध क्षेत्र में युद्ध करती हुई अम्बिका ने जितने भी श्वांस छोड़े वे सभी तुरन्त हजारों गणों के रूप में उपस्थित हो गए। तथा परशु, भिन्दिपाल, खड्ग, और पट्टिश आदि अस्त्रों को लेकर दैत्यों से युद्ध करने लगे।
॥ श्लोक ५१-५३ ॥

इति कृत्वा मतिं देवा हिमवन्तं नगेश्वरम् ।
जग्मुस्तत्र ततो देवीं विष्णुमायां प्रतुष्टुवुः ॥

॥ मन्त्र ७—श्लोक ६ ॥

देवा ऊचुः

॥ मन्त्र ८ ॥

नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः ।
नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम् ॥

॥ मन्त्र ९—श्लोक ७ ॥

रौद्रायै नमो नित्यायै गौर्यै धात्र्यै नमोनमः ।
ज्योत्स्नायै चेन्दुरूपिण्यै सुखायै सततं नमः ॥

॥ मन्त्र १०-श्लोक ८ ॥

इस प्रकार यह स्मरण करके देवता लोग पर्वतराज हिमालय के पास गए और वहाँ उन्होंने भगवती विष्णुमाया का स्तवन किया ॥ श्लोक ६ ॥

देवताओं ने कहा—हे कल्याणकारिणि देवि ! आपको हम प्रणाम करते हैं। महादेवी शिवा को हमारा सदैव प्रणाम स्वीकार हो। हम नित्य प्रकृति एवं भद्रा को प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक ७ ॥

भगवती रौद्रा एवं नित्या, गौरी और धात्री को भी प्रणाम करते हैं। चन्द्ररूपिणी भगवती ज्योत्स्ना और सुखा को प्रणाम करते हैं।
॥ श्लोक ८ ॥

Making this resolve the gods went to Himāvat, lord among mountains, and there raised their hymn to the goddess, who is Vishṇu's illusive power. 6.

The gods said :

Reverence to the goddess, to the great goddess !
To her who is auspicious reverence perpetually !
Reverence to Prakṛiti the good !
Submissive we fall prostrate before her ! 7.

Reverence to her who is terrible, to her who is constant !
To Gauri, to Dhātrī reverence, yea reverence !
And to the Moon-light, to her who has the moon's form,
To her who is happy, reverence continually !
8.

कल्याण्यै प्रणता वृद्धचै सिद्धचै कुर्मो नमोनमः ।
नैर्ऋत्यै भूभृतां लक्ष्म्यै शर्वाण्यै ते नमोनमः ॥

॥ मन्त्र ११–श्लोक ९ ॥

दुर्गायै दुर्गपारायै सारायै सर्वकारिण्यै ।
ख्यात्यै तथैव कृष्णायै धूम्रायै सततं नमः ॥

॥ मन्त्र १२–श्लोक १० ॥

अतिसौम्यातिरौद्रायै नतास्तस्यै नमोनमः ।
नमो जगत्प्रतिष्ठायै देव्यै कृत्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र १३–श्लोक ११ ॥

सभी प्रकार के कल्याण करने वाली, भगवती कल्याणी को, धन-धान्य एवं सुखों की वृद्धि करने वाली वृद्धि को तथा सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली सिद्धि को हम प्रणाम करते हैं। तथा नैर्ऋति, राजलक्ष्मी और शर्वाणी स्वरूप में अवस्थित हे अम्बिके ! हम आपको बारम्बार प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक ९ ॥

भगवती दुर्गा, भीषण संकटों से उद्धार करने वाली देवी दुर्गपारा, सारभूता, तथा जो सभी कार्यों की कारण हैं, उन सर्वकारिणी को हम प्रणाम करते हैं। ख्याति तथा कृष्णा एवं भगवती धूम्रा को भी हम निरन्तर प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक १० ॥

अति सौम्या, तथा अति रौद्ररूपवाली रौद्ररूपा को हम प्रणाम करते हैं। जो इस चराचर विश्व का आधार हैं उन कृति देवी को हम प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक ११ ॥

Falling prostrate, to her who is propitious, to Prosperity,
To Perfection let us pay reverence, yea reverence !
To Nirṛiti, to the goddess of Good-Fortune of kings,
To thee, Sarvāṇī, reverence, yea reverence ! 9.

To Durgā, to her who is a further shore difficult to be reached,
To her who is essential, to her who works all things,
And to Fame also, to her who is blue-black,
To her who is smoke-dark reverence continually ! 10.

Before her who is at once most gentle and most harsh,
We fall prostrate; to her reverence, yea reverence !

या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता ।
नमस्तस्यै(१४) नमस्तस्यै(१५) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र १६-श्लोक १२ ।।

या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते ।
नमस्तस्यै(१७) नमस्तस्यै(१८) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र १९-श्लोक १३ ।।

या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(२०) नमस्तस्यै(२१) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र २२-श्लोक १४ ।।

भगवती का वह स्वरूप जो विश्व में विष्णु-माया के नाम से विख्यात हैं, उनको हम कायिक, वाचिक एवं मानसिक प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक १२ ॥

जो देवी प्राणियों में चेतना के रूप में अवस्थित हैं उनको हम कायिक, वाचिक एवं मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक १३ ॥

जो भगवती प्राणियों में बुद्धितत्त्व के रूप में विद्यमान हैं उनको हम कायिक, वाचिक एवं मानसिक प्रणाम करते हैं॥ श्लोक १४ ॥

Reverence to her who is the foundation of the world !
To the goddess who is Action reverence, yea reverence ! 11.

To the goddess who among all created things
Is called Vishṇu's illusive power !
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence ! 12.

To the goddess who among all created beings
Bears the name Consciousness,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence ! 13.

To the goddess who among all created beings,
Stands firm with the form of Intellect,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence yea reverence ! 14.

या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(२३) नमस्तस्यै(२४) नमस्तस्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र २५-श्लोक १५ ॥

या देवी सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(२६) नमस्तस्यै(२७) नमस्तस्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र २८-श्लोक १६ ॥

या देवी सर्वभूतेषु छायारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(२९) नमस्तस्यै(३०) नमस्तस्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र ३१-श्लोक १७ ॥

समस्त प्राणियों में निद्रा के रूप में रहने वाली निद्रारूपिणी देवी को हम कायिक, वाचिक, तथा मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक १५ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Sleep,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
15.

जो प्राणियों में क्षुधा जाग्रत करती हैं उनको हम कायिक, वाचिक और मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक १६ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Hunger,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence.
16.

समस्तप्राणी जिसके प्रतिबिम्ब रूप हैं उन छाया रूपिणी देवी को हम कायिक, वाचिक, तथा मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक १७ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Shadow,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
17.

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(३२) नमस्तस्यै(३३) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र ३४-श्लोक १८ ।।

या देवी सर्वभूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(३५) नमस्तस्यै(३६) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र ३७-श्लोक १९ ।।

या देवी सर्वभूतेषु क्षान्तिरूपेण संस्थिता ।।
नमस्तस्यै(३८) नमस्तस्यै(३९) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र ४०-श्लोक २० ।।

जो भगवती प्राणिमात्र की शक्तियों का स्रोत हैं उन देवी को हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं॥ श्लोक १८ ॥

देवी का जो स्वरूप प्राणिमात्र में उपभोग की अभिलाषा उत्पन्न करता है, उस तृष्णा रूप को हम कायिक, वाचिक और मानसिक प्रणाम करते हैं॥ १९ ॥

क्षान्तिरूपा देवी जो समस्त प्राणियों में क्षमा का भाव उत्पन्न करती हैं। उन्हें हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक २० ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Energy,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
18.

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Thirst,
Reverence to her, yea reverence to her!
Reverence to her, reverence, yea reverence !
19.

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Patience,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
20.

या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(४१) नमस्तस्यै(४२) नमस्तस्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र ४३-श्लोक २१ ॥

या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(४४) नमस्तस्यै(४५) नमस्तस्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र ४६-श्लोक २२ ॥

या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(४७) नमस्तस्यै(४८) नमस्तस्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र ४९-श्लोक २३ ॥

या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(५०) नमस्तस्यै(५१) नमस्तस्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र ५२-श्लोक २४ ॥

जातिरूप में अवस्थित देवी जो जातिभेद के आधार पर प्राणियों का वर्गीकरण करती हैं उनको हम कायिक, वाचिक एवं मानसिक प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक २१ ॥

भगवती लज्जा देवी जो प्राणियों में लज्जा का भाव उत्पन्न करने वाली हैं उनको हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक २२ ॥

शान्तिभाव का उदय कर शान्ति स्थापित करने वाली शान्तिस्वरूपा देवी को हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक २३ ॥

जो देवी सब प्राणियों में श्रद्धा के रूप में विद्यमान रहती हैं उनको हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं॥ श्लोक २४ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Speciality,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
21.

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Modesty,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
22.

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Peaceableness,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
23.

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Faith,
Reverence to her, yea, reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
24.

या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(५३) नमस्तस्यै(५४) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र ५५-श्लोक २५ ।।

या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(५६) नमस्तस्यै(५७) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र ५८-श्लोक २६ ।।

या देवी सर्वभूतेषु वृत्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(५९) नमस्तस्यै(६०) नमस्तस्यै नमोनमः ।।

।। मन्त्र ६१-श्लोक २७ ।।

भगवती कान्तिरूपिणी जो प्राणियों के उज्वल रूप तथा उनकी शोभा बढ़ाने वाली हैं उनको हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक २५ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Loveliness
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
25.

देवी का जो स्वरूप प्राणिमात्र के लिए लक्ष्मी रूप में स्थित है वह कायिक वाचिक, मानसिक तीनों ही प्रणाम स्वीकार करें॥ श्लोक २६ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Good-Fortune,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
26.

जो भगवती विभिन्नरूपों में संसार की आजीविका का आधार हैं, उनको हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं।

॥ श्लोक २७ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Activity,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
27.

या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(६२) नमस्तस्यै(६३) नमस्तस्यै नमोनमः ।।
॥ मन्त्र ६४-श्लोक २५ ॥

या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(६५) नमस्तस्यै(६६) नमस्तस्यै नमोनमः ।।
॥ मन्त्र ६७-श्लोक २६ ॥

या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(६८) नमस्तस्यै(६९) नमस्तस्यै नमोनमः ।।
॥ मन्त्र ७०-श्लोक ३० ॥

या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(७१) नमस्तस्यै(७२) नमस्तस्यै नमोनमः ।।
॥ मन्त्र ७३-श्लोक ३१ ॥

जो देवी स्मरण शक्ति के रूप में समस्त प्राणिजगत् में व्याप्त हैं, उनको हम कायिक,वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक २८ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Memory,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
28.

जो प्राणियों में दया का भाव जाग्रत करती हैं, उनको हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक २९ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Mercy,
Reverence to her, yea reverence to her
Reverence to her, reverence, yea reverence !
29.

जो प्राणियों की इच्छाओं को सन्तुष्ट करती हैं, उन तुष्टिरूपा देवी को कायिक, वाचिक तथा मानसिक तीनों प्रणाम स्वीकार हों ॥ श्लोक ३० ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Contentment,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
30.

जो देवी प्राणिमात्र की जननी हैं उन जगज्जननी मातृरूपा को हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक ३१ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Mother,

या देवी सर्वभूतेषु भ्रान्तिरूपेण संस्थिता ।
नमस्तस्यै(७४) नमस्तस्यै(७५) नमस्तस्यैन मोनमः ॥

॥ मन्त्र ७६-श्लोक ३२ ॥

इन्द्रियाणामधिष्ठात्री भूतानां चाखिलेषु या ।
भूतेषु सततं तस्यै व्याप्तिदेव्यै नमोनमः ॥

॥ मन्त्र ७७-श्लोक ३३ ॥

चितिरूपेण या कृत्स्नमेतद्व्याप्य स्थिता जगत् ।
नमस्तस्यै(७८) नमस्तस्यै(७९) नमस्तस्यैन मोनमः ॥

॥ मन्त्र ८०-श्लोक ३४ ॥

Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
31.

जो देवी सांसारिक प्राणियों में भ्रान्ति का कारण हैं, उनको हम कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक ३२ ॥

To the goddess who among all created beings
Stands firm with the form of Error,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
32.

जो देवी समस्त प्राणियों की इन्द्रियों की अधिष्ठात्री हैं तथा निरन्तर उनमें अवस्थित रहती हैं उन व्याप्तिदेवी को हम बारम्बार प्रणाम करते हैं ॥ श्लोक ३३ ॥

To her who both governs the organs of sense
Of created beings, and rules among all
Created beings perpetually,—to her
The goddess of Pervasiveness reverence, yea reverence ! 33.

चैतन्यस्वरूपा भगवती जो अखिल विश्व में व्यापक रूप में अवस्थित हैं, उनको कायिक, वाचिक तथा मानसिक प्रणाम स्वीकार हो ।
॥ श्लोक ३४ ॥

To her who exists pervading this entire
World with the form of Thinking Mind,
Reverence to her, yea reverence to her !
Reverence to her, reverence, yea reverence !
34.

स्तुता सुरैः पूर्वमभीष्टसंश्रया-
त्तथा सुरेन्द्रेण दिनेषु सेविता ।
करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी
शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः ॥

॥ मन्त्र ८१-श्लोक ३५ ॥

या सांप्रतं चोद्धतदैत्यतापितै-
रस्माभिरीशा च सुरैर्नमस्यते ।
या च स्मृता तत्क्षणमेव हन्ति नः
सर्वापदो भक्तिविनम्रमूर्त्तिभिः ॥

॥ मन्त्र ८२-श्लोक ३६ ॥

देवताओं ने प्राचीन काल में अपने मनोरथ की प्राप्ति हेतु जिस भगवती की वन्दना की तथा देवताओं के राजा इन्द्र ने भी लम्बे समय तक जिसका अर्चन किया वह कल्याणकारिणी देवी ईश्वरी आपदाओं को दूर कर हमारा सदैव कल्याण करें ॥ श्लोक ३५ ॥

अपने बल के अहंकार से उन्नत दुष्ट दैत्यों द्वारा त्रस्त हम देवता लोग उन कल्याणस्वरूपा जगदम्बिका को प्रणाम करते हैं, जिनके स्मरण मात्र से भक्ति विनम्र पुरुष समस्त आपत्तियों से तत्काल छुटकारा पा जाते हैं ॥ श्लोक ३६ ॥

Praised by the gods afore-time because of eagerly-desired protection,
And waited upon by the lord of the gods many days,
May she, the goddess, the origin of bright-ness, accomplish for us
Bright things, yea good things, and ward off calamities ! 35.

And she, who is both reverenced as queen by us gods,
Who are tormented now by the arrogant Daityas,
And whom we called to mind as we bow our bodies in faith,
She this very moment destroys all our calamities ! 36.

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र ८३ ॥

एवं स्तवादियुक्तानां देवानां तत्र पार्वती ।
स्नातुमभ्याययौ तोये जाह्नव्या नृपनन्दन ॥

॥ मन्त्र ८४-श्लोक ३७ ॥

साब्रवीत्तान्सुरान्सुभ्रूर्भवद्भिः स्तूयतेऽत्र का ।
शरीरकोशतश्चास्याः समुद्भूताब्रवीच्छिवा ॥

॥ मन्त्र ८५-श्लोक ३८ ॥

स्तोत्रं ममैतत्क्रियते शुम्भदैत्यनिराकृतैः ।
देवैः समस्तैः समरे निशुम्भेन पराजितैः ॥

॥ मन्त्र ८६-श्लोक ३९ ॥

ऋषि ने कहा—हे राजन् ! देवता लोग जिस समय यह स्तुति कर रहे थे उसी समय वहां भगवती पार्वती जाह्नवी नदी में स्नान करने आईं ।
॥ श्लोक ३७ ॥

देवताओं द्वारा की जा रही स्तुति को सुनकर सुन्दर भ्रकुटियों वाली भगवती पार्वती ने देवमण्डली से पूछा कि आप सब लोग किसकी स्तुति कर रहे हैं ? इस बीच, उन के शरीर कोश से प्रकट होकर देवी शिवा ने कहा ॥ श्लोक ३८ ॥

शुम्भ नामक दैत्य द्वारा अपमानित तथा निशुम्भ नामक दैत्य से युद्ध में पराजित ये सभी देवता एक होकर यहां मेरी ही स्तुति कर रहे हैं ।
॥ श्लोक ३९ ॥

The ṛishi said :

While the gods were thus engaged in offering hymns and other reverential acts, Pārvatī came there to bathe in the water of the Ganges, O prince. 37.

She, the beautiful-browed, said to those gods.—"whom do ye, lords, hymn here ?"

And springing forth from the treasure-house of her body the auspicious goddess spoke : 38.

"For me this hymn is uttered by the assembled gods, who have been set at nought by the Daitya Śumbha and routed in battle by Niśumbha. 39.

शरीरकोशाद्यत्तस्याः पार्वत्या निःसृताम्बिका ।
कौशिकीति समस्तेषु ततो लोकेषु गीयते ॥

॥ मन्त्र ८७-श्लोक ४० ॥

तस्यां विनिर्गतायां तु कृष्णाभूत्सापि पार्वती ।
कालिकेति समाख्याता हिमाचलकृताश्रया ॥

॥ मन्त्र ८८-श्लोक ४१ ॥

ततोऽम्बिकां परं रूपं बिभ्राणां सुमनोहरम् ।
ददर्श चण्डो मुण्डश्च भृत्यौ शुम्भनिशुम्भयोः ॥

॥ मन्त्र ८९-श्लोक ४२ ॥

ताभ्यां शुम्भाय चाख्याता अतीव सुमनोहरा ।
काप्यास्ते स्त्री महाराज भासयन्ती हिमाचलम् ॥

॥ मन्त्र ९०-श्लोक ४३ ॥

देवी पार्वती के शरीर कोश से अम्बिका की उत्पत्ति हुई थी, अतः वे कौशिकी के नाम से संसार में प्रसिद्ध हुईं ॥ श्लोक ४० ॥

देवी कौशिकी की उत्पत्ति के पश्चात् भगवती पार्वती का रंग श्याम वर्ण हो गया और वे हिमाचल पर निवास करने वाली कालिका देवी के नाम से प्रसिद्ध हुईं ॥ श्लोक ४१ ॥

तत्पश्चात् अम्बिका ने आश्चर्यचकित कर देने वाले सुन्दर स्वरूप को धारण कर लिया। अनन्तर शुम्भ-निशुम्भ के दूत चण्ड-मुण्ड वहां आ गए और उन्होंने अत्यन्त सुन्दरी के रूप में भगवती अम्बिका को देखा ॥ श्लोक ४२ ॥

वे दोनों (चण्ड तथा मुण्ड) शुम्भ के पास गए और उन्होंने कहा कि महाराज एक अत्यन्त सुन्दरी स्त्री अपने अद्भुत सौन्दर्य से हिमालय पर्वत को प्रकाशित कर रही है ॥ श्लोक ४३ ॥

Because Ambikā issued forth from the treasure-house of Pārvatī's body, she is therefore named in song as Kaushikī among all the worlds. 40.

Now after she had issued forth, the other also, even Pārvatī, became Kṛishṇā; she is celebrated as Kālikā; she fixed her abode on Mount Himāvat. 41.

Thereafter Caṇḍa, and Muṇḍa, the two servants of Śumbha and Niśumbha, saw Ambikā displaying her sublime and most captivating form. 42.

And both spake out unto Śumbha;—"What woman then, most surpassingly captivating, dwells here, illuminating Mount Himāvat, O great king? 43.

नैव तादृक् क्वचिद्रूपं दृष्टं केनचिदुत्तमम् ।
ज्ञायतां काप्यसौ देवी गृह्यतां चासुरेश्वर ॥

॥ मन्त्र ९१-श्लोक ४४ ॥

स्त्रीरत्नमतिचार्वङ्गी द्योतयन्ती दिशस्त्विषा ।
सा तु तिष्ठति दैत्येन्द्र तां भवान्द्रष्टुमर्हति ॥

॥ मन्त्र ९२-श्लोक ४५ ॥

यानि रत्नानि मणयो गजाश्वादीनि वै प्रभो ।
त्रैलोक्ये तु समस्तानि साम्प्रतं भान्ति ते गृहे॥

॥ मन्त्र ९३-श्लोक ४६ ॥

ऐरावतः समानीतो गजरत्नं पुरन्दरात् ।
पारिजाततरुश्चायं तथैवोच्चैःश्रवा हयः ॥

॥ मन्त्र ९४-श्लोक ४७ ॥

ऐसा अद्भुत सुन्दर स्वरूप किसी ने कहीं भी नहीं देखा है। हे दैत्यों के अधिपति ! आप यह ज्ञात करें कि वह सुन्दरी स्त्री कौन है तथा उस देवी को आप अपने यहाँ ले आवें ॥ श्लोक ४४ ॥

"Such sublime beauty was never in sooth seen by anyone anywhere; let it be ascertained if she is any goddess, and let her be taken possession of, O lord of the Asuras. 44.

वह सुन्दरी समस्त स्त्रियों में रत्न-रूपिणी है, उसके शरीर का प्रत्येक अवयव अत्यन्त सुन्दर तथा प्रभापूर्ण है। अतः वह अपने शरीरावयवों की प्रभा से सम्पूर्ण दिशाओं को प्रकाशित कर रही है। हे दैत्यराज ! अभी वह हिमालय पर्वत पर ही बैठी है, आप उसको देख सकते हैं।
॥ श्लोक ४५ ॥

"A gem among women, surpassingly beautiful in body, illuminating the regions of the sky with her lustre, there she is then, O lord of the Daityas; deign, sir, to look at her. 45.

प्रभो ! तीनों लोकों का समस्त ऐश्वर्य हाथी, घोड़े तथा मणि आदि सभी रत्न आपके पास असीमित मात्रा में हैं ॥ श्लोक ४६ ॥

"Moreover, whatever gems, precious stones, elephants, horses and other valuable things indeed exist in the three worlds, O lord, all these display their splendour at this present time in thy house. 46.

हाथियों में सर्वश्रेष्ठ ऐरावत हाथी जो इन्द्र का हाथी है तथा पारिजात नामक कल्पवृक्ष जो सभी कामनाओं को पूर्ण करता है और

Airāvata, gem among elephants, has been captured from Purandara; and this Pārijāta tree and also the horse Uccaihśravas. 47.

विमानं हंससंयुक्तमेतत्तिष्ठति तेंऽङ्गने ।
रत्नभूतमिहानीतं यदासीद्वेधसोऽद्भुतम् ॥

॥ मन्त्र ९५-श्लोक ४८ ॥

निधिरेष महापद्मः समानीतो धनेश्वरात् ।
किंजल्किनीं ददौ चाब्धिर्मालामम्लानपङ्कजाम् ॥

॥ मन्त्र ९६-श्लोक ४९ ॥

छत्रं ते वारुणं गेहे काञ्चनस्रावि तिष्ठति ।
तथायं स्यन्दनवरो यः पुरासीत्प्रजापतेः ॥

॥ मन्त्र ९७-श्लोक ५० ॥

उच्चैःश्रवा नामक घोड़ा, त्रिलोकी के ये सर्वश्रेष्ठ रत्न आपने इन्द्र से छीन ही लिए हैं।
॥ श्लोक ४७ ॥

इसी प्रकार यह सुन्दर विमान जो हंसों के द्वारा चलाया जाता है, वह भी अब आपके आंगन में शोभायमान हो रहा है। यह रत्नों से जटित अद्भुत विमान जो पहले ब्रह्मा के पास था वह भी अब आपके अधिकार में है ॥ श्लोक ४८ ॥

महापद्म नामक खजाना भी आपने कुवेर से छीन कर अपने अधिकार में ले लिया है तथा समुद्र ने आपके पराक्रम को देखकर किञ्जल्किनी नामक केसर से मण्डित माला आपको भेंट की है। जिसके कमल कभी नहीं कुम्हलाते ॥ श्लोक ४९ ॥

वरुण देवता का स्वर्ण वर्षा करने वाला छत्र तथा प्रजापति ब्रह्मा का श्रेष्ठ रथ भी अब आपके अधिकार में है ॥ श्लोक ५० ॥

"Here stands the heavenly chariot yoked with swans in thy court-yard; it has been brought here, the wonderful chariot composed of gems, which belonged to Brahmā. 48.

"Here is the Nidhi Mahāpadma, captured from the Lord of wealth. And the Ocean gave a garland made of filaments and of undying lotus flowers. 49.

"In thy house stands Varuṇa's umbrella, which streams with gold. And here is the choice chariot that belonged to Praja-pati formerly. 50.

मृत्योरुत्क्रान्तिदा नाम शक्तिरीश त्वया हृता ।
पाशः सलिलराजस्य भ्रातुस्तव परिग्रहे ॥

॥ मन्त्र ९८-श्लोक ५१ ॥

निशुम्भस्याब्धिजाताश्च समस्ता रत्नजातयः ।
वह्निरपि ददौ तुभ्यमग्निशौचे च वाससी ॥

॥ मन्त्र ९९-श्लोक ५२ ॥

एवं दैत्येन्द्र रत्नानि समस्तान्याहृतानि ते ।
स्त्रीरत्नमेषा कल्याणी त्वया कस्मान्न गृह्यते ॥

॥ मन्त्र १००-श्लोक ५३ ॥

मृत्युदायिनी उत्क्रान्तिदा नामक शक्ति भी यम से आपने छीन ली है तथा वरुण देवता का पाश और समुद्र में उत्पन्न होने वाले विभिन्न रत्न आपके भ्राता निशुम्भ के अधिकार में है तथा अग्निदेव ने स्वेच्छा से ही अपने दो पवित्र वस्त्र आपको दे दिये हैं ॥ श्लोक ५१–५२ ॥

इस प्रकार हे दैत्याधिपति ! सभी उत्कृष्ट रत्नों के आप स्वामी हैं, अतः स्त्रियों में जो रत्न-रूप देवी है उसे भी आप अपने अधिकार में क्यों नहीं कर लेते ॥ श्लोक ५३ ॥

"Thou, O lord, hast carried off Death's power which is named Utkrānti-dā. The noose of the Ocean-king is in thy brother's possession. And Niśumbha has every kind of gem which is produced in the sea. Agni also gave thee two garments which are purified by fire. 51–52.

"Thus, O lord of the Daityas, all gems have been captured by thee; why dost thou not seize this auspicious lady, this gem of womankind ?" 53.

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र १०१ ॥

निशम्येति वचः शुम्भः स तदा चण्डमुण्डयोः ।
प्रेषयामास सुग्रीवं दूतं देव्या महासुरम् ॥

॥ मन्त्र १०२-श्लोक ५४ ॥

इति चेति च वक्तव्या सा गत्वा वचनान्मम ।
यथा चाभ्येति संप्रीत्या तथा कार्यं त्वया लघु ॥

॥ मन्त्र १०३-श्लोक ५५ ॥

स तत्र गत्वा यत्रास्ते शैलोद्देशेऽतिशोभने ।
सा देवी तां ततः प्राह श्लक्ष्णं मधुरया गिरा ॥

॥ मन्त्र १०४-श्लोक ५६ ॥

ऋषि ने कहा—चण्ड और मुण्ड नामक दूतों की बातों को सुनकर शुम्भ ने महादैत्य सुग्रीव को दूत के रूप में अम्बिका के पास भेजा ॥ श्लोक ५४ ॥

निशुम्भ ने दूत से कहा कि तुम मेरे आदेशानुसार अमुक २ बातें उससे कहना और प्रयास करना कि वह प्रसन्न होकर शीघ्र ही यहाँ आ जावे।
॥ श्लोक ५५ ॥

शुम्भ द्वारा प्रेषित दूत हिमाचल के अत्यन्त सुन्दर प्रदेश में गया, जहाँ देवी उपस्थित थीं और वह मधुर वाणी में बोला ॥ श्लोक ५६ ॥

The ṛishi said :

Śumbha, on hearing this speech then from Caṇḍa and Muṇḍa sent the great Asura Sugrīva as messenger to the goddess, saying : 54.

"Go and address her thus and thus according to my words, and lightly conduct the matter so that she may come to me of her own good pleasure." 55.

He went to where the goddess sat on a very bright spot in the mountain and spoke gently with mellifluous voice. 56.

दूत उवाच

॥ मन्त्र १०५ ॥

देवि दैत्येश्वरः शुम्भस्त्रैलोक्ये परमेश्वरः ।
दूतोऽहं प्रेषितस्तेन त्वत्सकाशमिहागतः ॥

॥ मन्त्र १०६–श्लोक ५७ ॥

अव्याहताज्ञः सर्वासु यः सदा देवयोनिषु ।
निर्जिताखिलदैत्यारिः स यदाह श्रृणुष्व तत् ॥

॥ मन्त्र १०७–श्लोक ५८ ॥

मम त्रैलोक्यमखिलं मम देवा वशानुगाः ।
यज्ञभागानहं सर्वानुपाश्नामि पृथक् पृथक् ॥

॥ मन्त्र १०८–श्लोक ५९ ॥

दूत ने कहा—देवि ! दैत्यों के राजा शुम्भ तीनों लोकों के स्वामी हैं। मैं उनके द्वारा ही भेजा गया दूत हूं और आपके पास आया हूं ॥ श्लोक ५७ ॥

दैत्यराज शुम्भ की आज्ञा का पालन सभी देवता करते हैं, कोई भी उनकी आज्ञाओं का उल्लंघन नही करता। क्योंकि सभी देवता शुम्भ से पराजित हो गये हैं। अतः अपने लिए तुम उनका सन्देश सुनो ॥ श्लोक ५८ ॥

तीनों लोकों का सम्पूर्ण स्वामित्व मेरे अधिकार में है। सभी देवता लोग मेरे वशीभूत होकर कार्य करते हैं तथा मैं ही अलग-अलग देवताओं के सम्पूर्ण यज्ञांश का उपभोग करता हूं ॥ श्लोक ५९ ॥

The messenger said:

O goddess : Sumbha, lord of the Daityas, is supreme lord, over the three worlds. A messenger am I, sent by him; to thy presence here I have come. 57.

Hearken to what he has said, whose command is never resisted among all beings of divine origin, and who has vanquished every foe of the Daityas. 58.

"Mine are all the three worlds; obedient to my authority are the gods, I eat every protion of the sacrifices separately. 59.

त्रैलोक्ये वररत्नानि मम वश्यान्यशेषतः ।
तथैव गजरत्नानि हृत्वा देवेन्द्रवाहनम् ॥

॥ मन्त्र १०९-श्लोक ६० ॥

क्षीरोदमथनोद्भूतमश्वरत्नं ममामरैः ।
उच्चैःश्रवससंज्ञं तत्प्रणिपत्य समर्पितम् ॥

॥ मन्त्र ११०-श्लोक ६१ ॥

यानि चान्यानि देवेषु गन्धर्वेषूरगेषु च ।
रत्नभूतानि भूतानि तानि मय्येव शोभने ॥

॥ मन्त्र १११-श्लोक ६२ ॥

स्त्रीरत्नभूतां त्वां देवि लोके मन्यामहे वयम् ।
सा त्वमस्मानुपागच्छ यतो रत्नभुजो वयम् ॥

॥ मन्त्र ११२-श्लोक ६३ ॥

तीनों लोकों के सम्पूर्ण श्रेष्ठ रत्न मेरे अधिकार में हैं। देवराज इन्द्र का वाहन ऐरावत जो हाथियों में सर्वश्रेष्ठ रत्न है, उसे मैंने ले लिया है ॥ श्लोक ६० ॥

क्षीर सागर का मन्थन करने के बाद उच्चैःश्रवा नामक जो सर्वश्रेष्ठ अश्वरत्न प्रकट हुआ था उसे भी देवताओं ने नतमस्तक होकर मुझे समर्पित कर दिया है ॥ श्लोक ६१ ॥

हे सुन्दरि ! इसके अतिरिक्त त्रिलोकी में अन्यान्य जो भी रत्नभूत द्रव्य देवताओं, गन्धर्वों तथा नागों के पास थे, वे सब अब मेरे ही पास हैं।
॥ श्लोक ६२ ॥

देवि ! आप संसार की स्त्रियों में सर्वश्रेष्ठ रत्न हैं, हम ऐसा मानते हैं, अतः तुम हमारे पास आ जाओ क्योंकि रत्नों के एकमात्र उपभोक्ता हमीं लोग हैं ॥ श्लोक ६३ ॥

"The choicest gems in the three worlds; are altogether under my power; and so are the finest elephants and the chariot of the lord of the gods, since I have captured them. 60.

"That gem among horses, named Uccaih-śravasa, which came forth at the churning of the sea of milk, was presented to me by the immortals who prostrated themselves before me. 61.

"And whatever other created things in the shape of gems existed among the gods, Gandharvas and Nāgas, they were presented even to me, O brilliant lady. 62.

"I esteem thee O goddess, to be the gem of womankind in the world; do thou, who art such, approach unto me, since I am an enjoyer of gems. 63.

मां वा ममानुजं वापि निशुम्भमुरुविक्रमम् ।
भज त्वं चञ्चलापाङ्गि रत्नभूतासि वै यतः ॥

॥ मन्त्र ११३-श्लोक६४ ॥

परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यसे मत्परिग्रहात् ।
एतद्बुद्ध्या समालोच्य मत्परिग्रहतां व्रज ॥

॥ मन्त्र ११४-श्लोक ६५ ॥

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र ११५ ॥

इत्युक्ता सा तदा देवी गम्भीरान्तःस्मिता जगौ ।
दुर्गा भगवती भद्रा ययेदं धार्यते जगत् ॥

॥ मन्त्र ११६-श्लोक ६६ ॥

चंचल नेत्रों वाली सुन्दरि ! मेरे या मेरे पराक्रमी भ्राता निशुम्भ के आश्रय में आ जाओ, क्योंकि तुम रत्नरूपा हो ॥ श्लोक ६४ ॥

मेरे आश्रय में आ जाने पर तुम्हें अतुलनीय ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी, यह विचार कर मेरे आश्रय में आ जाओ ॥ श्लोक ६५ ॥

ऋषि ने कहा—दूत के इस प्रकार कहने पर, भगवती दुर्गा जो संसार को धारण करने वाली और सारी सृष्टि की आधार हैं, गम्भीरता से मन ही मन मुस्करायीं और बोलीं ॥ श्लोक ६६ ॥

"Either to me, or to my younger brother Niśumbha of wide-reaching prowess, approach thou, O lady of quick side-glances, since thou art in truth a gem. 64.

"Supreme dominion beyond compare thou shalt gain by wedding me. Understand and consider this, and come unto wedlock with me". 65.

The ṛishi said :

Thus accosted the goddess, smiling deeply within herself, she, Durgā the adorable good, and who supports this world, sang this reply then. 66.

देव्युवाच

॥ मन्त्र ११७ ॥

सत्यमुक्तं त्वया नात्र मिथ्या किंचित्त्वयोदितम् ।
त्रैलोक्याधिपतिः शुम्भो निशुम्भश्चापि तादृशः ॥

॥ मन्त्र ११८–श्लोक ६७ ॥

किं त्वत्र यत्प्रतिज्ञातं मिथ्या तत्क्रियते कथम् ।
श्रूयतामल्पबुद्धित्वात्प्रतिज्ञा या कृता पुरा ॥

॥ मन्त्र ११९–श्लोक ६८ ॥

यो मां जयति संग्रामे यो मे दर्पं व्यपोहति ।
यो मे प्रतिबलो लोके स मे भर्ता भविष्यति ॥

॥ मन्त्र १२०–श्लोक ६९ ॥

देवी ने कहा—तुम ने जो कुछ कहा है, वह सब सत्य है, झूंठ बिल्कुल नहीं है। शुम्भ तीनों लोकों का अधिपति है तथा निशुम्भ भी उसी के समान बलशाली है ॥ श्लोक ६७ ॥

परन्तु मैं अपनी प्रतिज्ञा को असत्य कैसे होने दूं ? अपनी अल्प बुद्धि के कारण पूर्व में मैंने जो प्रतिज्ञा की थी वह सुनो ॥ श्लोक ६८ ॥

युद्ध में जो कोई भी मुझे पराजित कर मेरा घमण्ड नष्ट कर देगा तथा लोक में जो मेरे ही समान बलशाली होगा वही मेरा पति होगा।

॥ श्लोक ६९ ॥

The goddess said :

Truly hast thou spoken; nought hast thou uttered falsely herein. Sovereign of the three worlds is Sumbha, and like unto him is Niśumbha also. 67.

But how can that which has been promised concerning this myself be fulfilled falsely ? Hearken, what vow I made formerly by reason of my small understanding at that time. 68.

'He who vanquishes me in fight, who forces my pride from me, and who is my match in strength in the world, he shall be my husband.' 69.

तदागच्छतु शुम्भोऽत्र निशुम्भो वा महासुरः ।
मां जित्वा किं चिरेणात्र पाणिं गृह्णातु मे लघु ॥

॥ मन्त्र १२१-श्लोक ७० ॥

दूतउवाच

॥ मन्त्र १२२ ॥

अवलिप्तासि मैवं त्वं देवि ब्रूहि ममाग्रतः ।
त्रैलोक्ये कः पुमाँस्तिष्ठेदग्रे शुम्भनिशुम्भयोः ॥

॥ मन्त्र १२३-श्लोक ७१ ॥

अन्येषामपि दैत्यानां सर्वे दैवा न वै युधि ।
तिष्ठन्ति संमुखे देवि किं पुनः स्त्री त्वमेकिका ॥

॥ मन्त्र १२४-श्लोक ७२ ॥

अतः शुम्भ या निशुम्भ दोनों में से कोई भी यहाँ आवे तथा युद्ध में मुझे पराजित कर शीघ्र ही मेरा पाणिग्रहण करे, फिर इसमें विलम्ब नहीं ॥ श्लोक ७० ॥

दूत ने कहा— देवि, अभिमान के कारण तुम इस प्रकार की बातें मेरे सामने मत करो। त्रिलोकी में ऐसा कौन पुरुष होगा जो शुम्भ-निशुम्भ के सामने टिक सके ॥ श्लोक ७१ ॥

अन्य असुरों के सामने जब सब देवता मिल कर भी युद्ध में नहीं टिक सके तब तुम अकेली स्त्री होकर कैसे मुकाबला कर पावोगी ॥ श्लोक ७२ ॥

Let Sumbha come here then, or Niśumbha the great Asura; let him vanquish me–what need of delay here ? and let him lightly take my hand in marriage ! 70.

The messenger said :

Proud art thou; Talk not so before me, O goddess; ! What male in the three worlds may stand front to front with Śumbha and Niśumbha ? 71.

All the gods verily stand not face to face with even the other Daityas in battle, O goddess; how much less canst thou so stand, a woman single–handed ! 72.

इन्द्राद्याः सकला देवास्तस्थुर्येषां न संयुगे ।
शुम्भादीनां कथं तेषां स्त्री प्रयास्यसि संमुखम् ॥

॥ मन्त्र १२५-श्लोक ७३ ॥

सा त्वं गच्छ मयैवोक्ता पार्श्वं शुम्भनिशुम्भयोः ।
केशाकर्षणनिर्धूतगौरवा मा गमिष्यसि ॥

॥ मन्त्र १२६-श्लोक ७४ ॥

देव्युवाच

॥ मन्त्र १२७ ॥

एवमेतद्बली शुम्भो निशुम्भश्चातिवीर्यवान् ।
किं करोमि प्रतिज्ञा मे यदनालोचिता पुरा ॥

॥ मन्त्र १२८—श्लोक ७५ ॥

इन्द्र आदि समस्त देवता लोग संयुक्त रूप से भी जिसका मुकाबला नहीं कर सके, उस शुम्भ का मुकाबला तुम स्त्री होकर कैसे कर पाओगी ?

॥ श्लोक ७३ ॥

अतः तुम मेरे कहने से ही, शुम्भ-निशुम्भ के पास चलो और अपनी मर्यादा की रक्षा करो। अन्यथा जब वे तुम्हें केश पकड़ कर बलात् यहाँ से ले जावेंगे तो तुम अपमानित होकर और अपना गौरव खोकर जाओगी ॥ श्लोक ७४ ॥

देवी ने कहा—तुम्हारा कथन उपयुक्त है। शुम्भ तथा निशुम्भ दोनों ही महाबली तथा पराक्रमी हैं। किन्तु मैं विवश हूं क्योंकि बिना सोचे-विचारे ही मैंने पूर्व में ऐसी प्रतिज्ञा कर ली है ॥ श्लोक ७५ ॥

With Śumbha and those other Daityas, against whom Indra and all the other gods stood not in battle, how shalt thou, a woman venture face to face ? 73.

Do thou, being such, to whom I have in sooth delivered my message, go near unto Śumbha and Niśumbha ; let it not be that thou shalt go with thy dignity shattered in that thou wilt be dragged thither by thy hair ! 74.

The goddess said :

So strong as this is Śumbha ; and so exceedingly heroic is Niśumbha ! What can I do, since there stands my ill-considered promise of long ago ? 75.

स त्वं गच्छ मयोक्तं ते यदेतत्सर्वमादृतः ।
तदाचक्ष्वासुरेन्द्राय स च युक्तं करोतु यत् ॥

॥ मन्त्र १२६-श्लोक ७६ ॥

॥ इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये
देव्या दूतसंवादो नाम पञ्चमोऽध्यायः ॥

अब तुम यहां से जाओ तथा मैंने तुमसे जो-जो बातें कहीं हैं उनको दैत्यराज शुम्भ से आदरपूर्वक कहना इसके बाद उन्हें जो उचित लगेगा करेंगे।

॥ श्लोक ७६ ॥

इति श्रीमार्कण्डेय-पुराण में सावर्णि से सम्बद्ध मन्वन्तर कथा के अन्तर्गत देवी माहात्म्य में देवी दूत संवाद नामक पञ्चम अध्याय सम्पूर्ण हुआ।

Go thou thyself; make known respectfully to the lord of the Asuras all this that I have said to thee, and let him do whatever is fitting. 76.

The end of goddess' conversation with the Asura's messenger.

षष्ठोऽध्यायः

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र १ ॥

इत्याकर्ण्य वचो देव्याः स दूतोऽमर्षपूरितः ।
समाचष्ट समागम्य दैत्यराजाय विस्तरात् ॥

॥ मन्त्र २-श्लोक १ ॥

षष्ठ अध्याय

धूम्रलोचन वध

शुम्भ ने अपने सेनापति धूम्रलोचन और सेना को, देवी को बन्दी बनाने के लिए भेजा और देवी ने उन्हें नष्ट कर दिया। तब उसने चण्ड और मुण्ड को दूसरी सेना लेकर भेजा।

ऋषि ने कहा—देवी की यह बात सुन कर वह दूत क्रुद्ध हो उठा और उसने दैत्यराज शुम्भ के पास जाकर विस्तार से सारी बात बतलाई।

॥ श्लोक १ ॥

THE DEVĪ MĀHĀTMYA

The slaying of Śumbha and Niśumbha's general Dhūmra-loçana.

Śumbha despatched his general Dhūmra-loçana *and an army to capture the goddess and she destroyed them. He then despatched* Caṇḍa *and* Muṇḍa *with another army.*

The ṛishi said :

The messenger, on hearing this speech from the goddess, was filled with indignation, and approaching related it fully to the Daitya king. 1.

तस्य दूतस्य तद्वाक्यमाकर्ण्यासुरराट् ततः ।
सक्रोधः प्राह दैत्यानामधिपं धूम्रलोचनम् ॥

॥ मन्त्र ३-श्लोक २ ॥

हे धूम्रलोचनाशु त्वं स्वसैन्यपरिवारितः ।
तामानय बलाद्दुष्टां केशाकर्षणविह्वलाम् ॥

॥ मन्त्र ४-श्लोक ३ ॥

तत्परित्राणदः कश्चिद् यदि वोत्तिष्ठते परः ।
स हन्तव्योऽमरो वापि यक्षो गन्धर्व एव वा ॥

॥ मन्त्र ५-श्लोक ४ ॥

शुम्भ ने दूत के उस कथन को सुना और क्रुद्ध होकर दैत्यों के सेनापति धूम्रलोचन से कहा।

॥ श्लोक २ ॥

हे धूम्रलोचन! तुम शीघ्र ही अपनी सेना लेकर जाओ और केश पकड़कर घसीटने से विह्वल उस दुष्टा को बलपूर्वक यहां ले आओ ॥ श्लोक ३ ॥

उसको बचाने वाला यदि कोई सामने आये तो उसे अवश्य ही मार डालना वह देव, यक्ष या गन्धर्व ही क्यों न हो ॥ श्लोक ४ ॥

The Asura monarch then, after hearing that report from his messenger, was wroth and commanded Dhūmra-loçana, a chieftain of the Daityas. 2.

"Ho ! Dhūmra-loçana, haste thee together with thy army; fetch by force that shrew, who will be unnerved when dragged along by her hair. 3.

"Or if any man besides stands up to offer her deliverance, let him be slain, be he an Immortal, a Yaksha or a Gandharva forsooth." 4.

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र ६ ॥

तेनाज्ञप्तस्ततः शीघ्रं स दैत्यो धूम्रलोचनः ।
वृतः षष्ट्या सहस्राणामसुराणां द्रुतं ययौ ॥

॥ मन्त्र ७-श्लोक ५ ॥

स दृष्ट्वा तां ततो देवीं तुहिनाचलसंस्थिताम् ।
जगादोच्चैः प्रयाहीति मूलं शुम्भनिशुम्भयोः ॥

॥ मन्त्र ८-श्लोक ६ ॥

न चेत्प्रीत्याद्य भवती मद्भर्तारमुपैष्यति ।
ततो बलान्नयाम्येष केशाकर्षणविह्वलाम् ॥

॥ मन्त्र ९-श्लोक ७ ॥

ऋषि ने कहा—इसके बाद शुम्भ की आज्ञा पाकर धूम्रलोचन नामक वह दैत्य साठ हजार राक्षसों की सेना के साथ शीघ्र ही वहां से चल पड़ा।

॥ श्लोक ५ ॥

उसने हिमाचल पर निवास करने वाली देवी को वहाँ देखा और बड़े उच्च स्वर से बोला—"तुम शुम्भ-निशुम्भ के पास चली जाओ।

॥ श्लोक ६ ॥

"यदि तुम प्रसन्नता से मेरे मालिक के पास नहीं जावोगी तो मैं बलपूर्वक केशों को पकड़कर तुमको घसीटता हुआ ले चलूंगा" ॥ श्लोक ७ ॥

The ṛishi said :

Thereupon at his command the Daitya Dhūmra-loçana went forthwith quickly, accompanied by sixty thousand Asuras. 5.

On seeing the goddess stationed on the snowy mountain, he cried aloud to her there—"Come forward to the presence of Śumbha and Niśumbha. 6.

"If thou wilt not, lady, approach my lord with affection now, I will here take thee by force, who wilt be unnerved since thou shalt be dragged along by the hair !" 7.

देव्युवाच

॥ मन्त्र १० ॥

दैत्येश्वरेण प्रहितो बलवान्बलसंवृतः ।
बलान्नयसि मामेवं ततः किं ते करोम्यहम् ॥

॥ मन्त्र ११–श्लोक ८ ॥

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र १२ ॥

इत्युक्तः सोऽभ्यधावत्तामसुरो धूम्रलोचनः ।
हूंकारेणैव तं भस्म सा चकाराम्बिका ततः ॥

॥ मन्त्र १३—श्लोक ९ ॥

देवी बोली—दैत्यों के स्वामी ने तुम्हें भेजा है, तुम स्वयं बलशाली हो तथा तुम्हारे साथ सेना भी है, ऐसी स्थिति में यदि तुम मुझे जबरदस्ती ले चलोगे तो मैं तुम्हारा क्या कर सकती हूं।

॥ श्लोक ८ ॥

ऋषि ने कहा—देवी के ऐसा कहने पर धूम्र-लोचन उनकी ओर दौड़ा, तब अम्बिका ने हुंकार शब्द के उच्चारण से ही उसे भस्म कर दिया।

॥ श्लोक ९ ॥

The goddess said :

Sent by the king of the Daityas, mighty thyself, and accompanied by an army, thou dost thus take me by force—then what can I do unto thee ? 8.

The ṛishi said :

At this reply the Asura Dhūmra-loçana rushed towards her, then Ambikā with a mere roar reduced him to ashes. 9.

अथ क्रुद्धं महासैन्यमसुराणां तथाम्बिकाम् ।
ववर्ष सायकैस्तीक्ष्णैस्तथा शक्तिपरश्वधैः ॥

॥ मन्त्र १४—श्लोक १० ॥

ततो धुतसटः कोपात्कृत्वा नादं सुभैरवम् ।
पपातासुरसेनायां सिंहो देव्याः स्ववाहनः ॥

॥ मन्त्र १५-श्लोक ११ ॥

कांश्चित्करप्रहारेण दैत्यानास्येन चापरान् ।
आक्रम्य चाधरेणान्यान्संजघान महासुरान् ॥

॥ मन्त्र १६—श्लोक १२ ॥

केषांचित्पाटयामास नखैः कोष्ठानि केसरी ।
तथा तलप्रहारेण शिरांसि कृतवान्पृथक् ॥

॥ मन्त्र १७—श्लोक १३ ॥

इसके बाद क्रोध से परिपूर्ण राक्षसों की विशाल सेना और अम्बिका ने परस्पर तीक्ष्ण बाणों, शक्तियों, फरसों आदि की वर्षा करना प्रारम्भ कर दिया ॥ श्लोक १० ॥

And the great army of Asuras enraged poured on Ambikā a shower both of sharp arrows and of javelins and axes. 10.

भगवती जगदम्बा का वाहन सिंह क्रोध से उद्दीप्त होकर भयंकर गर्जना करते हुए अपनी ग्रीवा के केशों को आन्दोलित करता हुआ राक्षसों की सेना पर कूद पड़ा ॥ श्लोक ११ ॥

The lion that carried the goddess, shaking his mane in anger and uttering a most terrific roar, fell on the army of Asuras. 11.

देवी वाहन सिंह ने कुछ असुरों को अपने अगले पंजों के प्रहार से और अन्य दैत्यों को मुख से, कितनों को अपनी दाढ़ों से आक्रमण करके मार डाला ॥ श्लोक १२ ॥

He slaughtered some Asuras with a blow from his fore-paw, and others with his mouth, and others very great Asuras, by striking them with his hind foot. 12.

देवी वाहन सिंह ने अनेक असुरों के उदर को अपने नखों से फाड़ डाला और अनेकों के मस्तकों को अपने हाथों के प्रहार द्वारा धड़ से अलग कर दिया । ॥ श्लोक १३ ॥

The lion with his claws tore out the entrails of some, and struck their heads off with a cuff-like blow. 13.

विच्छिन्नबाहुशिरसः कृतास्तेन तथापरे ।
पपौ च रुधिरं कोष्ठादन्येषां धुतकेसरः ॥

॥ मन्त्र १८—श्लोक १४ ॥

क्षणेन तद्बलं सर्वं क्षयं नीतं महात्मना ।
तेन केसरिणा देव्या वाहनेनातिकोपिना ॥

॥ मन्त्र १९-श्लोक १५ ॥

श्रुत्वा तमसुरं देव्या निहतं धूम्रलोचनम् ।
बलं च क्षयितं कृत्स्नं देवीकेसरिणा ततः ॥

॥ मन्त्र २०-श्लोक १६ ॥

चुकोप दैत्याधिपतिः शुम्भः प्रस्फुरिताधरः ।
आज्ञापयामास च तौ चण्डमुण्डौ महासुरौ ॥

॥ मन्त्र २१-श्लोक १७ ॥

अनेकों के हाथ और सिर काट दिए और अपनी ग्रीवा के केशों को हिलाते हुए अन्य दैत्यों के उदरों को फाड़कर उनका रक्त पान कर लिया। महाबलिष्ठ एवं अत्यन्त क्रुद्ध देवी वाहन सिंह ने पल भर में राक्षसों की सम्पूर्ण सेना को नष्ट कर दिया ॥ श्लोक १४–१५ ॥

And he severed arms and heads from others, and shaking his mane drank the blood that flowed from the entrails of others. In a moment all that army was brought to destruction by the high-spirited lion, who bore the goddess and who was enraged exceedingly. 14–15.

शुम्भ ने जब यह सुना कि देवी ने धूम्रलोचन को मार दिया और उनके वाहन सिंह ने सम्पूर्ण सेना का विनाश कर दिया, तो वह क्रुद्ध हुआ और उसके ओष्ठ फड़फड़ाने लगे ॥ श्लोक १६–१७ ॥

When he heard that that Asura Dhūmra loçana was slain by the goddess, and all his army besides was destroyed by the goddess' lion, Śumbha, the lord of the Datiyas, fell into a rage and his lip quivered greatly, and he commanded the two mighty Asuras Çaṇḍa and Muṇḍa. 16–17.

हे चण्ड हे मुण्ड बलैर्बहुलैः परिवारितौ ।
तत्र गच्छत गत्वा च सा समानीयतां लघु ॥

॥ मन्त्र २२-श्लोक १८ ॥

केशेष्वाकृष्य बद्ध्वा वा यदि वः संशयो युधि ।
तदाशेषायुधैः सर्वैरसुरैर्विनिहन्यताम् ॥

॥ मन्त्र २३-श्लोक १९ ॥

तस्यां हतायां दुष्टायां सिंहे च विनिपातिते ।
शीघ्रमागम्यतां बद्ध्वा गृहीत्वा तामथाम्बिकाम् ॥

॥ मन्त्र २४-श्लोक २० ॥

॥ इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये
शुम्भनिशुम्भसेनानी धूम्रलोचनवधो नाम षष्ठोऽध्यायः ॥

शुम्भ ने चण्ड और मुण्ड नामक महाराक्षसों को आज्ञा दी कि हे चण्ड ! हे मुण्ड ! तुम दोनों बहुत बड़ी सेना लेकर जाओ और उस देवी को बाल पकड़ कर घसीट कर या बाँध कर शीघ्र यहाँ ले आओ । यदि उसको यहाँ लाने में सन्देह हो तो युद्ध क्षेत्र में समस्त अस्त्र-शस्त्रों और सारी असुर सेना के द्वारा प्रहार करके उसे मार डालो ।

॥ श्लोक १८-१९ ॥

उस दुष्टा अम्बिका तथा सिंह को मार कर और बाँध कर उनको अपने साथ लेकर जल्दी लौट आओ ॥ श्लोक २० ॥

मार्कण्डेय पुराण में सावर्णि से सम्बद्ध मन्वन्तर कथा के अन्तर्गत देवी माहात्म्य में धूम्रलोचन वध नामक षष्ठ अध्याय सम्पूर्ण हुआ ।

"Ho, Caṇḍa ! Ho, Muṇḍa ! take with you a multitude of troops and go there; and going there bring her here speedily, dragging her by her hair or binding her; if ye have a doubt of that, then let her be slain outright in fight by all the Asuras brandishing all their weapons. 18-19.

"When that shrew is slain and her lion striken down, seize her, Ambikā, bind her and bring her quickly !" 20.

The end of the slaying of Śumbha and Niśumbha's general Dhūmra-loçana.

सप्तमोऽध्यायः

ऋषिरुवाच

॥ मन्त्र १ ॥

आज्ञप्तास्ते ततो दैत्याश्चण्डमुण्डपुरोगमाः ।
चतुरङ्गबलोपेता ययुरभ्युद्यतायुधाः ॥

॥ मन्त्र २-श्लोक १ ॥

सप्तम अध्याय

चण्ड और मुण्ड का बध

देवी काली ने दूसरी असुर सेना का भी संहार कर दिया और सेनापति चण्ड और मुण्ड को मार दिया। चण्डिका ने काली को पुरस्कार स्वरूप चामुण्डा नाम प्रदान किया।

ऋषि ने कहा—शुम्भ की आज्ञा से चण्ड मुण्ड की अगुवाई में असुर लोगों ने चतुरंगिणी सेना सहित आयुधों से सुसज्जित होकर युद्ध के लिए प्रस्थान किया ॥ श्लोक १ ॥

THE DEVĪ MĀHĀTMYA

The slaying of Caṇḍa and Muṇḍa.

The goddess Kālī *destroyed the second Asura army and also the generals* Çaṇḍa *and* Muṇḍa—Çaṇḍikā *gave* Kālī *as a reward the name* Çāmuṇḍā.

The ṛishi said :

Then at his command the Daityas, led by Çaṇḍa and Muṇḍa, and arrayed in the four-fold order of an army, marched with weapons uplifted. 1.

ददृशुस्ते ततो देवीमीषद्धासां व्यवस्थिताम् ।
सिंहस्योपरि शैलेन्द्रशृङ्गे महति काञ्चने ॥

॥ मन्त्र ३-श्लोक २ ॥

ते दृष्ट्वा तां समादातुमुद्यमं चक्रुरुद्यताः ।
आकृष्टचापासिधरास्तथान्ये तत्समीपगाः ॥

॥ मन्त्र ४-श्लोक ३ ॥

ततः कोपं चकारोच्चैरम्बिका तानरीन्प्रति ।
कोपेन चास्या वदनं मसीवर्णमभूत्तदा ॥

॥ मन्त्र ५-श्लोक ४ ॥

भ्रुकुटीकुटिलात्तस्या ललाटफलकाद् द्रुतम् ।
काली करालवदना विनिष्क्रान्तासिपाशिनी ॥

॥ मन्त्र ६-श्लोक ५ ॥

असुरों ने पर्वतराज हिमालय के स्वर्णमय शिखर पर, सिंह के ऊपर बैठी हुई तथा मन्द-मन्द मुस्कराती हुई देवी को देखा ॥ श्लोक २ ॥

असुर लोग देवी को पकड़ने का प्रयास करने लगे। किसी ने धनुष खींच लिया और किसी ने तलवार तथा कुछ असुर देवी के समीप जा पहुँचे। ॥ श्लोक ३ ॥

अनन्तर अम्बिका को उन असुर शत्रुओं पर अत्यन्त क्रोध आया और क्रोध से उनका मुखमण्डल काले रंग का हो गया ॥ श्लोक ४ ॥

उनकी भौंहें तन गईं और हाथ में खड्ग तथा पाश लिए हुए ललाट से विकराल मुखवाली काली तुरन्त अवतरित हुईं ॥ श्लोक ५ ॥

Soon they saw the goddess slightly smiling, seated upon the lion, on a huge golden peak of the majestic mountain. 2.

On seeing her some of them made a strenuous effort to capture her, and others approached her holding their bows bent and their swords drawn. 3.

Thereat Ambikā uttered her wrath aloud against those foes, and her countenance then grew dark as ink in her wrath. 4.

Out from the surface of her forehead, which was rugged with frowns, issued suddenly Kālī of the terrible countenance. 5.

विचित्रखट्वाङ्गधरा नरमालाविभूषणा ।
द्वीपिचर्मपरीधाना शुष्कमांसातिभैरवा ॥

॥ मन्त्र ७—श्लोक ६ ॥

अतिविस्तारवदना जिह्वाललनभीषणा ।
निमग्नारक्तनयना नादापूरितदिङ्मुखा ॥

॥ मन्त्र ८—श्लोक ७ ॥

सा वेगेनाभिपतिता घातयन्ती महासुरान् ।
सैन्ये तत्र सुरारीणामभक्षयत तद्बलम् ॥

॥ मन्त्र ९—श्लोक ८ ॥

पार्ष्णिग्राहाङ्कुशग्राहियोधघण्टासमन्वितान् ।
समादायैकहस्तेन मुखे चिक्षेप वारणान् ॥

॥ मन्त्र १०—श्लोक ९ ॥

वे विचित्र खट्वांग (नर पन्जरी नामक आयुध विशेष) लिए हुए, नर मुण्डों की माला तथा चीते के चर्म का वस्त्र (व्याघ्र चर्म) धारण किये हुए थीं तथा अत्यन्त भयंकर लगने वाली और शुष्क देहमांस वाले अस्थिपंजर को धारण किये थीं। इसलिए उनकी आकृति अत्यन्त भयंकर लग रही थी ॥ श्लोक ६ ॥

Armed with a sword and noose, bearing a many-coloured skull-topped staff, decorated with a garland of skulls, clad in a tiger's skin, very appalling because of her emaciated flesh. 6.

उनकी मुखाकृति विशाल थी और लपलपाती हुई जिह्वा से वे अत्यन्त भयंकर दिखाई दे रही थीं। उनके नेत्र भीतर धंसे हुए और रक्त वर्ण के हो रहे थे ॥ श्लोक ७ ॥

Exceedingly wide of mouth lolling out her tongue terribly, having deep-sunk reddish eyes, and filling the regions of the sky with her roars. 7.

अम्बिका अपने भयंकर नाद से समस्त दिशाओं को गुंजित कर रही थीं तथा विशालकाय असुरों का संहार करती हुई दैत्य सेना पर बड़े वेग से आक्रमण कर दैत्यों को उदरस्थ करने लगीं।

॥ श्लोक ८ ॥

She fell upon the great Asuras impetuously, dealing slaughter among the host, and devoured that army of the gods' foes there. 8.

पृष्ठ भाग के रक्षकों, अग्रिम पंक्ति के अंकुश लिए हुए योद्धाओं तथा घण्टों समेत हाथियों के समूह को एक हाथ से पकड़ कर उन्होंने मुंह में प्रविष्ट कर लिया ॥ श्लोक ९ ॥

Taking up the elephants with one hand she flung them into her mouth, together with their rearmen and drivers and their warrior-riders and bells. 9.

तथैव योधं तुरगै रथं सारथिना सह ।
निक्षिप्य वक्त्रे दशनैश्चर्वयत्यतिभैरवम् ॥

॥ मन्त्र ११-श्लोक १० ॥

एकं जग्राह केशेषु ग्रीवायामथ चापरम् ।
पादेनाक्रम्य चैवान्यमुरसान्यमपोथयत् ॥

॥ मन्त्र १२-श्लोक ११ ॥

तैर्मुक्तानि च शस्त्राणि महास्त्राणि तथासुरैः ।
मुखेन जग्राह रुषा दशनैर्मथितान्यपि ॥

॥ मन्त्र १३-श्लोक १२ ॥

बलिनां तद्बलं सर्वमसुराणां दुरात्मनाम् ।
ममर्दाभक्षयच्चान्यानन्याँश्चाताडयत्तथा ॥

॥ मन्त्र १४-श्लोक १३ ॥

देवी ने सारथियों एवं अश्वों सहित रथों तथा उसके सिपाहियों को मुँह में डाल कर भयंकर रूप से चबा लिया ॥ श्लोक १० ॥

किसी असुर के केश खींच लिये, किसी की गर्दन मरोड़ दी तथा किसी को पैर से दबा कर अथवा वक्षस्थल की टक्कर देकर प्राणान्त कर दिया ॥ श्लोक ११ ॥

दैत्यों द्वारा छोड़े गए अस्त्र-शस्त्रों को देवी ने अपने मुख से पकड़ लिया और क्रोध से अपने दांतों से पीस दिया ॥ श्लोक १२ ॥

बलिष्ठ तथा दुरात्मा दैत्यों की सम्पूर्ण सेना का मर्दन कर डाला और भक्षण कर लिया, अन्य कुछ असुरों को मार कर खदेड़ दिया।
॥ श्लोक १३ ॥

Flinging likewise warrior with his horses, and chariot with its driver into her mouth, she ground them most frightfully with her teeth. 10.

She seized one by the hair, and another by the neck; and she kicked another with her foot, and crushed another against her breast. 11.

And she seized with her mouth the weapons and the great arms which those Asuras abandoned, and crunched them up with her teeth in her fury. 12.

She crushed all that host of mighty and high-spirited Asuras; and devoured some and battered orhers. 13.

असिना निहताः केचित् केचित्खट्वाङ्गताडिताः ।
जग्मुर्विनाशमसुरा दन्ताग्राभिहतास्तथा ॥

॥ मन्त्र १५-श्लोक १४ ॥

क्षणेन तद्बलं सर्वमसुराणां निपातिम् ।
दृष्ट्वा चण्डोऽभिदुद्राव तां कालीमतिभीषणाम् ॥

॥ मन्त्र १६-श्लोक १५ ॥

शरवर्षैर्महाभीमैर्भीमाक्षीं तां महासुरः ।
छादयामास चक्रैश्च मुण्डः क्षिप्तैः सहस्रशः ॥

॥ मन्त्र १७-श्लोक १६ ॥

तानि चक्राण्यनेकानि विशमानानि तन्मुखम् ।
बभुर्यथार्कबिम्बानि सुबहूनि घनोदरम् ।

॥ मन्त्र १८-श्लोक १७ ॥

भगवती ने कुछ असुरों को खड्ग से मार दिया और कुछ को खट्वाङ्ग से आहत किया तथा कुछ को नुकीले दांतों से मार डाला।

॥ श्लोक १४ ॥

Some were slain with her sword, some were struck with her skull-topped staff, and other Asuras met their death being wounded with the edge of her teeth. 14.

इस प्रकार क्षण भर में देवी ने दैत्यों की समस्त सेना को युद्ध में मार दिया। इस दृश्य को देखकर चण्ड अत्यन्त भयंकर दिखाई पड़ने वाली काली की ओर दौड़ पड़ा ॥ श्लोक १५ ॥

Seeing all that host of Asuras laid low in a moment, Caṇḍa rushed against her, Kālī, who was exceedingly appalling. 15.

महाराक्षस मुण्ड ने अत्यन्त भयंकर बाणों की वर्षा कर तथा हजारों बार चक्र चलाकर भयानक नेत्र वाली देवी को ढक दिया।

॥ श्लोक १६ ॥

Muṇḍa the great Asura covered her, the terrible-eyed goddess, with very terrible showers af arrows and with discuses hurled in thousands. 16.

देवी के मुख में प्रवेश करते हुए वे असंख्य चक्र ऐसे प्रतीत होते थे मानों एक साथ बहुत से सूर्य-मण्डल बादलों के भीतर जा रहे हों।

॥ श्लोक १७ ॥

Those discuses seemed to be penetrating her countenance in multitudes, like as very many solar orbs might penetrate the body of a thunder-cloud. 17.

ततो जहासातिरुषा भीमं भैरवनादिनी ।
काली करालवक्त्रान्तर्दुर्दर्शदशनोज्ज्वला ॥

॥ मन्त्र १९–श्लोक १८ ॥

उत्थाय च महासिं हंदेवी चण्डमधावत ।
गृहीत्वा चास्य केशेषु शिरस्तेनासिनाच्छिनत् ॥

॥ मन्त्र २०—श्लोक १९ ॥

अथ मुण्डोऽभ्यधावत्तां दृष्ट्वा चण्डं निपातितम् ।
तमप्यपातयद्भूमौ सा खड्गाभिहतं रुषा ॥

॥ मन्त्र २१—श्लोक २० ॥

इसके बाद भयानक नाद करने वाली काली ने, जिसके विकराल मुख में डरावने दांतों की कांति आभासित हो रही थी, अत्यन्त क्रोधपूर्ण मुद्रा में भयंकर अट्टहास किया ॥ श्लोक १८ ॥

देवी विशाल खड्ग हाथ में लेकर क्रोध सूचक 'हं' शब्द का उच्चारण करती हुई चण्ड की ओर दौड़ीं और उसके केशों को पकड़कर खड्ग से उसका सिर काट दिया ॥ श्लोक १९ ॥

चण्ड को मृत्युदशा में देखकर मुण्ड भी देवी की ओर दौड़ा। देवी ने क्रोधित होकर उसको भी खड्ग से मार कर पृथ्वी पर गिरा दिया ।

॥ श्लोक २० ॥

Thereat Kālī, who was roaring frightfully, laughed terribly with excessive fury, showing the gleam of her unsightly teeth within her dreadful mouth. 18.

And the goddess, mounting upon her great lion, rushed at Caṇḍa, and seizing him by his hair struck off his head with her sword. 19.

And Muṇḍa also rushed at her when he saw Caṇḍa laid low; him also she felled to the ground, stricken with her scymitar in her fury. 20.

ततो जहासातिरुषा भीमं भैरवनादिनी ।
काली करालवक्त्रान्तर्दुर्दर्शदशनोज्ज्वला ॥

॥ मन्त्र १९–श्लोक १८ ॥

उत्थाय च महासिं हंदेवी चण्डमधावत ।
गृहीत्वा चास्य केशेषु शिरस्तेनासिनाच्छिनत् ॥

॥ मन्त्र २०—श्लोक १९ ॥

अथ मुण्डोऽभ्यधावत्तां दृष्ट्वा चण्डं निपातितम् ।
तमप्यपातयद्भूमौ सा खड्गाभिहतं रुषा ॥

॥ मन्त्र २१—श्लोक २० ॥

इसके बाद भयानक नाद करने वाली काली ने, जिसके विकराल मुख में डरावने दांतों की कांति आभासित हो रही थी, अत्यन्त क्रोधपूर्ण मुद्रा में भयंकर अट्टहास किया ॥ श्लोक १८ ॥

देवी विशाल खड्ग हाथ में लेकर क्रोध सूचक 'हं' शब्द का उच्चारण करती हुई चण्ड की ओर दौड़ीं और उसके केशों को पकड़कर खड्ग से उसका सिर काट दिया ॥ श्लोक १९ ॥

चण्ड को मृत्युदशा में देखकर मुण्ड भी देवी की ओर दौड़ा। देवी ने क्रोधित होकर उसको भी खड्ग से मार कर पृथ्वी पर गिरा दिया।
॥ श्लोक २० ॥

Thereat Kālī, who was roaring frightfully, laughed terribly with excessive fury, showing the gleam of her unsightly teeth within her dreadful mouth. 18.

And the goddess, mounting upon her great lion, rushed at Caṇḍa, and seizing him by his hair struck off his head with her sword. 19.

And Muṇḍa also rushed at her when he saw Caṇḍa laid low; him also she felled to the ground, stricken with her scymitar in her fury. 20.

हतशेषं ततः सैन्यं दृष्ट्वा चण्डं निपातितम् ।
मुण्डं च सुमहावीर्यं दिशो भेजे भयातुरम् ॥

॥ मन्त्र २२-श्लोक २१ ॥

शिरश्चण्डस्य काली च गृहीत्वा मुण्डमेव च ।
प्राह प्रचण्डाट्टहासमिश्रमभ्येत्य चण्डिकाम् ॥

॥ मन्त्र २३-श्लोक २२ ॥

मया तवात्रोपहृतौ चण्डमुण्डौ महापशू ।
युद्धयज्ञे स्वयं शुम्भं निशुम्भं च हनिष्यसि ॥

॥ मन्त्र २४-श्लोक २३ ॥

महाबलशाली चण्ड और मुण्ड को मरा हुआ देखकर मृत्यु से बची हुई बाकी सेना भय से आतुर होकर चारों दिशाओं में भाग गयी ॥ श्लोक २१ ॥

इसके बाद काली चण्ड और मुण्ड का सिर अपने हाथ में लेकर चण्डिका के पास पहुँचीं तथा बड़े जोर से अट्टहास करते हुए कहा ॥ श्लोक २२ ॥

मैंने चण्ड और मुण्ड नामक इन दो महापशुओं की तुमको भेंट दी है, अब तुम स्वयं युद्ध के यज्ञ में शुम्भ और निशुम्भ का वध करोगी ॥ श्लोक २३ ॥

Then the army, so much as escaped unslain, seeing Caṇḍa laid low and most valiant Muṇḍa also, seized with panic fled in all directions. 21.

And Kālī, holding Çaṇḍa's head and Muṇḍa also, approached Çaṇḍikā and said her voice mingled with passionate loud laughter : 22.

Moreover knowledge is conferred by her who is the adorable Vishṇu's Illusive power. By her thou and this vaiśya and other men of discrimination, and celebrated men are bewitched; and others shall become bewitched. Go unto her, the supreme queen, as to a place of refuge, O great king. She indeed, when propitiated by men, bestows enjoyment, Svarga and final emancipation from existence. 2–3.

Mārkaṇḍeya said :

Having heard this his speech, king Suratha fell prostrate before the illustrious ṛishi who preformed severe penances, and being down-

ददतुस्तौ बलिं चैव निजगात्रासृगुक्षितम् ।
एवं समाराधयतोस्त्रिभिर्वर्षैर्यतात्मनोः ॥

॥ मन्त्र १२—श्लोक ९ ॥

परितुष्टा जगद्धात्री प्रत्यक्षं प्राह चण्डिका ॥

॥ मन्त्र १३ ॥

देव्युवाच

॥ मन्त्र १४ ॥

यत्प्रार्थ्यते त्वया भूप त्वया च कुलनन्दन ।

॥ श्लोक १० ॥

मत्तस्तत्प्राप्यतां सर्वं परितुष्टा ददामि तत् ॥

॥ मन्त्र १५ ॥

सुरथ और समाधि दोनों ही अपने शरीर के रक्त से प्रोक्षण कर बलि देते थे। इस प्रकार संयम के साथ निरन्तर तीन वर्षों तक वे भगवती जगदम्बा की आराधना करते रहे। तदनन्तर जगन्माता चण्डिका ने प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन दिया और कहा—॥ श्लोक ९ ॥

When they continued with subdued souls to propitiate her thus for three years, Caṇḍikā, who upholds the world, well-pleased spoke in visible shape. 9.

The goddess said :

देवी ने कहा—हे राजन्! तथा हे वैश्य तुम दोनों ने अपने जिस अभीष्ट की प्राप्ति के लिए तप किया है, वह मुझसे प्राप्त करो, मैं तुम से प्रसन्न हूं और वह सब मैं तुम्हें देती हूं ॥ श्लोक १० ॥

What thou dost solicit, O king, and thou O rejoicer of thy family, receive ye all that from me; well-pleased I bestow it. 10.

मार्कण्डेय उवाच

॥ मन्त्र १६ ॥

ततो वव्रे नृपो राज्यमविभ्रंश्यन्यजन्मनि ॥

॥ श्लोक ११ ॥

अत्रैव च निजं राज्यं हतशत्रुबलं बलात् ॥

॥ मन्त्र १७ ॥

सोऽपि वैश्यस्ततो ज्ञानं वव्रे निर्विण्णमानसः ॥

॥ श्लोक १२ ॥

ममेत्यहमिति प्राज्ञः सङ्गविच्युतिकारकम् ॥

॥ मन्त्र १८ ॥

देव्युवाच

॥ मन्त्र १९ ॥

स्वल्पैरहोभिर्नृपते स्वं राज्यं प्राप्स्यते भवान् ॥

॥ मन्त्र २०-श्लोक १३ ॥

मार्कण्डेय ने कहा—राजा सुरथ ने अग्रिम जन्म में भी निरापद, निष्कंटक राज्य की प्रार्थना की तथा इस जन्म में शत्रुओं के सैन्य बल को नष्ट कर अपने अपहृत राज्य को पुनः प्राप्त करने की कामना की। ॥ श्लोक ११ ॥

वैश्य समाधि ने भी सांसारिक भावों से विरक्त होकर अपने पराये की ममता-मोह का विच्छेद करने वाले मोक्षदायक ज्ञान को प्राप्त करने की कामना की ॥ श्लोक १२ ॥

देवी ने कहा—(सुरथ एवं वैश्य की प्रार्थनाओं को सुनकर प्रसन्नचित्त देवी ने उन दोनों से कहा—) हे राजन् सुरथ ! कुछ ही समय पश्चात् तुम अपने परम्परागत राज्य को पुनः प्राप्त कर लोगे तथा विपक्षियों को मार कर तुम्हारा राज्य निष्कंटक होगा ॥ श्लोक १३ ॥

Mārkaṇḍeya said :

Then the king chose a kingdom that should not perish in another life, and in this life his own kingdom wherein the power of his enemies should be destroyed by force. 11.

Then the vaiśya also, whose mind was down-cast, chose knowledge,—to be wise, knowing 'what is mine', and 'what I am,'—knowledge that causes the downfall of worldly attachments. 12.

The goddess said :

O king, thou shalt obtain thine own kingdon in a very few days, after slaying thine enemies; it shall be steadfast for thee there. 13.

हत्वा रिपूनस्खलितं तव तत्र भविष्यति ॥

॥ मन्त्र २१ ॥

मृतश्च भूयः संप्राप्य जन्म देवाद् विवस्वतः ॥

॥ मन्त्र २२-श्लोक १४ ॥

सावर्णिको मनुर्नाम भवान्भुवि भविष्यति ।

॥ मन्त्र २३ ॥

वैश्यवर्य त्वया यश्च वरोस्मत्तोऽभिवाञ्छितः ॥

॥ मन्त्र २४-श्लोक १५ ॥

तं प्रयच्छामि संसिद्धयै तव ज्ञानं भविष्यति ॥

॥ मन्त्र २५ ॥

मार्कण्डेय उवाच

॥ मन्त्र २६ ॥

इति दत्वा तयोर्देवी यथाभिलषितं वरम् ।

॥ मन्त्र २७-श्लोक १६ ॥

इस देह त्याग के पश्चात् अग्रिम जन्म में तुम सूर्यदेव और उनकी शक्ति सवर्णा से उत्पन्न हो कर सावर्णिक मनु के नाम से संसार में प्रसिद्धि पाओगे। हे कुलश्रेष्ठ वैश्य! तुमने मोक्ष प्राप्ति का जो वर मांगा है वह वर मैं तुम्हें देती हूं, तुम्हें ब्रह्म का साक्षात्कार होगा॥ श्लोक १४-१५॥

मार्कण्डेय ने कहा—(इस प्रकार मार्कण्डेय मुनि इस आराधना को समाप्त करते हुए अपने शिष्य क्रौष्टुकि से कहते हैं) हे क्रौष्टुकि! इस प्रकार राजा सुरथ तथा समाधि नामक वैश्य को मनोभिलषित वर प्राप्त होने के कारण उन दोनों ने भक्तिभाव से भगवती की स्तुति की और वह (भगवती) तत्काल ही अन्तर्धान हो गईं।

And when dead thou shalt gain another life from the god Vivasvat, and shalt be a Manu on earth, by name Sāvarṇika. And O excellent vaiśya, I bestow on thee the boon which thou hast besought of me; knowledge shall be thine unto full perfection. 14–15.

Mārkaṇḍeya said :

Having thus given them both the boon that each desired, the goddess vanished forthwith, while extolled by them both in faith.

बभूवान्तर्हिता सद्यो भक्त्या ताम्यामभिष्टुता ।
एवं देव्या वरं लब्ध्वा सुरथः क्षत्रियर्षभः ॥

॥ मन्त्र २८-श्लोक १७ ॥

सूर्याज्जन्म समासाद्य सावर्णिर्भविता मनुः ॥

॥ मन्त्र २९ ॥

सावर्णिर्भविता मनुः ॥ ॐ ॥

॥ इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये
सुरथवैश्ययोर्वरप्रदानं नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥

हे क्रौष्टुके ! इस तरह देवी द्वारा अभिलषित वरप्राप्त, क्षत्रियों में श्रेष्ठ, राजा सुरथ राज्योपभोग कर शरीर त्याग के बाद अग्रिम जन्म में सूर्य से जन्म लेकर सावर्णि नामक मनु के नाम से इस पृथ्वी पर उत्पन्न होंगे ॥ श्लोक १६–१७ ॥

श्रीमार्कण्डेयपुराण में सावर्णि से सम्बद्ध मन्वन्तर-कथा के अन्तर्गत देवीमाहात्म्य में सुरथ एवं समाधि का 'वर प्राप्ति' नामक त्रयोदश अध्याय सम्पूर्ण हुआ ।

Having thus gained the boon from the goddess, Suratha the noble kshattriya shall obtain a new birth through the Sun, and shall be the Manu Sāvarṇi. 16–17.

The end of Devī Māhātmya.

अथोत्तरभाग आरभ्यते ।

ऋग्वेदोक्तं देवीसूक्तम्–

ॐ अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यह मा दित्यैरुतविश्वदेवैः ।
अहं मित्रावरुणोभावि भर्म्यहमिन्द्राग्नी अहमश्विनोभा ॥

॥ १ ॥

देवी सूक्त

'देव्यथर्वशीर्ष' में देवी द्वारा इस सूक्त के कहे जाने का उल्लेख है। अतः यह देवी सूक्त कहलाता है। महर्षि अम्भृण की वाक् नाम की ब्रह्म-विदुषी कन्या ने इसके द्वारा स्वयं की आत्म रूप में स्तुति की है। वह इस सूक्त की ऋषि हैं तथा सर्वव्यापी सच्चिदानन्द रूप परमात्मा इसके देवता हैं। इनसे अपने तादात्म्य का अनुभव करने के कारण सम्पूर्ण जगत् के अधिष्ठान के रूप में इस ऋषिका ने स्वयं को स्थापित किया है।



मैं समस्त प्राणियों में आत्मरूप में अवस्थित सत् चित्, आनन्दरूपिणी देवी हूं। मैं एकादश रुद्र, वसु, आदित्य एवं विश्वेदेवों के रूप में संचरण करती हूं। मैं ही, मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि तथा दोनों अश्विनीकुमारों को धारण किये हुए हूं। जिस प्रकार संसार का कारण माया है उसी प्रकार समस्त

DEVĪ SŪKTA

(Being uttered by the goddess herself, when all the gods assembled before her, it is known as the Devī Sūkta. *It was a prayer made by* Vāk, *the godly daughter of* Maharṣhi Ambhraṇa, *who, therefore, is the* Ṛishi *of this* Sūkta. *The all pervasive ultimate* Brahma *is the deity. Her feeling of identity with* Brahma *and the assertion that I am that which is the basis of the universe—find expression in the* Devī Sūkta.)

I am the goddess subsisting as self in all living beings in the nature of existence, consciousness and bliss. I move about as the eleven Rudras, Vasu, Āditya and all universal gods and initiate motion. It is I that keeps in fold Mitra, Varuṇa, Indra, Agni, and both the Aśvini Kumāras. Even as Māyā is the cause of the

अहं सोमं माहनसं विभर्म्यहं त्वष्टारमुतपूषणं भगम् ।
अहं दधामिद्रविणंहविष्मते सुप्राव्ये३ यजमानाय सुन्वते ॥

॥ २ ॥

अहं राष्ट्रीसङ्गमनी वसूनां चिकितुषीप्रथमा यज्ञियानाम् ।
तां मा देवा व्यदधुः पुरुत्रा भूरिस्थात्रां भूर्या वेशयन्तीम् ॥

॥ ३ ॥

विश्व शुक्ति में चाँदी के भ्रम की तरह मेरे भीतर ही निहित है अर्थात् इस अखिल विश्व की उत्पत्ति का कारण मैं ही हूं ॥ १ ॥

मैं शत्रु विनाशक, आकाशचारी देवताओं, सोम, त्वष्टा, प्रजापति, पूषा एवं भग आदि को धारण करती हूं तथा मैं ही उस यजमान को यज्ञ का श्रेष्ठ फल एवं धन प्रदान करती हूं, जो देवताओं को विशिष्ट हविष्य प्रदान कर सोमरस से उन्हें तृप्त करता है ॥ २ ॥

समस्त विश्व की अधीश्वरी के रूप में मैं अपने उपासकों को ऐश्वर्य प्रदान करती हूं एवं उपास्य परब्रह्म से अभिन्न होते हुए प्रपंच स्वरूप में मैं विभिन्न भावों में अवस्थित हूं। मैं समस्त भूतगणों में स्थित हूं। समस्त देवता विभिन्न रूपों में जो कुछ भी करते हैं, वह मेरी उपासना ही है ॥ ३ ॥

world, I am the ultimate cause of all, like a mother of pearl giving the illusion of silver. 1.

I take the form of all celestial gods like Soma, the destroyer of foes, Tvashta, Prajāpati, Pūsha and Bhag and bestow fame, glory and the fruition of sacrificial rites upon the yajmānas who offer specific oblations to the gods satiating them with soma juice. 2.

As the Supreme goddess of the world, I shower prosperity and excellence on my devotees. Being inseparable from the revered Parabrahma, I inhere in the various manifestations of illusory forms as also I exist in all living beings. All that the gods perform together is by way of devotion unto me. 3.

मयासो अन्नमत्ति योविपश्यति यः प्राणिति य ईंशृणोत्युक्तम् ।
अमन्तवो मान्त उपक्षियन्ति श्रुधि श्रुत श्रद्धिवं ते वदामि ॥

॥ ४ ॥

अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टंदेवेभि रुत मानुषेभिः ।
यं कामये तं तमुग्रंकृणोमितं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम् ॥

॥ ५ ॥

अहं रुद्राय धनुरातनोमि ब्रह्मद्विषे शरं वेहन्त वाउ ।
अहं जनाय समदंकृणोम्यहं द्यावा पृथिवी आविवेश ॥

॥ ६ ॥

मेरी शक्ति के द्वारा ही प्राणी श्वास लेना, देखना सुनना एवं खाना आदि विभिन्न क्रियाएं सम्पादित करता है। जो लोग मुझे भोक्तृ-शक्ति के रूप में नहीं जानते, वे अज्ञानवश हीनदशा को प्राप्त होते हैं। हे बहुश्रुत ! मात्र श्रद्धा एवं भक्ति के द्वारा प्राप्त होने वाले ब्रह्म के रहस्य का मैं उपदेश देती हूं, सुनो ॥ ४ ॥

It is due to my energy that any living one breathes, hears, feeds or performs similar activities. Those who do not recognise my consuming power ignorantly fall into humbler plights. O learned one ! I preach before you the mysteries of the Brahma attainable only through faith and devotion. 4.

मैं इन्द्र आदि देवताओं तथा मनुष्यों के द्वारा प्रेमपूर्वक सेवित इस ब्रह्मरूप तत्व का उपदेश करती हूं। मैं जिसे शक्तिसम्पन्न बनाने की इच्छा करती हूं उसे जगत् का स्रष्टा ब्रह्मा तथा अतीन्द्रिय ज्ञान से युक्त ऋषि और उच्च कोटि का मेधावी बना देती हूं ॥ ५ ॥

I preach the substance that is Brahma, fondly adored by Indra and other gods, as also by human beings. Whosever I please to make mighty, I render him mightier and make him like Brahmā, the creator of the world, a ṛishi endowed with super-sensory knowledge and an intellectual of a very high order. 5.

मैं ही ब्रह्मज्ञान द्रोही, हिंसक वृत्ति के असुरों का विनाश करने के लिए रुद्र के धनुष का आकर्षण करती हूं तथा शरणागतों की सुरक्षार्थ उनके शत्रुओं से लोहा लेती हूं। मैं ही पृथ्वी एवं आकाश में अन्तर्यामी के रूप में अवस्थित रहती हूं ॥ ६ ॥

Is is I who destroys the violent Asuras opposing the knowledge of Brahma and for doing so twang the bow-string of Rudra thereby offering protection to my devotees, battling against their foes. 6.

अहं सुवे पितरमस्य मूर्द्धन्ममयोनि रप्स्वं१ तः समुद्रे ।
ततो वितिष्ठे भुवनानु विश्वो तामूंद्यां वर्ष्मणोपस्पृशामि ॥

॥ ७ ॥

अहमेव वात इव प्रवाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा ।
परो दिवा पर एना पृथिव्यैतावती महिना संबभूव ॥

॥ ८ ॥

॥ इति देवीसूक्तं सम्पूर्णम् ॥

मैं ही इस विश्व के स्थावर जंगम, अधिष्ठान के परमात्मतत्व के ऊपर पितृ रूप आकाश की सृष्टि करती हूं। मेरे द्वारा ही समुद्र (जो कि समस्त भूतों का परमात्मस्वरूप में उत्पादक है) तथा जल (बुद्धि सम्बन्धी व्यापार) में मेरे द्वारा ही चैतन्य स्वरूप ब्रह्म स्थित है, अतः समस्त भुवनों में मैं व्यापक हूं ॥ ७ ॥

मैं ही जब कारण रूप में अखिल ब्रह्माण्ड की रचना में संलग्न होती हूं तो वायु की गति से मैं स्वयं चलने लगती हूं तथा स्वेच्छा से ही कर्मोन्मुख होती हूं अर्थात् विभिन्न कर्मों में संलग्न होती हूं। मैं स्वर्गलोक का भी अपने शरीर से स्पर्श करती हूं। पृथ्वी और आकाश दोनों से ही मैं दूर हूं। यह सब मेरी अपनी महिमा का ही प्रभाव है ॥ ८ ॥

देवी सूक्त सम्पूर्ण हुआ ।

I stretch the canopy of a paternal sky over the fundamental self-substance of all animate and inanimate objects. The ultimate causal reality existing in the ocean is verily due to me and it is through me that ultimate consciousness and total intelligence inhere in water (intellection) and, therefore, I pervade all the three worlds. 7.

As the uncaused cause, when I take up the creation of the entire universe, I begin to blow with the breath of air and by my own pleasure and will become action-oriented and functional. I also embrace the heavens with my body. I am beyond the earth and the sky. All that is present is the manifestation of my glory. 8.

Here ends the Devī–Sūkta.

आराध्यं यन्मया देव्याः स्वरूपं येन च द्विज ।
विधिना ब्रूहि सकलं यथावत्प्रणतस्य मे ॥
॥ २ ॥

ऋषिरुवाच

इदं रहस्यं परममनाख्येयं प्रचक्षते ।
भक्तोऽसीति न मे किञ्चित्तवावाच्यं नराधिप ॥
॥ ३ ॥

सर्वस्याद्या महालक्ष्मीस्त्रिगुणा परमेश्वरी ।
लक्ष्यालक्ष्यस्वरूपा सा व्याप्य कृत्स्नं व्यवस्थिता ॥
॥ ४ ॥

हे द्विज श्रेष्ठ ! मैं आपके चरणों में नतमस्तक हूं। मुझे जिस विधि से और देवी के जिस स्वरूप की आराधना करनी है, वह सब विधि पूर्वक बतलाइये ॥ २ ॥

O excellent twice-born sir, I bow my head at your feet. Kindly tell me systematically the method of worship as also that form of the goddess which I have to worship. 2.

ऋषि कहते हैं—हे राजन् ! जो तुमने प्रश्न किया वह रहस्यमय और गोपनीय है; किन्तु मेरे भक्त हो इसलिए तुमसे कुछ भी अकथनीय नहीं है। ॥ ३ ॥

The ṛishi said :

The question that you have asked ,O King, is full of mystery and secrecy. But you are my devotee hence nothing is to be concealed from you. 3.

त्रिगुणात्मिका परमेश्वरी महालक्ष्मी ही सब की आदिकारण हैं। दृश्य और अदृश्य रूप से वे ही सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त होकर अवस्थित हैं ॥ ४ ॥

The ultimate goddess Mahālakshmī, having the three attributes, is the prime cause of all. She alone pervades the entire universe, established in all manifest and unmanifest forms. 4.

मातुलिङ्गं गदां खेटं पानपात्रं च बिभ्रती ।
नागं लिङ्गं च योनिं च बिभ्रती नृप मूर्द्धनि ।।
॥ ५ ॥

तप्तकाञ्चनवर्णाभा तप्तकाञ्चनभूषणा ।
शून्यं तदखिलं स्वेन पूरयामास तेजसा ।।
॥ ६ ॥

शून्यं तदखिलं लोकं विलोक्य परमेश्वरी ।
बभार परमं रूपं तमसा केवलेन हि ।।
॥ ७ ॥

सा भिन्नाञ्जनसंकाशा दंष्ट्राङ्कितवरानना ।
विशाललोचना नारी बभूव तनुमध्यमा ।।
॥ ८ ॥

हे राजन् ! महालक्ष्मी अपनी चार भुजाओं में मातुलिङ्ग (बिजौरे का फल), गदा, खेट (ढाल) एवं पानपात्र और मस्तक पर नाग, लिङ्ग और योनि इन वस्तुओं को धारण करती हैं ॥ ५ ॥

तपाए हुए सोने के समान उनकी कान्ति है तथा तप्त स्वर्ण के समान ही उनके आभूषण हैं। उन्होंने अपने तेज से इस शून्य जगत् को परिपूर्ण किया है ॥ ६ ॥

परमेश्वरी महालक्ष्मी ने इस समस्त जगत् को शून्य देखकर केवल तमोगुण युक्त उपाधि के द्वारा एक दूसरा उत्कृष्ट रूप धारण किया है ॥ ७ ॥

एक नारी के रूप में वह रूप प्रकट हुआ, जिसके शरीर की कान्ति दीप्तिमान काजल की भांति काले रंग की थी। उसका उत्कृष्ट मुख दाढ़ों से शोभित था, दोनों नेत्र विशाल तथा कटि भाग (कमर) पतला था ॥ ८ ॥

Mahālakshmī holds citron fruit, club, shield and drinking bowl in her four hands, O king, and on her head she wears Nāg, linga and Yoni. 5.

Her complexion is very much like gold purified in fire and her ornaments also are of molten gold. She has fulfilled the void of the world with her radiance. 6.

Finding the entire universe a void, the ultimate goddess Mahālakshmī has taken another excellent form by dint of her attribute of Tamas. 7.

That attribute took a woman's form, the lustre of whose body was like luminous soot. Her excellent mouth was graced with jaw-teeth, both of her eyes were large and her waist was slim. 8.

खड्गपात्रशिरःखेटैरलंकृतचतुर्भुजा ।
कबन्धहारं शिरसा बिभ्राणा हि शिरःस्रजम् ॥
॥ ९ ॥

सा प्रोवाच महालक्ष्मीं तामसी प्रमदोत्तमा ।
नाम कर्म च मे मातर्देहि तुभ्यं नमो नमः ॥
॥ १० ॥

तां प्रोवाच महालक्ष्मीस्तामसीं प्रमदोत्तमाम् ।
ददामि तव नामानि यानि कर्माणि तानि ते ॥
॥ ११ ॥

महामाया महाकाली महामारी क्षुधा तृषा ।
निद्रा तृष्णा चैकवीरा कालरात्रिर्दुरत्यया ॥
॥ १२ ॥

उसकी चारों भुजाएं ढाल, तलवार, प्याला (चषक पात्र) और कटे हुए मुण्ड से सुशोभित थीं। वक्षःस्थल पर कबंध (धड़) तथा मस्तक पर वह मुण्डमाला धारण किए हुए थीं ॥ ९ ॥

Her four hands were adorned with shield, scymitar, goblet, and a severed head. She had a torso on her breast and on her head was a wreath of severed heads. 9.

इस तरह प्रकट स्त्रियों में उत्कृष्ट तामसी देवी ने महालक्ष्मी से कहा—हे माता ! आपको प्रणाम है। मेरा नाम और कर्म बतलाइये ॥ १० ॥

That Tāmasī goddess, excellent among women, who thus took form, spoke to goddess Mahālakshmī : O mother, I bow in reverence before you. Please give me my name and tell me my functions. 10.

तब महालक्ष्मी ने स्त्रियों में उत्कृष्ट उस तामसी देवी से कहा—मैं तुम्हें नाम प्रदान करती हूं तथा तुम्हारे जो-जो कर्म हैं, उनको भी बतलाती हूं। ॥ ११ ॥

Thereat Mahālakshmī said to the Tāmasī goddess, excellent among womankind : I bestow a name upon you and shall also tell you the functions that you have to perform. 11.

महामाया, महाकाली, महामारी, क्षुधा, तृषा, निद्रा, तृष्णा, एकवीरा, कालरात्रि तथा दुरत्यया—ये ही तुम्हारे नाम हैं, जो कर्मों के द्वारा जगत्

Mahāmāyā, Mahākālī, Hunger, Thirst, Sleep, Covetuousness, Ekvīrā, Kālarātri and Duratyayā—These are your names that will be

इमानि तव नामानि प्रतिपाद्यानि कर्मभिः ।
एभिः कर्माणि ते ज्ञात्वा योऽधीते सोऽश्नुते सुखम् ॥
॥ १३ ॥

तामित्युक्त्वा महालक्ष्मीः स्वरूपमपरं नृप ।
सत्वाख्येनातिशुद्धेन गुणेनेन्दुप्रभं दधौ ॥
॥ १४ ॥

अक्षमालाङ्कुशधरा वीणापुस्तकधारिणी ।
सा बभूव वरा नारी नामान्यस्यैव सा ददौ ॥
॥ १५ ॥

महाविद्या महावाणी भारती वाक् सरस्वती ।
आर्या ब्राह्मी कामधेनुर्बीजगर्भा च धीश्वरी ॥
॥ १६ ॥

में चरितार्थ होंगे। इन नामों के माध्यम से तुम्हारे कर्मों का ज्ञान प्राप्त कर जो उनका पाठ करता है, वह समस्त सुखों का उपभोग करता है ॥ १२-१३ ॥

हे नृप ! महाकाली से यह कहकर महालक्ष्मी ने अत्यन्त शुद्ध सत्त्व गुण से युक्त दूसरा स्वरूप धारण किया जो चन्द्रमा की तरह गौरवर्ण था ॥ १४ ॥

वह उत्कृष्ट नारी अपने हाथों में अक्षमाला, अंकुश, वीणा एवं पुस्तक धारण किए हुए थी। उसको भी महालक्ष्मी ने नाम प्रदान किए ॥ १५ ॥

महाविद्या, महावाणी, भारती, वाक्, सरस्वती, आर्या, ब्राह्मी, कामधेनु, बीजगर्भा और धीश्वरी (बुद्धि की अधिष्ठात्री)—ये तुम्हारे नाम होंगे ।
॥ १६ ॥

justified by the deeds you will perform. One who recites your names by attaining a knowledge of your deeds therefrom, shall attain all sorts of happiness. 12–13.

Having thus spoken to Kālī, O king, Mahālakshmī took another form from the purest of her attribute of Satva which was as fair as the moon. 14.

That excellent lady had a garland of eyes, dart, Vīṇā and book in her four hands. To her also Mahālakshmī gave the following names: 15.

Mahāvidyā, Mahāvāṇī, Bhāratī, Vāk, Saraswatī, Āryā, Brāhmī, Kāmdhenu, Bījagarbhā and Dhīśvarī (the goddess of intellect). 16.

अथोवाच महालक्ष्मीर्महाकालीं सरस्वतीम् ।
युवां जनयतां देव्यौ मिथुने स्वानुरूपतः ॥
॥ १७ ॥

इत्युक्त्वा ते महालक्ष्मीः ससर्ज मिथुनं स्वयम् ।
हिरण्यगर्भौ रुचिरौ स्त्रीपुंसौ कमलासनौ ॥
॥ १८ ॥

ब्रह्मन्विधे विरिञ्चेति धातरित्याह तं नरम् ।
श्रीः पद्मे कमले लक्ष्मीत्याह माता च तां स्त्रियम् ॥
॥ १९ ॥

महाकाली भारती च मिथुने सृजतः सह ।
एतयोरपि रूपाणि नामानि च वदामि ते ॥
॥ २० ॥

इसके उपरान्त महालक्ष्मी ने महाकाली तथा महासरस्वती से कहा—देवियो ! तुम दोनों अपने-अपने गुणों के अनुरूप स्त्री-पुरुष के जोड़े उत्पन्न करो। ॥ १७ ॥

उन दोनों से यह कहकर महालक्ष्मी ने प्रथम स्वयं ही स्त्री-पुरुष का एक जोड़ा उत्पन्न किया। वे दोनों हिरण्यगर्भ (सात्विक ज्ञान सम्पन्न) और सुन्दर तथा कमल के आसन पर सुशोभित थे। उन दोनों में एक स्त्री और दूसरा पुरुष था ॥ १८ ॥

तदुपरान्त महालक्ष्मी ने पुरुष को ब्रह्मन्, विधे, विरिञ्चि तथा धातः, इन शब्दों से सम्बोधित किया तथा स्त्री को श्री ! पद्मे ! कमले ! लक्ष्मी ! इन सम्बोधनान्त नामों से सम्बोधित किया ॥ १९ ॥

इसके अनन्तर महाकाली तथा महासरस्वती ने भी अलग-अलग एक-एक जोड़ा उत्पन्न किया। इनके भी रूपों और नामों को मैं तुम्हें बतलाता हूं। ॥ २० ॥

Thereafter, Mahālakshmī said to Mahākālī and Mahāsaraswatī: You goddesses both give birth to couples of man and woman according to your attributes. 17.

Having thus spoken to both of them, Mahālakshmī first herself produced a couple–a man and a woman–both of them were Hiraṇyagarbha (full of pure knowledge) and beautiful and were seated on a lotus. 18.

Mahālakshmī then addressed the male as Brāhman, Vidhi, Viranci, and Dhātah. She also addressed the woman as Srī, Padmā, Kamalā and Lakshmī. 19.

Thereafter Mahākālī and Mahāsarawatī also produced a couple each. I give you their names and their forms. 20.

नीलकण्ठं रक्तबाहुं श्वेताङ्गं चन्द्रशेखरम् ।
जनयामास पुरुषं महाकाली सितां स्त्रियम् ॥
॥ २१ ॥

स रुद्रः शङ्करः स्थाणुः कपर्दी च त्रिलोचनः ।
त्रयी विद्या कामधेनुः सा स्त्री भाषाक्षरा स्वरा ॥
॥ २२ ॥

सरस्वती स्त्रियं गौरीं कृष्णं च पुरुषं नृप ।
जनयामास नामानि तयोरपि वदामि ते ॥
॥ २३ ॥

विष्णुः कृष्णो हृषीकेशो वासुदेवो जनार्दनः ।
उमा गौरी सती चण्डी सुन्दरी सुभगा शिवा ॥
॥ २४ ॥

नीलकण्ठ (नीलवर्ण कण्ठ), रक्तबाहु (लाल रंग के हाथों वाला), श्वेतांग (गौरवर्ण शरीर), चन्द्रशेखर (मस्तक पर चन्द्रमा का मुकुट धारण किए हुए) पुरुष को एवं गौर वर्ण की स्त्री को उत्पन्न किया ॥ २१ ॥

वह पुरुष रुद्र, शंकर, स्थाणु, कपर्दी एवं त्रिलोचन के नामों से विख्यात हुआ तथा त्रयी, विद्या, कामधेनु, भाषा, अक्षरा, स्वरा, ये नाम स्त्री के प्रसिद्ध हुए ॥ २२ ॥

हे नृप ! महासरस्वती ने गौरवर्ण की स्त्री और श्यामवर्ण के पुरुष को उत्पन्न किया। उन दोनों के नाम भी मैं तुम्हें बतलाता हूं ॥ २३ ॥

इन दोनों में पुरुष के नाम विष्णु, कृष्ण, हृषीकेश, वासुदेव तथा जनार्दन प्रसिद्ध हुए। तथा उमा, गौरी, सती, चण्डी, सुभगा एवं शिवा, इन नामों से स्त्री की प्रसिद्धि हुई ॥ २४ ॥

Nīlakaṇṭha (blue–throated), Rakta–bāhu (Red – handed), Śvetāṅga (fair coloured), Çandra–Śekhar (wearing the moon as a crown) was the male and the woman was fair complexioned. 21.

The man came to be known as Rudra, Śankar, Sthāṇu, Kapardī and Triloçana and Trayī, Vidyā, Kāmdhenu, Bhāshā, Akshara, Svarā were the names through which the female became known all over. 22.

O King, Mahāsaraswatī produced a fair coloured woman and a dark complexioned man. I give you their respective names. 23.

Of the two, the man attained fame by the names of Vishṇu, Kṛishṇa, Hṛishikeśa, Vāsudeo, and Janārdana. Umā, Gaurī, Satī, Çaṇḍī, Subhagā and Śivā were the names by which the female became famous. 24.

एवं युवतयः सद्यः पुरुषत्वं प्रपेदिरे ।
चक्षुष्मन्तो नु पश्यन्ति नेतरेऽतद्विदो जनाः ॥
॥ २५ ॥

ब्रह्मणे प्रददौ पत्नीं महालक्ष्मीर्नृपत्रयीम् ।
रुद्राय गौरीं वरदां वासुदेवाय च श्रियम् ॥
॥ २६ ॥

स्वरया सह संभूय विरञ्च्योऽण्डमजीजनत् ।
बिभेद भगवान् रुद्रस्तद् गौर्या सह वीर्यवान् ॥
॥ २७ ॥

अण्डमध्ये प्रधानादि कार्यजातमभून्नृप ।
महाभूतात्मकं सर्वं जगत्स्थावरजङ्गमम् ॥
॥ २८ ॥

इस प्रकार तीनों ही युवतियां तत्क्षण ही पुरुष स्वरूप को प्राप्त हो गईं। इस रहस्य को ज्ञानरूप नेत्र वाले व्यक्ति ही समझ सकते हैं। अन्य अज्ञानी पुरुष इस रहस्य को नहीं जान सकते ॥ २५ ॥

हे नृप ! महालक्ष्मी ने त्रयीविद्या-स्वरूपिणी सरस्वती को पत्नी के रूप में ब्रह्मा को समर्पित किया। वर प्रदायिनी गौरी को रुद्र की पत्नी तथा लक्ष्मी को वासुदेव की पत्नी के रूप में प्रदान किया ॥ २६ ॥

तदुपरान्त ब्रह्मा ने सरस्वती के साथ संयुक्त होकर ब्रह्माण्ड उत्पन्न किया एवं भगवान् रुद्र ने गौरी के साथ संयुक्त होकर उस ब्रह्माण्ड का भेदन किया ॥ २७ ॥

हे नृप ! उस ब्रह्माण्ड में प्रधान (महत् तत्त्व) आदि कार्य-समूह पञ्च महाभूत के रूप में परिणत होकर सम्पूर्ण स्थावर जंगम जगत् की सृष्टि हुई। ॥ २८ ॥

Thus all the three women attained man's forms. This mystery is intelligible only to those who have the eyes of knowledge. Other ignorant ones cannot fathom this mystery out. 25.

O king, Mahālakshmī gave away Saraswatī—the incarnation of the three-fold knowledge—to Brahmā as wife, the boon-bestowing Gaurī to Rudra and Lakshmī as spouse to Vāsudeo. 26.

Then Brahmā in conjugation with Sarasvatī, produced the egg of the universe and Rudra coupled with Gaurī pierced that universal egg. 27.

O king, in that universe, activated to Pradhān or the elements of Mahat etc., charged the five eternal elements to create animate beings and inanimate objects. 28.

पुपोष पालयामास तल्लक्ष्म्या सह केशवः ।
संजहार जगत्सर्वं सह गौर्या महेश्वरः ।।
॥ २९ ॥

महालक्ष्मीर्महाराज सर्वसत्त्वमयीश्वरी ।
निराकारा च साकारा सैव नानाभिधानभृत् ।।
॥ ३० ॥

नामान्तरैर्निरूप्यैषा नाम्ना नान्येन कुत्रचित् ।
॥ ३१ ॥

।। इति प्राधानिकरहस्यं सम्पूर्णम् ।।

इसके अनन्तर भगवान् विष्णु ने लक्ष्मी के साथ मिलकर उस जगत् का पालन-पोषण किया तथा भगवान् महेश्वर ने गौरी के साथ प्रलयकाल में उस समस्त जगत् का संहार किया ॥ २९ ॥

हे महाराज सुरथ ! महालक्ष्मी ही सर्वसत्व-मयी तथा सम्पूर्ण तत्त्वों की स्वामिनी हैं। वे ही निराकार और साकार रूप में परिणत होकर विभिन्न नामों को धारण करती हैं ॥ ३० ॥

सगुण वाचक सत्य, ज्ञान, चित्, महामाया आदि अनेक नामों से देवी महालक्ष्मी का निरूपण करना चाहिए। केवल महालक्ष्मी इस एक नाम से तथा दूसरे प्रत्यक्षादिक प्रमाणों से उनका निरूपण सम्भव नहीं हो सकता ॥ ३१ ॥

॥ प्राधानिक रहस्य सम्पूर्ण हुआ ॥

Thereafter Vishṇu in conjugation with Lakshmī undertook the care and preservation of that world and lord Maheśwara with Gaurī brought about its destruction at the great deluge. 29.

O king Surath, Mahālakshmī alone is full of all substance and the goddess of all elements. She alone incarnates all names and forms by manifesting herself in various forms, and formlessly. 30.

The goddess has to be expounded by giving her the attributive names of truth, knowledge, consciousness, Mahāmāyā etc. It is not possible to explain her by the lone name of Mahālakshmī or to prove her existence by perception or other epistemological sources. 31.

Here ends the Prādhānik Rahasya.

अथ वैकृतिकरहस्यारम्भः ॥

ऋषिरुवाच

त्रिगुणा तामसी देवी सात्त्विकी या त्रिधोदिता ।
सा शर्वा चण्डिका दुर्गा भद्रा भगवतीर्यते ॥

॥ १ ॥

वैकृतिक रहस्य

सुमेधा ऋषि प्राधानिक रहस्य में वर्णित त्रिगुणात्मिका शक्तियों के ध्यान और उपासना क्रम का उपदेश करते हुए राजा सुरथ से कहते हैं--रजोगुणयुक्त त्रिगुणात्मिका महालक्ष्मी, महाकाली और महासरस्वती का परस्पर अभेद होने से उनको त्रिगुणा कहा गया है।

हे राजन्! जो तामसी आदि भेदसे पूर्व में त्रिगुणात्मिका शक्ति बतलायी गई है वही शर्वा, चण्डिका, दुर्गा, भद्रा और भगवती आदि नामों से कही गई हैं॥ १॥

VAIKRATIK RAHASYA

The ṛishi Sumedhā *preaching before king* Surath *the order of meditation and worship of the triple-attributed Energies prescribed in the* Prādhānik–Rahasya, *says* : *The triple-attributed, raj-predominated* Mahālakshmī, Mahākālī *and* Mahā-Saraswatī *are mutually inseparable and hence called* Triguṇā.

The ṛishi (Sumedhā) said :

O King, the goddess with the three attributes, but the preponderance of sattva formerly described as Tāmasī, etc., is also verily called Śarvā, Çaṇḍikā, Durgā, Bhadrā and Bhagawatī. 1.

योगनिद्रा हरेरुक्ता महाकाली तमोगुणा ।
मधुकैटभनाशार्थं यां तुष्टावाम्बुजासनः ॥

॥ २ ॥

दशवक्त्रा दशभुजा दशपादाञ्जनप्रभा ।
विशालया राजमाना त्रिंशल्लोचनमालया ॥

॥ ३ ॥

स्फुरद्दशनदंष्ट्रा सा भीमरूपापि भूमिप ।
रूपसौभाग्यकान्तीनां सा प्रतिष्ठा महाश्रियः ॥

॥ ४ ॥

अर्थात् मूल लक्ष्मी ही इन अनेक नामों से सम्बोधित हुई हैं। भगवान् विष्णु की योगनिद्रा के रूप में बताई गई तमोगुण प्रधान काली हैं, जिनकी स्तुति मधुकैटभ के विनाश के लिए ब्रह्मा ने की है। (महदादि अणुपर्यन्त समस्त जगत् को कवलित करने के कारण ये महाकाली कहलाती हैं।) ॥ २ ॥

Owing to the yogic sleep of Vishṇu, Mahā-kālī has a preponderance of Tamas. She was invoked by Brahmā for killing the demons Madhu and Kaitabha and is known as Mahā-kālī. 2.

इनका स्वरूप इस प्रकार है––दस मुख, दस भुजाएं (अर्थात् पांच दाहिनी तथा पांच बांई ओर) तथा दक्षिण एवं वाम के भेद से पांच-पांच पैर और नील अञ्जन की तरह वे कान्ति युक्त तथा तीस विशाल नेत्रों की माला से सुशोभित हैं। अर्थात् इनके प्रत्येक मुख में तीन नेत्र हैं ॥ ३ ॥

She has ten faces, ten hands, and ten legs. She is soot black in colour and has a radiant row of thirty eyes. 3.

हे राजन् ! वे दांतों और दाढ़ों से भयंकर रूप धारण किये हुए भी रूप, सौभाग्य, कान्ति और महा-सम्पत्ति तथा प्रतिष्ठा देने वाली हैं। आशय यह है कि शत्रुओं के लिए भयंकर होते हुए भी भक्तों को सौभाग्य देती हैं ॥ ४ ॥

O king, her teeth aud jaw-teeth keep shining giving her an awe-inspiring form. Even so, she is the abode of beauty, good fortune, splendour and dignity. 4.

खड्गबाणगदाशूलं चक्रपाश (शङ्ख) भुशुण्डिभृत् ।
परिघं कार्मुकं शीर्षं निश्चयोतद्रुधिरं दधौ ॥
॥ ५ ॥

एषा सा वैष्णवी माया महाकाली दुरत्यया ।
आराधिता वशीकुर्यात्पूजाकर्तुश्चराचरम् ॥
॥ ६ ॥

सर्वदेवशरीरेभ्यो याविर्भूताऽमितप्रभा ।
त्रिगुणा सा महालक्ष्मीः साक्षान्महिषमर्दिनी ॥
॥ ७ ॥

महाकाली दक्षिण हस्त से लेकर वाम हस्त तक क्रमशः खड्ग, बाण, गदा, शूल, चक्र, पाश (शङ्ख), भुशुण्डि, परिघ, धनुष तथा रक्त-स्राव करते हुए मुण्ड को धारण किए हुए हैं ॥ ५ ॥

In her hands she holds scymitar, arrow, club, mace, discus, conch, gun, chopper, bow and a human head dripping blood. 5.

यही वैष्णवी माया शक्ति हैं तथा ब्रह्मा आदि स्तम्भ पर्यन्त समस्त पदार्थों की लय भूमि होने से महाकाली कहलाती हैं। इनकी प्राप्ति बड़े कष्ट से होती है, किन्तु भक्ति पूर्वक और विधि-विधान से इनकी सेवा और आराधना करने पर उपासक (पूजक) स्थावर जङ्गम विश्व को अपने वश में कर लेता है ॥ ६ ॥

Such is she, Mahākālī, also called Vaishṇavī Māyā, difficult to attain. But on being worshipped, she brings the aminate and inanimate world under the possession of her devotee. 6.

महालक्ष्मी का स्वरूप इस प्रकार है---हे राजन्! समस्त देवताओं के शरीर से अद्भुत स्वरूप वाली जो शक्ति प्रकट हुई, वे ही महालक्ष्मी हैं। वे त्रिगुणात्मिका हैं अर्थात् मूल प्रकृति कहलाती हैं। इन्हीं का नाम महिषमर्दिनी (महिषासुर का वध करने वाली) है ॥ ७ ॥

The energies produced from the bodies of gods were incarnated by Mahālakshmī. She is primordial nature comprising the triple attributes and she is also Mahishāsur-mardinī (killer of the demon Mahish). 7.

श्वेतानना नीलभुजा सुश्वेतस्तनमण्डला ।
रक्तमध्या रक्तपादा नीलजङ्घोरुरुन्मदा ॥
॥ ८ ॥

सुचित्रजघना चित्रमाल्याम्बरविभूषणा ।
चित्रानुलेपना कान्तिरूपसौभाग्यशालिनी ॥
॥ ९ ॥

अष्टादशभुजा पूज्या सा सहस्रभुजा सती ।
आयुधान्यत्र वक्ष्यन्ते दक्षिणाधःकरक्रमात् ॥
॥ १० ॥

अक्षमाला च कमलं बाणोऽसिः कुलिशं गदा ।
चक्रं त्रिशूलं परशुः शङ्खो घण्टा च पाशकः ॥
॥ ११ ॥

महिषमर्दिनी का स्वरूप शिवांश होने के कारण श्वेतमुखवाली, विष्णु के अंश के कारण नीलभुजा और चन्द्रांश के कारण श्वेतस्तनमण्डल वाली, इन्द्रांश के कारण रूप में रक्तवर्ण वाली, ब्रह्मांश के कारण रक्तवर्ण के पैरों वाली, वरुण के अंश के कारण नील जङ्घा और ऊरु वाली, अपराजिता होने के कारण उन्मदा, सुचित्रजघना चित्रमाल्याम्बर-विभूषणा, (विभिन्न वस्त्रों और पुष्पों से विभूषित) और अनेक प्रकार के सुगन्धित द्रव्यों का लेप करने वाली, अङ्ग-प्रत्यङ्ग में कान्ति धारण करने वाली तथा अतिशय सौभाग्यशालिनी हैं ॥ ८–९ ॥

ये महालक्ष्मी अष्टादश भुजा के रूप में पूज्या हैं (सहस्र शब्द यहां अनन्त वाचक है) तथा ये अनन्त भुजा भी कहलाती हैं। हे राजन् ! इस प्रकार जिन महालक्ष्मी का मैंने स्वरूप बतलाया है, उन सर्वाधिष्ठात्री, सर्वदेवमयी भगवती की जो उपासक पूजा करता है, वह समस्त लोकों और देवों का स्वामी होता है। ये कमल पर विराजमान हैं तथा दाहिने हाथ से लेकर बांये हाथ तक आयुधों से सुशोभित हैं।

Her face is fair, her arms are blue and her round breasts are snow-white, her waist and legs are red, with blue thighs and calves. Being inconquerable, she is rapturous in her strength. Her thighs are extraordinarily beautiful, and covered by a multi-coloured cloth which looks charming. Her annointments are also colourful and she is graced with beauty, splendour and good fortune. 8–9.

She of thousands of arms, is worshipped as having eighteen arms. The weapons which she holds are now described from those in her right hands to those in her left from bottom to top. O king, a devotee who worships the Sarva-devamayī (having all the gods) goddess

शक्तिर्दण्डश्चर्म चापं पानपात्रं कमण्डलुः ।
अलंकृतभुजामेभिरायुधैः कमलासनाम् ॥
॥ १२ ॥

सर्वदेवमयीमीशां महालक्ष्मीमिमां नृप ।
पूजयेत्सर्वलोकानां स देवानां प्रभुर्भवेत् ॥
॥ १३ ॥

गौरीदेहात्समुद्भूता या सत्वैकगुणाश्रया ।
साक्षात्सरस्वती प्रोक्ता शुम्भासुरनिवर्हिणी ॥
॥ १४ ॥

दधौ चाष्टभुजा बाणमुसले शूलचक्रभृत् ।
शङ्खं घण्टां लाङ्गलं च कार्मुकं वसुधाधिप ॥
॥ १५ ॥

इनके आयुध इस प्रकार हैं––अक्षमाला, कमल, बाण, असि (तलवार) कुलिश (वज्र), गदा और चक्र, त्रिशूल, परशु (फरसा)। ये आयुध दाहिने हाथ के नीचे से आरम्भ होकर ऊपर तक अवस्थित हैं। शङ्ख, घण्टा, पाश, शक्ति, दण्ड, चर्म, धनुष, पान पात्र और कमण्डलु, ये नौ आयुध बांए हाथ के ऊपर से आरम्भ होकर नीचे तक अवस्थित हैं।

॥ १०–१३ ॥

Mahālakshmī becomes the master of all the world and all the gods. She is seated on a lotus and has the following weapons : Akshamālā (garland of eyes), lotus, arrow, sword, thunder-bolt, club, discus, trident, axe (in her right hands) and conch, bell, noose, Śakti, staff, hide, bow, goblet and mendicant's pot (in her left hands). 10–13.

महासरस्वती का ध्यान—शुम्भासुर का वध करने वाली, जो मैंने पूर्व में बतलाया है, वे ही साक्षात् सरस्वती हैं। वे सत्त्वगुणमयी और गौरी की देह से उत्पन्न हुई हैं। इनके आयुध अग्रांकित हैं। हे राजन्! पूर्वोक्त सरस्वती अष्ट-भुजा हैं। इनके दाहिने हाथ में बाण, मूसल तथा शूल और चक्र हैं एवं बांये हाथ में शङ्ख, घण्टा, लांगल (हल), कार्मुक (धनुष) धारण किए हुएहैं ॥ १४–१५ ॥

Dependent only upon the attribute of Sattva having emanated from the body of Gaurī and who has killed the demon Śumbha, she is Saraswatī manifest. O lord of the earth, she has eight arms and she holds in her hands arrow, pounder, mace, discus, conch, bell, plough and bow respectively. 14–15.

एषा संपूजिता भक्त्या सर्वज्ञत्वं प्रयच्छति ।
निशुम्भमथिनी देवी शुम्भासुरनिवर्हिणी ॥
॥ १६ ॥

इत्युक्तानि स्वरूपाणि मूर्तीनां तव पार्थिव ।
उपासनं जगन्मातुः पृथगासां निशामय ॥
॥ १७ ॥

महालक्ष्मीर्यदा पूज्या महाकाली सरस्वती ।
दक्षिणोत्तरयोः पूज्ये पृष्ठतो मिथुनत्रयम् ॥
॥ १८ ॥

सरस्वती की उपासना का फल––सरस्वती देवी साधकों द्वारा भक्तिपूर्वक समर्पित भाव से पूजा करने पर साधकों को त्रिकालज्ञ होने की शक्ति देती हैं, अर्थात् त्रिकालदर्शी बनाती हैं। ये ही निशुम्भ तथा शुम्भ की विध्वंसिनी हैं ॥ १६ ॥

This goddess Saraswatı who is the vanquisher of Niśumbha and the destroyer of Śumbhāsur, when worshipped devotedly, bestows omniscience, 16.

हे राजन् ! इस प्रकार मैंने तुम्हें पूर्वोक्त तीनों मूर्तियों का स्वरूप बतलाया है, इसके उपरान्त अब जगज्जननी महालक्ष्मी, महाकाली एवं महासरस्वती इन तीनों की पृथक्-पृथक् उपासना सुनो ॥ १७ ॥

O king, thus the forms of the goddess have here been narrated and now listen to the methods of worship of the world-mother in her separate forms. 17.

आवरण देवों के स्थान––जब चर्तुभुजा महालक्ष्मी का पूजन किया जाय तब मध्य में उनकी पूजा करके दाहिनी और बांई ओर क्रमशः चर्तुभुजा महाकाली एवं चतुर्भुजा महासरस्वती का पूजन करना चाहिए। इनके पृष्ठ भाग में तीनों मिथुनों का पूजन करना चाहिए ॥ १८ ॥

When the worship of Mahālakshmi has to be performed, her idol has to be installed in the middle and Mahākālī and Mahāsaraswatī have to be placed towards its right and left sides respectively. 18.

विरञ्चिः स्वरया मध्ये रुद्रो गौर्या च दक्षिणे ।
वामे लक्ष्म्या हृषीकेशः पुरतो देवतात्रयम् ॥

॥ १९ ॥

अष्टादशभुजा मध्ये वामे चास्या दशानना ।
दक्षिणेऽष्टभुजा लक्ष्मीर्महतीति समर्चयेत् ॥

॥ २० ॥

अष्टादशभुजा चैषा यदा पूज्या नराधिप ।
दशानना चाष्टभुजा दक्षिणोत्तरयोस्तदा ॥

॥ २१ ॥

मध्य में अवस्थित महालक्ष्मी के पृष्ठ भाग में सरस्वती एवं ब्रह्मा का पूजन करना चाहिए। महाकाली के पृष्ठ भाग में गौरी के साथ रुद्र की पूजा एवं महासरस्वती के पृष्ठ भाग में लक्ष्मी सहित विष्णु की पूजा करनी चाहिए। महालक्ष्मी आदि तीनों देवियों के सामने अग्रिम श्लोक में वर्णित तीन देवियों का पूजन करना चाहिए ॥ १९ ॥

मध्य में अवस्थित महालक्ष्मी के सामने अष्टादश भुजा लक्ष्मी का पूजन करना चाहिए तथा इनकी बांई ओर अवस्थित महाकाली के सामने दशानना अर्थात् प्रथम चरित्र की अधिष्ठात्री का पूजन करना चाहिए एवं इनके दाहिनी ओर अवस्थित महासरस्वती के सामने उत्तर चरित्र की अधिष्ठात्री अष्टभुजा सरस्वती का पूजन करना चाहिए ॥ २० ॥

त्रिशक्तियों की स्वतन्त्र पूजा का प्रकार—

यदि मध्य में अष्टादशभुजा की पूजा की जाए तो उनकी दांयी ओर दशानना तथा बांयी ओर अष्टभुजा की, इसी तरह यदि मध्य में दशानना की पूजा की जाए तो दायीं ओर अष्टादश भुजा एवं बायीं ओर अष्टभुजा एवं यदि मध्य में अष्टभुजा की पूजा की जावे तो दायें अष्टादश भुजा एवं बायें

Just in Mahālakshmī's rear, Saraswatī and Brahmā should be worshipped. Towards the back of Mahākālī, Rudra with Gaurī and back of Mahāsaraswatī, Vishṇu with Lakshmī have to be worshipped. 19.

Just in front of the centrally placed Mahālakshmī, the eighteen-armed Mahālakshmī should be placed and worshipped and in front of Mahālakshmī placed at her right, the ten-faced Mahākālī has to be worshipped. At the right of Mahāsaraswatī, the eight-armed Saraswatī should be worshipped. 20.

O King, if the eighteen-armed goddess is to be worshipped, she should be placed in the middle and on her right and left respectively the ten-faced and the eight-armed goddesses should be installed. However, for quelling

कालमृत्यू च संपूज्यौ सर्वारिष्टप्रशान्तये ।
यदा चाष्टभुजा पूज्या शुम्भासुरनिवर्हिणी ॥
॥ २२ ॥

नवास्याः शक्तयः पूज्यास्तथा रुद्रविनायकौ ।
नमो देव्या इति स्तोत्रैर्महालक्ष्मीं समर्चयेत् ॥
॥ २३ ॥

अवतारत्रयार्चायां स्तोत्रमन्त्रास्तदाश्रयाः ।
अष्टादशभुजा चैषा पूज्या महिषमर्दिनी ॥
॥ २४ ॥

महालक्ष्मीर्महाकाली सैव प्रोक्ता सरस्वती ।
ईश्वरी पुण्यपापानां सर्वलोकमहेश्वरी ॥
॥ २५ ॥

दशानना की पूजा करने का नियम है । किन्तु मध्य में तीनों शक्तियों में से किसी की भी पूजा करने पर अरिष्ट शान्ति के लिए उनके दाहिनी ओर काल और बायीं ओर मृत्यु की पूजा करना अनिवार्य है ॥ २१½ ॥

पूर्वोक्त शक्तियों में यदि शुम्भ का संहार करने वाली अष्टभुजा सरस्वती की पूजा की जाए तो ब्राह्मी, माहेश्वरी आदि नवशक्तियों तथा दक्षिणोत्तर में क्रमशः रुद्र और विनायक का पूजन करना भी आवश्यक है ॥ २२½ ॥

नाम मन्त्रों के द्वारा तीनों मुख्य शक्तियों की स्तुति किस प्रकार की जाए इसका निर्णय निम्न-लिखित है :—**'नमो देव्यै महादेव्यै'** इस स्तोत्र से महालक्ष्मी की स्तुति करनी चाहिए। किन्तु सर्व-प्रथम पूजा के शुभारम्भ के अवसर पर तीनों चरित्रों की स्तुतियों का पाठ किया जाना चाहिए ॥ २३½ ॥

तीनों मूल शक्तियों की पूजा यदि पृथक्-पृथक् की जाए तो वहां उनके स्वयं के चरित्र की स्तुति का ही प्रयोग किया जाना चाहिए ।

तीनों शक्तियों में मध्यम चरित्र की अधिष्ठात्री देवता महालक्ष्मी ही मानी जाती हैं । अतएव

misfortunes of all kinds, Kāla and Mṛityu have also to be worshipped on the right and the left sides respectively. 21½.

If the Śumbha-slayer eight-armed Sara-swatī has to be worshipped, all the nine Energies (Brāhmī, Māheshwarī, Kaumārī, Vaishṇavī, Vārāhī, Nārsinghī, Aindrī, Śivdūtī, Çāmuṇḍā) with Rudra on the right side and Vināyak on the left should also be worshipped. 22½.

For worshipping any of the three main incarnations, the hymn "Namo Devyaih" etc. should be recited in honour of goddess Mahā-lakshmī. But before the worship proper, the eulogies, in the form of hymns and mantras, to the three incarnations should be recited. 23½.

The utmost worthy of worship is the eighteen-armed Mahishāsur-slayer goddess

महिषान्तकरी येन पूजिता स जगत्प्रभुः ।
पूजयेज्जगतां धात्रीं चण्डिकां भक्तवत्सलाम् ॥

॥ २६ ॥

अर्घ्यादिभिरलंकारैर्गन्धपुष्पैस्तथाक्षतैः ।
धूपैर्दीपैश्च नैवेद्यैर्नानाभक्ष्यसमन्वितैः ॥

॥ २७ ॥

रुधिराक्तेन बलिना मांसेन सुरया नृप ।
प्रणामाचमनीयेन चन्दनेन सुगन्धिना ॥

॥ २८ ॥

एकमात्र इनकी पूजा करने पर अन्य दोनों शक्तियां स्वतः ही पूजित हो जाती हैं। फलतः अष्टादशभुजा महिषमर्दिनी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। क्योंकि वे ही महाकाली महासरस्वती तथा पुण्य-पापों की स्वामिनी एवं समस्त लोकों की महारानी और नियामिका हैं॥ २४–२५½॥

जो भाग्यशाली साधक महिषमर्दिनी महालक्ष्मी की भक्ति पूर्वक आराधना करता है, वही संसार का स्वामी है दूसरा कोई नहीं। अतः समूचे ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने वाली एवं पोषण करने वाली भक्तवत्सला चण्डिका की भली भांति आराधना करनी चाहिए॥ २६॥

पूजन सामग्री–अर्घ्य अर्थात् पाद्य, मधुपर्क, आचमनीय तथा चन्दन, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप तथा अनेक प्रकार के विशिष्ट नैवेद्यों से पूजा करनी चाहिए॥२७॥

इसके अतिरिक्त, भक्ति भावना के साथ साधक को रुधिर मिश्रित बलि अन्न, मांस तथा आसव और चन्दन आदि से सुगन्धित आचमन एवं कर्पूर युक्त ताम्बूल (पान) से भगवती का अर्चन करना चाहिए। ॥ २८½॥

Mahālakshmī as she is verily called Mahākālī and Mahāsaraswatī. She is the ultimate goddess of all sins and virtues as also of all the worlds. 24–25½.

One who has worshipped with devotion the Mahisha-slayer Mahālakshmī, shall become the master of the world. Therefore, the creator and the preserver of the universe, goddess Caṇḍikā, who is full of affection for her devotees, is fully worthy of worship. 26.

With libations etc., with ornaments, scent, flowers, rice, incense, lamp and with oblations made of various edibles, the worship has to be performed. 27.

Also with Bali dripping blood, flesh and wine, O King, and with prostration and ācaman (sipping water from the palm) with sandal paste and scents, with camphor and betel leaf, the worship has to be performed with proper devotion. 28½.

सकर्पूरैश्च ताम्बूलैर्भक्तिभावसमन्वितैः ।
वामभागेऽग्रतो देव्याश्छिन्नशीर्षं महासुरम् ॥
॥ २९ ॥

पूजयेन्महिषं येन प्राप्तं सायुज्यमीशया ।
दक्षिणे पुरतः सिंहं समग्रं धर्ममीश्वरम् ॥
॥ ३० ॥

वाहनं पूजयेद्देव्या धृतं येन चराचरम् ।
कुर्याच्च स्तवनं धीमांस्तस्या एकाग्रमानसः ॥
॥ ३१ ॥

ततः कृताञ्जलिर्भूत्वा स्तुवीत चरितैरिमैः ।
एकेन वा मध्यमेन नैकेनेतरयोरिह ॥
॥ ३२ ॥

देवी के सम्मुख बायीं तरफ उनका सायुज्य प्राप्त करने वाले महिष नामक असुर की पूजा करनी चाहिए ॥ २९½ ॥

देवी के दाहिनी ओर उनके वाहन सिंह का, जो विष्णु के चराचर स्थित विराट रूप में, अष्ट ऐश्वर्य से सम्पन्न है, पूजा करनी चाहिए ।

॥ ३०½ ॥

अङ्ग देवताओं की पूजा के बाद एकाग्रचित्त और करबद्ध होकर तीनों चरित्रों का पाठ स्वयं की तथा अन्य लोगों की अभीष्ट सिद्धि के लिए करना चाहिए ॥ ३१½ ॥

सप्तशती के तीनों चरित्रों के पाठ में पूर्व निर्धारित नियम और विधि-विधान का पालन अनिवार्य माना गया है । तदनुसार यदि किसी एक चरित्र का पाठ करना हो तो केवल मध्यम चरित्र का ही पाठ करना चाहिए न कि प्रथम या तृतीय चरित्र में से किसी एक या दोनों का पाठ । इस नियम का उल्लङ्घन पाठ को निष्फल और विघ्न को आमन्त्रित करता है ॥ ३२½ ॥

On the left side before the goddess should be placed for worship the severed head of the great Asur Mahish who has attained complete union with her. 29½.

On her right in front, the goddess' mount, the lion should be worshipped, who is the symbol of supreme religon and the upholder of all things animate and inanimate. 30½.

Thereafter the intelligent devotee should worship the goddess with concentrated mind and with folded hands, and chant the hymns to the incarnations of the goddess. 31½.

If one wants to worship only one of the incarnations, he may do so unto the middle one and not the first and the third incarnation, separately or jointly. The recitation of half of the eulogy is prohibited, as such a recitation will not bear fruits. 32½.

चरितार्धं तु न जपेज्जपन्छिद्रमवाप्नुयात् ।
प्रदक्षिणानमस्कारान् कृत्वा मूर्ध्नि कृताञ्जलिः ॥
॥ ३३ ॥

क्षमापयेज्जगद्धात्रीं मुहुर्मुहुरतन्द्रितः ।
प्रतिश्लोकं च जुहुयात्पायसं तिलसर्पिषा ॥
॥ ३४ ॥

जुहुयात्स्तोत्रमन्त्रैर्वा चण्डिकायै शुभं हविः ।
भूयो नामपदैर्देवीं पूजयेत्सुसमाहितः ॥
॥ ३५ ॥

प्रयतः प्राञ्जलिः प्रह्वः प्रणम्यारोप्य चात्मनि ।
सुचिरं भावयेदीशां चण्डिकां तन्मयो भवेत् ॥
॥ ३६ ॥

साधक नतमस्तक होकर तथा श्रद्धा से भगवती के समक्ष हाथ जोड़कर बारम्बार क्षमा करने की प्रार्थना करते हुए, प्रदक्षिणा करके प्रणाम करे।

॥ ३३½ ॥

श्लोकों के मन्त्र विभाग के अनुसार, सप्तशती पाठ की समाप्ति होने पर, एक-एक मन्त्र से तिल और घी मिलाकर पायस (खीर) से हवन करना चाहिए। यदि यह सब करने में किसी कारण सक्षम न हो तो महालक्ष्मी के **'देव्या यया ततमिदं––'** **'त्वं स्वाहा त्वं स्वधा––'** **'देवि प्रपन्नार्तिहरे––'** **'नमो देव्यै महादेव्यै––'** इस देवी सूक्त से भी हवन कर देने पर सम्पूर्ण पाठ के हवन की पूर्ति हो जाती है।

॥ ३४½ ॥

होम के बाद नाम मन्त्रों से महालक्ष्मी का एकाग्रमन होकर पुनः पूजन करे। तथा विनम्र भाव से पुनः प्रणाम करके देवी को अन्तःप्रतिष्ठित कर एक निश्चित समय तक भगवती चण्डिका का चिन्तन करते हुए तन्मय हो जाए ॥ ३५–३६ ॥

The devotee with bowed head and shedding all lethargy, should fold his hands before the goddess and repeatedly asking her forgiveness, go round the deity. 33½.

Each of the couplets of the Seven-hundred versed Eulogy is a mantra and on its completion, he should make an offering of Khīra (rice pudding) mixed with til and ghee.. Otherwise he may make his offerings with the mantras of the Devī Sūkta. 34½.

After the Homa, he should again worship Mahālakhsmī by reciting her nāma-mantras with a concentrated mind. Then he should deferentially bow before the goddess with his limbs and mind under control and installing her in his heart should meditate long upon her virtue. The meditation has to be so intense that he attains oneness with the goddess.

35–36.

एवं यः पूजयेद्भक्त्या प्रत्यहं परमेश्वरीम् ।
भुक्त्वा कामान् यथाकामं देवी सायुज्यमाप्नुयात् ।।
॥ ३७ ॥

यो न पूजयते नित्यं चण्डिकां भक्तवत्सलाम् ।
भस्मीकृत्यास्य पुण्यानि निर्दहेत्परमेश्वरी ।।
॥ ३८ ॥

तस्मात्पूजय भूपाल सर्वलोकमहेश्वरीम् ।
यथोक्तेन विधानेन चण्डिकां सुखमाप्स्यसि ।।
॥ ३९ ॥

।। इति वैकृतिकं रहस्यं सम्पूर्णम् ।।

जो साधक पूर्वोक्त नियमों का पालन करते हुए नित्यप्रति परमेश्वरी का पूजन करता है वह अपनी मनोभिलाषाओं का उपभोग कर देवी के स्वरूप में मिल जाता है ॥ ३७ ॥

हे राजन् ! सांसारिक भोग एवं मोक्ष की अभिलाषा रखने वाले जो लोग भक्तवत्सल भगवती चण्डिका की आराधना नहीं करते और उनसे विमुख हो जाते हैं वे सारे जीवन अन्तर्व्यथा से पीड़ित रहते हैं ॥ ३८ ॥

अतएव हे राजन् ! सुरथ ! समस्त लोकों की एकमात्र महेश्वरी भगवती चण्डिका की विधि-विधान के अनुसार उपासना करो । ऐसा करने पर लौकिक और पारलौकिक दोनों प्रकार के सुखों का उपभोग प्राप्त करोगे ॥ ३९ ॥

॥ वैकृतिक रहस्य सम्पूर्ण हुआ ॥

Thus a devotee who devotedly worships goddess Caṇḍikā everyday, attains all his heart's desires and becomes one with the goddess. 37.

One who does not worship the affectionately disposed Caṇḍikā daily, all his virtues come to naught and he suffers untold misery. 38.

Therefore, O King, you worship the one and only ultimate goddess of the universe with the method given in the scriptures and attain all happiness. 39.

Here ends the Vaikṛatik Rahasya.

अथ मूर्तिरहस्यारम्भः

ऋषिरुवाच

नन्दा भगवती नाम या भविष्यति नन्दजा ।
सा स्तुता पूजिता भक्त्या वशीकुर्याज्जगत्त्रयम् ॥

॥ १ ॥

मूर्ति रहस्य

राजा सुरथ को मूल देवी की उपासना बताकर सुमेधा ऋषि षडङ्ग देवियों के स्वरूप और उनकी उपासना तथा उसका फल बतला रहे हैं।

हे राजन् ! कलि एवं द्वापर युग के सन्धिकाल में नन्द से उत्पन्न होकर नन्दा नाम की भगवती अवतरित होंगी, जो भक्तिपूर्वक अर्चना एवं स्तुति के द्वारा पूजित होने पर तीनों लोकों को साधक के अधीन बना देती हैं ॥ १ ॥

MŪRTI RAHASYA

Apprising king Surath *of the goddess' worship,* Sumedhā ṛishi *teaches him the forms and the fruits of such worship in her six-fold forms.*

The ṛishi said :

Born of Nanda during the confluence of the Dwāpar and the Kali eras, O King, goddess Nandā when prayed and worshipped with devotion, can bring the three worlds under the possession of her devotees. 1.

कनकोत्तमकान्तिः सा सुकान्तिकनकाम्बरा ।
देवी कनकवर्णाभा कनकोत्तमभूषणा ॥

॥ २ ॥

कमलाङ्कुशपाशाब्जैरलङ्कृतचतुर्भुजा ।
इन्दिरा कमला लक्ष्मीः सा श्रीरुक्माम्बुजासना ॥

॥ ३ ॥

या रक्तदन्तिका नाम देवी प्रोक्ता मयानघ ।
तस्याः स्वरूपं वक्ष्यामि शृणु सर्वभयापहम् ॥

॥ ४ ॥

रक्ताम्बरा रक्तवर्णा रक्तसर्वाङ्गभूषणा ।
रक्तायुधा रक्तनेत्रा रक्तकेशातिभीषणा ॥

॥ ५ ॥

भगवती नन्दा का स्वरूप—भगवती नन्दा स्वर्ण सदृश देहकान्ति वाली, स्वर्ण के समान ही कान्ति-युक्त वस्त्र धारण किए हुए, प्रकाशस्वरूपिणी एवं स्वर्णाभूषण से अलंकृत हैं ॥ २ ॥

The beauty of her body is as resplendent as gold and she dons clothes of golden colour, having the lustre of beaten gold. She also adorns herself with splendid gold ornaments. 2.

भगवती नन्दा के आयुधों के नाम—चतुर्भुजा नन्दा अपनी चारों भुजाओं में कमल, अंकुश, पाश एवं शङ्ख धारण किए हुए हैं। ये भगवती इन्दिरा, कमला, लक्ष्मी, श्री तथा रुक्माम्बुजासना (स्वर्णमय कमलासन पर अधिष्ठित) आदि नामों से सुप्रसिद्ध हैं। (इनका प्रादुर्भाव शिशिर ऋतु के नवरात्र में हुआ है) ॥ ३ ॥

In her four hands she holds lotus, spear, noose and conch. She is called by the names of Indirā, Kamlā, Lakshmī, Śrī and Rukmāmbujā (seated on a lotus shaped throne of gold). 3.

हे निष्पाप नृप ! पूर्व में मैंने रक्तदन्तिका नाम से जिस देवी का वर्णन किया है, अब उनके समस्त भयों के विनाशक स्वरूप का परिचय देता हूं, तुम सुनो ॥ ४ ॥

O sinless king, formerly introduced by me as Raktadantikā, her characteristics will I now narrate, which please listen to. 4.

रक्तदन्तिका का स्वरूप—रक्तदन्तिका रक्तवर्ण के (लाल रङ्ग के) वस्त्र धारण करने वाली, रक्तवर्ण के शरीरवाली एवं सर्वाङ्ग में रक्ताभूषणों से युक्त

Raktadantikā wears clothes of crimson colour, her body too is red and the ornaments that she puts on are also red in colour. Her

रक्ततीक्ष्णनखा रक्तदशना रक्तदन्तिका ।
पतिं नारीवानुरक्ता देवी भक्तं भजेज्जनम् ॥
॥ ६ ॥

वसुधेव विशाला सा सुमेरुयुगलस्तनी ।
दीर्घौ लम्बावतिस्थूलौ तावतीव मनोहरौ ॥
॥ ७ ॥

कर्कशावतिकान्तौ तौ सर्वानन्दपयोनिधी ।
भक्तान्संपाययेद्देवी सर्वकामदुघौ स्तनौ ॥
॥ ८ ॥

हैं। वे रक्तवर्ण के ही आयुधों से सुसज्जित, रक्तवर्ण के नेत्रों वाली, रक्तवर्ण की ही केश-राशि वाली, रक्तवर्ण के तीक्ष्ण नखों एवं दांतों वाली हैं। इसीलिए अत्यन्त भीषणस्वरूपवाली ये देवी रक्तदन्तिका नाम से प्रसिद्ध हैं। जिस प्रकार स्त्री अपने पति के प्रति अनुरक्त होती है, उसी प्रकार देवी अपने भक्त पर मातृतुल्य स्नेह रखते हुए अनुरक्त रहती हैं।

॥ ५–६ ॥

weapons are red, her eyes are red and her hair also is of red colour and she has an awe-inspiring bearing. Raktadantikā's sharp nails and teeth are red. Just as a wife dotes on her husband, the goddess loves likewise her devotees with a motherly affection. 5–6.

देवी रक्तदन्तिका पृथ्वी के समान विशाल आकार वाली हैं। उनके स्तन सुमेरु पर्वत के सदृश हैं। वे दीर्घाकार लम्बे, चौड़े, अत्यन्त स्थूल एवं अतीव मनोहर हैं। कठोर होते हुए भी अत्यन्त सुन्दर हैं एवं समस्त आनन्दों के समुद्र हैं। समस्त अभिलाषाओं, कामनाओं को पूर्ण करने वाले इन दोनों स्तनों का देवी अपने भक्तों को पान कराती हैं। तात्पर्य यह कि देवी मातृतुल्य स्नेह से अपने भक्तों की समस्त कामनाओं की पूर्ति करती हैं।

॥ ७–८ ॥

The dimensions of the goddess' figure are as large as the earth. Her breasts are like the mount Sumer; large, long, plump, and very charming. They are hard and firm but beautiful; the oceans of all happiness. These breasts fulfill all desires and the goddess feeds them to her devotees like a loving mother. 7–8.

खड्गं पात्रं च मुसलं लाङ्गलं च बिभर्ति सा ।
आख्याता रक्तचामुण्डा देवी योगीश्वरीति च ॥
॥ ९ ॥

अनया व्याप्तमखिलं जगत्स्थावरजङ्गमम् ।
इमां यः पूजयेद् भक्त्या स व्याप्नोति चराचरम् ॥
॥ १० ॥

अधीते य इमं नित्यं रक्तदन्त्या वपुःस्तवम् ।
तं सा परिचरेद्देवी पतिं प्रियमिवाङ्गना ॥
॥ ११ ॥

इनके आयुध—चतुर्भुजा देवी रक्तदन्तिका ऊपरी दाहिनी भुजा में खड्ग, ऊपरी बांई भुजा में पान पात्र तथा निचली दाहिनी भुजा में मुसल और निचली बांई भुजा में हल धारण करती हैं। इन्हें रक्तचामुण्डा एवं योगेश्वरी देवी के नाम से सम्बोधित किया गया है ॥ ९ ॥

The four-handed goddess Raktaçaṇḍikā holds scymitar, drinking bowl, club and plough. She has also been called Raktaçamuṇḍā and Yogeśwarī by the devotees. 9.

इनकी पूजा का फल—इन देवी रक्तदन्तिका के द्वारा सम्पूर्ण स्थावर जङ्गम विश्व व्याप्त है, अतएव जो साधक इनकी पूजा करता है, वह चराचर जगत् में व्याप्त हो जाता है अर्थात् यश प्राप्ति एवं ब्रह्म साक्षात्कार के द्वारा उनके समान बन जाता है ॥ १० ॥

The goddess pervades the entire world of animate and inanimate objects. So, whosoever worships her himself covers the animate and inanimate world with his glory. 10.

देवी की स्तुति का फल एवं वात्सल्य का निदर्शन—जो साधक देवी रक्तदन्तिका के इस स्वरूप की स्तुति नित्य करता है, उस साधक की देवी स्नेह पूर्वक उसी प्रकार सेवा करती हुई उसकी रक्षा करती हैं, जिस प्रकार पतिव्रता स्त्री अपने प्रिय पति की सेवा-परिचर्या करती हैं ॥ ११ ॥

The devotee who everyday worships goddess Raktadantikā's form is affectionately served and protected by her as a devoted wife waiting upon her husband's needs and desires. 11.

शाकम्भरी नीलवर्णा नीलोत्पलविलोचना ।
गम्भीरनाभिस्त्रिवलीविभूषिततनूदरी ॥
॥ १२ ॥

सुकर्कशसमोतुङ्गवृत्तपीनघनस्तनी ।
मुष्टिं शिलीमुखापूर्णं कमलं कमलालया ॥
॥ १३ ॥

पुष्पपल्लवमूलादिफलाढ्यं शाकसंचयम् ।
